दैनिक **लोकमित्र** सच्चाई की जंग

वर्ष : 30 | अंक :120
प्रतापगढ़ | शनिवार , 2 मार्च-2024
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

प्रतापगढ़,लखनऊ, कौशाम्बी, एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन

प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

# लोकसभा चुनाव टीएमसी सरकार के अंत की शुरुआत का प्रतीक होंगे -प्रधानमंत्री

## संदेशखाली मामले में इंडी गठबंधन के नेता आंख, कान और मुंह बंद किए रहे



**हुगली/नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को संदेशखाली में महिलाओं पर अत्याचार को लेकर पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार पर तीखा हमला बोला और कहा कि लोकसभा चुनाव टीएमसी सरकार के अंत की शुरुआत का प्रतीक होंगे।प्रधानमंत्री मोदी ने पश्चिम बंगाल के आरामबाग में भाजपा की विजय संकल्प जनसभा को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि संदेशखाली की घटनाएं शर्म की बात है, करीब दो महीने तक मुख्य आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया। %संदेशखाली की बहनों के साथ टीएमसी ने जो किया उसे देखकर पूरा देश गुस्से में है। उन्होंने मतदाताओं से हर चोट का जवाब वोट से देने की अपील की।उन्होंने कहा कि %टीएमसी को भरोसा है कि उसे अल्पसंख्यकों का समर्थन प्राप्त है, लेकिन मुस्लिम भी टीएमसी के गुंडा राज के खिलाफ वोट करेंगे। टीएमसी लोकसभा चुनाव में हारेगी। मोदी ने कहा कि इससे बंगाल की सत्ता से विदाई की उल्टी गिनती शुरू हो जाएगी।उन्होंने कहा कि मां, माटी, मानुष का ढोल पीटने वाली टीएमसी ने संदेशखाली की बहनों के साथ जो किया है उसे देखकर पूरा देश दुखी और आक्रोशित है। टीएमसी के नेता ने संदेशखाली में बहनों-बेटियों के साथ दुस्साहस की सारी हदें पार कर दी हैं। जब संदेशखाली की बहनों ने अपनी आवाज बुलंद की, ममता दीदी से मदद मांगी, तो बदले में बंगाल सरकार ने टीएमसी नेता को बचाने के लिए पूरी शक्ति लगा दी। लेकिन भाजपा के दबाव में आखिरकार कल बंगाल पुलिस ने उस आरोपी को गिरफ्तार किया।मोदी ने कहा कि आज पश्चिम बंगाल की जनता अपनी सीएम 'दीदी' से सवाल कर रही है कि क्या कुछ लोगों का वोट संदेशखाली में महिलाओं पर अत्याचार से ज्यादा महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि टीएमसी ने बंगाल में अपराध और भ्रष्टाचार का एक नया मॉडल पैदा कर दिया है।प्रधानमंत्री ने संदेशखाली की भयावहता के मुद्दे पर चुप्पी बनाए रखने के लिए विपक्षी इंडी गंठबंधन की भी आलोचना की।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन के लिए भ्रष्टाचारियों, परिवारवादियों और तुष्टिकरण करने वालों का साथ देना यही एक काम बचा है, यही उनके लिए सबसे बड़ा काम है। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन के नेताओं ने महात्मा गांधी के तीन बंदरों की तरह संदेशखाली पर आंख, नाक, कान और मुंह बंद कर रखा है। गठबंधन के सभी कद्दावर नेता संदेशखाली घटना पर चुप हैं। उन्होंने कांग्रेस प्रमख को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि अरे छोड़ो, बंगाल में तो ये सब चलता रहता है। टीएमसी सरकार पर सभी क्षेत्रों में भ्रष्ट होने का आरोप लगाते हुए मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन के नेताओं के लिए, संदेशखाली में टीएमसी द्वारा प्रताड़ित लोगों के साथ खड़े होने के बजाय भ्रष्ट और तुष्टिकरण की राजनीति का समर्थन करना सर्वोपरि है।प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते 10 साल में भारत 11वें नंबर की इकोनॉमी से ऊपर उठकर 5वें नंबर की आर्थिक ताकत बना है। जी-20 में कैसे भारत की जय-जयकार हुई, ये हम सबने देखा है। आज भारत स्पेस सेक्टर में अग्रणी बन रहा है। जो काम दुनिया का कोई देश नहीं कर पाया, वो हमारे चंद्रयान ने किया। आज स्पोर्ट्स के सेक्टर में भी भारत नए रिकॉर्ड बना रहा है। हम सभी का सौभाग्य है कि 5 सदियों के इंतजार के बाद 500 साल के बाद प्रभु श्रीराम अपने भव्य मंदिर में विराजे हैं।

# लोकसभा चुनाव से पहले यूपी में मंत्रिमण्डल विस्तार संभव

## मंत्रिपरिषद विस्तार की अटकलों के बीच राज्यपाल से मिले मुख्यमंत्री योगी



**लखनऊ, (हि.स.)।** लोकसभा चुनाव से पहले उत्तर प्रदेश में एक बार फिर से मंत्रिमण्डल विस्तार की अटकलें लगायी जा रही हैं। चुनाव आचार संहिता लगने से पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री मंत्रिमण्डल विस्तार को स्वीकृति दे सकते हैं। मंत्रिमण्डल विस्तार में भाजपा सहयोगी दलों को हिस्सेदारी देगी।इस बीच सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर की टिप्पणी भी आयी है।

ओम प्रकाश राजभर ने कहा है कि यदि सरकार में हिस्सेदारी नहीं मिली तो होली नहीं मनाऊंगा। वहीं इस बीच रालोद भी भाजपा के साथ आ गयी है। रालोद के सभी विधायकों ने राज्यसभा के चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों को वोट किया है। ऐसे में रालोद के साथ-साथ सुभासपा का मंत्रिमण्डल विस्तार को लेकर भाजपा पर दबाव बढ़ गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मार्च के दूसरे सप्ताह में उत्तर प्रदेश सरकार मंत्रिमण्डल विस्तार कर सकती है।भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता हरिश्चन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि मंत्रिमण्डल का विस्तार करना मुख्यमंत्री का विवेकाधिकार होता है। मुख्यमंत्री जब चाहेंगे वह मंत्रिमण्डल का विस्तार कर सकते हैं।सूत्रों के मुताबिक सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर को कैबिनेट में शामिल किया जा सकता है। बीजेपी नेता दारा सिंह चौहान और राष्ट्रीय लोक दल (आरएलडी) के एक विधायक को भी टीम योगी में एंट्री मिल सकती है।सीएम योगी ने कुछ महीने पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी, जिसे उनके कार्यालय ने शिष्टाचार मुलाकात बताया था।

मुख्यमंत्री ने बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा से भी मुलाकात की. ये बैठकें राज्य की मंत्रिपरिषद में फेरबदल की पिछले कुछ समय से चल रही अटकलों के बीच हो रही हैं।राजनैतिक विश्लेषक डा. दिलीप अग्निहोत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी नीति के अनुसार गठबंधन धर्म का पालन करती है। गठबंधन के सभी साथियों को सम्मान के साथ सरकार में भी समायोजित करती है। पिछले कुछ दिनों में उत्तर प्रदेश की राजनीतिक परिस्थितियां बदली हैं। ओमप्रकाश राजभर की सुभासपा और अब रालोद भी राजग का हिस्सा है। इन बदली हुए परिस्थितियों में सबका साथ-सबका विकास और सबका विश्वास के आधार पर सरकार में हिस्सेदारी दी जा सकती है। अगर मंत्रिमण्डल में फेरबदल होता है तो उसके पहले मंत्रियों के कार्यों की भी समीक्षा होनी चाहिए।

# महादेव ऐप मामले में हवाला कारोबारी की 580 करोड़ की संपत्ति जब्त

## ईडी ने दुबई स्थित हवाला कारोबारी की 580 करोड़ की संपत्ति जब्त की

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महादेव ऐप से जुड़े धनशोधन मामले में ताजा छापेमारी के बाद दुबई स्थित हवाला कारोबारी की 580 करोड़ रुपये की प्रतिभूतियां एवं 3.64 करोड़ रुपये की नकदी व कीमती सामान जब्त किए।प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार को 'एक्स' पोस्ट पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि महादेव ऐप से जुड़े धनशोधन मामले में दुबई के हवाला कारोबारी की 580 करोड़ रुपये की प्रतिभूतियां और 3.64 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की गई है। ईडी ने इस मामले में 28 फरवरी को कोलकाता, गुरुग्राम, दिल्ली, इंदौर, मुंबई और रायपुर सहित 15 से ज्यादा ठिकानों पर छापे मारे थे।ईडी के मुताबिक महादेव ऑनलाइन गेमिंग और सट्टेबाजी ऐप के मामले में जांच के दौरान छत्तीसगढ़ के विभिन्न उच्चपदस्थ नेताओं और



नौकरशाहों की कथित संलिप्तता का संकेत मिला है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने छापेमारी के दौरान महादेव ऑनलाइन बुक से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग नेटवर्क के खिलाफ व्यापक तलाशी ली है। ईडी ने छापेमारी में 1.86 करोड़ रुपये की नकदी, 1.78 करोड़ रुपये और 580.78 करोड़ रुपये की अपराध से प्राप्त आय जब्त की है।केंद्रीय जांच एजेंसी ने बताया कि तलाशी में डिजिटल डेटा और संपत्तियों की पहचान सहित बड़ी संख्या में आपत्तिजनक साक्ष्य जब्त किए गए हैं। ईडी के मुताबिक इस मामले में कुल जब्ती और फ्रीजिंग 1296.05 करोड़ रुपये है।एजेंसी ÷महादेव ऑनलाइन बुक÷ के खिलाफ धनशोधन के एक मामले की जांच कर रहा है, जो अवैध सट्टेबाजी वेबसाइटों को नए उपयोगकर्ताओं को नामांकित करने, उपयोगकर्ता आईडी बनाने और बेनामी बैंक खातों के एक स्तरित वेब के जरिए धन की हेराफेरी करने में सक्षम बनाने के लिए ऑनलाइन प्लेटफार्मों की व्यवस्था करने वाला प्रमुख सिंडिकेट है।

## धोखाधड़ी और ठगी के मामले में आरएसपी (सेल) के पूर्व एजीएम को दो साल का कारावास


**नई दिल्ली, (हि.स.)** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की भुवनेश्वर की विशेष अदालत ने शुक्रवार को धोखाधड़ी और ठगी के मामले में आरएसपी (सेल) के तत्कालीन एजीएम के. बाल गंगाधर को दो साल की कठोर कारावास सजा सुनाई है साथ ही 15 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने तत्कालीन एजीएम, आरएसपी (सेल) सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ तत्काल मामला दर्ज किया था। यह आरोप लगाया गया कि आरोपित व्यक्तियों ने निजी फर्मों के साथ आपराधिक साजिश रची और आरएसपी से 24,41,010 रुपये की धोखाधड़ी की।

# सुप्रीम कोर्ट ने स्वीकार कर ली मुस्लिम पक्ष की याचिका

## इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ होगी सुनवाई

**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** सुप्रीम कोर्ट एक मंदिर के पुनर्स्थापन के लिए मुकदमों की स्थिरता पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली ज्ञानवापी मस्जिद समिति की याचिका पर सुनवाई करने के लिए सहमत हो गया है। अदालत ने याचिका को विवाद पर अन्य लंबित मामलों के साथ टैग कर दिया।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि हम इसे मुख्य मामले के साथ टैग करेंगे।इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मुस्लिम पक्ष द्वारा दायर याचिकाओं के एक बैच को खारिज कर दिया था, जिसमें सिविल मुकदमे की स्थिरता पर सवाल उठाया



गया था। अदालत के आदेश में कहा गया कि वाराणसी अदालत के समक्ष लंबित मंदिर के जीर्णोद्धार की मांग करने वाला एक दीवानी मुकदमा सुनवाई योग्य है। हाई कोर्ट ने कहा था कि किसी विवादित स्थान का धार्मिक चरित्र केवल अदालत द्वारा तय किया जा सकता है। मुकदमा उस स्थान पर एक मंदिर के जीर्णोद्धार की मांग करता है जहां वर्तमान में ज्ञानवापी मस्जिद है। हिंदू पक्ष के अनुसार, माना जाता है कि मस्जिद का निर्माण एक मंदिर के अवशेषों पर किया गया था, जो इसे धार्मिक संरचना का एक अभिन्न अंग बनाता है। उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड और अन्य पक्षों के साथ ज्ञानवापी मस्जिद के प्रबंधन के लिए जिम्मेदार अंजुमन इंतजामिया मस्जिद समिति ने मुकदमे की स्थिरता के खिलाफ तर्क दिया था। उन्होंने तर्क दिया कि मुकदमे को पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1991 के तहत प्रतिबंधित किया गया था। यह अधिनियम राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद स्थल को छोड़कर, पवित्र स्थलों के धार्मिक चरित्र में बदलाव पर रोक लगाता है जैसा कि भारत की स्वतंत्रता के दिन था।

## पंजाब के किसानों ने फिलहाल तीन मार्च तक दिल्ली कूच को टाला

**चंडीगढ़, (हि.स.)।** हरियाणा की सीमा पर आंदोलन कर रहे पंजाब के किसानों ने तीन मार्च तक दिल्ली कूच को टाल दिया है। अब किसान शुभकरण के लिए 3 मार्च को अंतिम अरदास होने के बाद ही इस बारे में कोई फैसला लिया जाएगा।किसान नेता सरवन पंधेर और जगजीत डल्लेवाल ने शुक्रवार को कहा कि शुभकरण की आध्यात्मिक शांति के लिए 3 मार्च को अंतिम अरदास की जाएगी, जिसके बाद ही अब आगे बढ़ने का फैसला लिया जाएगा। शुभकरण का 29 फरवरी को ही अंतिम संस्कार किया गया है। उन्होंने कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा की 6 सदस्यीय` कोआर्डिनेशन कमेटी ने दिल्ली कूच` कर रहे संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) और किसान मजदूर` मोर्चा से तालमेल करना शुरू कर दियो है।

# उत्तर प्रदेश में डबल इंजन सरकार 'जंगलराज की गारंटी' है -राहुल गांधी

**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश में अपराध की कुछ घटनाओं का उल्लेख करते हुए शुक्रवार को आरोप लगाया कि राज्य में डबल इंजन सरकार जंगलराज की गारंटी है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, भाजपा और मोदी मीडिया मिल कर कैसे 'झूठ का कारोबार' कर रहे हैं, उत्तर प्रदेश की कानून-व्यवस्था उसका सबसे बड़ा उदाहरण है। उन्होंने दावा किया, कहीं पेड़ से लटके नाबालिग बहनों के शव, तो कहीं ईंटों से कुचल कर हत्या की वारदात। कहीं भाजपाइयों द्वारा आईआईटी-बीएचयू कैंपस में सामूहिक दुष्कर्म का दुस्साहस, तो कहीं न्याय न मिलने पर आत्महत्या को मजबूर महिला जज। कांग्रेस नेता ने कहा, ये उस प्रदेश का हाल है जिसकी कानून-व्यवस्था का



गुणगान करते मोदी मीडिया थकता नहीं है। उन्होंने कहा, हाल ही में रामपुर में आंबेडकर स्मारक की मांग पर 10वीं की परीक्षा देकर लौटते दलित छात्र की हत्या यूपी की जर्जर कानून-व्यवस्था का सबसे वीभत्स उदाहरण है। राहुल गांधी का कहना है कि उत्तर प्रदेश कांग्रेस के कार्यकर्ता भाजपाई तंत्र और अपराधियों के इस गठबंधन के खिलाफ आज हर जिले, हर तहसील में विरोध प्रदर्शन कर न्याय की आवाज बुलंद करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया, मोदी मीडिया द्वारा गढ़ी गई झूठी छवि से बाहर निकल कर अब सच्चाई देखने का वक्त है, डबल इंजन सरकार 'जंगलराज की गारंटी' है।

## पूर्व राज्यपाल अजीज कुरैशी का निधन, मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने व्यक्त किया शोक

**भोपाल, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश समेत तीन राज्यों के राज्यपाल रहे और वरिष्ठ कांग्रेस नेता अजीज कुरैशी का शुक्रवार को राजधानी भोपाल में निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उनका स्वास्थ्य ज्यादा खराब होने पर एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उन्होंने 83 साल की उम्र में अंतिम सांस ली। यह जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से उनके भतीजे सूफियाना अली ने दी। उनके निधन की खबर से राजनीतिक गलियारों में शोक है। मुख्यमंत्री ने उनके निधन पर दुख व्यक्त किया है।पूर्व राज्यपाल कुरैशी के बारे में सूफियान अली ने बताया कि कुछ समय से उनकी तबीयत ठीक नहीं थी और सुबह करीब 11 बजे भोपाल के एक निजी अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली।

# न्यायालय ने सजा निलंबित किए जाने संबंधी आसाराम की याचिका पर सुनवाई से किया इनकार

**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** उच्चतम न्यायालय ने बलात्कार के जुर्म में आजीवन कारावास की सजा काट रहे आसाराम की उस याचिका पर विचार करने से शुक्रवार को इनकार किया जिसमें उसने स्वास्थ्य संबंधी कारणों से सजा निलंबित करने का अनुरोध किया था। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी से राहत के लिए राजस्थान उच्च न्यायालय का रुख करने को कहा। रोहतगी ने अदालत को सूचित किया था कि आसाराम सरकारी वकील के इस बयान को मानने के लिए तैयार हैं कि वह महाराष्ट्र के खोपोली में माधवबाग हार्ट हॉस्पिटल में पुलिस हिरासत में रहते हुए इलाज करा सकते हैं। इस पर पीठ ने आसाराम से कहा कि वह माधवबाग हार्ट हॉस्पिटल में इलाज कराने के संबंध में राजस्थान उच्च न्यायालय के समक्ष अर्जी दाखिल करें और इस पर



कानून के अनुसार विचार किया जाएगा। न्यायमूर्ति खन्ना ने मामले में दोषसिद्धि और सजा के खिलाफ उच्च न्यायालय के समक्ष अपील पर सुनवाई में देरी के लिए आसाराम की ओर से जानबूझकर किए गए प्रयासों पर भी सख्त रुख अपनाया। रोहतगी ने कहा कि आसाराम को दिल के कई दौरे पड़ चुके हैं और वृद्धावस्था संबंधी कई बीमारियां भी हैं, इस पर शीर्ष अदालत ने उच्च न्यायालय को अपील पर शीघ्र सुनवाई करने के निर्देश दिए। वकील राजेश गुलाब इनामदार के माध्यम से दायर अपनी याचिका में आसाराम ने कहा कि वह इस मामले में 11 साल सात महीने से अधिक वक्त से जेल में है। आसाराम को जोधपुर की विशेष पॉक्सो अदालत ने बलात्कार सहित यौन उत्पीड़न के विभिन्न अपराधों के लिए 2018 में दोषी ठहराया था और उसे ताउम्रकारावास की सजा सुनाई थी। उसे अपने आश्रम में एक नाबालिग से बलात्कार के आरोप में इंदौर में गिरफ्तार किया गया था और जोधपुर लाया गया था।

# थाने में गोली चलाने के मामले में राजा भैया समेत 20 लोग हाईकोर्ट से बरी

## बसपा शासन काल 2010 में ब्लाक प्रमुख चुनाव को लेकर हुआ था बवाल, तत्कालीन बसपा नेता ने दर्ज कराया था मुकदमा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** तत्कालीन बसपा सरकार में ब्लॉक प्रमुख चुनाव के दौरान थाने में गोली चलाने के मामले में विधायक और पूर्व मंत्री रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया समेत 20 लोगों को इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने बरी कर दिया है। यह जानकारी मिलते ही राजा भैया के समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। मुकदमा तत्कालीन बसपा नेता की ओर से दर्ज कराया गया था। दोनों पक्षों के वकीलों को सुनने के बाद न्यायालय ने अपना फैसला सुनाया।जिन थाने में राजा भैया



के साथ जिन और लोगों को नामजद किया गया था उनमें एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह गोपालजी, सत्येंद्र सिंह, कैलाशनाथ ओझा, लालजी निगम उर्फ निगम श्रीवास्तव, उर्फ उमेश कुमार श्रीवास्तव, हितेश कुमार उर्फ पंकज, रोहित सिंह, राघवेंद्र प्रताप सिंह मुकुर उर्फ रवींद्र सिंह, मोनू सिंह उर्फ आशुतोष सिंह, योगेंद्र सिंह, सरवेश सिंह, प्रफुल्ल कुमार सिंह उर्फ डब्बू सिंह, जुल्फिकार अहमद उर्फ जुल्फिकार अहमद सिद्दीकी भुट्टो, शैलेंद्र कुमार, विनोद कुमार, राम कुमार उर्फ गौरीशंकर, हरिओम शंकर श्रीवास्तव, नरेंद्र सिंह उर्फ नन्हें सिंह, शीतला सिंह, द्रोण कुमार उपाध्याय आदि शामिल थे।फैसला आते ही राजा भैया के समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई है।

# अब बिजली विभाग की विजिलेंस टीम की हर बात होगी रिकार्ड, लोकेशन भी होगा ट्रेस

**लखनऊ,(हि.स.)।** अब बिजली विभाग का विजिलेंस की रेड टीम और विभागीय जांच टीम का लोकेशन ट्रेस होने के साथ ही आडियो-वीडियो रिकार्डिंग भी होगी। इसका निर्णय पावर कारपोरेशन ने लिया। इसके लिए राज्य उपभोक्ता परिषद बहुत दिनों से संघर्ष कर रहा था।पावर कॉरपोरेशन द्वारा लिए गए इस निर्णय के तुरंत बाद उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष ने पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार गोयल से बात की और प्रबंध निदेशक पंकज कुमार से मुलाकात कर आभार व्यक्त किया। उपभोक्ता परिषद का कहना है कि लम्बे समय से मांग के बाद यह निर्णय लिया गया है। इससे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा।पावर कार्पोरेशन प्रबंधन ने मध्यांचल विद्युत वितरण निगम को सभी बिजली कंपनियों के लिए पहले चरण में 300 बॉडी वॉर्न कैमरा विद ऑल सॉल्यूशन की खरीद करने का निर्णय लिया है। इसके बाद सभी बिजली कंपनियों को वितरितकरेगी, जिसकी पूरी योजना पावर कारपोरेशन ने जारी कर दिया है और मध्यांचल को भेजा दिया है।प्रदेश की सभी बिजली कंपनियों में शिकायत आम रहती थी की विजिलेंस टीम व विभागीय टीम के लोग जब चेकिंग करने किसी भी उपभोक्ता के घर पर जाते हैं तो अनेकों मामलों में वह डील करते हैं। अनुचित लाभ कमाते हैं। बिजली चोरी छोड़ देते हैं। अनेक मामलो में घटनाएं भी घटित हो जाती हैं। उपभोक्ता के साथ दुर्व्यवहार करते हैं। इसको लेकर उपभोक्ता परिषद लंबे समय से लड़ाई लड़ रहा था। अंततः उपभोक्ता परिषद की लड़ाई रंग लाई।अब इस भ्रष्टाचार



पर अंकुश लगाने के लिए उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन ने बड़ा फैसला लिया है। बिजली कंपनियों के प्रवर्तन दलों एवं विभागीय रेड दलों के लिए बॉडी वॉर्न कैमरा अलांग विद ऑल सॉल्यूशन 300 नग खरीद का ऑर्डर किया जा रहा है, जिसके लिए पावर कारपोरेशन ने मध्यांचल विद्युत वितरण निगम को अधिकृत किया है कि वह खरीद करें। पूरी योजना का क्या तकनीकी पहलू होगा, क्या क्वालिटी होगी, कंट्रोल रूम कैसा बनेगा, सब पर एक विस्तृत रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल भी पावर कारपोरेशन के निदेशक कमर्शियल अमित कुमार श्रीवास्तव की तरफ से मध्यांचल विद्युत वितरण निगम प्रबंध निदेशक को भेजा गया है।सभी बिजली कंपनियों का पूरा सिस्टम मध्यांचल द्वारा ही खरीद करके सभी बिजली कंपनियों को भेजा जाएगा। बॉडी वॉर्न कैमरा इस तकनीकी का होगा कि उसमें अनवरत आठ घंटे तक बैटरी बैकअप होगा, जिससे अनवरत रिकॉर्डिंग चलती रहे। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन द्वारा भ्रष्टाचार को रोकने के लिए किए गए इस ऐतिहासिक निर्णय के तुरंत बाद उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष डॉक्टर आशीष कुमार गोयल से भी बात कर उपभोक्ता परिषद की लंबे समय से लंबित इस मांग पर निर्णय कराने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। साथ ही शक्ति भवन में पावर कारपोरेशन के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार से मुलाकात की और कहा निश्चित तौर पर आने वाले समय में इससे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा ।

# गडौर ग्राम के किसानों के लिए अभिशाप बनी चकबंदी

## जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर की न्याय की मांग

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** आज अखिल भारतीय किसान महासभा, प्रयागराज जिला संयोजक सुभाष पटेल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल प्रयागराज जिलाधिकारी कार्यालय पर एडीएम सिटी को ज्ञापन सौंपकर फूलपुर तहसील के ग्राम गडौर में हो रही चकबंदी के दौरान चकबंदी अधिकारियों और दलालों के मिलीभगत से ग्रामीणों के साथ हो रहे अन्याय की उच्चस्तरीय जांच कराते हुए उचित कार्यवाही करने की मांग की।

सुभाष पटेल ने कहा कि जब न्याय, समता व भाईचारा बेगाना शब्द बन जाय तब किसी भी भलाई असम्भव है, ऐसी सोच का का उल्लंघन चकबंदी के आधीन ग्राम गडौर में आमबात है। इस ग्राम सभा चकबंदी अधिकारियों




और दलालों के मध्य ऐसी साठगांठ है। जिसे गडौर के साथ साथ अन्य ग्राम के किसान भी चिंतित हैं। चकबंदी न्यायालय फूलपुर में अब तक 48 अड़तालीस शिकायतें दर्ज हो चुकी है। न्याय देने के बजाय जिम्मेदार अधिकारी टालमटोल कर रहे हैं। कई किसानों से दलालों के माध्यम से मोटी रकम की मांग की जा रही है जिसे नहीं देने पर किसानों के गाटे व चक सरकारी नियमों का उल्लंघन करते हुए दूर दराज कर दिए जा रहे हैं। रकबा और बिस्वा में घालमेल किया जा रहा है।कुछ चकबंदी अधिकारियों के संलिप्तता और दबंगों के इशारों पर ग़रीब गुरबों की जमीन हड़प अभियान के रूप में तब्दील हो चूंकि है ग्राम गडौर की चकबंदी।

उन्होंने चेतावनी दी की यदि जिलाधिकारी महोदय हस्तक्षेप करते हुए ग्रामीणों को न्याय नही देते तो ग्रामीण में व्याप्त आक्रोश कभी भी उग्ररूप ले सकता है।

प्रतिनिधि मंडल में चर्चित मजदूर नेता ऐक्टू राष्ट्रीय सचिव डॉ कमल उसरी, हुबलाल, एडवोकेट चंद्रभान, अभयराज यादव, सुभाष पटेल शामिल रहे थे, जिलाधिकारी कार्यालय में उपस्थित अधिकारियों ने उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

# कर्मचारियों ने वेतन विसंगति को लेकर सरकार को चेताया

**प्रयागराज।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्यरत संविदा कर्मचारी के वेतन विसंगति दूर किए जाने हेतु भारत सरकार द्वारा वर्ष 2016 से 3 त्र अतीक बजट का उपयोग ना किए जाने के विरोध में 12 फरवरी से दिनांक 22 फरवरी तक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्यरत कर्मचारी ने पत्राचार के माध्यम से मुख्यमंत्री से अपनी बात कही मगर, अभी तक अधिकारी द्वारा इस पर कार्यवाही नहीं की गई। संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ के महामंत्री योगेश उपाध्याय ने बताया जिसके क्रम में आगे 11 एवं 12 मार्च को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा कर्मचारी अपने कार्यस्थल पर राष्ट्रीय एवं जनहित में अपने कार्यों का निर्वहन तो करेंगे साथ साथ मरीज को इलाज भी होगा उनको सुविधा प्रदान की जाएगी मगर 11 एवं 12 मार्च को ऑनलाइन रिपोर्ट प्रेषित नहीं करेंगे।

# लघु सिंचाई विभाग से लाभवान्वित करने हेतु लगी चौपाल



**प्रयागराज।** क्षेत्र के कृषकों को लघु सिंचाई विभाग से सम्बंधित अधिक से अधिक जानकारी देकर कृषकों के जीवन को खुशहाल बनाने का प्रयास जारी है।

आज एशोसिएशन बोरिंग टेक्नीशियन प्रयागराज के वर्तमान में जिला मंत्री राजेश तिवारी की अगुआई में विकास खण्ड मेजा के ग्राम पंचायत धरावल में चौपाल लगाकर पुरूष एवं महिला कृषकों को लघु सिंचाई विभाग की बहुत से जानकारी उपलब्ध करायी। जिला मंत्री ने बताया कि विकास खण्ड मेजा पहाड़ी एरिया का ब्लॉक है। इस विकास खण्ड में कृषकों के लिए दो योजनाएं सबसे बेहतर हैं। पहली डी0टी0एच0 बोरिंग जो कृषकों से कुछ कृषक अंश लेकर एवं विभागीय सब्सिडी देकर पूर्ण कराई जाती है। जिसमें कृषक को पूर्ण बोरिंग के साथ 300 फिट साकेट वाली 4 इंच की हस्ती पाइप और विद्युत कनेक्शन पर 68000 हजार रुपये की विभागीय सब्सिडी दी जाती है।

दूसरी योजना कृषकों के लिए ब्लास्ट कूप है जिसमें कृषक के खेतों की सिंचाई हेतु एक 7 मी0 व्यास का पत्थर तोड़कर एक बड़ा कुआँ बनाया जाता है जिसमें कृषक से कुछ कृषक-अंश लेकर 7.5 हार्स पॉवर का डीज़ल इंजन एवं 500 फिट साकेट वाली 4 इंच की हस्ती पाइप दी जाती है। इन योजनाओं के बारे समझकर चौपाल में उपस्थित ग्राम प्रधान हीरा मणि ने कहा कि लघु सिंचाई विभाग की इन योजनाओं के बारे में ग्रामवासियों को अधिक से अधिक जानकारी देकर लाभवान्वित करवाऊंगा।इस चौपालिक अवसर पर पंचायत सहायक अंशिका के साथ किसान रामचन्द्र, विष्णु प्रसाद, कृष्ण कुमार, तौलन राम, रामधनी, शिव कुमार एवं महिला कृषक मीरा देवी, सुनीता देवी, उर्मिला देवी, पुष्पा देवी इत्यादि बहुत से पुरूष एवं महिला कृषक उपस्थित रहे।

# एक शाम शहीदों के नाम मुशायरा का आयोजन

## कवियों व शायरों ने शहीदों को समर्पित रचनाओं से बहाई रसधारा



**प्रयागराज।** यूनिवर्सल ह्यूमन वेलफेयर सोसायटी व उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में हिन्दुस्तानी अकैडमी में न्यायाधीश इलाहाबाद धीरेन्द्र पाल वार्ष्णेय की अध्यक्षता व मुख्य अतिथि महापौर उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी की उपस्थिति में आयोजित मुशायरे में शायरों व कवियों ने अमर शहीदों को समर्पित रचनाओं से भावविभोर कर दिया। विशिष्ट अतिथि के तौर पर सीएमपी डिग्री कॉलेज के उर्दू विभागाध्यक्ष डॉ सैयद अली हैदर रिज़वी, कंज्यूमर फोरम के नियंत्रक मोहम्मद अहमद अंसारी, एस0पी0 पीएचक्यू इरफान अंसारी व अंजुमन रुहे अदब के सेक्रेटरी सैय्यद इरफान अली का आयोजक शफक़त अब्बास पाशा ने का फूल माला व बुके भेंट कर स्वागत किया।

अता रहमान के संचालन में कवि व शायर मखदूम फूलपूरी ने पढ़ा कोई भी दौर हो खुद को कभी बेदीन न करना। किसी हंसते हुए इंसान को ग़मगीन न करना।। नायाब बलियावी ने पढ़ा न टूट सकेगा हिन्दुस्तान न टूट सकेगा हिन्दुस्तान-लहू के एक एक क़तरे को करदेंगे कुर्बान। यू0के0से प्रयागराज आए ज़फ़र अब्बास ने पढ़ा इस गर्मीए आशों पे मोहब्बत के तसद्दुक। शायद मेरी नफ़्ज़ों में हरारत है अभी तक। जलाल फूलपूरी ने पढ़ा शम्मे वफ़ा दिलों में जलाओ तो बात हो। दीवार नफरतों की गिराओ तो बात हो।।

इसके साथ ही लोकेश शुक्ल, वन्दना शुक्ला, नीलीमा मिश्रा, मिस्बाह इलाहाबादी, मखदूम फूलपूरी, फरमूद इलाहाबादी, ज़फ़र इलाहाबादी, शहंशाह सोनवी, जलाल फूलपूरी इरफान लखनवी, अशरफ़ उन्नावी ने देश के शहीद रणबांकुरों को समर्पित रचनाओं व शेयरो शायरी के माध्यम से खेराजे अक़िदत पेश कि। वहीं समाज में अलग अलग क्षेत्रों में उल्लेखनीय व उत्कृष्ट कार्य करने वाले दर्जनो लोगों को शॉल ओढ़ाकर व मोमेन्टो देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से हसन नक़वी, अज़्मत पाशा, ज़फ़र रज़ा, अब्बास गुड्डू, ताहा अब्बास, अज़रा शाहिद, सुनील अहमद, अर्सलान खान ,अरशद नक़वी , सैय्यद मोहम्मद अस्करी, ज़ामिन हसन आदि शामिल रहे।

# उपेंद्र सिंह को उत्तर प्रदेश डायरेक्टर ऑफ मेंबर कोऑपरेटिव बैंक पर भाजपाईयों ने दी बधाई



**प्रयागराज।** भाजपा कार्यालय सिविल लाइन में सिविल लाइन मंडल अध्यक्ष विजय श्रीवास्तव के द्वारा आयोजित स्वागत समारोह में महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा ने उपेंद्र सिंह को उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव बैंक का मेंबर ऑफ डायरेक्टर बनने पर अंग वस्त्रम पहनाकर एवं भगवान श्री राम जन्मभूमि मंदिर का का प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर मेंबर ऑफ़ डायरेक्टर कोऑपरेटिव बैंक यूपी उपेंद्र सिंह ने कहा कि देश के गृह मंत्री एवं सहकारी विभाग के मंत्री अमित शाह के आशीर्वाद से जो जो दायित्व सहकारी विभाग कोऑपरेटिव बैंक में मिला है उनके प्रति आभार जताता हूं। कहा कि सहकारिता इस देश की मिट्टी में व्याप्त है और अमित शाह के नेतृत्व में सहकारिता को बढ़ावा मिला है। उन्होंने कहा कि पहले की सरकारों ने सहकारी विभाग पर ध्यान दिया होता तो तो कोऑपरेटिव बैंक की हालत गड़बड़ नहीं होती लेकिन आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं सहकारी मंत्री अमित शाह के कुशल नेतृत्व के बदौलत पुनः एक बार किसान भाइयों के लिए वरदान सिद्ध हो रही है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा ने कहा कि उपेंद्र सिंह को केंद्र एवं प्रदेश के शीर्ष नेतृत्व के द्वारा मेंबर ऑफ डायरेक्टर कोऑपरेटिव बैंक उत्तर प्रदेश का बनाए जाने पर प्रयागराज और भाजपा कार्यकर्ताओं का सम्मान बढ़ा है। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि उपेंद्र सिंह इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्रसंघ के नेता रहे। दो बार फाफामऊ क्षेत्र से पार्षद रहे एवं पार्षद दल के सचेतक के रूप में उन्होंने अपना दायित्व निर्वहन किया।

कार्यक्रम का संचालन कुंज बिहारी मिश्रा ने किया। इस अवसर पर प्रशांत शुक्ला, मोहित चंद्र गुप्ता, प्रतीक त्यागी, सुजीत कुशवाहा, राकेश भारती, अजय श्रीवास्तव, प्रवीण भारती, मनोज श्रीवास्तव, रितेश कुमार श्रीवास्तव, अनीता पांडे, रीता सिंह, दुर्गेश कुशवाहा, दुर्गेश कुशवाहा, कृष्णा केसरवानी, विवेक श्रीवास्तव, अजय शेखर, रविंद्र पांडे, संदीप श्रीवास्तव, विकास श्रीवास्तव, चंदन झा, गया प्रसाद, नीरज कुमार, रामनारायण, रोहित जायसवाल, रजनीकांत श्रीवास्तव अन्य कार्यकर्ता की उपस्थित रहे।

# आदर्श के शतक से यूपीसीए सेमीफाइनल में




**प्रयागराज।** उत्तरप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन ने रिजवी कप के लिए आयोजित 14वीं आबिश एवं शाकिब रिजवी स्मारक ऑल इंडिया क्रिकेट प्रतियोगिता के क्वाटर फाइनल मैच में वाराणसी क्रिकेट एसोसिएशन को आठ विकेट से हराकर प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाई है। जहाँ उसका मुकाबला शनिवार को डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन गाजियाबाद से खेला जाएगा। विजेता टीम के आदर्श सिंह के आतिशी शतक ( 103 रन, 80 गेंद, नौ चौके और छह छक्के ) पारी खेलकर अपनी टीम को जीत दिलाई है। शुक्रवार को रिजवी कॉलेज मैदान पर टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए वाराणसी क्रिकेट एसोसिएशन ने 40 ओवर में आठ विकेट पर 206 रन ( आशीष सिंह 61, गुलाब निषाद 42 नाबाद, समसुल हुडा 16 रन, समीर चौधरी 21/2, शौर्य सिंह 34/2, कार्तिक यादव 37/2, मो. सारिम 38/2 पर बनाए। जवाब में यूपीसीए की टीम ने 29.4 ओवर में दो विकेट पर 208 रन ( आदर्श सिंह 103, समीर चौधरी 39 नाबाद, आंजनेय सूर्यवंशी 36, दिव्यांश राजपूत 18 रन, सनी सिंह 36/1, अरुण यादव 40/1 ) पर बना लिए। मैच के बाद रिजवी लॉ कॉलेज के प्रचार शमीम अहमद खान ने आदर्श सिंह को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया। मैच में रोहित यादव व मो. आदिल ने अंपायरिंग और अनूप कुमार शर्मा एवं प्रितेश सोनकर ने स्कोरिंग की। प्रतियोगिता में शनिवार को उत्तरप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन व डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन गाजियाबाद के बीच पहला सेमीफाइनल मैच सुबह साढ़े नौ बजे से खेला जाएगा।

# मोदी मैराथन के रूप में होगा नारी शक्ति का प्रदर्शन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** शुक्रवार को भाजपा महिला मोर्चा की एक बैठक सिविल लाइंस पार्टी कार्यालय में आहुत दी गई। बैठक आगामी कार्यक्रम 4, 5 एवम 6 तारीख को महिला मोर्चा द्वारा अयोजित शक्ति वंदन अभियान की कार्य योजना के संदर्भ में संपन्न हुई।

बैठक में मुख्य वक्ता महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री एवम इस कार्यक्रम की प्रदेश संयोजक डॉ कीर्तिका अग्रवाल ने बताया कि भाजपा सरकार द्वारा नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए तीन दिवसीय कार्यक्रम महिला मोर्चा द्वारा आयोजित किया जा रहा है।जिसमें हम समाज और छात्रों की भागीदारी को भी प्रोत्साहित करेंगे।

4 मार्च को होने वाले शक्ति वंदन दौड़ में सामाजिक रूप से कार्यरत



महिलाएं छात्राएं, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं स्वच्छता कर्मचारी, सांकेतिक रूप से मोदी का समर्थन करने के लिए शक्ति वंदन दौड़ का आयोजन करेंगे। डॉक्टर कीर्तिका ने यह भी बताया कि केंद्र सरकार और भाजपा द्वारा नेतृत्व की गई राज्य सरकारों द्वारा नारी सशक्तिकरण योजना का प्रदर्शन करने के लिए महिला मोर्चा को शक्ति वंदन यात्रा का एक कार्यक्रम आयोजित करना है, जिसमें 5 मार्च को देश भर में सभी 4123 विधानसभा में पदयात्रा, स्कूटी बाइक, और साइकिल रैली निकाली जाएगी। इसी क्रम में 6 मार्च को शक्ति वंदन समापन कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बारासात पश्चिम बंगाल में महिलाओं को संबोधित करेंगे। जिसका की हर मंडल पर लाइव प्रसारण किया जाएगा।

बैठक में महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा महिला मोर्चा अध्यक्ष शिखा रस्तोगी, मीडिया प्रभारी चन्द्रा अहलूवालिया, कार्यक्रम संयोजिका आभा सिंह, महामंत्री रीता सिंह, संगीता गोस्वामी, अंजलि गोस्वामी, गीता विश्वकर्मा, अर्चना शुक्ला, रश्मि शुक्ला, अनुराधा, मंडल अध्यक्ष स्वारिका भारद्वाज, आंचल ओझा, कंचन लता, सोनी गुप्ता, आभा भारती, सरोज गुप्ता, नीतू केसरवानी आदि मौजूद थी।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन 04 मार्च को

**प्रयागराज।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत नगर निगम के द्वारा 04 मार्च को नार्दन रिजनल इंस्टीट्यूट ऑफ प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी, तेलियरगंज में 580 जोड़ों का विवाह कराया जायेगा। अपर नगर आयुक्त ने कार्यक्रम स्थल पर सभी तैयारियों को समय से पूरा कराने व कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों की जिम्मेदारी निर्धारित की है।

# चुनाव उत्सव की तरह- प्रो. जया कपूर



**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय द्वारा चुनाव में युवाओं की सार्वभौमिक प्रबुद्ध भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आयोजित ÷मेरा पहला वोट देश के लिए÷ अभियान में बोलते हुए इलाहाबाद विश्वविद्यालय की जनसंपर्क अधिकारी प्रो. जया कपूर ने कहा कि चुनाव उत्सव की तरह है। छात्र जीवन के निर्णय हमें जीवन भर प्रभावित करते हैं। निर्वाचन भी सही निर्णय की माँग करता है। हनुमान की तरह हमें अपनी शक्ति का अहसास करना चाहिए। ज्ञान व शक्ति के समन्वय से ही यह संभव है। हमारे वोट की बूँद से ही घड़ा भरेगा, हमें यह समझना होगा। प्रलोभनों से प्रभावित हुए बिना हमें अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिये।

सहायक ज़िला निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी श्री रवीन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि निर्वाचन में भाग न लेने के दुष्परिणाम हमें जानना चाहिए। अनचाहे प्रतिनिधित्व से बचने का तरीक़ा शत प्रतिशत मतदान ही है। हमें स्वतंत्र, निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखना होगा।

कार्यक्रम समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना, इलाहाबाद विश्वविद्यालय डॉ. राजेश कुमार गर्ग ने कहा कि हमें अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादाओं को बनाये रखने के लिए प्रयत्नशील होना चाहिये।अतिथियों का स्वागत और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अर्चना सिंह ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे।

# सड़क पर जलजमाव से लोगों की बढ़ी मुसीबत

## सड़क के सापेक्ष नाली जाम होने से बढ़ी दिक्कत

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा (प्रयागराज)।** मेजारोड सिरसा मार्ग के आदर्श नगर मोहल्ले में जल जमाव से बस्ती के लोगों की मुसीबतें बढ़ गयी हैं। सड़क पर जमा पानी आए दिन घरों में घुस रहा है। बस्ती के लोगों ने कई बार शिकायत की है लेकिन प्रशासन और लोक निर्माण विभाग जन समस्या को गम्भीरता से नही ले रहे हैं। मेजारोड का आदर्श नगर मोहल्ला कई महीनों से जल जमाव से जूझ रहा है। ।दूषित पानी लोगों के घरों में घुस रहा है जिसे लेकर बस्ती के लोगों में गुस्सा है। जल जमाव से मेजारोड सिरसा मार्ग पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है।बस्ती के दिनेश गुप्ता,लल्लू केशरी ने उपजिलाधिकारी एवं खण्ड विकास



अधिकारी सहित लोकनिर्माण विभाग से शिकायत की है लेकिन कोई सुनवाई नही हुई।दिनेश गुप्ता ने कहा कि नाली भ्रष्ट होने से जल निकासी पूरी तरफ ठप है। लोगो ने बताया कि लोकनिर्माण विभाग के अधिकारियों की लापरवाही आम जनता को भुगतना पड़ रहा है।

ग्राम प्रधान सोरांव राजेश द्विवेदी ने बताया कि जाम नाली की सफाई कई करायी गयी है। शीघ्र ही बंद पड़ी नाली को दुरुस्त करा दिया जाएगा। उन्होने कहा कि सड़क के बगल पक्की नाली बनाने की जिम्मेदारी पीडब्ल्यूडी विभाग की है अगर सड़क की उंचाई को बढ़ा दी जाए और नाली का निर्माण करा दिया जाए तो लोगों को समस्या से निजात मिल जाएगी। मोहल्ले के दिनेश गुप्ता,झल्लर गुप्ता,नीरज केसरी, राजेश गुप्ता सहित दर्जनों लोगों ने कहा कि जलजमाव से जलापूर्ति भी दूषित हो गयी है।बस्ती के लोग बाजार से खरीद कर पानी पीने के लिए मजबूर हैं।लोगों ने ग्राम प्रधान व पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों से व्यवस्था बहाली की मांग दुहरायी है।

# मैं जाति नहीं, जमात की बात करता हूँ-डॉ संगम मिश्र

## पिछड़ी जाति व किसानों की चौपाल में गो वंश का उठा मुद्दा



**मेजा (प्रयागराज)।** करछना विधानसभा के कटका मेड़रा,चिपौंधा गांव में निषाद समाज एवं किसानों की संयुक्त चौपाल में मुख्य अतिथि रहे भाजपा नेता डॉ संगम मिश्र ने कहा मैं जाति में नही जमात में रहना और जीना चाहता हूं।मेरे संस्कार और संस्कृति में यही सीख मिली है कि सर्व समाज खुशहाल हो तभी राष्ट्र विकास को गति मिल सकती है। डॉ संगम मिश्र ने कहा मैं आपके परिवार का सदस्य बने आया हूं। एक किसान द्वारा आवारा पशुओं से हो रही फसल के नुकसान की समस्या के सवाल पर उंन्होने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार अस्थायी गो वंश आश्रय स्थल के जरिए इस समस्या के निदान पर गम्भीर है। भविष्य में व्यवस्था विस्तार से इससे निजात मिल जाएगी।।डॉ संगम मिश्रा ने कहा, मैं गौशालाएं बनाए जाने में आप लोगों का पूरा सहयोग करूँगा। इससे किसानों को दूध भी मिलेगा और आवारा पशुओं की समस्या का भी निदान हो जाएगा।श्री मिश्रा ने कहा मैं भी किसान का बेटा हूं।आपकी सारी समस्याओं को जानता हूं। जो भी समस्याएं हैं,उनके समाधान के लिए उच्च अधिकारियों से संपर्क करूंगा। डॉ संगम मिश्र ने कहा कि अबकी बार 400 के पार।यह आप सब के सहयोग से ही सम्भव है।क्षेत्र के भाजपा नेता दिलीप शुक्ल ने कहा डॉसंगम मिश्र शोषित, वंचितों, दलितों व महिलाओं के नेता हैं। प्रान्त संस्कृत प्रमुख विश्व हिंदू परिषद काशी प्रान्त शंकर देव त्रिपाठी ने कहा आप सब अपने बूथ को सबसे मजबूत बनाइए। हर बूथ पर 370 वोट इस बार अधिक लाना है।

मुख्य वक्ताओं में मनोरंजन प्रसाद,लक्ष्मीकांत निषाद, शिवपाल निषाद,श्री राम निषाद आकाश निषाद, रविंद्र कुमार निषाद, हिमांशु निषाद, किसान सम्मेलन महेंद्र पांडे जी रामकृष्ण दुबे , रोचक मिश्र, मंडल अध्यक्ष, मंडल मंत्री राजेश पांडे एवं सैकड़ो की संख्या में किसान एवं निषाद समाज के लोग उपस्थित रहे।

# कमलेश सोनी को मेजा ऊर्जा निगम की कमान

## मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में ग्रहण किया पदभार




**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा (प्रयागराज)।** मेजा ऊर्जा निगम में नए मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में शुक्रवार को कमलेश सोनी ने कुर्सी संभाली है।वह पदभार के साथ एक्शन मोड़ में दिखे और संस्थान के अधिकारियों के साथ बैठक कर कहा कि समेकित प्रयास से मेजा ऊर्जा निगम को नई ऊँचाई दी जाएगी।इसके पूर्व

वह एनटीपीसी ऊंचाहार एवं गाडरवारा में बतौर परियोजना प्रमुख कार्य कर चुके हैं।श्री सोनी पहले भी वह अपनी सेवाएँ मेजा ऊर्जा निगम महाप्रबंधक (परिचालन एवं अनुरक्षण) के रूप में दे चुके हैं। उनका एनटीपीसी में चयन 1987 में इंजीनियर ट्रेनी अधिकारी के रूप में हुआ था। उन्होनें पिछले 37 वर्षों में अपने कार्यकाल के दौरान मुंबई, कोरबा, बदरपुर, रामागुंडम, ऊंचाहार एवं सीपत जैसे कई अन्य एनटीपीसी परियोजनाओं में अपनी सेवाएँ दे चुके हैं।वह एक सफल अभियंता के साथ-साथ बहुत ही उत्कृष्ट प्रबन्धक भी रहे हैं। उन्होनें अपनी अभियांत्रिकी की पढ़ाई जोधपुर के एमबीएम कॉलेज से पूरी कर, 'द एनर्जी एंड रिसोर्सेस इंस्टीट्यूट' (टेरी) से एमबीए की पढ़ाई पूरी की। वह एक प्रमाणित एनर्जी ऑडिटर भी हैं।

शुक्रवार को पदभार के साथ उन्होने सभी वरिष्ठ अधिकारीगणों के साथ बैठक कर परियोजना की समीक्षा की और आगामी परियोजना संबन्धित विभिन्न पहलुओं पे चर्चा की है।उन्होने कहा, ÷यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है कि मै यहां दोबारा अपनी सेवाएँ दे पाऊँगा। मुझे आशा है की हम सभी मिल कर मेजा ऊर्जा निगम के साथ-साथ आस-पास के समुदायों का विकास करेंगे और इस कंपनी को और ऊंचाइयों तक ले जाएंगे।

# फाइनल वर्ष की छात्राओं को दी भावभीनी विदाई



**प्रयागराज।** राजर्षि टंडन महिला महाविद्यालय में आज बीए, बीकॉम और एम ए के अंतिम वर्ष की छात्राओं को भावभीनी विदाई दी गई। इस दौरान महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ रंजना त्रिपाठी ने आशीर्वाद दिया और छात्राओं ने मनमोहन रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया।राजर्षि टंडन महिला महाविद्यालय में आज महाविद्यालय की बीए तृतीय वर्ष, बीकॉम तृतीय वर्ष एवं एम ए चतुर्थ सत्र की छात्राओं का विदाई समारोह आयोजित किया गया। छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं मनोरंजन खेल भी प्रस्तुत किए गए। मिस फेयरवेल के लिए अर्पिता, सौम्या, आंचल और तनीषा को चयनित किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या ने अपने उद्बोधन में छात्राओं को अपने सपनो को साकार करने के लिए लक्ष्य को उद्देश्य बनाना महत्वपूर्ण बताया। महाविद्यालय की डॉक्टर कौमुदी श्रीवास्तव, डॉ नीलिमा सिंह एवं डॉ नमिता यादव आदि उपस्थित रहीं।

# सिद्ध पीठ श्री शनि धाम अत्तरसुइयां का श्री शनि महोत्सव 8 मार्च से प्रारंभ

**प्रयागराज।** सिद्ध पीठ श्री शनि धाम और श्री शनि परिवार सेवा समिति द्वारा आयोजित 39वा श्री शनि महोत्सव अपनी पूर्ण भव्यता के साथ दिनांक 8 मार्च को मुकुट पूजन से प्रारंभ होगा।उक्त महोत्सव के प्रथम चरण में दिनांक 8 मार्च सायं काल 4ऱ00 बजे से श्री शनि देव के मुकुट तथा अस्त्र-शस्त्र का पूजन संपन्न होगा।9 मार्च दिन शनिवार को प्रातः 11ऱ00 बजे शनि देव की मूल प्रतिमा के प्रतिरूप मिट्टी की प्रतिमा को रथ पर आरूढ़ कराकर बाजे गाजे के साथ किट गंज से मुट्ठीगंज, बलुआ घाट होते हुए सिद्ध पीठ श्री शनि धाम तक लाया जाएगा सायं काल 7ऱ00 बजे से आकर्षक शनि भजन संध्या का आयोजन तथा प्रसाद वितरण होगा।10 मार्च दिन रविवार को प्रातः 11ऱ00 बजे श्री शनि शांति यात्रा अपनी पूरी सज धज के साथ घोड़े हाथी और बैंड बाजों से परिपूर्ण होकर विभिन्न मार्गो पर घूमते हुए वापस श्री शनि धाम पर समाप्त होगी। रात्रि में पुनः भजन संध्या का आयोजन होगा।

# पटाखा फैक्टरी विस्फोट कांड में घायल फैक्ट्री मालिक के भाई कौसर अली की इलाज के दौरान मौत

## पटाखा फैक्टरी कांड में मारने वालो की संख्या हुई 12



**लोकमित्र ब्यूरो**

**भरवारी, कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी कस्बे में हुए पटाखा फैक्टरी के हादसे में गंभीर झुलसे फैक्टरी मालिक शाहिद अली के छोटे भाई कौशर अली की दिल्ली के सफदरगंज अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई है,कौशर अली की मौत की सूचना अभी परिजनो को नही दी गई है,साथ में इलाज करा रहे रिश्तेदार और मित्र कौशर अली के शव को लेकर दिल्ली से देर रात अथवा शनिवार की सुबह भरवारी पहुचेंगे।पटाखा विस्फोट हादसे में कौशर अली की मौत के बाद हादसे में मरने वालों की संख्या एक दर्जन हो गई है।

पटाखा फैक्टरी हादसे के दिन ही 7 लोगो की मौत हुई थी,वही हादसे के दूसरे दिन एक युवक की और गुरुवार को तीन अन्य लोगो की मौत हो चुकी है।शुक्रवार की सुबह पटाखा फैक्ट्री के मालिक शाहिद अली के भाई कौशर अली की भी इलाज के दौरान मौत हो गई है।

### पटाखा फैक्टरी हादसे में झुलसे तीन लोगों की

### इलाज के दौरान मौत, 12 पहुंची मृतकों की संख्या

भरवारी, कौशाम्बी। कोखराज थाना क्षेत्र के खल्लाबाद में स्थित पटाखा फैक्टरी में हुए विस्फोट के मामले में घायल तीन और लोगों की मौत हो गई। मृतकों की संख्या अब तक 12 पहुंच गई है। एक घायल की अब भी नाजुक बनी हुई है।

भरवारी पटाखा फैक्टरी धमाके में गंभीर रूप से झुलसे तीन लोगों की बृहस्पतिवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। फैक्टरी मालिक के छोटे भाई कौसर अली की हालत गंभीर बनी हुई है।

परिजनों ने उसे दिल्ली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। हादसे में अब तक कुल 11 लोगों की मौत हो चुकी है। कोखराज थाना क्षेत्र में स्थित भरवारी के खल्लाबाद कस्बे के पटाखा फैक्टरी में धमाके में गंभीर रूप से घायल मुकेश (17), राजेंद्र कुमार (15) और राकेश (45) को हादसे के बाद एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बृहस्पतिवार को तीनों की सांसें थम गई। कौसर अली पुत्र शराफत अली शुक्रवार दोपहर को दिल्ली में सांस थम गई ।

हादसे के बाद कौशाम्बी से सात लोगों को एसआरएन में रेफर किया गया था इनमें से सिर्फ कौसर अली का इलाज चल रहा है। बाकी लोगों की इलाज के दौरान मौत हो चुकी है।

### घर का इकलौता चिराग भी बुझ गया

भरवारी, कौशाम्बी। बहरिया निवासी राजेंद्र कुमार अपने माता-पिता की इकलौता लड़का था। आठवीं तक की पढ़ाई करने के बाद घर की परिस्थिति को देखकर अपने पिता के साथ पटाखा फैक्टरी में काम करने के लिए जाने लगा था। पिता ने बताया कि उसे वहां पर काम करने से मना कर रहे थे। लेकिन उसने कहा कि रविवार को वहां जाकर अपना पुराना हिसाब कराकर फिर काम करने नहीं जाऊंगा।

### भरवारी पटाखा फैक्टरी विस्फोट हादसे में एक दर्जन की मौत के बाद भी नही जागे सपाई

**भरवारी, कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र में भरवारी कस्बे में रविवार को हुए पटाखा फैक्टरी विस्फोट हादसे में फैक्ट्री मालिक शाहिद अली सहित 11 लोगो की मौत के बाद शाहिद अली के छोटे भाई कौशर अली की भी शनिवार को मौत हो गई,जिसके बाद अब इस हादसे में मारने वालो की संख्या एक दर्जन हो गई है।पटाखा फैक्टरी विस्फोट हादसे के बाद से अब तक समाजवादी पार्टी का कोई भी जनप्रतिनिधि किसी भी पीड़ित परिवार से मिलने नही पहुंचा है,वही कौशाम्बी जिले के तीनों विधानसभा में समाजवादी पार्टी के ही विधायक निर्वाचित है,इसके बावजूद किसी भी जनप्रतिनिधि के पीड़ित परिवार के पास नही पहुंचने से लोगो में अलग ही चर्चा शुरू हो गई है। कौशाम्बी के राजनीति में अब निष्क्रियता की ओर बढ़ रही समाजवादी पार्टी के जनप्रतिनिधियों के प्रति लोगो में आक्रोश व्याप्त है,बावजूद इसके कोई भी जनप्रतिनिधि पीड़ित परिजनो के पास सांत्वना देने नही पहुंचा है।

### पिता के बाद बेटे ने भी तोड़ा दम

भरवारी, कौशाम्बी। चमंधा निवासी हरि लाल की मौत बाद बेटे मुकेश की भी सांसें रुक गई। बुधवार को मुकेश ने बातचीत में हादसे की सच्चाई को अपनी जुबानी बयां किया था। उसने बताया कि वेल्डिंग मशीन की चिंगारी से फैक्टरी में आग लगी थी। वह करीब दो साल से अपने पिता के साथ उस पटाखा फैक्टरी में काम करने के लिए जा रहा था। वह चार भाइयों में दूसरे नंबर का था। रविवार को धमाके के बाद वह अपने पिता को बचाने में गंभीर रूप से झुलस गया था। बड़े भाई राकेश ने बताया कि उसकी छोटी बहन की मंगनी हो चुकी थी। उसी के शादी के लिए पैसे इकट्ठा करने के लिए पिता के साथ मुकेश भी काम करने के लिए पटाखा फैक्टरी में जा रहा था।

## ब्रिलियंस इंटरनेशनल स्कूल टेवां मे आज ज्ञान सुमन स्कॉलरशिप प्रतियोगिता हुई सम्पन्न



**लोकमित्र ब्यूरो**

**टेवां, कौशाम्बी।** जनपद के ब्रिलियंस इंटरनेशनल स्कूल टेवां मे ज्ञान सुमन स्कॉलरशिप प्रतियोगिता में 250 विद्यार्थियों ने भाग लिया। ज्ञान सुमन स्कॉलरशिप प्रतियोगिता में जनपद कौशांबी के लगभग एक दर्जन विद्यालय स्टार किड, एम वी कॉन्वेंट ओसा, बीपी पब्लिक स्कूल, एनएसजीएम स्कूल, आर्या पब्लिक स्कूल आदि के बच्चों ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग लिये। ज्ञान सुमन स्कॉलरशिप प्रतियोगिता में उत्तीर्ण प्रथम स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को 7000 द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले उत्तीर्ण छात्राओं को 5000 नगद धनराशि एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले परीक्षार्थियों को 3000 का नगद पुरस्कार के साथ प्रमाण पत्र दिए जाएंगे उक्त जानकारी विद्यालय प्रधानाचार्य रणविजय सिंह जी ने दिए ब्रिलियंस इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधक रविंद्र भूषण पांडे जी ने बताया कि ऐसे आयोजन करके क्षेत्र के नन्हे मुन्ने बच्चों का ज्ञानवर्धन एवं उत्साहवर्धन के साथ-साथ स्कॉलरशिप के माध्यम से शैक्षिक विकास शारीरिक विकास एवं मानसिक विकास करना हमारे विद्यालय का उद्देश्य है विद्यालय के अध्यक्ष सौरभ उपाध्याय जी ने बताया कि समय समय पर ऐसे आयोजन करके बाल प्रतिभाओं के अंदर निखार लाने का हमारा प्रयास रहता है शिक्षा के साथ-साथ बच्चों का मानसिक एवं शारीरिक विकास हो सके इन आयोजनों से अन्य विद्यालय से आए हुए बच्चों के अंदर भी प्रतिभा का निखार आता है ज्ञान सुमन स्कॉलरशिप प्रतियोगिता के दौरान विद्यालय के अध्यापक उमेश यादव , खुशी, कनीज, यासीन, सैदमीन,दिव्या अध्यापिका बहने मौजूद रही।

# सकिपा की पंद्रह सदस्यीय नई कार्यकारिणी की घोषणा, शैलेंद्र मिश्रा जिलाध्यक्ष तो रंजीत सरोज महासचिव बने

## नवकार्यकारिणी के सदस्यों को नियुक्ति पत्र देकर दिलाई गई शपथ



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के जिला कार्यालय मंझनपुर में एक मार्च शुक्रवार को मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पार्टी की नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर चर्चा हुई। साथ ही करीब तीन घंटे की परिचर्चा के बाद पंद्रह सदस्यीय नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।

शुक्रवार जिला मुख्यालय मंझनपुर में पार्टी की मासिक बैठक संपन्न हुई। बैठक के बाद नई कार्यकारणी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से पुनवार निवासी शैलेंद्र मिश्रा को जिलाध्यक्ष जबकि मंझनपुर निवासी रंजीत कुमार सरोज को जिला महासचिव बनाया गया। इसी के साथ एक और जिला महासचिव ठाकुर बीरेंद्र सिंह को चुना गया जबकि सुरजीत वर्मा और मुन्ना लाल तिवारी को जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। कोषध्यक्ष के रूप में वेद प्रकाश यादव और संगठन मंत्री के रूप में उमेश चंद्र पांडेय को जिम्मेदारी दो गई। इसी के साथ अयूब अहमद को जिला प्रभारी बनाया गया। पांच जिला सचिव और तीन जिला कार्यकारिणी सदस्य भी चुने गए। इस अवसर पर सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र देकर, माला पहनाकर एवं लड्डू खिलाकर उन्हे उनके पद की शपथ दिलाई गई। साथ ही जिम्मेदारी के साथ पद के अनुरूप सक्रिय रूप से कार्य करने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर पार्टी अध्यक्ष अजय सोनी, तेज बहादुर सिंह, भैरवदीन, राजू सोनी, जुम्मन अली,राजवंत सिंह, मानबाबू सोनकर, राजा अंसारी समेत कई लोग मौजूद रहे।

## प्रबुद्ध जनता पार्टी ने अनिल केशकर को बनाया लोकसभा प्रत्याशी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** लोकसभा चुनाव के लिए प्रबुद्ध जनता पार्टी ने उम्मीदवारों की लिस्ट जारी करते हुए कौशांबी लोकसभा सीट से अनिल कुमार केशकर को प्रत्याशी की घोषणा कर दिया है।लोकसभा चुनाव 2024 के लिए प्रबुद्ध जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतीक मौर्य की संतुति के बाद पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सत्य नारायण मौर्य ने कौशांबी लोकसभा सीट से सैनी कस्बे के रहने वाले अनिल कुमार केशकर को पार्टी का समर्थित उम्मीदवार बनाए जाने की घोषणा करते हुए बताया की अनिल कुमार केशकर जाटव समाज से आते है और वो वर्तमान में पार्टी के जिला प्रभारी व समाज सेवा से जुड़े रहे है। पार्टी प्रवक्ता सुजीत मिश्रा ने बताया की जाटव समाज की लंबे समय से कौशांबी में उपेक्षा की जाती रही है , अनिल केशकर अवध विश्वविद्यालय से स्नातक है।

# भवन्स मेहता विद्याश्रम में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर त्रि-दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन






**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर भवन्स मेहता विद्याश्रम भरवारी में तीन दिवसीय भव्य विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन 28 फरवरी को किया गया। जिसका समापन 01 मार्च 2024 को सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। प्रदर्शनी का शुभारंभ प्रधानाचार्य संजय कुमार श्रीवास्तव ने 28 फरवरी 2024 को फीता काट कर किया। तत्पश्चात विज्ञान शिक्षक ने प्रधानाचार्य संजय कुमार श्रीवास्तव को प्रदर्शनी के अवलोकन के लिए आमंत्रित किया। विज्ञान प्रदर्शनी में सभी कक्षाओं के छात्रों द्वारा वालकेनो ईरप्शन, वायरलेस एनर्जी, रोबोट, चंद्रयान थ्री, विंड एनर्जी, वाटर साइकिल, कैलीडोस्कोप, इलेक्ट्रोस्कोप, अयोध्यामंदिर मॉडल, डे एंड नाइट, प्रॉफिट एंड लॉस मॉडल, टाइप्स आफ इंडस्ट्री इन इंडिया, ब्रेन मॉडल, फेयर स्विंग, हीटर, भवंस मेहता बिल्डिंग मॉडल, सोलर सिस्टम, कंपोजिशन ऑफ एयर आदि अनेक प्रकार के वर्किंग एवं नॉन वर्किंग मॉडल,प्रोजेक्ट की प्रदर्शनी लगाई गई जिसको देखकर प्रधानाचार्य महोदय एवं अन्य सभी शिक्षकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विज्ञान शिक्षक एवं समस्त बच्चों को ऐसी कार्यशाला के आयोजन की सराहना किया।प्रधानाचार्य महोदय ने प्रदर्शनी के अवलोकन के उपरांत सभी बच्चों से अनेक प्रश्न पूछे जिसका बच्चों ने सही सही जवाब दिया।निदेशक श्री संदीप सक्सेना जी ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के मौके पर बच्चों द्वारा क्रमशःप्राथमिक,जूनियर एवं सीनियर के छात्रों द्वारा त्रि-दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी के आयोजन को बच्चों के अंदर वैज्ञानिक सोच को दर्शाता है ऐसा अपने संदेश में कहा।उन्होंने समस्त बच्चों एवं अध्यापकों को इस तरह के आयोजन की सराहना करते हुए धन्यवाद एवं विज्ञान दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी है।प्रदर्शनी में चंद्रयान थ्री,अयोध्या राम मंदिर मॉडल एवं हीटर आकर्षण का केंद्र रहा।प्राथमिक,जूनियर एवं सीनियर स्टूडेंट्स के बच्चों द्वारा आकर्षक एवं प्रतिभा से भरी हुई अनेकों मॉडल को देखकर सभी अध्यापकों ने प्रतिभा की सराहना किया। इस अवसर पर स्कूल के सभी बच्चों के साथ साथ शिक्षक अवधेश मिश्रा, अनिल मिश्रा, सुधाकर सिंह, रामसनेही श्रीवास्तव, राकेश कुमार सिंह, सुशील कुमार श्रीवास्तव, नागेंद्र द्विवेदी, विवेक शंकर चतुर्वेदी, शिवम केसरवानी, विवेक केसरवानी, खुशबू गुप्ता, सीता यादव, रश्मि पाठक, रजनी श्रीवास्तव, साहिबा जरीन, पूनम सिंह, सूरज मिश्रा, प्रियांशु मिश्रा, राम नाथ बिहारी, संदीप यादव, अंकिता पटेल सहित समस्त अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में आयोजित ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन श्री सुखराम प्रजापति इंटर कॉलेज म्योहरिया में विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक प्रजापति की अध्यक्षता में आयोजित किया गया खेल विधाओं में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खेल प्रतियोगिता में अंपायर गौरव चौधरी द्वारा निर्णय दिया गया बालक वर्ग में विकास कुमार टीम को विजेता एवं श्रेयांश की टीम को उपविजेता और बालिका वर्ग में सरिता की टीम को विजेता एवं रीना की टीम को उपविजेता घोषित किया गया। कार्यक्रम में युवाओं, युवतियों ने बढ़ चढ़ कर का हिस्सा लिया कार्यक्रम में राष्ट्रीय युवा स्वयं सेविका पूनम कुमारी ने युवाओं को खेल एवं उनके स्वास्थ्य संबंधी पूर्ण जानकारी से अवगत कराया गया कार्यक्रम में उप प्रधानाचार्य रामचंद्र साहू सहायक अध्यापक शैलेश कुमार हेमंत प्रजापति कमल यादव एवं सीता देवी संजू देवी किरण दीपशिखा राखी आदि उपस्थित रहे।

## जनसत्ता दल के गठबंधन की उम्मीद लेकर कार्यकर्ताओं में खुशी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**भरवारी, कौशाम्बी।** जनसत्ता दल के प्रमुख कार्यालय जिला मुख्यालय मंझनपुर में जनसत्ता दल के किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष बलबीर सिंह के कार्यालय मे कौशांबी लोक सभा चुनाव को लेकर चुनावी चर्चा के लिए शुक्रवार के कार्यकर्ता पदाधिकारी एकत्रित हुए और भारतीय जनता पार्टी से कौशांबी लोकसभा सीट पर जनसत्ता दल के गठबंधन को लेकर काफी देर तक चर्चा होती रही जिसमे एक आपात बैठक कर आगामी चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए जनसत्ता दल के कार्यकर्ताओ को जनसत्ता दल के प्रधान राष्ट्रीय सचिव एवम पूर्व सांसद शैलेंद्र कुमार को किसी राष्ट्रीय पार्टी से गठबंधन होने की संभावना व्यक्त करते हुए सभी कार्यकर्ता को आज से ही चुनाव की तैयारी मे जुट जाने की बात कही इस मौके पर जनसत्ता दल के जिला अध्यक्ष इरफान अहमद किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष बलवीर सिंह चौहान युवा जिला अध्यक्ष अश्वनी सिंह शंकर लाल अग्रहरी मुन्ना लाल केशरवानी रामू अग्रहरी राजू प्रधान दहिया शुफ्यिान्न मिया कमल सिंह यादव आजम खान मयंक पांडे अतर सिंह यादव सुमित सिंह एवम पत्रकार राजू सक्सेना सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## होर्डिंग में टिकट को लेकर दावेदारी, जनता के बीच नदारत

**कौशाम्बी।** जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव नजदीक रहा, टिकट को लेकर भाजपा में घमासान बढ़ता जा रहा। कौशांबी लोकसभा सीट पर नजर डालें तो वर्तमान सांसद को दो प्रतिद्वंद्वियों से कड़ी चुनौती मिल रही। चुनौती देने वालों में वर्तमान सांसद के अलावा पूर्व सांसद, पूर्व विधायक शामिल हैं। कौशाम्बी संसदीय सीट पर वहां के लगातार दो बार के सांसद विनोद सोनकर को पूर्व सांसद से चुनौती मिल रही है। इसके अलावा एक पूर्व विधायक और एक वर्तमान विधायक भी खुद को टिकट की दौड़ में बता रहे। दो ऐसे दावेदार भी हैं, जो संगठनात्मक राजनीति से निकलकर चुनावी राजनीति में आने को ताल ठोक रहे। कौशांबी लोकसभा सीट पांच विधानसभा सीटों से मिलकर एक संसदीय क्षेत्र बना है जिसमे सिराथू, मंझनपुर, चायल के साथ प्रतापगढ़ जनपद की कुंडा व बाबा गंज विधानसभा की सीट भी शामिल है।

## प्रभारी अध्यक्ष महिला थाना व एंटीरोमियो टीम ने चलाया जागरूकता अभियान



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक तथा क्षेत्राधिकारी मंझनपुर के कुशल निर्देशन मे प्रभारी अध्यक्ष महिला थाना मय एंटीरोमियो टीम द्वारा एंटीरोमियो चेकिंग की गई तथा शक्ति दीदी ,मिशन शक्ति के तहत स्कूल के समय भ्रमणशील रहकर महिलाओ और बालिकाओ को साइबर अपराध व महिला सशक्तिकरण के लिए शासन द्वारा चलाए गए सभी हेल्पलाइन नंबर को विस्तृत तरीके से समझा कर जागरूक किया गया तथा मिशन शक्ति, नारी शक्ति, नारी सम्मान, नारी सुरक्षा, नारी स्वावलंबन, अभियान के तहत हेल्पलाइन नंबर 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन 1930,साइबर अपराध हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन और महिला हेल्पडेस्क,एंटीरोमियो टीम के कार्य तथा थाना के सीयूजी नंबर के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया।

## प्राथमिक विद्यालय के गेट पर दबंगों ने लगाया कूड़ा कचरा गंदगी गोबर का ढेर



**लोकमित्र ब्यूरो**

**भरवारी, कौशाम्बी।** एक तरफ केंद्र और प्रदेश सरकार साफसफाई स्वच्छता अभियान पर जोर दे रही है लेकिन उसके बाद प्राथमिक विद्यालय करेंटी के आसपास कूड़ा कचरा गोबर और गंदगी का ढेर लगा हुआ है जिससे स्कूल जाने वाले छात्र-छात्राओं को दूषित वातावरण में पठन-पाठन का कार्य करना पड़ता है जिससे उनका पठान पाठन बाधित होता है दबंग के कारनामे पर कई बार ग्राम प्रधान ने विद्यालय गेट पर लगाए गए कूड़े कचरे और गोबर के ढेर को हटाने के लिए कहा लेकिन दबंग दबंगई पर उतारू है और विद्यालय गेट से कूड़ा कचरा और गोबर का ढेर नहीं हटा रहे हैं सिराथू तहसील क्षेत्र के करेंटी ग्राम सभा में प्राथमिक विद्यालय के गेट पर गोबर के ढेर लगे होने से लगातार दुर्गंध उठ रही हैं लंबे समय से लगे कूड़े कचरे गोबर के ढेर के चलते छोटे-छोटे कीटाणु जीवाणु ने जन्म ले लिया है जिससे स्थिति खतरनाक बनती जा रही है साफ सफाई न होने के चलते विद्यालय में छोटे छोटे बच्चों को बीमारियों का खतरा बढ़ रहा हैं । ग्राम प्रधान के द्वारा कई बार कूड़ा कचरा गंदगी व गोबर के ढेर को हटाने के लिए कहा गया लेकिन दबंगों को एक बार भी यह नही लगा कि गन्दगी से बच्चों को बीमारी हो सकती हैं स्कूल में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के अभिभावको ने मुख्य विकास अधिकारी का ध्यान आकर्षित करते हुए विद्यालय के आसपास कूड़ा कचरा गंदगी गोबर के ढेर को हटाए जाने की मांग की है।

## अपर जिलाधिकारी ने राज्य स्तरीय कृषक शैक्षिक भ्रमण बस को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार गोंड द्वारा सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा) योजनान्तर्गत चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर में 01 मार्च से 05 मार्च 2024 तक आयोजित राज्य स्तरीय कृषक शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम में जनपद कौशाम्बी के 64 प्रगतिशील कृषकों को बस द्वारा प्रतिभाग कराने के लिए हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक सतेन्द्र कुमार तिवारी उपस्थित रहें।




चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्विविद्यालय, कानपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कृषक शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम में कृषकों को रबी फसलोत्पादन, कृषि विविधीकरण, प्राकृतिक खेती, मोटे अनाज के उत्पादन सम्बन्धित विषयों आदि पर कृषि वैज्ञानिको द्वारा प्रशिक्षण दिया जायेंगा। इसके साथ ही संस्थान के प्रक्षेत्र पर विभिन्न फसलों, औषधीय खेती, बागवानी, मशरूम यूनिट, पशुपालन, मत्स्य पालन इत्यादि का प्रक्षेत्र भ्रमण कराया जायेंगा। संस्थान द्वारा प्रशिक्षणोंपरान्त कृषकों को प्रमाण-पत्र एवं मिनी किट इत्यादि भेंट की जायेंगी।

# जागरूकता रैली निकाल बच्चों ने की मतदान की अपील

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, कौशाम्बी।** विकास खंड सिराथू के खोरावं व बम्हरौली एवं कड़ा ब्लॉक के निदूरा व सयारा मीठेपुर गांव में शुक्रवार को चौपाल कार्यक्रम के बाद मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान स्कूली बच्चों के साथ अधिकारियों ने जनमानस से लोकतंत्र के पर्व मे वोट देने की अपील की। रैली में शामिल स्कूली बच्चों ने अपने हाथ में स्लोगन लिखे बैनर लेकर लोकतंत्र की मजबूती का संदेश दिया।



विकास खण्ड सिराथू के खोराव में मुख्य विकास अधिकारी डॉ रवि किशोर त्रिवेदी की मौजूदगी में चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान इंद्रानी ,रामकली ननकी देवी ने आवेदन के बाद मिलने वाली पेंशन का लाभ न मिलने की शिकायत की जिस पर सीडीओ ने सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण को मामले की जांच कर कार्रवाई का निर्देश दिया। चौपाल कार्यक्रम में महिला बाल विकास कल्याण की ओर गर्भवती दो महिलाओं की गोद भराई कराई गई और नवजात शिशुओं का अन्नप्राशन हुआ। जनसुनवाई के बाद प्राथमिक विद्यालय के बच्चों के साथ मुख्य विकास अधिकारी ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली और लोगों से लोकतंत्र के पर्व में भागीदारी सुनिश्चित कर मतदान करने की अपील की। हम सबको यह समझना है सबका वोट दिलाना है। चाहे नर हो य नारी वोट देना सबकी जिम्मेदारी ,सबसे बढ कर दाता देश के मतदाता आदि स्लोगन लिखे बैनर लेकर बच्चों ने गांव का भ्रमण किया। इस दौरान खंड विकास अधिकारी भवेश कुमार शुक्ला, क्षेत्रीय कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी एके सागर, एडीओ समाज कल्याण कपिल त्रिपाठी, ग्राम प्रधान सुनीता देवी ,पंचायत सचिव धीरेंद्र यादव विद्यालय के शिक्षक व बच्चे मौजूद रहे।बम्हरौली गांव में ए डी ओ कोऑपरेटिव दयाशंकर यादव की मौजूदगी में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें लोगों ने पेयजल ,जल भराव ,पेंशन प्रधानमंत्री आवास से संबंधित शिकायत दर्ज कराई। इस दौरान अधिकारियों ने समस्या के निराकरण का आश्वासन दिया । इसके बाद प्राथमिक विद्यालय के बच्चों के साथ जागरूकता रैली निकाल कर मतदाताओं को लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान करने की अपील की गई इस मौके पर ग्राम प्रधान नियामत उल्ला ,पंचायत सचिव नीरज यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहे। इसी तरह कड़ा ब्लॉक के निदूरा में खंड विकास अधिकारी दिनेश चंद्र की मौजूदगी में ग्राम प्रधान आशा देवी व सचिव शरद श्रीवास्तव ने लोगो की समस्याओं को सुनते हुए सरकार की योजनाओ की जानकारी दी। इस मौके पर मुख्य सेविका ज्ञानमती , सचिव सत्य प्रकाश पांडेय सहित अधिकारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

# एसडीएम सौम्य मिश्र को अधिवक्ताओं ने दी भावभीनी विदाई

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चायल, कौशाम्बी।** स्थानीय तहसील सभागार में शुक्रवार को उपजिलाधिकारी सौम्य मिश्रा के विदाई समारोह का आयोजन किया गया। अधिवक्ताओं ने माला पहनाकर उन्हें भावभीनी विदाई दी। विदाई समारोह होने के बाद वह जनपद झांसी के लिए रवाना हो गए।



तहसील सभागार में शुक्रवार को उपजिलाधिकारी सौम्य मिश्रा के विदाई समारोह का आयोजन किया गया। शासन से उनका स्थानांतरण जनपद झांसी के लिए हो गया था।अधिवक्ता शनिचंद्र मिश्र ने शॉल ओढ़ाकर उन्हें सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि उपजिलाधिकारी का कार्यकाल सिर्फसाढ़े पांच माह का था। मगर इस अल्पकाल में उन्होंने अपने कार्यों और व्यवहार से सभी का दिल जीत लिया था। सौम्य मिश्रा ने कहा कि स्थानांतरण सर्विस काल की एक परंपरा है।उनका कार्य अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना है जिसका वह बखूबी निर्वहन करते हैं।विदाई समारोह के बाद निवर्तमान उपजिलाधिकारी जनपद झांसी के लिए रवाना हो गए।इस मौके पर अधिवक्ता राजेंद्र मौर्य, विजय तिवारी,आशीष शुक्ला,पवन पांडेय, सुनील कुमार, पुष्पराज,अजय पांडेय, आशीष शुक्ला,कपिल मिश्र, शिवम् ओझा, सत्यम पांडेय, विपुल त्रिपाठी, अश्विनी तिवारी, नन्हें तिवारी, सुल्तान मोहम्मद और सोमदत्त मिश्र आदि उपस्थित रहे।

## कादीपुर में भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का हुआ शुभारंभ



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के कादीपुर में स्थित हनुमान मंदिर में शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु पीत वस्त्र पहन कर व सिर पर कलश धारण कर शामिल हुई। इससे पूर्व कथा स्थल पर हवन पूजन किया गया। कथा का शुभारंभ करते हुए कथावाचक राजेंद्र जी व्यास ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा, ऐसी कथा है, जो जीवन के उद्देश्य एवं दिशा को दर्शाती है। इसलिए जहां भी भागवत कथा होती है, इसे सुनने मात्र से वहां का संपूर्ण क्षेत्र दुष्ट प्रवृत्तियों से खत्म होकर सकारात्मक उर्जा से सशक्त हो जाता है।उन्होंने कहा कि कथा की सार्थकता तभी सिद्ध होती है, जब इसे हम अपने जीवन और व्यवहार में धारण करें। श्रीमद्भागवत कथा के श्रावण से जन्म जन्मांतर के विकार नष्ट होकर प्राणी मात्र का लौकिक व आध्यात्मिक विकास होता है। मुकेश त्रिपाठी , दिनेश त्रिपाठी , विनोद पांडेय, राम मिलन पटेल , कुल भूषण दिवेदी , सुमित त्रिपाठी , विनय पांडेय , मनीष मौर्य , करन मिश्रा , नितिन तिवारी , गुड्डन तिवारी , मनीष तिवारी , सन्तोष पांडेय सहित बडी संख्या में श्रोता मौजूद रहे।

## सदर एसडीएम एवं राजेश टीम ने गिराए जेसीबी लगाकर मकान



**टेवां, कौशाम्बी।** सदर तहसील के टेवां गांव पश्चिम शरीरा रोड प्राथमिक विद्यालय प्रथम टेवां के पास बने रोड किनारे मकान को सदर तहसील एवं राजस्व टीम ने जेसीबी लगाकर गिरवाया राजस्व टीम का कहना था कि मकान का निर्माण सरकारी भूमि पर अवध तरीके से किया गया है वही मकान मालिक रवि नारायण तिवारी का कहना है कि मेरा मकान दो नंबर में बना था दूसरा नंबर पूछता ही नहीं जमीन में बना था दो हिस्से में बने मकान को राज्य से टीम ने ईर्ष्य बस गिरवाया है जो मकान मेरी पुश्तैनी जमीन पर था उसको भी गिरवा दिए हैं अवैध तरीके से बिना नोटिस के सदर एसडीएम एवं राजस्व टीम ने मकान गिराकर मेरे साथ अन्याय किया है।

# डेढ़ सौ लीटर अवैध शराब के साथ तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली की पुलिस ने शुक्रवार को डोडापुर गांव में सैनी पुलिस ने छापेमारी कर लगभग डेढ़ सौ लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर एक कुंतल लहन नष्ट कराते हुए शराब बनाने के उपकरण बरामद करते हुए तीन लोगो को गिरफ्तार कर लिखापढ़ी के बाद जेल भेज दिया।



क्षेत्राधिकारी सिराथू अवधेश विश्वकर्मा व थानाध्यक्ष सैनी जयचंद्र शर्मा के निर्देश पर सैनी कोतवाली के अतिरिक्त निरीक्षक अयोध्या प्रसाद की अगुवाई में सैनी पुलिस ने डोडापुर गांव में छापेमारी कर तीन प्लास्टिक के डिब्बे में लगभग डेढ़ सौ लीटर अपमिश्रित अवैध कच्ची शराब, शराब बनाने के उपकरण , लगभग 450 ग्राम यूरिया बरामद कर एक कुंतल लहन नष्ट कराया इस दौरान पुलिस ने डोडापुर निवासी निवासी राम विशाल पुत्र धुनाई, धर्मेंद्र पुत्र रामविशाल , महेंद्र पुत्र रामविशाल को गिरफ्तार कर लिखापढ़ी के बाद जेल भेज दिया। पुलिस की टीम में अतिरिक्त निरीक्षक अयोध्या प्रसाद , उपनिरीक्षक मनोज कुमार जायसवाल, कांस्टेबल जयवीर व अजय यादव मौजूद रहे।

### चोरी की मोटर साइकिल व रुपये के साथ आरोपी गिरफ्तार

कौशाम्बी। जपनद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना करारी पुलिस उपनिरीक्षक सियाकान्त चौरसिया मय हमराह पुलिस बल द्वारा गस्त वाहन चेकिंग के दौरान ग्राम बल्लोपुर तिराहा के पास से मेवालाल निवासी इब्राहिमपुर थाना करारी को चोरी की 01 अदद मोटर साइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उ0नि0 सियाकान्त चौरसिया, उ0नि0शिवचरन राम, का0 नागेन्द्र सिंह, का0 राम सिंह, का0 दीवान सिंह रहें।

### अवैध शराब के साथ गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना मंझनपुर पुलिस उपनिरीक्षक अंशुमान मिश्रा मय हमराह पुलिस बल द्वारा मुकेश निवासी शमशाबाद थाना मंझनपुर को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

### वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहिया चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 116 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा 01 वाहन से 500ध- रुपये सम्मन शुल्क वसूला गया।

### निरोधात्मक कार्यवाही मे 06 आरोपी गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में (थाना सराय अकिल से 03, थाना पिपरी से 02, थाना चरवा से 01) कुल 06 आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान किया गया।

## अपर पुलिस अधीक्षक ने परेड की ली सलामी, किया निरीक्षण



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार वर्मा द्वारा पुलिस लाइन कौशाम्बी में शुक्रवार की परेड की सलामी ली गयी तथा परेड का टोली बार निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान एएसपी द्वारा परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों के टर्नआउट का अवलोकन कर बेहतर टर्नआउट मेंटेन करने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस कर्मियों को फिट रहने हेतु दौड़ लगवाई गई एवं ड्रल कराई गई, तत्पश्चात एएसपी द्वारा क्वार्टर गार्ड पर सलामी ली गई तथा गार्ड का निरीक्षण किया गया। परेड के उपरान्त परिवहन शाखा, पुलिस कैंटीन, जिम, बारिकों, डायल 112, डीसीआर, मेंस एवं पुलिस लाइन परिसर का निरीक्षण कर संबंधित को साफ-सफाई हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

### छात्राओं पर अश्लील फब्तियां कसने वाले आरोपी को अर्थदण्ड से किया गया दण्डित

कौशाम्बी। थाना सैनी पर पंजीकृत रमेश कुमार निवासी बगहा कनवार थाना सैनी को न्यायालय सीजेएम जनपद कौशाम्बी द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर अभियुक्तों को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से आरोपी को 1000 रूपये के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया। अर्थ दण्ड न अदा करने पर 10 दिवस के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनायी गयी।

## प्रधानाचार्य ने प्रवक्ता पर लगाया अभद्रता करने का आरोप, शिकायत

**लोकमित्र ब्यूरो**

**नेवादा/ सरांय अकिल, कौशाम्बी।** सरायअकिल स्थित एक इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य ने बोर्ड परीक्षा के ड्यूटी को लेकर प्रवक्ता पर अभद्रता करने का आरोप लगाया है। पीड़ित प्रधानाचार्य ने आरोपी प्रवक्ता के खिलाफ उच्चाधिकारियों से शिकायत कर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

सराय अकिल के आदर्श इंटर कॉलेज में प्रदीप कुमार प्रधानाचार्य के पद पर तैनात हैं। आरोप है कि 21 फरवरी की शाम कालेज में तैनात एक प्रवक्ता ने बोर्ड परीक्षा के ड्यूटी को लेकर कालेज में तैनात दूसरे प्रवक्ता के मोबाइल पर फोन कर प्रधानाचार्य को गाली गलौज कर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया। उनका कहना है कि उस समय मेरे साथ परीक्षा कार्य में लगे वरिष्ठ लिपिक नवीन कुमार विश्वकर्मा, कल्याण चंद्र चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी विजय कुमार सेन, राकेश कुमार यादव ने भी सुना है। आरोप है कि प्रवक्ता की कार्यशैली बोर्ड परीक्षा को लेकर अच्छी नहीं है। वह कापियों के संकलन आदि की जिम्मेदारी दूसरे के भरोसे छोड़ देते हैं। पीड़ित प्रधानाचार्य का कहना है कि इस घटना के बाद से वह मानसिक तनाव में हैं। उन्होंने मामले की शिकायत जिला विद्यालय निरीक्षक समेत मंडलायुक्त प्रयागराज, मुख्यमंत्री एवं एसी एसटी आयोग में कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। प्रकरण में जिला विद्यालय निरीक्षक डा. सच्चिदानंद यादव ने पीड़ित प्रधानाचार्य से ही आचरण सेवा नियमावली के तहत शीघ्र सुनवाई कर कार्रवाई की आख्या मांगी है।

## नगर पंचायत चरवा में भी डोर-टू-डोर संग्रहित होगा कूड़ा-करकट

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चायल, कौशाम्बी।** नगर पंचायत चरवा को स्वच्छ बनाये रखने के लिए शुक्रवार को नगर प्रशासन ने लोगों को हरी एवं नीली डस्टबिन का वितरण किया है। इस दौरान नगर वासियो से अपील कर कहा गया है कि वह अपने घरों से निकलने वाले कूड़े को इधर उधर फेंकने के बजाय नगर पंचायत से दी गई डस्टबिन में डालें। एकत्रित कूड़ा वाहन की ट्राली में डालकर अपने नगर को स्वच्छ बनायें रखने एवं सफाई कार्य में कर्मचारियों का सहयोग करें। नगर पंचायत अध्यक्ष जगनारायण ने नगरवासियों को हरे एवं नीले रंग के डस्टबिन का वितरण करते हुए अपील किया कि वे अपने घरों से निकलने वाले गीले कचरे को हरे एवं सूखे कचरे को नीले रंग की डस्टबिन में अलग-अलग रखें। प्रत्येक दिन सुबह डोर टू डोर कूड़ा एकत्रित करने वाली टीम को दें। अधिशासी अधिकारी सुभाषचंद्र सिंह ने कहा कि चरवा नवसृजित निकाय है, जिसे विकास के नये आयामों तक पहुंचाना हम सबकी जिम्मेदारी है।



नागरिकों के सहयोग के बिना स्वच्छता और विकास संभव नहीं है। इसलिये आप सभी लोग स्वच्छता बनाये रखने में कर्मचारियों का सहयोग करें। कचरे को सड़कों पर न फेंके। अपने घर के आसपास स्वच्छता बनाये रखें। नगर को साफ सुथरा एवं स्वच्छ बनाना हम सबका दायित्व है। इस मौके पर सभासद मनीष कुमार, नवीन कुमार, कल्लन, अरूण कुमार गौतम, राजेश पटेल, राहुल गौतम, सभासद प्रतिनिधि अशोक पांडेय, अनिल कुमार समेत नगरवासी मौजूद रहे।

# इनकार करने वाले 13 हजार 606 लोगों को जागरूक कर खिलाई गई फाइलेरिया रोधी दवा

29 फरवरी तक करीब 32 लाख 18 हजार 144 लोगों को दवा का सेवन कराया जा चुका है

फाइलेरिया रोधी दवा खाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने दिया एक और मौका

05 मार्च तक चलेगा मॉपअप राउंड, छूटे हुए लोगों को खिलाई जा रही दवा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** फाइलेरिया उन्मूलन के लिए प्रतिबद्ध स्वास्थ्य महकमा मॉपअप राउंड के दौरान छूटे हुए शत प्रतिशत लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कराने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ॰ आशु पाण्डेय ने बताया कि ÷29 फरवरी तक करीब 32 लाख 18 हजार 141 लोगों को दवा का सेवन कराया जा चुका है। वहीं स्वास्थ्यकर्मियों ने दवा खाने से इनकार करने वाले करीब 21 हजार0819 लोगों की सूची तैयार की, इनमें से 13 हजार 606 लोगों को, मॉपअप राउंड के दौरान बीमारी के विषय में जागरुक कर फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कराने में सफलता मिली है।÷

जिला मलेरिया अधिकारी आनंद सिंह ने बताया कि ÷ फाइलेरिया प्रभावित 13 ब्लॉक में मॉपअप राउंड के दौरान छूटे हुए लोगों को दवा का सेवन कराया जा है। इसके लिए स्टेकहोल्डर, पेशेंट प्लेटफॉर्म के सदस्य एवं सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधि व स्वास्थ्य विभाग कि टीम आशा आंगनबाड़ी कार्यकत्री के साथ लोगों को फाइलेरिया की गंभीरता व बचाव के बारे में जागरूक कर दवा खाने कि अपील कर रहे है। इसी का परिणाम है कि दवा खाने से मना करने वाले 62.36 प्रतिशत लोगों ने बीमारी कि गंभीरता को समझते हुए दवा का सेवन कर लिया है। बाकी बचे लोगों को भी जल्द ही जागरूक कर दवा का सेवन कराया जाएगा।÷ आनंद सिंह ने बताया कि ÷हमारा उद्देश्य शत प्रतिशत लोगों को दवा का सेवन कराना है इसके लिए लोगों से यह अपील करना चाहूँगा कि जिनहोने अभी भी फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन नहीं किया है उनके घर जब भी कोई स्वास्थ्यकर्मी आए वह दवा का सेवन करें। किसी कारण उनसे आपकी मुलाकात न हो पाए तो 5 मार्च से पहले अपने क्षेत्र में आशा कार्यकत्री से संपर्क करें या अपने नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जाकर स्वास्थ्यकर्मी के सामने फाइलेरिया से बचाव कि दवा खाएं।÷



### इनकार के बाद दवा का सेवन करने वाले लाभार्थी

कौशाम्बी। फाइलेरिया से बचाव की दवा के प्रति उदासीन सैदाबाद ब्लॉक के कनकपुर गाँव के निवासी सरोज विश्वकर्मा (उम्र 49) ने बताया, ÷मैं सोचता था कि जब मुझे फाइलेरिया नहीं है तो मैं दवा क्यों खाऊँ इसलिए मैंने दवा खाने से इनकार कर दिया था। एक दिन स्वास्थ्य विभाग से कुछ लोग मेरे घर आए और उन्होने मुझे फाइलेरिया के मरीजों की फोटो दिखायी जो काफी पीड़ादायक थी। उन लोगों ने मुझे बीमारी के बारे में समझाते हुए बताया की हमारा गांव फाइलेरिया प्रभावित है। यहां रहने वाले लोगों में फाइलेरिया का संक्रमण संभावित है । इससे बचने का एक ही तरीका है कि बचाव की दवा का सेवन किया जाए। इसके बाद मैंने दवा का सेवन किया। दवा के सेवन के बाद मुझे किसी प्रकार की कोई शारीरिक दिक्कत नहीं महसूस हुई। कौंधियारा ब्लॉक के अकोढ़ा गाँव कि निवासी सरिता देवी (38 वर्ष) ने भी दवा खाने से इंकार कर दिया था। उन्होने बताया कि ÷आशा दीदी हमारे घर दवा लेकर आई थी तब मैंने दवा खाने से मना कर दिया था, क्योंकि मुझे यह डर था कि कहीं इस दवा के सेवन से मुझे कोई शारीरिक नुकसान न पहुंचे। 28 फरवरी को आशा दीदी हमारे घर पर गाँव कि कई महिलाओं के साथ दोबारा आई और हमें दवा के बारे में फिर से समझाया। दवा के फायदे जानने के बाद मैंने इसका सेवन किया। दवा के सेवन से मेरे ऊपर कोई दुष्प्रभाव नहीं महसूस हुआ।÷

# आबिश व शाकिब रिजवी स्मारक ऑल इंडिया क्रिकेट प्रतियोगिता के क्वाटर फाइनल मैच का हुआ आयोजन

## आदर्श के शतक से यूपीसीए सेमीफाइनल में

**लोकमित्र ब्यूरो**

**करारी, कौशाम्बी।** उत्तरप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन ने रिजवी कप के लिए आयोजित 14वीं आबिश एवं शाकिब रिजवी स्मारक ऑल इंडिया क्रिकेट प्रतियोगिता के क्वाटर फाइनल मैच में वाराणसी क्रिकेट एसोसिएशन को आठ विकेट से हराकर प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाई है। जहाँ उसका मुकाबला शनिवार को डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन गाजियाबाद से खेला जाएगा। विजेता टीम के आदर्श सिंह जो कि अंडर 19 वर्ल्ड कप में भारतीय टीम के सदस्य रहे के आतिशी शतक ( 103 रन, 80 गेंद, नौ चौके और छह छक्के ) ने पारी खेलकर अपनी टीम को जीत दिलाई। शुक्रवार को रिजवी कॉलेज मैदान पर टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए वाराणसी क्रिकेट एसोसिएशन ने 40 ओवर में आठ विकेट पर 206 रन बनाये। उनकी तरफ से आशीष सिंह 61रन, गुलाब निषाद 42 रन नाबाद, समसुल हुडा 16 रन बनाये।



यूपीसीए की तरफ से गेंदबाजी करते हुए समीर चौधरी ने (8 ओवर - 21 रन, 2 विकेट), शौर्य सिंह (8 ओवर - 34 रन, 2 विकेट), कार्तिक यादव (8 ओवर - 37 रन, 2 विकेट ), मो. सारिम (7 ओवर - 38 रन, 2 विकेट ) दिए। जवाब में उतरी यूपीसीए की टीम ने 29.4 ओवर में दो विकेट पर 208 रन बनाये। इसकी तरफ से ( आदर्श सिंह 103, समीर चौधरी 39 नाबाद, आंजनेय सूर्यवंशी 36, दिव्यांश राजपूत 18 रन बनकर मैच जीत लिया। वाराणसी क्रिकेट एसोसिएशन की तरफ से गेंदबाजी करते हुए सनी सिंह (8 ओवर 36 रन, एक विकेट), अरुण यादव (4 ओवर 40 रन एक विकेट) दिए। मैच के बाद रिजवी लॉ कॉलेज के प्रचार शमीम अहमद खान ने आदर्श सिंह को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया। मैच में रोहित यादव व मो. आदिल ने अंपायरिंग और अनूप कुमार शर्मा एवं प्रितेश सोनकर ने स्कोरिंग की। प्रतियोगिता में शनिवार को उत्तरप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन व डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन गाजियाबाद के बीच पहला सेमीफाइनल मैच सुबह साढ़े नौ बजे से खेला जाएगा।

## पूर्व प्रधान ने बाइक वापस मांगने पर युवक को दी धमकी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**नेवादा, कौशाम्बी।** सराय अकिल कोतवाली क्षेत्र के नंदा का पूरा गांव के पूर्व प्रधान के घर खड़ी बाइक वापस मांगने पर युवक के साथ गाली-गलौच कर उसे मारपीट की धमकी दी है। पीड़ित युवक ने पुलिस चौकी तिल्हापुर जाकर आरोपी के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।चरवा थानाक्षेत्र के बलीपुर टाटा गांव निवासी राकेश कुमार पुत्र छोटेलाल के अनुसार 2 जनवरी को वह अपने साथियों दीपक सेन पुत्र पीतांबर और बर्फी लाल पुत्र श्री राम सुमेरे के साथ बाइक से छुट्टा गाय पकड़ने के लिए नंदा का पूरा गांव गया था। उसने अपनी बाइक गांव के पूर्व प्रधान के घर खड़ी कर उसके भांजे अरविंद निषाद को लेकर यमुना की तराई में चला गया। इसी दौरान वहां पहुंची 112 नंबर पुलिस उन लोगों को पकड़कर थाने ले गई और उनका चालान कर जेल भेज दिया। बुधवार को जेल से छूटने के बाद राकेश पूर्व प्रधान के घर बाइक लेने गया। पूर्व प्रधान ने अपने भांजे अरविंद निषाद के जेल से न छूटने पर बाइक देने से इंकार कर दिया। आरोप है कि पूर्व प्रधान ने गाली गलौज कर उसे मारपीट की धमकी दी। पीड़ित ने पुलिस चौकी तिल्हापुर जाकर पूर्व प्रधान के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

## सम्पादकीय

# कानून का भय ही नहीं !

आखिर देश में कानून और सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों का यह हाल क्यों हो गया है कि एक कंपनी उसकी तनिक परवाह नहीं करती? क्या इसका कारण गुजरे वर्षों में हुई बड़ी परिघटनाएं नहीं हैं, जिनमें कानून के राज की धज्जियां उड़ाई गई हैं?सुप्रीम कोर्ट ने पतंजलि आयुर्वेद के खिलाफ अवमानना की कार्यवाही इस वजह से शुरू की है कि इस कंपनी ने उसके पहले के आदेश का पालन नहीं किया। कोर्ट ने अपनी दवाओं के बारे में मीडिया में भ्रामक विज्ञापन देने से उसे मना किया था। लेकिन कंपनी ने कोर्ट में हलफनामा देने के बावजूद उसकी परवाह नहीं की। जैसाकि कि दो जजों की पीठ ने कहा, यह कंपनी अपने इश्तहार में औषधि एवं जादू-टोना उपचार (आपत्तिजनक विज्ञापन) अधिनियम-1954 का उल्लंघन कर रही है। ऐसा खुलेआम चल रहा है और केंद्रीय आयुष मंत्रालय ने भी इस पर कोई कार्रवाई नहीं की है। न्यायालय ने इस पर आक्रोश जताया। आयुष मंत्रालय से कहा- सारे देश की आंख में धूल झोंकी गई है। और आपने अपनी आंख बंद कर रखी है। दो साल से आप इस महत्त्वपूर्ण घटना (यानी न्यायिक आदेश) का इंतजार कर रहे हैं, जबकि औषधि कानून से खुद यह स्पष्ट है कि ऐसे विज्ञापन प्रतिबंधित हैं। यह मामला इंडियन मेडिकल एसोसिएशन सुप्रीम कोर्ट ले गया है।अब एक बार फिर से कोर्ट ने प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में ऐसे विज्ञापनों के प्रकाशन या प्रसारण पर रोक लगाने को कहा है। मगर इस क्रम में यह विचारणीय है कि आखिर देश में कानून और सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों का यह हाल क्यों हो गया है कि एक कंपनी उसकी तनिक परवाह नहीं करती? क्या इसका कारण गुजरे वर्षों में हुई बड़ी परिघटनाएं नहीं हैं, जिनमें कानून के राज की धज्जियां उड़ाई गई हैं? जब एक स्तर पर ऐसी घटना होती है और सरकार से लेकर न्यायपालिका तक उसकी परवाह नहीं करतीं, तो फिर सबको यही संदेश जाता है कि कानून सबके लिए समान नहीं है, ना ही यह सबसे ऊपर है। पतंजलि आयुर्वेद जैसी कंपनियां धन और सत्ता-तंत्र तक पहुंच के लिहाज से प्रभावशाली मानी जाती हैं। ऐसे में अगर उसके अधिकारियों ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का अनादर किया, तो उसे आज के व्यापक संदर्भ में रखकर ही देखा जाएगा। उस संदर्भ में जिसमें रसूखदार लोग खुद को कानून से ऊपर समझने लगे हैं।




**मेष राशि**-आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आप किसी पुराने दोस्त के साथ डिनर करने जा सकते हैं। किसी बात से परेशान लोग आज अपने माता-पिता से विचार विमर्श करेंगे तो सोल्यूशन मिल जाएगा। माता-पिता के साथ कहीं मंदिर दर्शन के लिए जाएंगे। ऐसा करने से आपको लाभ होगा। मनोरंजन के लिए बनाया हुआ प्लान आज टल सकता है।

**वृष राशि**-आज का दिन आपके लिए बहुत ही अच्छा रहने वाला है। आज आप काम करने के नए टारगेट पर विचार करेंगे। आज मनोबल का स्तर अच्छा रहने के कारण आपके कार्य अच्छी गति से आगे बढ़ेंगे। आज बिजनेस में परिवर्तन के आसार दिख रहे हैं। ऑफिस में आपकी क्रिएटिविटी पहले से अच्छी बनेगी। आज भाग्य पूरी तरह से आपका साथ देगा।

**मिथुन राशि**-आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज आपको किसी अजनबी से कुछ नया सिखने को मिलेगा जो भविष्य में आपके काफी काम आएगा। आज के दिन की शुरुआत शानदार रहने वाली है। जो लोग मिट्टी के बर्तन बनाने के व्यवसाय से जुड़े हैं उनके लिए आज का दिन फायदेमंद रहेगा। इस राशि वाले लोगों के पारिवारिक रिश्तों में मधुरता आएगी। आपका ज्यादा समय आज पैरेंट्स के साथ बीतेगा। धनलाभ के अवसर बनेंगे। सरलता से कार्य को पूरा करने की कोशिश करें।

**कर्क राशि**-आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहने वाला है। आज आप कार्यक्षेत्र में कुछ बदलाव करेंगे। आज किसी अजनबी से बहस न करें। पैसों के लेन-देन के मामले में किसी भी तरह की लापरवाही ना करें। अपने ध्यान को केंद्रित कर काम को पूरा करने की कोशिश करें। आज जो भी चीज आपके लिए रुकावट बनती है, उसे नजरदांज करें।

**सिंह राशि**-आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप माता जी को कोई साड़ी गिफ्ट करेंगे जिससे आपको भी खुशी मिलेगी। आज ऑफिस के काम में आपको कलीग की सहायता से आपका काम समय से व आसानी से पूरा हो जाएगा। आज आपके कुछ ऐसे कार्य में आपको सकारात्मक परिणाम मिलेगा। आज अपना धैर्य बनाए रखें और समय के साथ चलें।

**कन्या राशि**-आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आज आप किसी धर्म के काम में जाने का मन बनाएंगे। आपका मन रचनात्मक कार्यों में लगेगा। इस राशि के लेखन से जुड़े लोगों का मन क्रिएटिव रहेगा। किसी काम से आज आपको बड़ा फायदा होने वाला है। आज कुछ निजी काम में बहन का सहयोग उम्मीद से अधिक मिलने वाला है। नवविवाहित आज किसी अच्छी जगह पिकनिक के लिए जाएंगे। आज जीवनसाथी आपको कोई खूबसूरत तोहफा दे सकते हैं।

**तुला राशि**-आज का दिन आपके उत्तम रहने वाला है। आज कार्यस्थल पर आपके किए गए कामों की सराहना की जाएगी। आज किसी बड़े मामलों पर समझौता करने और सहयोग करने के लिए आप तैयार रहें। रुके हुए काम आज पूरे हो जाएंगे। लवमेट के लिए आज का दिन बहुत ही अच्छा है। आज आपके कई महत्वपूर्ण कामों में बदलाव भी होंगे। इस स्थिति में किस्मत आपका साथ देगी। निवेश करने से पहले अपने बड़ों की राय जरूर लें। छात्र आज पढ़ाई में अपना मन लगाएंगे।

**वृश्चिक राशि**-आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। परिवार को समय देने से घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आफिस के काम को आज आप जल्द पूरा कर लेंगें। आज किसी समारोह में जाने का प्लान बना सकते हैं। बच्चों की जरूरतों को पूरा करने की कोशिश करेंगे। इस राशि के लोग आज अपने जीवनसाथी को लेकर कहीं घूमने जा सकते हैं। आज कुछ खास लोगों से आपकी बात होगी जिनसे भविष्य में आपको फायदा होगा। वकीलों के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है।

**धनु राशि**-आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आज कोई बड़ा और अलग काम करने की सोच सकते है। संतान के करियर को बेहतर बनाने के लिए आप किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह लेंगे। इस राशि की जो महिलाएं बिजनेस कर रही हैं उनका दिन व्यस्तता से भरा होगा। ऑफिस के उच्चधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा, बिगड़े काम भी बन जाएंगे। आज आप कुछ नए विचारों पर भी काम करेंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति सामान्य बनी रहेगी। खर्चों पर नियंत्रण रखें।

**मकर राशि**-आज का दिन आपक लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपको पुरानी बातों के झंझट में पड़ने से बचना चाहिए। छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा करने से कुछ लोग आपका विरोध कर सकते हैं, आपको अपने गुस्से पर नियंत्रण रखना चाहिए। लवमेट्स एक दूसरे की भावनओ को समझेंगे, कहीं बाहर घूमने का प्लान बनाएंगे। घर के बड़ो से कोई नई बात आप सीखेंगे। आज काफी दिनों से आपका रुका काम पूरा हो जाएगा, मानसिक शांति मिलेगी। सामाजिक तौर पर आप बहुत सक्रिय भी रहेंगे।

**कुंभ राशि**-आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। बॉस आपको कोई नई जिम्मेदारी सौंप सकते हैं जिसे आप पूरी लग्न और मेहनत से करेंगे, काम को लेकर आपकी तारीफ होगी। आपके आय के नए स्त्रोत बनेंगे, आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। कला और साहित्य के क्षेत्र में रुझान रहेगा। इस राशि के जो लोग खेल जगत से जुड़े हैं वो आज अपनी प्रैक्टिस में व्यस्त रहेंगे।

**मीन राशि**-आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज रोजमर्रा के कामों में आपको ज्यादा समय लग सकता है। आज आपको कारोबार में पैसा लगाने से पहले बड़ो की राय लेना आपके लिए बेहतर साबित होगी। पिता बच्चों की इच्छाएं पूरी करने की कोशिश करेंगे। आज कोई नई जिम्मेदारी आपको मिलेंगी, जिसे आप बखूबी पूरा करने में सफल रहेंगे। कला के क्षेत्र से जुडे लोगों को अच्छा मुनाफा होगा। आज आप नया वाहन लेने का मन बनाएंगे।

# क्या आरक्षण आंदोलन से मनोज जरांगे पाटिल का राजनीति में पदार्पण होगा



**अशोक भाटिया**

विषय को विस्तार से समझने के लिए हमें तजा राजनीतिक घटनाओं को समझाना होगा . इस समय 2024 के चुनाव सर पर है .अनेक दलों में सीट बटवारे कि बात चल रही है । ऐसे समय में महाविकास आघाड़ी गठबंधन के नेता तथा वंचित बहुजन आघाड़ी के अध्यक्ष प्रकाश आंबेडकर ने मराठा आरक्षण के लिए आंदोलन कर रहे मनोज जरांगे पाटिल को उनके गृह जनपद जालना से लोकसभा टिकट देने की मांग महाविकास आघाड़ी गठबंधन से की है। मनोज जरांगे इन दिनों मराठा आरक्षण की मांग को लेकर चर्चा में हैं। हालाँकि उन्होंने इस प्रकार की किसी संभावना से इंकार किया है पर राजनीति में कभी भी कुछ भी हो सकता है । खबरों के अनुसार इस समय महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण आंदोलन हिंसक रूप विराट रूप ले चुका है।महाराष्ट्र ही नहीं पुरे देश की निगाहें इस ओर लगी है । मराठा समुदाय के लिए आरक्षण की मांग करते हुए 40 वर्षीय मनोज जरांगे पाटिल ने 2014 के बाद से कई आंदोलन किए हैं, जो ज्यादा चर्चा में नहीं रहे। उनके ज्यादातर प्रदर्शनों की गूंज जालना जिले से बाहर नहीं जा पाई। हाल में उनकी भूख हड़ताल ने महाराष्ट्र में हलचल मचा दी । हिंसक प्रदर्शनों के बीच मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने आंदोलनकारी नेता मनोज जरांगे से बातचीत की और मराठा समुदाय को कुनबी जाति की कैटेगरी में शामिल करने का वादा किया है। सीएम शिंदे के आश्वासन के बाद मनोज जरांगे पाटिल ने आमरण अनशन खत्म कर दिया व सरकार को ज्यादा निर्णय लेने का और दो माह का समय दे दिया ।

मनोज जरांगे ने मराठा आंदोलन की मुहिम के बारे में जाने तो उन्होंने 2011 से यह मुहीम शुरू की। 2023 में अब तक उन्होंने 30 से ज्यादा बार आरक्षण के लिए आंदोलन किया। जरांगे को मराठा आरक्षण आंदोलन का बड़ा चेहरा माना जाता है। मराठवाड़ा क्षेत्र में उनका बहुत सम्मान है। 2016 से 2018 तक जालना में मराठा आरक्षण आंदोलन का नेतृत्व भी मनोज जरांगे ने ही किया था। आइए जानते हैं कि कैसे सामान्य परिवार के साधारण युवक जरांगे इतने बड़े आंदोलन के इतना बड़ा चेहरा बना गए? कैसे उन्होंने पूरे राज्य की सियासत में उठापटक मचा दी—42 साल के मनोज जरांगे पाटिल मूल रूप से महाराष्ट्र के बीड जिले के रहने वाले हैं। तकरीबन 20 साल पहले सूखे से त्रस्त होकर उनके पिता जालना के अंकुश नगर की मोहिते बस्ती में आकर बस गए थे। 4 बेटों में सबसे छोटे मनोज जरांगे आज मराठा समाज का बड़ा नेता बन चुके हैं। मराठा समुदाय के आरक्षण के प्रबल समर्थक मनोज जरांगे पाटिल अक्सर उन प्रतिनिधिमंडलों के हिस्सा रहे हैं, जिन्होंने आरक्षण की मांग के लिए राज्य के विभिन्न नेताओं से मुलाकात की है।साल 2010 में जरांगे 12वीं




क्लास में थे, तभी उन्होंने पढ़ाई छोड़ दी थी। फिर वे आंदोलन से जुड़ गए। उन्होंने अपनी आजीविका चलाने के लिए एक होटल में भी काम किया। बीते 12 साल में जरांगे ने 30 से ज्यादा बार आरक्षण आंदोलन किया है। साल 2016 से 2018 तक भी उन्होंने जालना में आरक्षण आंदोलन का नेतृत्व किया। शुरू में मनोज जरांगे कांग्रेस के एक कार्यकर्ता थे। राजनीति में भी हाथ आजमाते हुए उन्होंने जालना जिले के युवा कांग्रेस के अध्यक्ष भी रहे। लेकिन विचारधारा के मतभेद के चलते जल्दी ही पार्टी से इस्तीफा दे दिया। बाद में मराठा समुदाय के सशक्तीकरण के लिए पार्टी से अलग होकर %शिवबा संगठन% नाम की खुद की संस्था बना ली। मनोज जरांगे के परिवार की आर्थिक स्थिति कुछ खास नहीं थी। उनके परिवार में माता-पिता, पत्नी, तीन भाई और चार बच्चे हैं। जब संगठन चलाने के लिए उनके पास पैसे नहीं थे, तब उन्होंने अपनी 2 एकड़ जमीन बेच दी थी। मनोज के नेतृत्व में साल 2021 में जालना के पिंपलगांव में तीन महीने तक आरक्षण के लिए धरना दिया था। मराठा आरक्षण आंदोलन का केंद्र बन चुके अंतरवाली सराटी गांव के सरपंच पांडुरंग तारख का कहना है कि समाज के प्रति जरांगे का निस्स्वार्थ भाव उनकी लोकप्रियता का बड़ा कारण है। उन पर भरोसा करने की वजह है कि उन्हे पैसा नही चाहिए। उन्हें कुछ भी नही चाहिए। उन्हें समाज के लिए काम करना है।मनोज जरांगे के साथ पिछले सात आंदोलनों में साथी रहे पिंपल गांव के गणेश महाराज बोचरे बताते हैं कि मनोज की ईमानदारी सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने कहा, ÷उनकी ईमानदारी हमारे दिल में घर कर चुकी है। समाज के लिए वो जो भी करते हैं, पूरे दिल और निस्स्वार्थ भावना से करते हैं। वो कभी समाज के काम में पीछे नहीं हटते।÷मनोज जरांगे की अनिश्चित भूख हड़ताल से उनकी जान को खतरा है, लेकिन ना तो पिता को और न ही उनकी पत्नी को इस बात की फिक्र थी। दोनों का यही कहना था कि वो समाज के लिए लड़ रहे है। समाज के युवकों को उच्च शिक्षा का मौका मिले, अच्छी नौकरी मिले ... वो इसके लिए लड़ रहे हैं। इस लड़ाई में परिवार के सभी लोग उनके साथ हैं।गौरतलब है कि महाराष्ट्र की राजनीति और आरक्षण आंदोलन में मनोज जरांगे का उदय आठ साल पहले गुजरात में 'पाटीदार अनामत आंदोलन' के रूप में अनाम से चेहरे हार्दिक पटेल के चमत्कारी नेता के रूप में उदय से काफी कुछ मेल खाता है। यह बात अलग है कि बाद में हार्दिक खुद राजनीति के शतरंज का मोहरा बन गए और आज वो उसी भाजपा से विधायक हैं, जिसके खिलाफ उन्होंने कभी समूचे गुजरात को हिला दिया था। अब मनोज जरांगे का हश्र क्या होता है, यह देखने की बात है, लेकिन यह मानने में हर्ज नहीं है कि आज महाराष्ट्र में गुजरात ही खुद दोहरा रहा है। इसके विपरीत मनोज जरांगे का सियासी सफर ज्यादा संघर्ष और चुनौती से भरा है। वो अपनी मांग पर अड़े हैं और सरकार को डर है कि जरांगे ने अनशन चलते रहे तो प्रदेश में मराठा और ओबीसी जातियों में आरक्षण को लेकर संघर्ष सड़कों पर आ सकता है।दरअसल, मराठा भी कोई एक जाति न होकर समुदायों का समुच्चय है। जरांगे की मांग के मुताबिक यदि सरकार मराठों को कुणबी होने का प्रमाण-पत्र देती है तो पहले से ओबीसी में शामिल कुणबी मराठा समुदाय विरोध में उठ खड़ा होने को तैयार है। ओबीसी नहीं चाहते कि मराठों को उनके आरक्षण कोटे में हिस्सेदारी दी जाए। ध्यान रहे कि इस देश में जातिवादी राजनीति का आरक्षण एक ब्रह्मास्त्र है, क्योंकि यदि आरक्षण को हटा दिया जाए तो जातिवादी राजनीति महज एक जाति आधारित वोटों की गोलबंदी या फिर समाज सुधार के सात्विक आग्रह रूप में शेष रहती है।भारतीय समाज और खासकर हिंदुओं में सामाजिक न्याय के तहत संविधान में दलित व आदिवासियों के लिए जिस आरक्षण का प्रावधान किया गया था, उसने अब मानों यू टर्न ले लिया है।पहले माना जाता था कि जाति व्यवस्था के कारण विकास की दौड़ में पीछे रही जातियों और समुदायों को सरकारी नौकरियों, शैक्षणिक संस्थानों व राजनीतिक आरक्षण देकर उन्हें प्रगत समुदायों के समकक्ष लाया जा सकता है और सामाजिक समता का एक लेवल कायम किया जा सकता है।दरअसल, वोटों की राजनीति ने सामाजिक समता के इस काल्पनिक मॉडल को जल्द ही सरकारी रेवड़ी और राजनीतिक प्रभुत्व की चाह में तब्दील कर दिया, इसीलिए समाज की मध्यम जातियों ने पहले ओबीसी के तहत आरक्षण मांगा और मिला। अब वो जातियां भी खुद को पिछड़ा कहलवाना चाह रही हैं, जो सत्तर साल पहले आरक्षण को राजनीतिक दान समझ कर हिकारत के भाव से देखती थीं।अब विडंबना है कि आज महाराष्ट्र में मराठा, गुजरात में पाटीदार, राजस्थान में गुर्जर और हरियाणा में जाट आरक्षण की मांग इसी संवैधानिक जातीय अवनयन में अपने सामाजिक उन्नयन की राह बूझ रही हैं।आरक्षण की लालीपाप अब उन जातियों को भी तीव्रता से आकर्षित कर रही है, जो सदियो से समाज में श्रेष्ठताभाव में जीने की आदी रही हैं। यानी अब यदि उन्हें भी आरक्षण मिले तो वो किसी भी जाति के नाम का आवरण ओढ़ने के लिए तैयार हैं। इसका अर्थ इन जातियों में सामाजिक समता को लेकर कोई बुनियादी मानसिक बदलाव का होना नहीं है, केवल आर्थिक बेहतरी और राजनीतिक सत्ता पाने की तात्कालिक स्वार्थसिद्धी ज्यादा है। इसी का नतीजा है कि आरक्षण की राजनीति में अब नए और समाज की निचली पायदान से आने वाले खिलाड़ियों की गुंजाइश बन रही है। यह उस स्थापित नेतृत्व के प्रति जनता का गहरा अविश्वास भी है, जो आरक्षण की फुटबाल को इस पाले से उस पाले में ठेलते रहे हैं।**वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार**

# बाइडन, ट्रंप भाई-भाई !

**श्रुति व्यास**

इस हफ्ते की शुरुआत में जो बाइडन ने उम्मीदें जगाई। या शायद उनका मानना है कि उन्होंने उम्मीदें जगाई ! एनबीसी के लेट नाईट विथ सेट बेयर्स कार्यक्रम की रिर्कार्डिंग के लिए न्यूयार्क पहुंचे बाइडन ने एक आशाजनक खबर दी। वे बोले, मुझे उम्मीद है कि अगले सोमवार तक युद्धविराम हो जाएगा।बेयर्स के साथ साक्षात्कार के दौरान बाइडन ने यह भी कहा कि इजराइल, रमजान के दौरान अस्थाई युद्धविराम लागू करने के लिए राजी हो जाएगा, बशर्ते कुछ बंधकों को रिहा करने पर सहमति हो जाए। पर इसके कुछ ही समय बाद इजराइल और हमास के प्रवक्ताओं ने सारी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। उन्होंने कहा कि इस मामले में अभी कुछ भी तय नहीं है। गाजा में हमास की राजनैतिक शाखा के प्रमुख बेसेम नईम ने कहा कि फिलिस्तीनी इस्लामिक आंदोलन को पिछले हफ्ते पेरिस में अमेरिका, मिस्र और कतर की मध्यस्थता में हुई परोक्ष वार्ताओं के बाद से अभी तक पर युद्धविराम संबंधी कोई नया औपचारिक प्रस्ताव नहीं मिला है। इस बीच इजरायली अधिकारियों ने रायटर्स को बताया कि बाइडन की टिप्पणी सुनकर उन्हें आश्चर्य हुआ और यह भी कि यह टिप्पणी इजराइल के नेतृत्व के साथ चर्चा के बाद नहीं की गई है।युद्धविराम की संभाव्यता के संबंध में दोनों पक्षों के इस एहतियात भरे रवैये से उस बात की पुष्टि होती है जो बार-बार कही जा रही है ङ्क और वह यह कि अमेरिका मध्यपूर्व के हालात पर अपनी पकड़ खो चुका है। लेकिन यह चुनावी मौसम है जिसमें झूठी उम्मीदें जगाई जाती हैं। और जो बाइडन सबसे पहले एक राजनीतिज्ञ हैं जो चुनाव जीतकर दुबारा राष्टपति बनने की जीतोड़ कोशिश कर रहे हैं।मंगलवार को देर रात बाइडन ने मिशिगन के डेमोक्रेटिक प्रायमरीज में जीत हासिल क। मिशिगन एक महत्वपूर्ण स्विंग स्टेटमाना जाता है। पिछले दो चुनावों में यहां जीतने वाला ही राष्टपति बना। मिशिगन की आबादी में अरब मूल की अमेरीकियों का प्रतिशत किसी भी अन्य राज्य से ज्यादा है और इस समुदाय ने 2020 के चुनाव में बाइडन का जबरदस्त समर्थन किया था।मगर अभी तो यह राज्य गुस्से से उबल रहा है। वहां कार्यकर्ता कई हफ्तों से इजरायइल द्वारा गाजा में छेड़े गए युद्ध का बाइडन द्वारा समर्थन किये जाने के प्रति विरोध प्रदर्शित करने के लिए डेमोक्रेट मतदाताओं से 'अनकमिटेड' (बिना प्रतिबद्धता के) मतदान करने



का आव्हान कर रहे थे। मतदाताओं का वह समूह, जो बिना किसी प्रतिबद्धता के अपना वोट देने की बात कह रहा है, अपने आपको लिसिन टू मिशिगन कहता है।इसने प्रायमरी में 10,000 'अनकमिटिड' वोटों का लक्ष्य रखा था। मंगलवार की रात तक करीब आधे वोट गिन लिए गए थे। इन 5.80 लाख वोटों में से 'अनकमिटिड' को 74,000 वोट मिले अर्थात करीब 13 फीसदी। इससे पता चलता है कि अरब-अमेरिकी एवं राज्य के युवा मतदाताओं में बाइडन के प्रति कितना गुस्सा है।उन्हें लगता है कि बाइडन ने उनके साथ विश्वासघात किया है।'लिसिन टू मिशिगन' का उद्देश्य है बाइडन को यह चेतावनी देना कि वे गाजा में इजराइल के सैनिक अभियान को पूर्ण समर्थन न दें। इस अभियान में अभी तक लगभग 30,000 फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं।शायद यही कारण था कि मिशिगन में प्रायमरीज की एक रात पहले बाइडन ने युद्धविराम की उम्मीद जगाई। उन्हें उम्मीद थी कि यह उम्मीद जगाने से उन्हें उतने वोट मिल सकेंगे जितने कि वे उम्मीद कर रहे थे। मगर उनकी उम्मीदें धूल में मिल गई।डेमोक्रेट पार्टी में जो बाइडन का कोई प्रतिद्वंदी नहीं है। ऐसे में मुकाबला जो बाइडन बनाम जो बाइडन बन गया है। एक ओर वह जो बाइडन है जिसने देश की श्रम शक्ति को एक मजबूत बाजार दिया, जिसने बेरोजगारी की दर को घटाया और यह सुनिश्चित किया कि आय के सबसे निचले स्तर पर आय में सबसे ज्यादा दर से बढ़ोत्तरी हो। महंगाई, जो मतदाताओं को लंबे समय से सता रही थी, कम हो रही है और वह भी बिना आर्थिक मंदी के।दूसरी ओर वह जो बाइडन है जो परले दर्जे का पाखंडी है, जो एक युद्ध पर हमलावर है मगर दूसरे युद्ध का समर्थन करता है।हिसाब से रोनाल्ड रीगन की तरह जो बाइडन को बेंजामिन नेतन्याहू को एक फोन भर करना है और गाजा में नरसंहार रूक जाएगा।

अमेरिका के राष्टपति इतना ताकतवर तो अब भी है ! मगर बाइडन ने यह कहने के लिए नेतन्याहू को फोन नहीं मिलाया। क्यों? इस विषय पर चर्चा बाद में।फिलहाल जो बाइडन और जो बाइडन के बीच कड़ा मुकाबला है। या, जैसा कि मिशिगन डेटलाईन से जारी बीबीसी की एक रपट में कहा गया है, जो बाइडन और जेनोसाईड जो एक-दूसरे से कुश्ती लड़ रहे हैं। इजराइल-फिलिस्तीन युद्ध ने बाइडन को बहुत अलोकप्रिय बना दिया है। बड़ी संख्या में अमेरिकी उनसे नाखुश हैं, उनसे नफरत करते हैं और उन्हें मैदान से खदेड़ देना चाहते हैं।बाइडन की पीढ़ी जब जवान हो रही थी तब होलोकास्ट को हुए बहुत समय नहीं बीता था। शायद इस कारण वे यहूदियों के प्रति सहानुभूति रखते हैं और उन्हें यह विश्वास है कि यहूदीवादी राष्टवाद ही यहूदियों की रक्षा कर सकता है। युवा इस मुद्दे पर बाइडन से अलग मत रखते हैं। परंतु फिर भी बाइडन, बीबी को वह फोन नहीं कर रहे हैं जो गाजा पट्टी में खून-खराबे का अंत कर सकता है।कुछ रपटों के अनुसार कई अमेरीकियों को जो बाइडन और डोनाल्ड ट्रंप कुम्भ के मेले में बिछड़े हुए भाई लगने लगे हैं। कई अमेरीकी मानते हैं कि दोनों अक्षम और अनाड़ी बुजुर्ग हैं जो सत्यानाश करने और युद्ध शुरू करवाने में माहिर हैं। दोनों के बारे में यह कहा जा रहा है कि वे मानवता के भक्षक हैं, किसी की सुनते नहीं हैं और अमेरिका और उसके हितों और पूरी दुनिया के शक्ति-संतुलन को नुकसान पहुंचा रहे हैं।80 पार के नेताओं के बारे में कुछ लोगों का ख्याल है कि वे लगभग विक्षिप्त हैं और हकीकत से उनका कोई वास्ता नहीं है। पर हकीकत कब बहुत साफ-सुथरी और चमकदार होती है?जो बाइडन की व्हाईट हाऊस में वापसी की राह जितनी ऊबड़-खाबड़ है, उतने ही कांटे ट्रंप की राह में भी बिछे हुए हैं। पक्का जानिए कि अमेरिका का आने वाला चुनाव देखने लायक होगा।

# आमने सामने का चुनाव मैदान सजा !

**अजीत द्विवेदी**

देश में आमने सामने के चुनाव का मैदान सज गया है। कई दशक के बाद पहली बार यह होता दिख रहा है कि लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय स्तर पर दो गठबंधनों के बीच सीधा मुकाबला होगा और राज्यों में भी लोकसभा का चुनाव आमने सामने का होगा। जहां गठबंधन नहीं है वहां भी कोई त्रिकोणात्मक मुकाबला होता नहीं दिख रहा है। विपक्षी गठबंधन ने आमने सामने चुनाव की तैयारी वोट के गणित के आधार पर की है। पिछले चुनाव में भाजपा को 37 फीसदी वोट मिले थे और तमाम सहयोगियों को मिला कर उसका वोट 40 फीसदी पहुंचा था।

इसका मतलब था कि 60 फीसदी मतदाताओं ने भाजपा के खिलाफ वोट डाला था। विपक्षी गठबंधन की कोशिश इस 60 फीसदी वोट का 70 फीसदी हासिल करना है। अगर ऐसा हो जाता है तो उसका वोट भाजपा से ज्यादा हो जाएगा। तभी दूसरी ओर भाजपा ने सबसे ज्याद वोट हासिल करके 272 का जादुई आंकड़ा पार करने की बजाय 50 फीसदी से ज्यादा वोट हासिल करके 370 सीट जीतने का लक्ष्य रखा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एनडीए के लिए चार सौ सीटें हासिल करने का लक्ष्य तय किया है। अब तक हुए लोकसभा के 17 चुनावों में चार सौ सीट तो एक बार कांग्रेस पार्टी को हासिल हो चुकी है लेकिन किसी पार्टी को 50 फीसदी वोट नहीं मिले हैं। जब राजीव गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस ने 1984 में 415 सीटें हासिल की थीं, तब भी कांग्रेस को 48 फीसदी ही वोट मिले थे। नरेंद्र मोदी को बतौर प्रधानमंत्री 2019 में 303 सीटें और 37 फीसदी वोट मिले थे। इस बार वे 50 फीसदी वोट हासिल करने का लक्ष्य लेकर लड़ रहे हैं तो दूसरी ओर विपक्षी गठबंधन बिखरे हुए विपक्षी वोट को एकजुट करने और उसका बड़ा हिस्सा हासिल करने की तैयारी के साथ चुनाव लड़ रहा है। ध्यान रहे इससे पहले जब भी आमने सामने का चुनाव हुआ है तब सत्तारुढ़ दल की हार हुई है। पहली बार 1977 में और दूसरी बार 1989 में यह देखने को मिला था। तभी इस बार का लोकसभा चुनाव बहुत अहम होने वाला है। इसमें यह तय होगा कि विपक्ष एकजुट होकर भी नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा को हरा पाएगा नहीं और इतने ध्रुवीकरण के बाद कोई गठबंधन 50



फीसदी वोट हासिल कर पाता है या नहीं? कई जानकार मान रहे हैं कि इस बार विपक्ष का वैसा गठबंधन नहीं है, जैसा 1977 में था या जिस तरह का गठबंधन 1989 में था। लेकिन ऐसा नहीं है। इस बार भी विपक्षी पार्टियों ने आमने सामने की लड़ाई का गठबंधन बना लिया है और जहां गठबंधन बना हुआ नहीं दिख रहा है वहां उसे जान बूझकर छोड़ा गया है। यानी गठबंधन को उसी तरह से डिजाइन किया गया है। वहां भी मुकाबले आमने सामने का ही होगा। तीन राज्य अपवाद हैं, जहां त्रिकोणात्मक मुकाबले की संभावना फिलहाल दिख रही है।पंजाब में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच मुकाबला होगा, जिसमें तीसरा कोण अकाली दल और भाजपा की वजह से बनेगा। इसी तरह आंध्र प्रदेश में वाईएसआर कांग्रेस बनाम टीडीपी गठबंधन का मुकाबला होगा, जिसमें तीसरा कोण बनने की कोशिश कांग्रेस कर रही है। तीसरा राज्य तेलंगाना है, जहां कांग्रेस और केसीआर की पार्टी का मुकाबला होगा, जिसमे भाजपा तीसरा कोण बनेगी। इसके अलावा तीन राज्य ऐसे हैं, जहां तीसरी पार्टी लड़ेगी लेकिन मुकाबला त्रिकोणात्मक नहीं होगा।केरल में लेफ्ट और कांग्रेस मोर्चे का आमने सामने का मुकाबला है। भाजपा अकेले लड़ेगी लेकिन वह लड़ाई को त्रिकोणात्मक नहीं बना पाएगी। इसी तरह पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस और भाजपा की लड़ाई होगी, जिसमें अगर कांग्रेस अलग भी रही तो वह और लेफ्ट मिल कर तीसरा कोण नहीं बन पाएंगे। केरल और पश्चिम बंगाल में मुकाबला आमने सामने का ही होगा। ओडिशा में मुकाबला बीजू जनता दल बनाम भाजपा है, जबकि कांग्रेस तीसरा कोण बनाने की कोशिश करेगी। कह सकते हैं कि देश की 543 लोकसभा सीटों में से साढ़े चार सौ से ज्यादा सीटों पर आमने सामने की लड़ाई होनी है।आमने सामने की लड़ाई यानी भाजपा के एक उम्मीदवार के मुकाबले विपक्ष का एक उम्मीदवार उतारने के सिद्धांत पर पिछले साल मई में चर्चा हुई थी और सहमति भी बनी थी। लेकिन बाद में ऐसा लगा कि विपक्ष की यह रणनीति कागजी बन कर रह जाएगी क्योंकि कांग्रेस हिंदी पट्टी के तीन राज्यों में चुनाव हार गई और उसके बाद विपक्षी गठबंधन के मुख्य नेता नीतीश कुमार अलग होकर वापस एनडीए में चले गए। लेकिन अब ऐसा लग रहा है कि विपक्षी पार्टियां उस झटके से उबर गई हैं और एकजुट होकर लड़ने की तैयारी कर रही हैं।जिन दो राज्यों के नेताओं को लेकर सबसे ज्यादा आशंका जताई जा रही थी उन्होंने कांग्रेस के साथ तालमेल कर लिया। अखिलेश यादव और अरविंद केजरीवाल को लेकर आशंका जताई जा रही थी। लेकिन अखिलेश ने कांग्रेस को उत्तर प्रदेश में 17 सीटें दीं, जिसके बदले में कांग्रेस उनके लिए मध्य प्रदेश में एक सीट छोड़ने पर राजी हो गई। इसी तरह कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने दिल्ली, हरियाणा, गुजरात और गोवा में तालमेल कर लिया।कांग्रेस की जहां पुरानी सहयोगी पार्टियां हैं यानी जहां पुराना यूपीए मौजूद है वहां भी जल्दी ही तालमेल हो जाएगा। महाराष्ट्र में कांग्रेस, उद्धव ठाकरे और शरद पवार ने 48 में से 40 सीटों का फैसला कर लिया है। आठ सीटों पर मामला अटका है, जिसमें छह सीटें मुंबई की हैं। तमिलनाडु में डीएमके ने कांग्रेस को नौ सीटें देने का ऐलान कर दिया है लेकिन तीन या चार सीटों पर अदला बदली की चर्चा हो रही है।इसी तरह बिहार, झारखंड और जम्मू कश्मीर में भी पुरानी सहयोगी पार्टियों के साथ सीटों पर कमोबेश सहमति बन गई है। इस तरह देश के ज्यादातर राज्यों में एनडीए बनाम 'इंडिया' की लड़ाई का मैदान सज गया है। विपक्षी गठबंधन ने धीरे धीरे चुनाव का एजेंडा तय करना भी शुरू कर दिया है।

# समाजवादी पार्टी ने सदैव गरीब, किसान,मजदूरों को साथ लेकर चलने किया है काम- डॉ एसपी सिंह

## इण्डिया गंठबंधन के लोस प्रत्याशी का प्रथम नगर आगमन, जगह-जगह भव्य स्वागत रोड शो में दिखा कार्यकर्ताओं में जगह-जगह उत्साह



**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी के 39-लोकसभा प्रतापगढ़ सीट से घोषित प्रत्याशी पूर्व एमएलसी शिवपाल सिंह पटेल के शुक्रवार को प्रथम नगर आगमन पर सपाइयों ने रायबरेली प्रतापगढ़ की सीमा अगई पर भारी काफिले के साथ पट्टी विधायक राम सिंह पटेल, जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी व जिला उपाध्यक्ष आशुतोष पांडे ने माला फूल के साथ भव्य स्वागत किया। इसके बाद वहां से काफिला का कारवां धीरे-धीरे बढ़ता गया और सपा कार्यकर्ताओं के साथ इण्डिया गंठबंधन के कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने भी एसपी सिंह पटेल का जगह-जगह स्वागत करते हुए फूल मालाओं से लाद दिया।

सपा के 39-लोकसभा के घोषित प्रत्याशी एसपी सिंह पटेल का सपा व कांग्रेस एवं आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने लालगंज, मोहनगंज, भूपियामऊ, पृथ्वीगंज, रानीगंज, लक्ष्मीपुर मोड़, उडैया डीह, पट्टी तिराहा, रखहा, दीवानगंज, चिलबिला में भी भव्य स्वागत किया। जगह-जगह हुए भव्य स्वागत के साथ काफिला अंबेडकर चौराहे पर पहुंचकर डॉ भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर उनको याद किया।

वहां से निकाल कर अपने निज आवास पर पहुंच कर जहां पर पूर्व एमएलसी सपा के लोकसभा प्रत्याशी डॉ एसपी सिंह पटेल ने पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों से मुलाकात कर उनके साथ बैठक की।

इस दौरान लोकसभा के सपा प्रत्याशी डॉ एसपी सिंह पटेल ने पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से कहा कि पार्टी ने जिसे जो जिम्मेदारी दी है वह उसे बखूबी पूर्ण निष्ठा ईमानदारी के साथ निर्वहन करें और आने वाले लोकसभा चुनाव 2024 में विजयश्री हासिल करने के लिए पूरी तन्मयता के साथ लग जाए। उन्होंने कहा कि पार्टी को मजबूत बनाने और पार्टी के कार्यकर्ताओं के मान सम्मान के साथ हमेशा कदम से कदम मिलाकर चलने का काम करूंगा। एसपी सिंह पटेल ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने सदैव गरीब, किसान,मजदूर व असहायों को साथ लेकर चलने का काम किया है,जबकि केंद्र की सरकार लोगों को आपस में बांटने का काम कर रही है। उन्होंने लोगों से आपसी सौहार्द कायम रखने के साथ 2024 लोकसभा चुनाव में सभी से एकजुट होकर लगने का आवाहन किया। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष अहमद अली, राम बहादुर पटेल, रामधन यादव ,राम बहादुर यादव, सौरभ सिंह, सफात खान, मीडिया प्रभारी वकार अहमद सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशी के रोड शो सपा व कांग्रेस कार्यकर्ताओं का सड़क पर दिखा उत्साह

**प्रतापगढ़।** इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशी घोषित होने को लेकर शुक्रवार को एसपी सिंह पटेल का क्षेत्र में दमदार रोड शो दिखा। अगई सीमा पर सपा कार्यकर्ताओं के साथ गठबंधन में शामिल कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी प्रत्याशी एसपी सिंह पटेल का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशी एसपी सिंह पटेल को पार्टी एवं सहयोगी कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ खुली जीप में जनता का अभिवादन करते देखा गया। सपा नेता एसपी सिंह पटेल के साथ रोड शो में कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी तथा क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी को भी पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ डटे देखा गया। सपा के लोकसभा चुनाव में जिले से घोषित प्रत्याशी एसपी सिंह पटेल ने रानीगंज कैथौला, वर्मा नगर, लालगंज, सगरा सुंदरपुर, लीलापुर, अजगरा में लोगों से संवाद कर समर्थन की गुहार की।

# बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना ही प्राथमिक शिक्षा का उद्देश्य-शशांक मिश्रा



**लोकमित्र ब्यूरो**
**लीलापुर-प्रतापगढ़।** विकास खण्ड लक्ष्मणपुर अंर्तगत रानीगंज अजगरा स्थिति महावीर सिंह खींची इण्टर कालेज में शुक्रवार को आयोजित ब्लाक स्तरीय कार्यक्रम में हमारा आंगन हमारे बच्चे, कार्य क्रम में खण्ड शिक्षा अधिकारी शशांक कुमार मिश्र ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्री प्राइमरी से ही बच्चों में बौद्धिक क्षमता विकसित करना व बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम की शुरुवात रवींद्र पटवा ने सरस्वती वंदना से की। संचालन मतसेन्द्र मिश्र व आशीष खरे ने किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को शील्ड व उपहार देकर प्रोत्साहित किया गया। इस मौके पर सीडीपीओ ममता सिंह, विजय विष्वकर्मा, डॉ संजीत शुक्ल, कमलेश कुमार सिंह, प्रशांत सिंह, रवींद्र प्रताप सिंह, शिक्षक नेता निर्भय सिंह, सुधीर मिश्र, अर्जुन कुमार,राम समुझ सहित आशा कार्यकत्री व शिक्षक मौजूद रहे।

# सुवन्सा में सराफा व्यवसायी को जख्मी कर 3.5 लाख की लूट

## सरेशाम घटी घटना से बाजारवासियों में आक्रोश, पुलिस लुटेरों की तलाश में जुटी





**लोकमित्र ब्यूरो**
**सुवंसा (प्रतापगढ़)।** स्थानीय बाजार में सरेशाम बाइक सवार बदमाशों ने आभूषण व्यवसाई पर हमला कर लगभग 3.5 लाख के आभूषण और नकदी लूटकर चंपत हो गए। घटना से बाजारवासियों में गहरा आक्रोश है।
नगर पंचायत के रहने वाले जेवरात के कारोबारी विनोद सोनी पुत्र छोटेलाल ने लखनऊ वाराणसी राज मार्ग पर स्थित अपने घर से लगभग सौ मीटर दूर सुवंसा बाजार में दुकान खोल रखी है। शाम तक दुकान बंद करने के बाद वह दुकान का कीमती सामान अपने घर पर रखता था। प्रतिदिन की तरह आज शुक्रवार को भी वह दुकान बंद कर सामान सहित अपने घर जा रहे थे। रास्ते में अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने उस पर फायर कर दिया, लेकिन गोली लगी नहीं। इसके बाद बदमाशों ने तमंचे की बट से उसके सिर पर प्रहार कर चोटहिल कर उसके हाथ से कीमती जेवरों वाला बैग लेकर चंपत हो गए। भुक्तभोगी व्यापारी के मुताबिक बदमाशों ने नगदी और जेवरात सहित लगभग 3.5 लाख रुपए लूट की घटना अंजाम दी है। बाजारवासियों ने बदमाशों का पीछा कर पकड़ने की कोशिश की लेकिन कामयाबी नहीं मिली। मौके पर भारी पुलिस बल के साथ क्षेत्राधिकारी रानीगंज विनय प्रभाकर साहनी आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे बदमाशों तक पहुंचने का प्रयास करते रहे। घटना से बाजारवासियों में काफी आक्रोश है।

# अर्पिता का असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर चयन



**प्रतापगढ़** -जिले के लक्ष्मणपुर विकास खंड के धनसारी निवासी और भारतीय किसान संघ काशी प्रांत के वरिष्ठ नेता अंबिका सिंह की सुपुत्री डॉक्टर अर्पिता सिंह का इलाहाबाद डिग्री कॉलेज इलाहाबाद में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर चयन हुआ है। डा अर्पिता की सफलता पर क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ी है । इस मौके पर क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों ने इस उपलब्धि पर अपनी खुशी जाहिर की और बधाइयाँ दी है।

# दो दिवसीय लखपति दीदी प्रशिक्षण शिविर आयोजित



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कुंडा प्रतापगढ़।**- ब्लॉक सभागार बाबागंज में शुक्रवार को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी स्वयं सहायता समूह की सीआरपी महिलाओं को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने के उद्देश्य से लखपति दीदी कार्यक्रम का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। प्रशिक्षण शिविर मे पहले दिन लगभग 35 महिलाओं ने प्रशिक्षण हेतु प्रतिभाग किया। प्रशिक्षक पर्यावरण सेना प्रमुख ग्रीन मैन अजय क्रन्तिकारी ने प्रशिक्षुओं को लखपति दीदी प्रशिक्षण की उपयोगिता के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री मोदी जी का प्रयास है कि ग्रामीण अंचल की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए रोजगार हेतु ब्याज मुक्त ऋण सुगमता उपलब्ध कराया जा रहा है । जिससे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की महिलाएं भी आत्मनिर्भर बन समृद्धिशाली राष्ट्र की परिकल्पना को साकार कर सकें। इस दौरान ब्लॉक मिशन प्रबंधक राहुल सिंह, मिशन प्रबंधक प्रशांत मिश्र,सूरज कुमार,एडीओ आईएसबी हृदय राम मौर्या, मंजू तिवारी, नीलम शुक्ला, सावित्री पटेल,प्रिया, अनीता शिखा समेत विभिन्न ग्राम पंचायतों से बड़ी संख्या मे महिलाएं मौजूद रही ।

# लखपति महिला सीआरपी का प्रशिक्षण शुरू



**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रतापगढ़।** विकासखंड सदर ब्लाक मुख्यालय पर लखपति महिला सीआरपी का प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। जिला विकास अधिकारी उपयुक्त सात रोजगार राकेश प्रसाद के निर्देश के क्रम में आयोजित प्रशिक्षण में जिला मिशन प्रबंधक सुमन पाण्डेय ने कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाओं को आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त होगा। इससे वह अपने कार्यों को बेहतर ढंग से कर पाएंगी। उन्होंने कहा कि विभिन्न प्रकार की व्यावसायिक गतिविधियों के माध्यम से लखपति बनने का मार्ग प्रशस्त होगा` । प्रशिक्षण में जिला रिसोर्स पर्सन राम प्रकाश पाण्डेय द्वारा संभावित लखपति का चयन , आजीविका का प्रकार , आजीविका गतिविधियां, लखपति आजीविका के अवसर, लखपति आजीविका योजना घटक, एवं विभिन्न प्रकार के आजीविका कार्य के बारे में जानकारी प्रदान की गई । संयोजन ब्लाक मिशन प्रबंधक दिव्या तिवारी, अनिकेत एवं विभा पाण्डेय ने किया।

# निर्माणाधीन पिलर से टकराकर कार सवार चालक की मौत

**कुंडा-प्रतापगढ़।** कर सवार युवक की निर्माणाधीन पुल के पिलर से टकराकर मौत हो गई मौत की खबर पर परिजनों में कोहराम मच गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेजा है।
बाघराय थाना क्षेत्र के देवरपट्टी चौबरियन का पुरवा,नहर के पास लाल गोपालगंज की ओर से आ रही कार अनियंत्रित होकर नहर के उत्तर निर्माणाधीन पिलर से टकराकर जहां कार क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं मौके पर ही चालक सर्वेश कुमार गौतम 22 वर्ष पुत्र चंद्रभूषण निवासी पियरी बिजलीपुर थाना नबाबगंज प्रयागराज की मौत हो गई आसपास के लोगों ने रात्रि में बारह बजे के करीब थानाध्यक्ष बाघराय निकेत भारद्वाज को फोन पर सूचना दी। सूचना पर मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष ने गंभीर रूप से घायल सर्वेशकुमार गौतम को इलाज हेतु सीयचसी बाघराय ले गए। जहां डॉक्टरों ने सर्वेश कुमार गौतम को मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। मृतक सर्वेश कुमार फोटोग्राफी व शादी समारोहों में लाइट डेकोरेशन करने का कार्य करता था। मृतक के पिता चंद्रभूषण की मौत गत वर्ष हो चुकी है। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई। मृतक की मां सीता व इकलौती बहन महिमा व बड़े भाई सुनील, रजनीश का रो रोकर बुरा हाल है। मृतक के चाचा अमृत प्रकाश गौतम ने थाना बाघराय में घटना की तहरीर दी है।

# राष्ट्रीय अविष्कार अभियान क्विज प्रतियोगिता आयोजित

**कुंडा प्रतापगढ़।**उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चों में जिज्ञासा आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने एवं वैज्ञानिक मनोवृति का विकास करने के अवसर उपलब्ध कराने तथा विज्ञान गणित और प्रौद्योगिकी क्यों लोकप्रिय बनाने के उद्देश्य से शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय आविष्कार अभियान संचालित किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत विकासखंड कुंडा में दिनांक 1 मार्च 2024 को 120 बच्चों ने क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। इस क्विज प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु बच्चे अत्यंत उर्जित एवं उत्साहित थे ।यह प्रतियोगिता ब्लॉक संसाधन केंद्र कुंडा में संपन्न हुई ।खंड शिक्षा अधिकारी कुंडा संजय सिंह के नेतृत्व में सभी बच्चों को प्रश्न पत्र और उत्तर पत्रक दिए गए एवं उत्साह पूर्ण वातावरण में परीक्षा संपन्न हुई। डेढ़ घंटे के लिए आयोजित प्रतियोगिता में आयोजन एवं प्रबंधन की भूमिका में विकासखंड कुंडा की टीम एआरपी कामतानाथ, तफसीर अहमद, अजय कुमार शुक्ला, महेंद्र कुमार और राजेश कुमार मौजूद रहे ।

# शिव मंदिर के पुजारी का निधन

**कुंडा-प्रतापगढ़।** बाघराय थाना क्षेत्र के छतार गांव निवासी आचार्य एवं शिवमन्दिर छतार के प्रमुख पुजारी उमापति त्रिपाठी का शुक्रवार को भोर में निधन हो गया। निधन पर क्षेत्र के लोगों ने शोक जताया है। भजन गायक राजस्थान प्रमोद त्रिपाठी के बाबा उमापति त्रिपाठी के निधन पर बाबागंज विधायक विनोद सरोज, प्रफुल्ल सिंह, नीलमणि सिंह, रामचंद्र सरोज प्रमुख पति, अनुभव यादव, वीरेंद्र तिवारी उर्फ सुग्गा तिवारी, क्षीर सागर तिवारी, गयापाल सिंह कछवाह व वृजेश सिंह आदि ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी ।

# अमर पाल मौर्य के राज्यसभा सांसद बनने से भाजयुमो गदगद



**दिलीपपुर प्रतापगढ़** युवा मोर्चा कार्यालय प्रतापगढ़ में भाजयुमो जिलाध्यक्ष अंशुमान सिंह व कार्यकारिणी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने प्रदेश महामंत्री एवं काशी क्षेत्र प्रभारी मा. अमर पाल मौर्य जी के राज्यसभा सांसद बनने के बाद एक दूसरे को मुंह मीठा कराकर बधाई दी।इसी क्रम में जिलाध्यक्ष अंशुमान सिंह ने राज्यसभा सांसद मा. अमर पाल मौर्य जी के व्यक्तिव व संगठन के प्रति समर्पण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मा. अमर पाल जी निचले स्तर के कार्यकर्ताओं के साथ विपरीत परिस्थितियों में हमेशा खड़े रहे, ये उसी का प्रतिफल है।मा. अमर पाल मौर्य जी के राज्यसभा सांसद बनने के बाद प्रतापगढ़ भाजयुमो में काफी उत्साह व जोश देखने को मिल रहा है

# विकास खण्ड रामपुर ब्लॉक में आयोजित रोजगार मेले में 45 का हुआ चयन



**जौनपुर ।** रामपुर ब्लॉक में शुक्रवार को विकास खंड स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 112 से अधिक युवाओं ने प्रतिभाग किया। साक्षात्कार में लगभग 45 सफल प्रतियोगियों का चयन मौके पर उपस्थित कंपनियों द्वारा ऑफर लेटर प्रदान कर किया गया।

मुख्य अतिथि ब्लॉक एडीओ एजी धर्मेंद्र कुमार सिंह तथा विशिष्ट अतिथि एडीओ आईएसबी रामजीत पाल सुभाष चंद्र ने कहा कि प्रधानमंत्री के विजन कौशल विकास मिशन द्वारा विकास खंड स्तर पर आयोजित रोजगार मेला से बेरोजगारों को अत्यधिक लाभ मिल रहा है। आज के युवा को इस रोजगार मेला की अत्यधिक आवश्यकता है। जिला कार्यक्रम प्रबंधक/रोजगार मेला प्रभारी प्रभात पाण्डेय ने बताया कि दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना, आईटीआई, जिला सेवायोजन विभाग व कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वाधान में विकास खंड विकास स्तरीय निःशुल्क रोजगार मेला का आयोजन कराया जा रहा है। जो कि 4 मार्च 2024 तक सभी ब्लाक में क्रमशः लगाया जाएगा। रामपुर ब्लॉक में आयोजित रोजगार मेला में विभिन्न क्षेत्रों की 8 कंपनियों ने साक्षात्कार करके लगभग 45 अभ्यर्थियों का चयन किया गया।इस अवसर पर जिला कौशल प्रबंधक अनूप पाण्डेय समेत सभी कम्पनियों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। अगला रोजगार मेला 2 मार्च 2024 दिन शनिवार को विकास खंड डोभी जौनपुर परिसर में आयोजित होगा।

# ग्रामीणों ने चोर को रंगे हाथ दबोचा, जांच में जुटी पुलिस

**सुल्तानपुर।** दोस्तपुर थानाक्षेत्र में एक चोर को ग्रामीणों ने रंगे हाथ चोरी करते हुए पकड़ लिया। ग्रामीणों ने पहले उसकी जमकर धुनाई की फिर डायल 112 को बुलाकर आरोपी चोर को पुलिस के हवाले किया। पुलिस थाने पर आरोपी से पूछताछ कर रही है। आरोपी एक कुटी से गेंहू-चावल और दाल चोरी कर ले जा रहा था।

दरअस्ल ये पूरा मामला दोस्तपुर थानाक्षेत्र के ताजुद्दीनपुर जगईदास की कुटी का है। बताया जा रहा है कि इस कुटी में एक युवक घुस गया यहां से वो लगभग चार कुंटल चावल-दाल, भगोना और कुटी में रखे सामान व गेहूं लेकर भागने लगा। तभी ग्रामीणों की निगाह चोर पर पड़ गई।


## आवश्यकता है

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र लोकमित्र को जनपद प्रतापगढ़ की सभी तहसीलों, ब्लॉक मुख्यालयों और प्रमुख बाजारों में संवाददाताओं की आवश्यकता है। समाचारों की समझ रखने वाले युवा और उत्साही लोग समाचार पत्र के विवेकनगर (प्रतापगढ़) स्थित कार्यालय में या नीचे दिए गए फोन नंबरों पर किसी भी कार्य दिवस में दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे के बीच सम्पर्क कर सकते हैं।

9839665450
7007509037


# मेधावी छात्र छात्राओं को स्मार्ट फोन वितरित



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कुंडा प्रतापगढ़ ।** उत्तर प्रदेश में अध्ययनरत युवाओं के तकनीकी सशक्तिकरण हेतु स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजनांतर्गत टैबलेट स्मार्टफोन आज परमेश्वर प्रसाद मेवालाल डिग्री कॉलेज माला धर छत्ता कुंडा में वितरण किया गया। मुख्य अतिथि के रूप मे पहुंचे कॉलेज के प्रबंधक एवं जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कुलदीप पटेल ने स्मार्ट फोन वितरित करते हुए कहा कि सरकार की यह मेधावी छात्र छात्राओं के भविष्य की पढ़ाई में काफी कारगर साबित होगी। इससे छात्र छात्राओं को घर बैठे ही ऑनलाइन कोचिंग से जुड़ सकेंगे और इससे समय की भी बचत होगी । इस मौके पर प्राचार्य डॉ संजीव गुप्त विभागाध्यक्ष बृजेश चंद्र यादव रवि शंकर यादव छात्र अमित मिश्र आजाद शिवेंद्र निर्मल विवेक कुमार शोभित खुशबू कंचनलता संध्या देवी आदि मौजूद रहे।

# राजस्व निरीक्षक का धूमधाम संग मना विदाई समारोह



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कुंडा प्रतापगढ़।**क्षेत्रीय लोगों के साथ ही राजस्व कर्मियों ने फूलमाला पहनाकर कहा की राजस्व निरीक्षक बहुत ही ईमानदारी के साथ सेवा विभाग में दिए हैं। बता दे की शुक्रवार को कुंडा तहसील के पटना चौराह पर राजस्व कानून गो रामकुमार के सेवानिवृत होने पर विदाई सम्मान समारोह का आयोजन क्षेत्रीय लोगों द्वारा किया गया था। जिसमें क्षेत्र के सम्मानित लोगों के साथ ही राजस्व निरीक्षक क्षेत्रीय लेखपाल कार्यक्रम में मौजूद रहे ।` लालगंज क्षेत्र के निवासी हैं रिटायर्ड कानूनगो रामकुमार 2018 से कुंडा में रहे है ।।पोस्टिंग मिलनसार होने के वजह से क्षेत्रीय लोग हमेशा रामकुमार का सराहना करते हैं।

कार्यक्रम का संचालन कानून गो रामचंद्र मिश्र ने किया कार्यक्रम में राजस्व निरीक्षक डेरवा नागेंद्र कुमार, लेखपाल विष्णु, कृपा शंकर, वरिष्ठ प्रबंधक समाजसेवी ग्राम प्रधान प्रतिनिधि पूर्व प्रधान संदीप सिंह, निर्देश यादव, रफीक भाई, अरूण कुमार, विजय कुमार, सहित हजारों लोग मौजूद रहे

# 102/108 एम्बुलेंस वाहन चालकों का 9 दिवसीय रिफ्रेशर प्रशिक्षण का हुआ समापन



**चित्रकूट:** जनपद के एमसीएच विंग खोह में 102, 108 एंबुलेंस के पायलटों की ट्रेनिंग सफलतापूर्वक हुई। चित्रकूट धाम मण्डल के मण्डलीय कार्यक्रम प्रबंधक एनएचएम/एसआईएफपीएसए आलोक कुमार ने प्रशिक्षण का अवलोकन किया। इस दौरान मण्डलीय परिवार नियोजन एवं लॉजिस्टिक प्रबंधक अमृता राज भी उपस्थित रहीं।

मण्डलीय कार्यक्रम प्रबंधक आलोक कुमार ने पायलटो को प्रक्रिया समय के अंदर अधिक से अधिक मरीजों को सेवा देने का प्रण दिलाया। साथ ही उनकी कार्यकुशलता को जांचा। यातायात नियमों का पालन करते हुए सुरक्षित हॉस्पिटल में पहुंचने के टिप्स दिए। एम्बुलेंस मंडल अधिकारी प्रशान्त त्रिपाठी ने किए जा रहे नए प्रयासों की सराहना की। मण्डलीय परिवार नियोजन एवं लॉजिस्टिक प्रबंधक अमृता राज ने कहा कि नसबंदी के मरीजों को बहुत ही सेफ्टी के साथ सफलतापूर्वक उनके घर तक पहुंचाना भी हमारी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

एंबुलेंस के पायलटो को सही समय पर पहुंचने की उपयोगिता बताई गई। साथ ही किसी भी दशा में सेवा और समर्पित भाव से रहना बताया गया। ट्रेनिंग के अंतिम दिन जोनल वर्कशॉप मैनेजर यशवंत पाठक ने बताया कि बांदा वर्कशाप में गाडियों से सम्बन्धित समस्याओं का समाधान तुरंत किया जाता है। साथ ही आसानी के लिए हम सर्विस वैन भी पूरे जोन में भेजते हैं जो की एंबुलेंस के तैनाती स्थल पर ही जाकर वहीं सर्विस प्रदान करती है। जिससे काफी समय बचता है। क्वालिटी हेड विपिन शुक्ला ने बताया कि गाड़ियों का समुचित रखरखाव और गाड़ियों के मेंटेनेंस में पायलट की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। जिससे मरीजों को अच्छी सुविधा मिलती है। ट्रेनिंग में फतेहपुर, कौशांबी, चित्रकूट और बांदा जिले के पायलट उपस्थित रहे। समय-समय पर 102 और 108 एंबुलेंस सेवा प्रदान करने वाली ग्रीन हेल्थ सर्विसेज संस्था ऐसी ट्रेनिंग का आयोजन करती रहती है, जिससे की गुणवत्ता परक सुविधा जनता को मिलती रहे। इस ट्रेनिंग में फतेहपुर के आशीष द्विवेदी, कौशांबी के दिनेश यादव, बांदा से शुभम तोमर और चित्रकूट से राजेश, प्रदीप द्विवेदी ने अपने विचार साझा किये।

इस मौके पर ट्रेनर रोहित, संजीव, ऑपरेशन हेड आशुतोष मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## कार्यालय ग्राम पंचायत अंदेवरी वि० ख० पट्टी, प्रतापगढ़

**निविदा**

ग्राम सभा अंदेवरी विकास खण्ड पट्टी में मनरेगा योजना अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय अंदेवरी के बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य वा पक्की सड़क से प्राथमिक विद्यालय होते हुए पंचायत भवन तक इंटरलॉकिंग कार्य के लिए श्रम सामग्री हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

**शीला यादव**
प्रधान
ग्राम पंचायत अंदेवरी
विकास खण्ड पट्टी, प्रतापगढ़

**राम अनुग्रह लाल**
सचिव
ग्राम पंचायत अंदेवरी
विकास खण्ड पट्टी, प्रतापगढ़


## मोहम्मद याकूब डिग्री कालेज

**शिवगढ़, रानीगंज, प्रतापगढ़ (उ०प्र०) 230302**

सम्बद्ध : प्रो० राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय प्रयागराज

**आवश्यकता है**

स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत कला संकाय (स्नातक स्तर) में त्याग पत्र से रिक्त पद हिन्दी, मध्यकालीन इतिहास, गृह विज्ञान, समाजशास्त्र, अंग्रेजी तथा राजनीतिशास्त्र, विज्ञान संकाय (स्नातक स्तर) में भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, जन्तु विज्ञान तथा वनस्पति विज्ञान प्रत्येक विषयों को पढ़ाने हेतु 01-01 पद सहायक आचार्य पद की। शैक्षिक योग्यता, अर्हता, अनुभव एवं वेतनमान/यू०जी०सी०/विश्वविद्यालय/राज्य सरकार के मानकानुसार इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र सभी संलग्नकों सहित 15 दिनों के अन्दर महाविद्यालय में जमा करें अथवा ईमेल आई०डी० mydcsrpbh@gmail.com पर प्रेषित करें।

प्रबन्धक

मो० 9956022315, 7905586513


## कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी, कौशाम्बी

पत्रांक : सी-3322/स०क०/अ०प०-प्रवेश परीक्षा/2023-24 दिनांक 01 मार्च, 2024

**प्रेस विज्ञप्ति**

समाज कल्याण विभाग द्वारा जनपद में संचालित राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों, करारी, ककोढा, बरैसा (बालकों हेतु) तथा कोइलहा एवं भरसवॉ (बालिकाओं हेतु) में शैक्षिक सत्र 2024-25 में कक्षा 06, 07, 08, 09 में प्रवेश परीक्षा के आधार पर तथा कक्षा 11 में कक्षा 10 में प्राप्त अंकों की मेरिट के आधार पर छात्र-छात्राओं को प्रवेश दिया जाना है। उक्त प्रवेश परीक्षा दिनांक 27.03.2024 को आयोजित की जायेगी। इस हेतु आवेदन करने की अन्तिम तिथि 15.03.2024 निर्धारित है। प्रवेश हेतु वर्गवार (आरक्षणवार) रिक्त सीटों का विवरण सम्बन्धित संस्था एवं कार्यालय, जिला समाज कल्याण अधिकारी, कौशाम्बी के सूचना पट्ट पर चस्पा है।

अतः इच्छुक छात्र छात्राओं एवं अभिभावकों को प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचित किया जाता है कि इस समाज कल्याण विभाग द्वारा जनपद में संचालित राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों, करारी, ककोढा, बरैसा (बालकों हेतु) तथा कोइलहा एवं भरसवॉ (बालिकाओं हेतु) में शैक्षिक सत्र 2024-25 में सम्बन्धित विद्यालय से निःशुल्क आवेदन पत्र प्राप्त कर अन्तिम तिथि 15.03.2024 तक सम्बन्धित संस्था में आवेदन जमा करना सुनिश्चित करें। यह विद्यालय पूर्ण रूप से आवासीय है और इसमें देय समस्त सुविधायें निःशुल्क है। विस्तृत जानकारी सम्बन्धित शिक्षण संस्थान/अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

(दिलीप कुमार)
जिला समाज कल्याण अधिकारी,
कौशाम्बी

## कार्यालय ग्राम पंचायत बडहरी विकास खण्ड सरसवॉ, कौशाम्बी

पत्रांक : मेमो/निविदा/2023-24 दिनांक 01.03.2024

**निविदा सूचना**

मनरेगा योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में ग्राम पंचायत बडहरी में कार्य कराये जाने हेतु पंजीकृत फर्मो द्वारा दिनांक 02.03.2024 से 06.03.2024 को सीलबन्द निविदा दोपहर 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 06.03.2024 को दिन में 2.00 बजे उपस्थित फर्मों के समक्ष ग्राम पंचायत में खोली जायेगी। फर्मों का जी०एस०टी० नं० होना अनिवार्य है। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

| क्र०सं० | कार्य/परियोजना का नाम | कार्य की लम्बाई | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| 1 | विग्रेडियर के घर से राम आसरे के घर तक नाली एवं इण्टरलाकिंग कार्य | 135x2.50 मी० 1x1 नाली | 624436 |

**चन्दा देवी**
प्रधान
ग्राम पंचायत बडहरी
विकास खण्ड सरसवॉ, कौशाम्बी

**रवि सिंह**
सचिव (ग्रा०पं०अ०)
ग्राम पंचायत बडहरी
विकास खण्ड सरसवॉ, कौशाम्बी

### अदालती नोटिस

न्यायालय श्रीमान अपर उप जिलाधिकारी प्रथम जिला प्रतापगढ़
मु 0न0
राजेश कुमार
बनाम
राम लखन आदि
बनाम
1/1 रुद्र तिवारी आयु 12 वर्ष नाबालिग पुत्र संतोष कुमार संरक्षिका अनीता माता स्वयं 1/2 अनीता आयु लगभग 45 वर्ष पत्नी संतोष कुमार,2/1 इन्द्र तिवारी आयु लगभग 09 वर्ष नाबालिग पुत्र महेन्द्र तिवारी संरक्षिका संगीता माता स्वयं 2/2 संगीता पत्नी महेन्द्र कुमार , 2 दिनेश कुमार ,3 राम मिलन सुतगण राम मूरत समस्त निवासी गण ग्राम लच्छी पुर पर0 तह0 रानीगंज जिला प्रतापगढ़ ।

तारीख पेशी 11-03 -2024

यह कि वादी ने उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र आपके विरुद्ध आपके विरुद्ध इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है यह तक द्वारा संबंध नोटिस आपको आदेशित किया जाता है कि दिनांक 11- 03- 2024 को वास्ते निस्तारण प्रार्थना पत्र का टी आई व तनकीह समय प्रातः 10:00 बजे स्वयं या मार्फत अपने वकील के इस न्यायालय में उपस्थित होकर जवाब देही दवा करें ऐसा करने में असफल रहने पर आपके विरुद्ध वाद प्रार्थना पत्र का एक पक्षीय रूप से सुना जाएगा और हस्ताक्षरित किया जाएगा ।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक 05 - 01- 2024 को जारी किया गया ।

आज्ञा से

### (फार्म नं0 2 ए)

न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर महोदय प्रतापगढ़ अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नं0मु0नं0 3157/2023
नाम फरीकेन संतोष कुमार यादव बनाम शीतला प्रसाद यादव आदि
बनाम
1. शीतला प्रसाद यादव उम्र लगभग 65 वर्ष सुत लक्ष्मण प्रसाद यादव 2. सन्तलाल यादव उम्र लगभग 34 वर्ष सुत शीतला प्रसाद 3. बसन्तलाल उम्र लगभग 32 वर्ष सुत शीतला प्रसाद 4. श्यामलाल उम्र लगभग 28 वर्ष सुत शीतला प्रसाद 5. शिवलाल उम्र लगभग 25 वर्ष सुत शीला प्रसाद 6. विनोद कुमार यादव उम्र लगभग 30 वर्ष सुत शिवमूरत यादव निवासीगण ग्राम बछुआ पर0 व तह0 सदर जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 29.03.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 29.03.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री संचिता गुप्ता के हाई स्कूल अंक पत्र में त्रुटिवश मेरा नाम शैलेन्द्र गुप्ता अंकित है, जबकि मेरे सभी दस्तावेजों आधार कार्ड, पैन व पासपोर्ट में मेरा शुद्ध और सही नाम शैलेन्द्र कुमार गुप्ता है। मुझे शैलेन्द्र कुमार गुप्ता के नाम से जाना पहचाना जाए।

शैलेन्द्र कुमार गुप्ता
पुत्र श्री अशोक कुमार गुप्ता
निवासी मूरतगंज, कौशांबी
(उ.प्र.)

### अदालती नोटिस

न्यायालय श्रीमान अपर उप जिलाधिकारी प्रथम प्रतापगढ़
बृज लाल आदि
बनाम
छेदी लाल आदि
बनाम
1 /1राजेश कुमार ,1/2राकेश कुमार,1/3 मनोज कुमार ,1/4 राजेन्द्र कुमार ,1/5 धर्मेन्द्र कुमार सुत स्व 0छेदी लाल , 1/6 अनारा देवी पत्नी स्व0 छेदी लाल निवासी ग्राम बंडा डीह सकट पर0 तह0 सदर जिला प्रतापगढ़ ।

तारीख पेशी 07-03-2024

यह कि वादी ने उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र आपके विरुद्ध आपके विरुद्ध इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है यह तक द्वारा संबंध नोटिस आपको आदेशित किया जाता है कि दिनांक 07- 03- 2024 को वास्ते निस्तारण प्रार्थना पत्र का टी आई व तनकीह समय प्रातः 10:00 बजे स्वयं या मार्फत अपने वकील के इस न्यायालय में उपस्थित होकर जवाब देही दवा करें ऐसा करने में असफल रहने पर आपके विरुद्ध वाद प्रार्थना पत्र का एक पक्षीय रूप से सुना जाएगा और हस्ताक्षरित किया जाएगा मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक को जारी किया गया ।

आज्ञा से

## राजापुर पुलिस ने की 5 के विरुद्ध मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही

**चित्रकूट:** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार द्वारा जनता में भय आतंक फैलाकर गुंडागर्दी करने वाले छोटा पांडेय, धीरज पांडेय, प्रेम पांडेय निवासीगण कुसैली, दिनेश मिश्र निवासी रूपौली व शिवबाबू उर्फ शिवबालक निवासी कनकोटा के विरुद्ध मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की गयी।

## वाचक पुलिस अधीक्षक ने दिव्यांग महिला को कराया सड़क पार

**चित्रकूट:** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वाचक पुलिस अधीक्षक परितोष दीक्षित द्वारा मानवीय कर्तव्यों का निर्वहन करते हुये एक असहाय दिव्यांग महिला को सड़क पार करने में मदद की। शुक्रवार की प्रातःकाल के समय पुलिस लाइन चित्रकूट प्रयागराज-मानिकपुर रोड पर एक असहाय दिव्यांग महिला हाथ में बैंग लिए अकेली थी और सड़क पार करना चाह रही थी। दिव्यांग महिला अज्ञानतावश प्रयागराज हाइवे खोह तिराहा में बैठी थी, जबकि उसे मानिकपुर की तरफजाना था। हाइवे में वाहनों के आवागमन से सड़क पार करने में दिव्यांग महिला की असहाय स्थिति को देखकर निरीक्षक परितोष दीक्षित ने महिला के बैंग को पकड़कर सकुशल सड़क पार कराई।

### (फार्म नं0 2 ए)

न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर महोदय प्रतापगढ़ अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
एम0एन0आर0 नं0 128/2022
नाम फरीकेन किसमतुल निशा आदि बनाम हरखास आम आदि
बनाम
1. हरखास आम ग्राम वीरमपुर पर0 तह0 सदर जिला प्रतापगढ़ 2. जाहिदा बानो पुत्री रफी निवासी वीरमपुर पर0 तह0 सदर जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 23.03.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 23.03.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जवाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

### (फार्म नं0 2 ए)

न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर महोदय प्रतापगढ़ अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
मूल वाद सं0 1975/2023
नाम फरीकेन आत्मा राम बनाम सीता देवी आदि
बनाम
1. सीता देवी आयु करीब 48 वर्ष पत्नी हीरालाल गुप्ता निवासिनी ग्राम मकरा मनभवना पर0 व तह0 पट्टी जनपद प्रतापगढ़ 2. हीरालाल गुप्ता आयु करीब 50 वर्ष सुत हरीराम गुप्ता निवासी ग्राम मकरा मनभवना पर0 व तह0 पट्टी जनपद प्रतापगढ़ 3. दिलीप कुमार मिश्रा आयु करीब 45 वर्ष पुत्र श्री राज किशोर मिश्रा निवासी ग्राम सहसपुर पर0 व तह0 पट्टी जनपद प्रतापगढ़ 4. काली सहाय आयु करीब 40 वर्ष पुत्र श्री बाबुलनाथ निवासी ग्राम सहसपुर पर0 व तह0 पट्टी जनपद प्रतापगढ़
तारीख पेशी 18.03.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 18.03.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जवाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

# ग्रामोदय विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में विद्वानों ने जीवनादर्श, विद्या, राष्ट्र प्रेम, सनातन संस्कृति और भारतीय परम्परा का पाठ पढाया

**चित्रकूट:** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के 11 वें दीक्षांत समारोह के अवसर पर ग्रामोदय विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में विद्वानों ने जीवनादर्श, विद्या, राष्ट्र प्रेम, सनातन संस्कृति और भारतीय परम्परा का व्यावहारिक पाठ पढ़ाया।

परम पूज्य सद्गुरु रितेश्वर महाराज पीठाधीश्वर आनंदम धाम पीठ श्री धाम वृंदावन ने कहा कि नानाजी देशमुख द्वारा परिकल्पित देश के पहले ग्रामोदय विश्वविद्यालय से उपाधि लेकर जाने वाली विद्यार्थी को भारत के विकास और मानवता के विकास के लिए काम करना चाहिए इससे तनाव रहित जीवन और बसुधैव कुटुंबकम के नारे को यथार्थ का धरातल मिल सकेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सशक्त भारत के निर्माण के लिए विश्वविद्यालय से उपाधि प्राप्त करने विद्यार्थी नाना जी के स्वप्न को साकार करने में सार्थक कदम उठाएंगे। उन्होंने कहा कि नानाजी ने आर्थिक पैकेज और सत्ता की लालच से दूर हटकर ग्रामोदय की संकल्पना की थी। हम सबको इस दिशा में अपना सार्थक योगदान करना चाहिए।

### शिक्षा केवल कैरियर का साधन नही अपितु सामाजिक दायित्व का बोध भी कराती है रू प्रो बलदेव भाई शर्मा

कुशा भाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय रायपुर छत्तीसगढ के कुलपति प्रो बलदेव भाई शर्मा ने कहा कि भारत के स्वाधीन होने पर राष्ट्र के विकास की संकल्पना रखी गई थी। सरकारी स्तर ने इसे ठीक से क्रियान्वित नहीं किया गया था। नानाजी देशमुख ने गोंडा और चित्रकूट में इसे ग्रामोदय के रूप में साकार कर दिखाया। मुझे खुशी है कि नानाजी देशमुख द्वारा स्थापित महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय नानाजी के विचारों के अनुरूप अपने काम को आगे बढा रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल कैरियर नहीं बल्कि सामाजिक दायित्व का बोध कराती है। विद्यार्थियों को शिक्षा का मानक केवल बड़ी नौकरी, बड़ा पैकेज नहीं मानना चाहिए। शिक्षा विद्यावान बनाती है। विवेकशील बनती है जीवन को संस्कारवान बनाती है। इस गौरवशाली उद्देश्य को आत्मसात कर विद्यार्थियों को सामाजिक योगदान करना चाहिए। दीक्षांत के आयोजनों से यही सीख विद्यार्थियों को दी जाती है। उन्होंने कहा कि इस विश्वविद्यालय से पढ़कर जाने वाले विद्यार्थियों को ग्रामोदय संकल्पना के अनुसार गांव और गांव में रहने वाली आबादी के उत्थान की दिशा में काम कर करना चाहिए।

### शिक्षा मनुष्य के विकास की महत्त्वपूर्ण कुंजी हैरू प्रो प्रकाश मणि त्रिपाठी

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय अनुसूचित जाति जनजाति विश्वविद्यालय अमरकंटक मध्य प्रदेश के कुलपति प्रोफेसर प्रकाश मणि त्रिपाठी ने दीक्षांत उद्बोधन मे ग्रामोदय विश्वविद्यालय के प्रगति की सराहना करते हुए कहा कि मुझे विश्वास है कि विश्वविद्यालय अपने लक्षण के अनुरूप देश के मानक विश्वविद्यालय के रूप में स्थापित होगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा मनुष्य के विकास की अति महत्वपूर्ण कुंजी है। शिक्षा का लक्ष्य आत्मोन्नति, सर्वोन्नति और राष्ट्रोन्नती होना चाहिए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन के दौर पर इस दिशा में सशक्त प्रयास हो रहे हैं। विद्यार्थी के गुणों का बखान करते हुए उन्होंने कहा कि उसे जिज्ञासु, रचनाशील और संकल्पबद्ध होना चाहिए। प्रो त्रिपाठी ने तकनीकी और संचार युग की दौड में भारतीय संस्कृति को बचाए रखने के लिए भी विद्यार्थियों को सजक रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि जीवन में निरंतर वृद्धि के लिए मातृशक्ति, मातृसंस्था और मातृभूमि के उपकार को कभी नहीं भूलना चाहिए।

### विद्यार्थी विकसित भारत के लिए काम करें रूप्रो भरत मिश्रा

ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो भरत मिश्रा ने विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में विद्यार्थियों को सजगता के साथ काम करने की सलाह दी।

इस मौके पर विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार, दीन दयाल शोध संस्थान के राष्ट्रीय महासचिव और ग्रामोदय विश्वविद्यालय के प्रबंध मंडल के सदस्य अभय महाजन, विनोद तिवारी सतना, साधना तिवारी सतना, विवेक विनायक राव धोगडी नागपुर डॉ आर सी अग्रवाल दिल्ली, डॉ राजेंद्र प्रसाद नेगी मझगवा, डॉ यादवेंद्र प्रताप सिंह ग्वालियर, डॉ पूर्णिमा दाते भोपाल आदि मौजूद रहे।

## परिवार परामर्श केन्द्र ने पारिवारिक विवादों को समाप्त कराते हुए परिवार को टूटने से बचाया

**चित्रकूट:** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर सामाजिक रिश्तों को बचाने के लिए किये जा रहे प्रयासों के क्रम में पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केन्द्र पुलिस टीम ने आपसी पारिवारिक झगडे को समाप्त कराकर 1 परिवार में सुलह कराते हुए परिवार को टूटने से बचाया।आवेदक छोटेलाल पुत्र बद्रीप्रसाद निवासी बंधोइन द्वारा अपने पुत्री के पति संतलाल पुत्र संतोष कुमार व ससुरालीजन निवासी मैदाना थाना मऊ के विरुद्ध गाली-गलौज, मारपीट व दहेज की मांग करने के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक के समक्ष प्रार्थना पत्र दिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रार्थना-पत्र के निस्तारण के लिए प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र को निर्देशित किया गया। परिवार परामर्श केन्द्र प्रभारी उप निरीक्षक गुड्डी देवी, महिला आरक्षी अनामिका सिंह द्वारा शिकायतकर्ता की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुनकर समझकर द्वितीय पक्ष से सम्पर्क करके उन्हें पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केन्द्र बुलाया गया। साथ ही दोनों पक्षों को समझाया गया। दोनों पक्षों द्वारा भविष्य में आपस में लडाई झगडा न करने तथा पारिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की बात कही गयी।

### (फार्म नं0 2 ए)

न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय द्वितीय महोदय प्रतापगढ़
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
वाद सं0 709/2022
नाम फरीकेन छोटेलाल यादव बनाम पूजी देवी
बनाम
पूजा देवी आयु लगभग 22 वर्ष पुत्री राम सजीवन यादव पत्नी छोटेलाल नि0 ग्राम सकवा पोस्ट बरसडा थाना लम्भुआ जिला सुलतानपुर उ0प्र0 अ0धारा 13 हि0वि0अधि0
तारीख पेशी 11.03.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 11.03.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जवाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

# शिक्षक मनोयोग से करें निपुण लक्ष्य की प्राप्ति - एन पी सिंह



**चित्रकूट:** राज्य शिक्षा परियोजना एवं महानिदेशक बेसिक शिक्षा उत्तर प्रदेश के आदेश अनुसार ब्लाक संसाधन केन्द्र रामनगर में प्री प्राइमरी से सम्बन्धित 52 सप्ताह कलेण्डर पर आधारित आंगनवाड़ी कार्यकत्री के क्षमता संवर्धन का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारम्भ हुआ। प्रशिक्षण का शुभारम्भ खण्ड शिक्षाधिकारी रामनगर एनपी सिंह ने किया। जिसमें उन्होंने प्री प्राइमरी में आंगनवाड़ी केन्द्रों की भूमिका पर प्रकाश डाला तथा सभी प्रतिभागी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को आंगनबाड़ी केन्द्र पर नामांकित बच्चों को निपुण भारत मिशन के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए पूर्ण तन्मयता और मनोयोग से शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रेरित किया।

खंड शिक्षा अधिकारी एनपी सिंह ने कहा कि प्री प्राइमरी एजुकेशन ही शिक्षा का द्वार है यदि आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बच्चे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करेंगे तो आगामी कक्षा 1 में नामांकन के समय उनका भाषायी और अंकीय दक्षता को लेकर बेहतर परिणाम प्राप्त होंगे। प्रशिक्षण के प्रारम्भ में प्रतिभागियों का नामंकन, सामग्री वितरण, परिचय, आनलाइन प्री टेस्ट हुआ। प्रथम सत्र की शुरुआत सन्दर्भदाता संजय तिवारी के व्याख्यान राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं ई.सी. सी.ई. के साथ हुआ। इसके बाद सन्दर्भदाता प्रेम सिंह यादव ने निपुण भारत, विद्या प्रदेश स्कूल रेडिनेश के क्रियान्वयन में चर्चा की। द्वितीय सत्र में सन्दर्भदाता पुष्पासिंह ने पहल परिकलन कालंकुर चहक गतिविधि पुस्तिका के उपयोग के विषय में बताया। तृतीय चक्र में सन्दर्भदाता सरोजबाला ने कैलेण्डर निर्देशिका के उपयोग पर चर्चा की।

## भक्त की रक्षा के लिए भगवान ने लिया था अवतार - नवलेश दीक्षित

**चित्रकूट:** श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन भागवत कथा प्रवक्ता आचार्य नवलेश दीक्षित ने कपिल उपाख्यान, धुव्र चरित्र व शिव विवाह की कथा का रसपान श्रोताओं को कराया।मुख्यालय के तरौंहा स्थित भारद्वाज आवास में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन भागवताचार्य नवलेश दीक्षित ने बताया कि भागवत भगवान ने सर्वप्रथम वांचा है। जिसे नारद मुनि ने सुना। नारद ने भगवान व्यास को सुनाया। व्यास जी ने शुकदेव व शुकदेव ने राजा परीक्षित को भागवत कथा श्रवण कराया। उन्होंने बताया कि नारद मुनि भगवान से मिलने के लिए आतुर थे। तीसरे जन्म पर भगवान ब्रम्हा के पुत्र के बाद नारायण से मिले। सर्वप्रथम भागवत बद्री नारायण ने सरस्वती नदी के किनारे लिखी गई।


9452526750, 9839665450,8565970115

**दैनिक लोकमित्र**

121, विवेक नगर प्रतापगढ़

सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/-प्रतिमाह

प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त

E-mail-lokmitra2005@gmail.com

प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित

8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

# एलपीजी वाहन को टक्कर मार पलटी बोलेरो, नौ घायल दो गंभीर



**सुल्तानपुर।** लखनऊ- वाराणसी हाइवे पर शुक्रवार को कोतवाली देहात के बगल ईट-भट्ठे के पास अनियंत्रित बोलेरो एलपीजी गैस लदे टैंपो को टक्कर मारकर पलट गई। पीआरडी जवान सहित नौ लोग घायल हुए हैं। करीब आधे घंटे तक हाइवे पर आवागमन प्रभावित रहा। शुक्रवार सुबह 10:30 बजे के आसपास कोतवाली देहात के बगल स्थित ईट भट्ठा के सामने वाराणसी की ओर जा रही बोलेरो सामने से आ रही एलपीजी गैस लदे टैंपो को टक्कर मारकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। बोलेरो पर बैठे दंपती व चार अन्य घायल हो गए तथा टैंपो चालक व साइकिल सवार पीआरडी जवान भी घायल हो गया है। बताया जा रहा है कि लंभुआ कोतवाली अंतर्गत कस्बा निवासी राजकुमार जायसवाल कैटरिंग का काम करते हैं। वह परिवार के साथ गुरुवार को अमेठी जिले मे रिश्तेदारी गये थे। सुबह वह बोलेरो से वापस घर लौट रहे थे कि कोतवाली देहात थाने के पहले हाइवे पर उनका वाहन अनियंत्रित होकर सामने से आ रहे एलपीजी गैस सिलेंडर लदे थ्री व्हीलर से टकराकर पलट गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि टैंपो के परखच्चे उड़ गए और गैस सिलेंडर दूर खेत मे जा गिरे। तेज आवाज सुनकर खेत मे काम कर रहे मजदूर व राहगीर पहुंचे तथा घायलो को वाहन से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। दुर्घटना के बाद हाइवे पर आधे घंटे तक आवागमन प्रभावित रहा मौके पर पहुंची पुलिस ने आवागमन बहाल कराया है। बोलेरो सवार घायलो की पहचान राजकुमार जायसवाल 32, उनकी पत्नी रीता ज्यसवाल 30, तथा बेटी निधि व दो बच्चे आयुष व पिंकी के रूप में हुई है। वाहन में बैठा एक अन्य युवक राहुल भी घायल हो गया है। वहीं गैस वाहन का चालक सुरजीत सिंह भदैया को भी गंभीर चोटे आई हैं। मौके पर ड्यूटी जा रहे साइकिल सवार पीआरडी जवान विजय शंकर निवासी शंकरपुर को भी घायल हुआ है। देहात कोतवाल श्याम सुंदर ने बताया कि घायलो को अस्पताल भेज कर हाइवे पर आवागमन बहाल कराया गया है।

## विदेश भेजने के नाम पर हुई ठगी, ऐजेंट के आफिस में हंगामा

**सुलतानपुर।** बेरोजगारों को विदेश भेजने के नाम पर लाखों की ठगी का प्रकरण प्रकाश में आया है। ठगे गए दो दर्जन से अधिक बेरोजगार शुक्रवार को जालसाज एजेंट के कार्यालय पर पहुंच गए और रुपए वापस करने को लेकर जमकर हंगामा काटा। ये पूरा मामला कोतवाली नगर के पुरानी बाजार पीपल वाली का है। यहां पर एजेंट बब्लू जायसवाल का कार्यालय है। जो लोगों को विदेश भेजने का काम करते हैं। उन पर आरोप है कि बीते दिसंबर माह में उन्होंने 30 से अधिक बेरोजगारों को 1 लाख 70 हजार रुपए लेकर विदेश भेजा। विदेश गए बेरोजगारों का आरोप है कि उन्हें फर्जी एग्रीमेंट पेपर देकर भेजा गया। हम लोग वहां जाकर फंस गए। अब जब जैसे तैसे वहां से वापस लौटे और एजेंट से पैसे वापसी को कह रहे तो वो धमकी दे रहा। इसी को लेकर आज सभी बेरोजगार एजेंट के कार्यालय पहुंचे और जमकर हंगामा काटा। बेरोजगारों ने कहा अगर हमारे पैसे वापस नहीं हुए तो हम कानूनी प्रक्रिया का सहारा लेंगे। सुनिए बेरोजगार ने क्या कुछ बताया।

# अराजकतत्वों ने चाय की दुकान-पान की गुमटी व स्कूटी में लगाया आग



**सुल्तानपुर।** कुड़वार थानाध्यक्ष को चार्ज लेते 24 घंटे नहीं बीते और क्षेत्र के अराजकतत्वों ने उन्हें चुनौती दे डाला। बीती देर रात थाने से 500 मीटर की दूरी पर पान की गुमटी, चाय की दुकान व स्कूटी को अराजकतत्वों ने आग के हवाले कर दिया। लगभग 80 हजार रुपए की क्षति का आकलन किया गया है।

जानकारी के अनुसार कुड़वार थानाक्षेत्र के कस्बा स्थित अलीगंज रोड पर संतोष तिवारी उर्फबब्लू पुत्र रामेश्वर तिवारी की पान की गुमटी, सुरेश तिवारी पुत्र सीताराम तिवारी की चाय की दुकान का छप्पर व गुमटी निवासीगण पूरे तिलक तिवारी व कस्बे की निवासी आंचल अग्रहरि पुत्र रामजी अग्रहरि की स्कूटी को अराजकतत्वों ने आग के हवाले कर दिया। जब तक अगल-बगल के लोग जागते और आग पर काबू पाते तब तक आग ने विकराल रूप ले लिया था। आग की लपटों को देखकर हालांकि स्थानीय लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे और सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने फायर ब्रिगेड को बुलाकर आग पर काबू पाया। घटना की तहरीर पीड़िता आंचल ने स्थानीय पुलिस को दी है। नवागत थाना प्रभारी अरुण कुमार द्विवेदी ने बताया कि युवती कि तहरीर पर मुकदमा दर्जकर जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे। आपको बता दें कि दो दिन पूर्व ने एसपी ने तबादला एक्सप्रेस चलाया था। जहां एसओ गौरी शंकर पाल को गैर जनपद के लिए रिलीव किया गया। उनके स्थान पर गैर जनपद से लाइन में आए एसओ अरुण कुमार को तत्काल थाने का प्रभार सौंप दिया गया।

# झोलाछाप डाक्टरों के ऊपर स्वास्थ्य विभाग ने मारा छापा

## शहर के नार्मल कम्पाउंड़ में टीम ने मारा छापा




**सुल्तानपुर।** जनपद में फर्जी झोलाछाप डाक्टरों पर मुख्य चिकित्साधिकारी डाक्टर ओम प्रकाश चौधरी की भृकुटी तिरछी हो गई है। मुख्य चिकित्साधिकारी के द्वारा स्पष्ट शब्दों में कहा गया है कि ऐसे फर्जी डाक्टरों पर विभाग गंभीर कार्यवाई करेगा। सीएमओ द्वारा गठित टीम ने शहर के नार्मल कंपाउंड स्थित सुपर मार्केट में औचक छापा मारा गया, सुपर मार्केट मेडिकल मंडी के नाम से मशहूर है, यहा जिले के ही नही प्रदेश के नामचीन डाक्टरों की ओपीडी होती है। इन्ही के बीच में फर्जी डिग्री भी अपनी दुकान खोलकर मरीजों की जिदगी से खेल रहे है। इसकी सूचना पर जिले के स्वास्थ्य विभाग मुखिया डॉ ओम प्रकाश चौधरी द्वारा डिप्टी सीएमओ डॉ पीडी त्रिपाठी, वरिष्ठ सहायक विजय राय, वसीम अहमद व सुशील कुमार सिंह की टीम बनाकर सुपर मार्केट में चलने वाले फर्जीवाड़े पर कार्यवाई करने के निर्देश पर टीम ने छापामारी की। टीम ने मौके पर कई डाक्टरों की वास्तविकता खंगाली, टीम ने सुपर मार्केट में चर्मरोग विशेषज्ञ बताने वाले डॉ पीके त्रिपाठी न्यू सिटी मेडिकल स्टोर व डिहवा स्थित या वारिस नूर क्लिनिक पर छापा मारा। छापेमारी से सुपर मार्केट में अफरा-तफरी का माहौल रहा। बहरहाल मौके पर स्वास्थ्य विभाग की टीम को डॉ पीके त्रिपाठी व या वारिस नूर क्लिनिक के द्वारा कोई भी अभिलेख नही उपलब्ध करवाया जा सका। सीएमओ के निर्देश पर डॉ पीके त्रिपाठी और या वारिस नूर क्लिनिक को तीन दिन का समय दिया गया है, समय सीमा के अंदर यदि इनके द्वारा अभिलेख उपलब्ध नही कराया जाता तो आगे विभागीय ठोस कार्रवाई की जाएगी।

# सामाजिक सम्मेलन का कार्यक्रम आयोजित



**सुलतानपुर।** लंभुआ विधानसभा में मंडल अध्यक्ष लंभुआ ओबीसी मोर्चा ननकू वर्मा की अध्यक्षता में सामाजिक सम्मेलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के ओबीसी मोर्चे के जिला महामंत्री एवं संयोजक विधानसभा लंभुआ अयोध्या प्रसाद वर्मा विशिष्ट अतिथि विधायक प्रतिनिधि पंकज पटेल, भाजपा युवा नेता बृजेश वर्मा के उपस्थिति में संपन्न हुआ।

मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं के बारे में उपस्थित जन समूह को बताया और सरकार द्वारा लाभान्वित लोगों से उनके विचार एवं सुझाव को सुना।

आने वाले लोकसभा चुनाव में एक बार पुनः भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने का आह्वान तीसरी बार मोदी सरकार अबकी बार 400 पार नारे के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

इसमें मुख्य रूप से लोकसभा विस्तारक आशुतोष पांडे, विधानसभा विस्तारक अर्पित प्रजापति मंडल महामंत्री शेर बहादुर सिंह, संजीव पांडे, मंडल मंत्री रामकृपाल वर्मा मंडल महामंत्री कालू राम यादव मंडल उपाध्यक्ष सुरेंद्र वर्मा, दयाराम मौर्य सोमनाथ प्रजापति जगन्नाथ पाल रामचंद्र यादव संतराम वर्मा पूर्व मंडल अध्यक्ष संतोष राजेश अमरूपुर मंडल अध्यक्ष देवी प्रसाद वर्मा मंडल महामंत्री रोहित जायसवाल, अर्जुनपुर मंडल मंत्री शेष राम वर्मा और बहुत सारे हर समाज के बुद्धिजीवी एवं माताएं बहने कार्यक्रम में उपस्थित रही।

# चहेतों को ठेके देकर पार्टी फंड के नाम पर तिजोरी भरते रहे अखिलेश-नंदी

**सुलतानपुर।** केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह के सुलतानपुर आगमन व कार्यक्रमों की तैयारी को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री व सुलतानपुर लोकसभा के क्लस्टर प्रभारी नंद गोपाल गुप्ता नंदी गुरुवार रात यहां पहुंचे। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा सीबीआई द्वारा अखिलेश को भेजे गए सम्मन पर कहा समाजवादी पार्टी की सरकार जब भी रही भ्रष्टाचार चरम पर रहा है। सपा का एजेंडा कभी नहीं रहा इंडस्ट्री आए ,सड़के अच्छी हो, एयर कनेक्टिविटी अच्छी हो, लोगों का चतुर्मुखी विकास हो।

उन्होंने आगे कहा इनके खिलाफ जांच एजेंसी अपना काम कर रही है। इनके समय 100 करोड़ की सड़क हो तो यह 200 करोड़ 500 करोड़ का डीपीआर बनाकर अपने कार्यकर्ताओं अपने चहेतों को काम देकर अपनी तिजोरी पार्टी फंड के नाम पर भरते रहे हैं। एजेंसी अपना काम करेगी। अमहट में एक निजी गेस्ट हाउस पर बैठक करते हुए मंत्री ने कहा लोकसभा का क्लस्टर प्रभारी होने के नाते सुलतानपुर, जौनपुर, अमेठी और मछली शहर लोकसभा की जिम्मेदारी मिली है। उसी को निभाने आया हूं। यहां लोकसभा प्रभारी दुर्गेश त्रिपाठी, लोकसभा संयोजक जगजीत सिंह छंगू, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. आरए वर्मा सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। उन्होंने बताया केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह सुलतानपुर में लोकसभा के जिम्मेदार कार्यकर्ताओं व प्रबुद्धजनों के साथ संवाद करेंगे। वह पीएम के नेतृत्व में 10 साल की उपलब्धियों पर लोगों से चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा हमें जो चार सीटों की जिम्मेदारी दी गई है सभी जीतेंगे। आरएसएस की बैठक पर पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि भाजपा के एक-एक कार्यकर्ता के लिए राष्ट्रहित सर्वोपरि होता है। यह संगठन अपने को समर्पित करते हुए देश का कल्याण व तरक्की चाहते हैं।

# डबल इंजन की सरकार से उत्तर प्रदेश विकास की राह पर अग्रसर

## 10000 करोड़ की लागत से 10 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का हुआ शिलान्यास



**जौनपुर ।** जनपद एवं आस पास के क्षेत्रों के सामाजिक एवं आर्थिक विकास के दृष्टिगत राष्ट्रीय राजमार्गो के निर्माण, सुदृढ़ीकरण एवं उन्नयन के कार्यो का शिलान्यास कैबिनेट मंत्री सड़क परिवहन एवं राजमार्ग भारत सरकार श्री नितिन गडकरी जी के कर कमलों द्वारा बी0आर0पी0 इंटर कालेज मैदान में मा0 राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण विभाग श्री गिरीश चंद्र यादव, मा0 राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) परिवहन विभाग उ0प्र0 श्री दयाशंकर सिंह, राज्यसभा सांसद श्रीमती सीमा द्विवेदी, एमएलसी बृजेश सिंह (प्रिंसू), विधायक बदलापुर श्री रमेश चंद्र मिश्रा, शाहगंज विधायक श्री रमेश सिंह, विधायक मड़ियाहूँ डा0 आर.के. पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष मनोरमा मौर्य ,जिलाध्यक्ष श्री पुष्पराज सिंह की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर लगभग रु. 10000 करोड़ की लागत से 10 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया। रू. 1895 करोड़ की लागत से 28 किमी लंबे राष्ट्रीय राजमार्ग-135 ए गोमती नदी पर पुल सहित एन.एच.-31 के टोल प्लाजा से पूर्वांचल विश्वविद्यालय तक जौनपुर शहर के पूर्व दिशा में बाईपास का निर्माण, रू. 1512 करोड़ की लागत से 31 किमी लंबे राष्ट्रीय राजमार्ग 135ए खेतासराय-शाहगंज ग्रीनफील्ड बाईपास सहित पूर्वांचल विश्वविद्यालय से शाहगंज तक 4 लेन निर्माण, रू. 1653 करोड़ की लागत से 45 किमी लंबे राष्ट्रीय राजमार्ग 135ए शाहगंज-कलान-मालीपुर-अकबरपुर खण्ड का 4 लेन चौड़ीकरण एवं अकबरपुर बाईपास का निर्माण, रू. 438 करोड़ की लागत से 7 किमी लंबे राष्ट्रीय राजमार्ग 135ए मड़ियाहूँ शहर के पश्चिम में नये 4 लेन ग्रीनफील्ड बाईपास का निर्माण, रू. 99 करोड़ की लागत से 5 किमी लंबे राष्ट्रीय राजमार्ग 128ए जौनपुर शहर में लता मंगेशकर तिराहे से प्रसाद इस्टीट्यूशन तक 4 अण्डरपास सहित 4 लेन निर्माण, रू. 1000 करोड़ की लागत से 19 किमी लंबे राष्ट्रीय राजमार्ग 31 पूर्वांचल विश्वविद्यालय से जौनपुर-प्रयागराज मार्ग तक जौनपुर शहर के पश्चिम में बाईपास का निर्माण, रू. 1386 करोड़ की लागत से 19 किमी लम्बाई आजमगढ़ बाईपास (पैकेज-4) का निर्माण, रू. 863 करोड़ की लागत से 17 किमी लंबे राष्ट्रीय राजमार्ग 319डी प्रयागराज से फूलपुर तक 4 लेन सड़क एवं फूलपुर बाईपास का निर्माण, रू. 1013 करोड़ की लागत से 23 किमी लंबे राष्ट्रीय राजमार्ग 319डी मुंगराबादशाहपुर बाईपास सहित फूलपुर-मुंगराबादशाहपुर तक 4-लेन का निर्माण, रू. 18 करोड़ की लागत से 11 किमी लंबे राष्ट्रीय राजमार्ग 319डी फूलपुर-मुंगराबादशाहपुर मौजूदा सड़क खण्ड के रख-रखाव का शिलान्यास केन्द्रीय मंत्री जी के द्वारा किया गया। इस दौरान राज्यमंत्री खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अनुरोध पर उन्होंने पालीटेक्निक चौराहे से सिटी स्टेशन रोड पर बने ओवर ब्रिज की ओर सर्विस रोड बनाने एवं मा0 राज्यसभा सांसद के अनुरोध पर मुंगराबादशाहपुर में नगर के अन्दर की सड़को के सुदृढीकरण करने की मांग पर कार्य पूर्ण कराने की घोषणा की। कैबिनेट मंत्री जी ने अपने सम्बोधन में कहा कि उक्त परियोजनाओं के पूर्ण होने के उपरान्त जनपद जौनपुर में आवागमन सुगम हो जायेगी और जाम की समस्या से निजात मिल जाएगी। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में सामाजिक एवं आर्थिक विकास, यातायात में समय की बचत, ईधन की बचत, उचित सड़क सुरक्षा, वाहनों की परिचालन क्षमता में वृद्धि, पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बेहतर कनेक्टिविटी, रोजगार के अवसर में वृद्धि, शहर में जाम से निजात, क्षेत्र के सांस्कृतिक एवं धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से किसान, व्यापारी, आमजनमानस सभी को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि आज किसान न सिर्फ अन्नदाता है अपितु ऊर्जा दाता बनने की ओर अग्रसर है, आज भारत में चौमुखी विकास हो रहा है, देश में बायो इथेनॉल का उत्पादन हो रहा है। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि हमारा उद्देश्य है कि हम विश्व की शीर्ष अर्थव्यवस्था की पंक्ति में शामिल हो।

इस अवसर पर माननीय राज्यमंत्री खेल एवं युवा कल्याण विभाग श्री गिरीश चन्द्र यादव जी द्वारा द्वारा कैबिनेट मंत्री सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री भारत सरकार श्री नितिन गडकरी जी को अंगवस्त्रम तथा स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया।राज्यमंत्री खेल एवं युवा कल्याण विभाग श्री गिरीश चंद्र यादव जी ने कहा कि इस परियोजना से लोगो को जाम से निजात मिलेगी, देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि कनेक्टिविटी सहित हर क्षेत्र में देश का तेजी से विकास हो रहा है, देश में गुणवत्तापरक सड़कों को निर्माण कराया जा रहा है, इससे देश की अर्थव्यवस्था भी तेजी से मजबूत हुई ह और देश में आवास, शिक्षा, प्राथमिक विद्यालय, शौचालय जैसे मूलभूत सुविधाओं से संतृप्त किया जा रहा है। राज्यसभा सांसद श्रीमती सीमा द्विवेदी जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि मा0 केन्द्रीय मंत्री जी ने देश को सड़को को बेहतर कनेक्टिविटी के माध्यम से जोड़ने का काम किया है। मा0 प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश में गुणवत्तापरक सड़कों का निर्माण हो रहा है, जिसका लाभ सभी को मिल रहा है।एमएलसी ब्रजेश सिंह (प्रिन्सू), विधायक बदलापुर श्री रमेश चंद्र मिश्रा, विधायक शाहगंज रमेश सिंह ने भी अपना उद्बोधन दिया। इस अवसर पर मंच पर उपस्थित राज्यमंत्री खेल एवं युवा कल्याण विभाग श्री गिरीश चंद्र यादव, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, राज्यसभा सांसद श्रीमती सीमा द्विवेदी, एमएलसी बृजेश सिंह (प्रिंसू), विधायक बदलापुर श्री रमेश चंद्र मिश्रा, शाहगंज विधायक श्री रमेश सिंह, विधायक मड़ियाहूँ डा0 आर.के. पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष मनोरमा मौर्य, भाजपा जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह, मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम, सहित जिलास्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री ने गंगा नदी पर रखी 6 लेन पुल की आधारशिला

## मां विन्ध्यवासिनी देवी का दर्शन पूजन कर देश,समाज की तरक्की व विकास के लिये की कामना



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर।** केंद्रीय मंत्री सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय नितिन गडकरी ने आज अपने जनपद भ्रमण के दौरान सबसे पहले मां विन्ध्यवासिनी देवी धाम विन्ध्याचल पहुंचकर मां विन्ध्यावसिनी देवी का विधिवत मंत्रोच्चार के साथ दर्शन पूजन कर देश व समाज की तरक्की व विकास तथा प्रत्येक चेहरे पर खुशहाली लाने के लिये कामना व प्रार्थना की। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री प्राविधिक शिक्षा एवं उपभोक्ता मामले श्री आशीष पटेल, विधायक नगर रत्नाकर मिश्र, विधायक मड़िहान रमाशंकर पटेल भी उपस्थित रहे। दर्शनोपरांत मां विन्ध्यावसिनी देवी के परिसर में निर्माणाधीन विन्ध्यकारीडोर कार्य को देखा तथा कारीडोर के मॉडल देखकर विस्तृत प्रगति जानकारी सम्बन्धित अधिकारियों से ली। वहां से सीधे राजकीय पालीटेक्निक मैदान में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे और बटन दबाकर र 1750 करोड़ रुपए की लागत वाली 2 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का शिलान्यास किया।

उक्त अवसर पर आयोजित जनसभा को सम्बोधित करते हुये उन्होंने कहा कि माँ विंध्यवासिनी की छाया में बसा मीरजापुर जिला धार्मिक और प्राकृतिक रूप से महत्वपूर्ण है। इस पूरे क्षेत्र को विकसित करने के लिए 1750 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली 02 महत्वाकांक्षी राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का आज शिलान्यास किया जा रहा है, इनमें राष्ट्रीय राजमार्ग 135ए पर 15 किमी लंबाई में गंगा नदी पर 6-लेन पुल समेत 4-लेन के मीरजापुर बाईपास का निर्माण होगा। साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग 35 और 330 पर मीरजापुर से प्रयागराज और प्रयागराज से प्रतापगढ़ तक 59 किमी लंबाई की सड़क के मरम्मत का कार्य भी होगा।

उन्होने कहा कि इन दोनों परियोजनाओं के पूर्ण होने से मीरजापुर जिले में आने वाले धार्मिक स्थलों तक श्रद्धालुओं का आवागमन आसान होगा, जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा तथा मीरजापुर समेत प्रयागराज और पूर्वांचल के कई जिलों में आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी। गंगा नदी पर 6 -लेन मीरजापुर बाईपास के निर्माण से जहां जाम से निजात मिलेगी वहीं मीरजापुर-अयोध्या के बीच कनेक्टिविटी में सुधार होगा, जिससे व्यापार में वृद्धि होगी। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में और मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व में मीरजापुर तथा संपूर्ण उत्तर प्रदेश के समग्र विकास के लिए हम कटिबद्ध हैं। उन्होने कहा कि 2024 समाप्त होने तक देश की सड़के अमेरिका की तरह होंगी और देश के किसान अन्नदाता के साथ ऊर्जादाता भी बनेंगे। उन्होने कहा कि निकट भविष्य में ऐथेनाल से गाड़िया चलेंगी जो पेट्रोल से सस्ता होगा।

उन्होंने कहा कि मीरजापुर से अध्योया की दूरी लोग तीन घण्टे में कर सकेंगे। उन्होंने आगे कहा कि मीरजापुर के गंगा नदी पर बने शास्त्री सेतु के जर्जर होने से मध्य प्रदेश, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, प्रयागराज अन्य जनपद में जाने वाले वाहनो को अधिक दूरी तय करना होता था। मीरजापुर जनपदवासियों की कई वर्षो से मांग की जा रही थी मीरजापुर की मा0 सांसद व केन्द्रीय मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल के अथक प्रयास से अब गंगा नदी नया 06 लेन पुल निर्माण होगा। नये गंगा सेतु निर्माण से शहर में भारी वाहनो के यातायात से निजात मिलेगी तो वही अन्य शहरो से कनेक्टिविटी आसान होगी। बाईपास और सेतु निर्माण से वाराणसी मध्य प्रदेश की ओर जाने वाले वाहनो का बिना मीरजापुर शहर में प्रवेश किये सीधे जौनपुर, अम्बेडकर नगर, अयोध्या उत्तर प्रदेश के पूर्वी जनपदो में जा सकेंगे। इसके साथ ही मां विन्ध्यवासिनी देवी मन्दिर, कालीखोह मन्दिर तथा अष्टभुजा मन्दिर के समीप से बाईपास से श्रद्धालुओ को फायदा मिलेगा आसानी से पहुंचकर दर्शन करे सकें।

उन्होंने मीरजापुर की सांसद व केन्द्रीय श्रीमती अनुप्रिया पटेल की मांग पर 1500 करोड़ की लागत से मीरजापुर से प्रयागराज तक फोर लेन मार्ग, हलिया से कोरांव मार्ग के चौड़ीकरण के लिये 1000 करोड़ तथा 100 करोड़ की लागत से मीरजापुर-औराई के बीच माधोसिंह रेलेव क्रासिंग फ्लाई ओवरब्रिज के निर्माण के लिये स्वीकृति देने की घोषणा की। उन्होने कहा कि पिछले 10 वर्षो में उत्तर प्रदेश में 13000 किलोमीटर का हाइवे अब बन चुका है जबकि 2014 तक 7986 किलोमीटर ही था। उन्होने बताया कि उत्तर प्रदेश में 2024 के समाप्ति तक 05 लाख करोड़ की सड़के कुछ पूर्ण होंगी, या कुछ शूरू होंगी और कुछ पर कार्य प्रारम्भ रहेगा। उन्होने कहा कि अब मीरजापुर से अयोध्या की कनेक्टिविटी सुविधाजनक हो जायेगी।

प्रदेश के परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह और केंद्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने भी सभा को संबोधित किया। नगर विधायक रत्नाकर मिश्र ने सभी अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया।

# ग्रामीणों ने चोर को रंगे हाथ दबोचा, जांच में जुटी पुलिस

**सुल्तानपुर।** दोस्तपुर थानाक्षेत्र में एक चोर को ग्रामीणों ने रंगे हाथ चोरी करते हुए पकड़ लिया। ग्रामीणों ने पहले उसकी जमकर धुनाई की फिर डायल 112 को बुलाकर आरोपी चोर को पुलिस के हवाले किया। पुलिस थाने पर आरोपी से पूछताछ कर रही है। आरोपी एक कुटी से गेंहू-चावल और दाल चोरी कर ले जा रहा था। दरअस्ल ये पूरा मामला दोस्तपुर थानाक्षेत्र के ताजुद्दीनपुर जगईदास की कुटी का है। बताया जा रहा है कि इस कुटी में एक युवक घुस गया यहां से वो लगभग चार कुंटल चावल-दाल, भगोना और कुटी में रखे सामान व गेहूं लेकर भागने लगा। तभी ग्रामीणों की निगाह चोर पर पड़ गई। ग्रामीणों ने घेर कर आरोपी चोर को पकड़ लिया। बताया जा रहा है स्थानीय गांव वालों ने पकड़े गए चोर को पहले जमकर धुना उसके बाद डायल 112 टीम को बुलाकर उसके हवाले किया। पुलिस की पड़ताल में पता चला है कि आरोपी थानाक्षेत्र के कुकुरभुकवा गांव का निवासी है। वो नशे का भी आदी है। इस बाबत दोस्तपुर थाना प्रभारी राम आशीष उपाध्याय ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

# विकास खण्ड रामपुर ब्लॉक में आयोजित रोजगार मेले में 45 का हुआ चयन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**जौनपुर ।** रामपुर ब्लॉक में शुक्रवार को विकास खंड स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 112 से अधिक युवाओं ने प्रतिभाग किया। साक्षात्कार में लगभग 45 सफल प्रतियोगियों का चयन मौके पर उपस्थित कंपनियों द्वारा ऑफर लेटर प्रदान कर किया गया।

मुख्य अतिथि ब्लॉक एडीओ एजी धर्मेंद्र कुमार सिंह तथा विशिष्ट अतिथि एडीओ आईएसबी रामजीत पाल सुभाष चंद्र ने कहा कि प्रधानमंत्री के विजन कौशल विकास मिशन द्वारा विकास खंड स्तर पर आयोजित रोजगार मेला से बेरोजगारों को अत्यधिक लाभ मिल रहा है। आज के युवा को इस रोजगार मेला की अत्यधिक आवश्यकता है। जिला कार्यक्रम प्रबंधक/रोजगार मेला प्रभारी प्रभात पाण्डेय ने बताया कि दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना, आईटीआई, जिला सेवायोजन विभाग व कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वाधान में विकास खंड विकास स्तरीय निःशुल्क रोजगार मेला का आयोजन कराया जा रहा है। जो कि 4 मार्च 2024 तक सभी ब्लाक में क्रमशः लगाया जाएगा। रामपुर ब्लॉक में आयोजित रोजगार मेला में विभिन्न क्षेत्रों की 8 कंपनियों ने साक्षात्कार करके लगभग 45 अभ्यर्थियों का चयन किया गया।इस अवसर पर जिला कौशल प्रबंधक अनूप पाण्डेय समेत सभी कम्पनियों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। अगला रोजगार मेला 2 मार्च 2024 दिन शनिवार को विकास खंड डोभी जौनपुर परिसर में आयोजित होगा।

# 102/108 एम्बुलेंस वाहन चालकों का 9 दिवसीय रिफ्रेशर प्रशिक्षण का हुआ समापन



**चित्रकूट:** जनपद के एमसीएच विंग खोह में 102, 108 एंबुलेंस के पायलटों की ट्रेनिंग सफलतापूर्वक हुई। चित्रकूट धाम मण्डल के मण्डलीय कार्यक्रम प्रबंधक एनएचएम/एसआईएफ्पीएसए आलोक कुमार ने प्रशिक्षण का अवलोकन किया। इस दौरान मण्डलीय परिवार नियोजन एवं लॉजिस्टिक प्रबंधक अमृता राज भी उपस्थित रहीं।

मण्डलीय कार्यक्रम प्रबंधक आलोक कुमार ने पायलटो को प्रक्रिया समय के अंदर अधिक से अधिक मरीजों को सेवा देने का प्रण दिलाया। साथ ही उनकी कार्यकुशलता को जांचा। यातायात नियमों का पालन करते हुए सुरक्षित हॉस्पिटल में पहुंचने के टिप्स दिए। एम्बुलेंस मंडल अधिकारी प्रशान्त त्रिपाठी ने किए जा रहे नए प्रयासों की सराहना की। मण्डलीय परिवार नियोजन एवं लॉजिस्टिक प्रबंधक अमृता राज ने कहा कि नसबंदी के मरीजों को बहुत ही सेफ्टी के साथ सफलतापूर्वक उनके घर तक पहुंचाना भी हमारी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

एंबुलेंस के पायलटो को सही समय पर पहुंचने की उपयोगिता बताई गई। साथ ही किसी भी दशा में सेवा और समर्पित भाव से रहना बताया गया। ट्रेनिंग के अंतिम दिन जोनल वर्कशॉप मैनेजर यशवंत पाठक ने बताया कि बांदा वर्कशाप में गाडियों से सम्बन्धित समस्याओं का समाधान तुरंत किया जाता है। साथ ही आसानी के लिए हम सर्विस वैन भी पूरे जोन में भेजते हैं जो की एंबुलेंस के तैनाती स्थल पर ही जाकर वहीं सर्विस प्रदान करती है। जिससे काफी समय बचता है। क्वालिटी हेड विपिन शुक्ला ने बताया कि गाड़ियों का समुचित रखरखाव और गाड़ियों के मेंटेनेंस में पायलट की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। जिससे मरीजों को अच्छी सुविधा मिलती है। ट्रेनिंग में फतेहपुर, कौशांबी, चित्रकूट और बांदा जिले के पायलट उपस्थित रहे। समय-समय पर 102 और 108 एंबुलेंस सेवा प्रदान करने वाली ग्रीन हेल्थ सर्विसेज संस्था ऐसी ट्रेनिंग का आयोजन करती रहती है, जिससे की गुणवत्ता परक सुविधा जनता को मिलती रहे। इस ट्रेनिंग में फतेहपुर के आशीष द्विवेदी, कौशांबी के दिनेश यादव, बांदा से शुभम तोमर और चित्रकूट से राजेश, प्रदीप द्विवेदी ने अपने विचार साझा किये।

इस मौके पर ट्रेनर रोहित, संजीव, ऑपरेशन हेड आशुतोष मिश्रा आदि मौजूद रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत अंदेवरी वि० ख० पट्टी, प्रतापगढ़

**निविदा**

ग्राम सभा अंदेवरी विकास खण्ड पट्टी में मनरेगा योजना अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय अंदेवरी के बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य वा पक्की सड़क से प्राथमिक विद्यालय होते हुए पंचायत भवन तक इंटरलॉकिंग कार्य के लिए श्रम सामग्री हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

**शीला यादव**
प्रधान
ग्राम पंचायत अंदेवरी
विकास खण्ड पट्टी, प्रतापगढ़

**राम अनुग्रह लाल**
सचिव
ग्राम पंचायत अंदेवरी
विकास खण्ड पट्टी, प्रतापगढ़

## मोहम्मद याकूब डिग्री कालेज

**शिवगढ़, रानीगंज, प्रतापगढ़ (उ०प्र०) 230302**

सम्बद्ध : प्रो० राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय प्रयागराज

**आवश्यकता है**

स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत कला संकाय (स्नातक स्तर) में त्याग पत्र से रिक्त पद हिन्दी, मध्यकालीन इतिहास, गृह विज्ञान, समाजशास्त्र, अंग्रेजी तथा राजनीतिशास्त्र, विज्ञान संकाय (स्नातक स्तर) में भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, जन्तु विज्ञान तथा वनस्पति विज्ञान प्रत्येक विषयों को पढ़ाने हेतु 01-01 पद सहायक आचार्य पद की। शैक्षिक योग्यता, अर्हता, अनुभव एवं वेतनमान/यू0जी0सी0/विश्वविद्यालय/राज्य सरकार के मानकानुसार इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र सभी संलग्नकों सहित 15 दिनों के अन्दर महाविद्यालय में जमा करें अथवा ईमेल आई0डी0 mydcsrpbh@gmail.com पर प्रेषित करें।

प्रबन्धक
मो0 9956022315, 7905586513


**अदालती नोटिस**

न्यायालय श्रीमान अपर उप जिलाधिकारी प्रथम जिला प्रतापगढ़
मु 0न0
राजेश कुमार
बनाम
राम लखन आदि
बनाम
1/1 रुद्र तिवारी आयु 12 वर्ष नाबालिग पुत्र संतोष कुमार संरक्षिका अनीता माता स्वयं 1/2 अनीता आयु लगभग 45 वर्ष पत्नी संतोष कुमार,2/1 इन्द्र तिवारी आयु लगभग 09 वर्ष नाबालिग पुत्र महेन्द्र तिवारी संरक्षिका संगीता माता स्वयं 2/2 संगीता पत्नी महेन्द्र कुमार , 2 दिनेश कुमार ,3 राम मिलन सुतगण राम मूरत समस्त निवासी गण ग्राम लच्छी पुर पर0 तह0 रानीगंज जिला प्रतापगढ़ ।

तारीख पेशी 11-03 -2024

यह कि वादी ने उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र आपके विरुद्ध आपके विरुद्ध इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है यह तक द्वारा संबंध नोटिस आपको आदेशित किया जाता है कि दिनांक 11- 03- 2024 को वास्ते निस्तारण प्रार्थना पत्र का टी आई व तनकीह समय प्रातः 10ः00 बजे स्वयं या मार्फत अपने वकील के इस न्यायालय में उपस्थित होकर जवाब देही दवा करें ऐसा करने में असफल रहने पर आपके विरुद्ध वाद प्रार्थना पत्र का एक पक्षीय रूप से सुना जाएगा और हस्ताक्षरित किया जाएगा ।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक 05 - 01- 2024 को जारी किया गया ।

आज्ञा से

(फार्म नं0 2 ए)

न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर महोदय प्रतापगढ़
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नं0मु0नं0 3157/2023
नाम फरीकेन संतोष कुमार यादव बनाम शीतला प्रसाद यादव आदि
बनाम
1. शीतला प्रसाद यादव उम्र लगभग 65 वर्ष सुत लक्ष्मण प्रसाद यादव 2. सन्तलाल यादव उम्र लगभग 34 वर्ष सुत शीतला प्रसाद 3. बसन्तलाल उम्र लगभग 32 वर्ष सुत शीतला प्रसाद 4. श्यामलाल उम्र लगभग 28 वर्ष सुत शीतला प्रसाद 5. शिवलाल उम्र लगभग 25 वर्ष सुत शीला प्रसाद 6. विनोद कुमार यादव उम्र लगभग 30 वर्ष सुत शिवमूरत यादव निवासीगण ग्राम बछुआ पर0 व तह0 सदर जिला प्रतापगढ़

तारीख पेशी 29.03.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 29.03.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री संचिता गुप्ता के हाई स्कूल अंक पत्र में त्रुटिवश मेरा नाम शैलेन्द्र गुप्ता अंकित है, जबकि मेरे सभी दस्तावेजों आधार कार्ड, पैन व पासपोर्ट में मेरा शुद्ध और सही नाम शैलेन्द्र कुमार गुप्ता है। मुझे शैलेन्द्र कुमार गुप्ता के नाम से जाना पहचाना जाए।

शैलेन्द्र कुमार गुप्ता
पुत्र श्री अशोक कुमार गुप्ता
निवासी मूरतगंज, कौशांबी
(उ.प्र.)

**अदालती नोटिस**

न्यायालय श्रीमान अपर उप जिलाधिकारी प्रथम प्रतापगढ़
बृज लाल आदि
बनाम
छेदी लाल आदि
बनाम
1 /1राजेश कुमार ,1/2राकेश कुमार,1/3 मनोज कुमार ,1/4 राजेन्द्र कुमार ,1/5 धर्मेन्द्र कुमार सुत स्व 0छेदी लाल , 1/6 अनारा देवी पत्नी स्व0 छेदी लाल निवासी ग्राम बंडा डीह सकट पर0 तह0 सदर जिला प्रतापगढ़ ।

तारीख पेशी 07-03-2024

यह कि वादी ने उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र आपके विरुद्ध आपके विरुद्ध इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है यह तक द्वारा संबंध नोटिस आपको आदेशित किया जाता है कि दिनांक 07- 03- 2024 को वास्ते निस्तारण प्रार्थना पत्र का टी आई व तनकीह समय प्रातः 10ः00 बजे स्वयं या मार्फत अपने वकील के इस न्यायालय में उपस्थित होकर जवाब देही दवा करें ऐसा करने में असफल रहने पर आपके विरुद्ध वाद प्रार्थना पत्र का एक पक्षीय रूप से सुना जाएगा और हस्ताक्षरित किया जाएगा मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक को जारी किया गया ।

आज्ञा से

## राजापुर पुलिस ने की 5 के विरुद्ध मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही

**चित्रकूट:** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार द्वारा जनता में भय आतंक फैलाकर गुंडागर्दी करने वाले छोटा पांडेय, धीरज पांडेय, प्रेम पांडेय निवासीगण कुसैली, दिनेश मिश्र निवासी रूपौली व शिवबाबू उर्फ शिवबालक निवासी कनकोटा के विरुद्ध मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की गयी।

## वाचक पुलिस अधीक्षक ने दिव्यांग महिला को कराया सड़क पार

**चित्रकूट:** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वाचक पुलिस अधीक्षक परितोष दीक्षित द्वारा मानवीय कर्तव्यों का निर्वहन करते हुये एक असहाय दिव्यांग महिला को सड़क पार करने में मदद की। शुक्रवार की प्रातःकाल के समय पुलिस लाइन चित्रकूट प्रयागराज-मानिकपुर रोड पर एक असहाय दिव्यांग महिला हाथ में बैंग लिए अकेली थी और सड़क पार करना चाह रही थी। दिव्यांग महिला अज्ञानतावश प्रयागराज हाइवे खोह तिराहा में बैठी थी, जबकि उसे मानिकपुर की तरफजाना था। हाइवे में वाहनों के आवागमन से सड़क पार करने में दिव्यांग महिला की असहाय स्थिति को देखकर निरीक्षक परितोष दीक्षित ने महिला के बैंग को पकड़कर सकुशल सड़क पार कराई।

(फार्म नं0 2 ए)

न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर महोदय प्रतापगढ़
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
एम0एन0आर0 नं0 128/2022
नाम फरीकेन किसमतुल निशा आदि बनाम हरखास आम आदि
बनाम
1. हरखास आम ग्राम वीरमपुर पर0 तह0 सदर जिला प्रतापगढ़ 2. जाहिदा बानो पुत्री रफी निवासी वीरमपुर पर0 तह0 सदर जिला प्रतापगढ़

तारीख पेशी 23.03.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 23.03.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म नं0 2 ए)

न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर महोदय प्रतापगढ़
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
मूल वाद सं0 1975/2023
नाम फरीकेन आत्मा राम बनाम सीता देवी आदि
बनाम
1. सीता देवी आयु करीब 48 वर्ष पत्नी हीरालाल गुप्ता निवासिनी ग्राम मकरा मनभवना पर0 व तह0 पट्टी जनपद प्रतापगढ़ 2. हीरालाल गुप्ता आयु करीब 50 वर्ष सुत हरीराम गुप्ता निवासी ग्राम मकरा मनभवना पर0 व तह0 पट्टी जनपद प्रतापगढ़ 3. दिलीप कुमार मिश्रा आयु करीब 45 वर्ष पुत्र श्री राज किशोर मिश्रा निवासी ग्राम सहसपुर पर0 व तह0 पट्टी जनपद प्रतापगढ़ 4. काली सहाय आयु करीब 40 वर्ष पुत्र श्री बाबुलनाथ निवासी ग्राम सहसपुर पर0 व तह0 पट्टी जनपद प्रतापगढ़

तारीख पेशी 18.03.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 18.03.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

# ग्रामोदय विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में विद्वानों ने जीवनादर्श, विद्या, राष्ट्र प्रेम, सनातन संस्कृति और भारतीय परम्परा का पाठ पढाया

**चित्रकूट:** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के 11 वें दीक्षांत समारोह के अवसर पर ग्रामोदय विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में विद्वानों ने जीवनादर्श, विद्या, राष्ट्र प्रेम, सनातन संस्कृति और भारतीय परम्परा का व्यावहारिक पाठ पढ़ाया।

परम पूज्य सद्गुरु रितेश्वर महाराज पीठाधीश्वर आनंदम धाम पीठ श्री धाम वृंदावन ने कहा कि नानाजी देशमुख द्वारा परिकल्पित देश के पहले ग्रामोदय विश्वविद्यालय से उपाधि लेकर जाने वाली विद्यार्थी को भारत के विकास और मानवता के विकास के लिए काम करना चाहिए इससे तनाव रहित जीवन और बसुधैव कुटुंबकम के नारे को यथार्थ का धरातल मिल सकेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सशक्त भारत के निर्माण के लिए विश्वविद्यालय से उपाधि प्राप्त करने विद्यार्थी नाना जी के स्वप्न को साकार करने में सार्थक कदम उठाएंगे। उन्होंने कहा कि नानाजी ने आर्थिक पैकेज और सत्ता की लालच से दूर हटकर ग्रामोदय की संकल्पना की थी। हम सबको इस दिशा में अपना सार्थक योगदान करना चाहिए।

### शिक्षा केवल कैरियर का साधन नही अपितु सामाजिक दायित्व का बोध भी कराती है रू प्रो बलदेव भाई शर्मा

कुशा भाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय रायपुर छत्तीसगढ के कुलपति प्रो बलदेव भाई शर्मा ने कहा कि भारत के स्वाधीन होने पर राष्ट्र के विकास की संकल्पना रखी गई थी। सरकारी स्तर ने इसे ठीक से क्रियान्वित नहीं किया गया था। नानाजी देशमुख ने गोंडा और चित्रकूट में इसे ग्रामोदय के रूप में साकार कर दिखाया। मुझे खुशी है कि नानाजी देशमुख द्वारा स्थापित महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय नानाजी के विचारों के अनुरूप अपने काम को आगे बढा रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल कैरियर नहीं बल्कि सामाजिक दायित्व का बोध कराती है। विद्यार्थियों को शिक्षा का मानक केवल बड़ी नौकरी, बड़ा पैकेज नहीं मानना चाहिए। शिक्षा विद्यावान बनाती है। विवेकशील बनती है जीवन को संस्कारवान बनाती है। इस गौरवशाली उद्देश्य को आत्मसात कर विद्यार्थियों को सामाजिक योगदान करना चाहिए। दीक्षांत के आयोजनों से यही सीख विद्यार्थियों को दी जाती है। उन्होंने कहा कि इस विश्वविद्यालय से पढ़कर जाने वाले विद्यार्थियों को ग्रामोदय संकल्पना के अनुसार गांव और गांव में रहने वाली आबादी के उत्थान की दिशा में काम कर करना चाहिए।

### शिक्षा मनुष्य के विकास की महत्त्वपूर्ण कुंजी हैरू प्रो प्रकाश मणि त्रिपाठी

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय अनुसूचित जाति जनजाति विश्वविद्यालय अमरकंटक मध्य प्रदेश के कुलपति प्रोफेसर प्रकाश मणि त्रिपाठी ने दीक्षांत उद्बोधन मे ग्रामोदय विश्वविद्यालय के प्रगति की सराहना करते हुए कहा कि मुझे विश्वास है कि विश्वविद्यालय अपने लक्षण के अनुरूप देश के मानक विश्वविद्यालय के रूप में स्थापित होगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा मनुष्य के विकास की अति महत्वपूर्ण कुंजी है। शिक्षा का लक्ष्य आत्मोन्नति, सर्वोन्नति और राष्ट्रोन्नती होना चाहिए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन के दौर पर इस दिशा में सशक्त प्रयास हो रहे हैं। विद्यार्थी के गुणों का बखान करते हुए उन्होंने कहा कि उसे जिज्ञासु, रचनाशील और संकल्पबद्ध होना चाहिए। प्रो त्रिपाठी ने तकनीकी और संचार युग की दौड में भारतीय संस्कृति को बचाए रखने के लिए भी विद्यार्थियों को सजक रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि जीवन में निरंतर वृद्धि के लिए मातृशक्ति, मातृसंस्था और मातृभूमि के उपकार को कभी नहीं भूलना चाहिए।

### विद्यार्थी विकसित भारत के लिए काम करें रूप्रो भरत मिश्रा

ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो भरत मिश्रा ने विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में विद्यार्थियों को सजगता के साथ काम करने की सलाह दी।

इस मौके पर विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार, दीन दयाल शोध संस्थान के राष्ट्रीय महासचिव और ग्रामोदय विश्वविद्यालय के प्रबंध मंडल के सदस्य अभय महाजन, विनोद तिवारी सतना, साधना तिवारी सतना, विवेक विनायक राव धोगडी नागपुर डॉ आर सी अग्रवाल दिल्ली, डॉ राजेंद्र प्रसाद नेगी मझगवा, डॉ यादवेंद्र प्रताप सिंह ग्वालियर, डॉ पूर्णिमा दांते भोपाल आदि मौजूद रहे।

## परिवार परामर्श केन्द्र ने परिवारिक विवादों को समाप्त कराते हुए परिवार को टूटने से बचाया

**चित्रकूट:** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर सामाजिक रिश्तों को बचाने के लिए किये जा रहे प्रयासों के क्रम में पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केन्द्र पुलिस टीम ने आपसी परिवारिक झगडे को समाप्त कराकर 1 परिवार में सुलह कराते हुए परिवार को टूटने से बचाया।आवेदक छोटेलाल पुत्र बद्रीप्रसाद निवासी बंधोइन द्वारा अपने पुत्री के पति संतलाल पुत्र संतोष कुमार व ससुरालीजन निवासी मैदाना थाना मऊ के विरुद्ध गाली-गलौज, मारपीट व दहेज की मांग करने के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक के समक्ष प्रार्थना पत्र दिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रार्थना-पत्र के निस्तारण के लिए प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र को निर्देशित किया गया। परिवार परामर्श केन्द्र प्रभारी उप निरीक्षक गुड्डी देवी, महिला आरक्षी अनामिका सिंह द्वारा शिकायतकर्ता की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुनकर समझकर द्वितीय पक्ष से सम्पर्क करके उन्हें पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केन्द्र बुलाया गया। साथ ही दोनों पक्षों को समझाया गया। दोनों पक्षों द्वारा भविष्य में आपस में लडाई झगडा न करने तथा परिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की बात कही गयी।

(फार्म नं0 2 ए)

न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय द्वितीय महोदय प्रतापगढ़
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
वाद सं0 709/2022
नाम फरीकेन छोटेलाल यादव बनाम पूजी देवी
बनाम
पूजा देवी आयु लगभग 22 वर्ष पुत्री राम सजीवन यादव पत्नी छोटेलाल नि0 ग्राम सकवा पोस्ट बरसडा थाना लम्भुआ जिला सुलतानपुर उ0प्र0
अ0धारा 13 हि0वि0अधि0

तारीख पेशी 11.03.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 11.03.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

# शिक्षक मनोयोग से करें निपुण लक्ष्य की प्राप्ति - एन पी सिंह



**चित्रकूट:** राज्य शिक्षा परियोजना एवं महानिदेशक बेसिक शिक्षा उत्तर प्रदेश के आदेश अनुसार ब्लाक संसाधन केन्द्र रामनगर में प्री प्राइमरी से सम्बन्धित 52 सप्ताह कलेण्डर पर आधारित आंगनवाड़ी कार्यकत्री के क्षमता संवर्धन का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारम्भ हुआ। प्रशिक्षण का शुभारम्भ खण्ड शिक्षाधिकारी रामनगर एनपी सिंह ने किया। जिसमें उन्होंने प्री प्राइमरी में आंगनवाड़ी केन्द्रों की भूमिका पर प्रकाश डाला तथा सभी प्रतिभागी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को आंगनबाड़ी केन्द्र पर नामांकित बच्चों को निपुण भारत मिशन के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए पूर्ण तन्मयता और मनोयोग से शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रेरित किया।

खंड शिक्षा अधिकारी एनपी सिंह ने कहा कि प्री प्राइमरी एजुकेशन ही शिक्षा का द्वार है यदि आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बच्चे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करेंगे तो आगामी कक्षा 1 में नामांकन के समय उनका भाषायी और अंकीय दक्षता को लेकर बेहतर परिणाम प्राप्त होंगे। प्रशिक्षण के प्रारम्भ में प्रतिभागियों का नामंकन, सामग्री वितरण, परिचय, आनलाइन प्री टेस्ट हुआ। प्रथम सत्र की शुरुआत सन्दर्भदाता संजय तिवारी के व्याख्यान राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं ई.सी. सी.ई. के साथ हुआ। इसके बाद सन्दर्भदाता प्रेम सिंह यादव ने निपुण भारत, विद्या प्रदेश स्कूल रेडिनेश के क्रियान्वयन में चर्चा की। द्वितीय सत्र में सन्दर्भदाता पुष्पासिंह ने पहल परिकलन कालंकुर चहक गतिविधि पुस्तिका के उपयोग के विषय में बताया। तृतीय चक्र में सन्दर्भदाता सरोजबाला ने कैलेण्डर निर्देशिका के उपयोग पर चर्चा की।


## कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी, कौशाम्बी

पत्रांक : सी-3322/स0क0/अ0प0-प्रवेश परीक्षा/2023-24 — दिनांक 01 मार्च, 2024

**प्रेस विज्ञप्ति**

समाज कल्याण विभाग द्वारा जनपद में संचालित राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों, करारी, ककोढा, बरैसा (बालकों हेतु) तथा कोइलहा एवं भरसवॉ (बालिकाओं हेतु) में शैक्षिक सत्र 2024-25 में कक्षा 06, 07, 08, 09 में प्रवेश परीक्षा के आधार पर तथा कक्षा 11 में कक्षा 10 में प्राप्त अंकों की मेरिट के आधार पर छात्र-छात्राओं को प्रवेश दिया जाना है। उक्त प्रवेश परीक्षा दिनांक 27.03.2024 को आयोजित की जायेगी। इस हेतु आवेदन करने की अन्तिम तिथि 15.03.2024 निर्धारित है। प्रवेश हेतु वर्गवार (आरक्षणवार) रिक्त सीटों का विवरण सम्बन्धित संस्था एवं कार्यालय, जिला समाज कल्याण अधिकारी, कौशाम्बी के सूचना पट्ट पर चस्पा है।

अतः इच्छुक छात्र छात्राओं एवं अभिभावकों को प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचित किया जाता है कि इस समाज कल्याण विभाग द्वारा जनपद में संचालित राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों, करारी, ककोढा, बरैसा (बालकों हेतु) तथा कोइलहा एवं भरसवॉ (बालिकाओं हेतु) में शैक्षिक सत्र 2024-25 में सम्बन्धित विद्यालय से निःशुल्क आवेदन पत्र प्राप्त कर अन्तिम तिथि 15.03.2024 तक सम्बन्धित संस्था में आवेदन जमा करना सुनिश्चित करें। यह विद्यालय पूर्ण रूप से आवासीय है और इसमें देय समस्त सुविधायें निःशुल्क है। विस्तृत जानकारी सम्बन्धित शिक्षण संस्थान/अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

(दिलीप कुमार)
जिला समाज कल्याण अधिकारी,
कौशाम्बी

## कार्यालय ग्राम पंचायत बडहरी विकास खण्ड सरसवॉ, कौशाम्बी

पत्रांक : मेमो/निविदा/2023-24 — दिनांक 01.03.2024

**निविदा सूचना**

मनरेगा योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में ग्राम पंचायत बडहरी में कार्य कराये जाने हेतु पंजीकृत फर्मो द्वारा दिनांक 02.03.2024 से 06.03.2024 को सीलबन्द निविदा दोपहर 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 06.03.2024 को दिन में 2.00 बजे उपस्थित फर्मो के समक्ष ग्राम पंचायत में खोली जायेगी। फर्मो का जी0एस0टी0 नं0 होना अनिवार्य है। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

| क्र0सं0 | कार्य/परियोजना का नाम | कार्य की लम्बाई | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| 1 | विग्रेडियर के घर से राम आसरे के घर तक नाली एवं इण्टरलाकिंग कार्य | 135x2.50 मी0 1x1 नाली | 624436 |

**चन्दा देवी**
प्रधान
ग्राम पंचायत बडहरी
विकास खण्ड सरसवॉ, कौशाम्बी

**रवि सिंह**
सचिव (ग्रा0पं0अ0)
ग्राम पंचायत बडहरी
विकास खण्ड सरसवॉ, कौशाम्बी

## वाराणसी-इन्दौर काशी महाकाल एक्सप्रेस (साप्ताहिक) का फतेहपुर स्टेशन पर प्रयोगात्मक ठहराव

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गाड़ी संख्या 20415/20416 वाराणसी - इन्दौर काशी महाकाल एक्सप्रेस (साप्ताहिक) का फतेहपुर स्टेशन पर प्रयोगात्मक ठहराव का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् हैः-

| गाड़ी संख्या एवं गाड़ी का नाम | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान | तिथि से प्रभावी: प्रारंभिक स्टेशन से | तिथि से प्रभावी: फतेहपुर स्टेशन पर ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| गाड़ी संख्या 20415 वाराणसी - इन्दौर काशी महाकाल एक्सप्रेस (साप्ताहिक) | फतेहपुर (FTP) | 18:45 | 18:47 | 10.03.2024 | 10.03.2024 |
| गाड़ी संख्या 20416 इन्दौर - वाराणसी काशी महाकाल एक्सप्रेस (साप्ताहिक) | फतेहपुर (FTP) | 22:15 | 22:17 | 04.03.2024 | 04.03.2024 |

नोटः- ट्रेनों की समय सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन नं. 139 या रेल Rail Madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे — 367/24(K)

@northcentralrailway North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR



प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित

सम्पादकः कृष्णानन्द त्रिपाठी

# सरकारी खेवट खाते की भूमि के हो रहे बैनामें, मूकदर्शक बना प्रशासन !

## योगी सरकार में भी नही रुक रही है सरकारी जमीनों की खरीद-फरोख्त !



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** सरकारी भूमि पर अवैध कब्जों व उसकी गैरकानूनी खरीद-फरोख्त पर सख्ती से लगाम लगाने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भले ही सख्त नजर आ रहे हों,परन्तु रायबरेली जनपद के राजस्व विभाग तथा जिला प्रशासन के अधिकारियों की खाऊँ-कमाऊँ नीति योगी जी की मंशा को पलीता लगाती प्रतीत हो रही है,मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार में भी सरकारी भूमि की खरीद-फरोख्त कर उसमें प्लाटिंग करने वाले भूमाफियाओं पर जिला प्रशासन के अधिकारियों की मेहरबानी सरकार की किरकिरी का कारण बन चुकी है।सदर तहसील क्षेत्र के राजस्व ग्राम अख्तयारपुर में सरकारी खेवट खाते की बेशकीमती भूमि का नियम-विरुद्ध बैनामा व दाखिल खारिज के बाद की गयी अवैध प्लाटिंग जिला प्रशासन की खाऊँ-कमाऊँ नीति को उजागर करने के लिए पर्याप्त है। मामला सदर तहसील क्षेत्र के लखनऊ - प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे स्थित सुयश रेस्टोरेंट के पीछे राजस्व ग्राम अख्तियारपुर नजूल का है।गौरतलब है कि उक्त भूमि राजस्व अभिलेखों में 'नानजेडए' श्रेणी 6 'मिल्कियत हुकूमत सूबेजाती,खंड खेवट खाता संख्या 01,गाटा संख्या 202, कैसरहिंद बहादुर लम्बरदार जेरे इंतेजाम जिलाधीश'दर्ज है,जिसे बागदारों को आवांटित किया गया था,परन्तु कुछ अरसे पहले एक बड़े कारोबारी ने उक्त भूमि को बागदारों से अपने नाम बैनामा करवा कर राजस्व विभाग के तत्कालीन अधिकारियों से सांठगांठ कर उसका दाखिल खारिज भी करवा लिया था। दाखिल खारिज के बाद उक्त कारोबारी ने उस भूमि पर मौजूद फलदार वृक्षों की हरी-भरी बाग को उजाड़ कर वहाँ अवैध प्लाटिंग करके कई प्लाटों की बिक्री भी कर डाली थी,जहाँ निर्माण कार्य भी शुरू हो गया था परन्तु मामला जब समाचारपत्रों की सुर्खियां बनने लगा था तो तत्कालीन जिलाधिकारी के आदेश पर तत्कालीन एसडीएम ने जाँच करने के बाद निर्माण कार्य पर रोक लगवा दिया था,परन्तु मामला ठंडा होने के बाद अब एक बार फिर वहाँ निर्माण कार्य शुरू हो चुका है,इतना ही नही बल्कि एक प्लाट की दीवारें भी खड़ी हो चुकी हैं किसी भी दिन उस पर लिंटर पड़ सकता है।

### ...तो क्या धन बल के आगे घुटने टेक चुके हैं योगी सरकार के जिम्मेदार अधिकारी?

*कहने के लिए तो पूरे प्रदेश में सरकारी भूमि के कब्जेदारों के घरों पर बाबा का बुलडोजर गरज रहा है,परन्तु रायबरेली शहर में सरकारी खेवट खाते की भूमि का अवैध रूप से खरीद-फरोख्त करने वालों पर जिला प्रशासन के अधिकारी खासे मेहरबान नजर आ रहे हैंद्यलोगों का मानना है कि उपरोक्त सरकारी भूमि की खरीद-फरोख्त करने वालों के सिर पर कहीं न कहीं सत्ता के गलियारों में बैठे लोगों का वरदहस्त है,वहीं धन बल के मामले में भी कमजोर नही हैं,इसी लिए बाबा का बुलडोजर इस अवैध प्लाटिंग पर नही चल पा रहा है।*

# एनटीपीसी में साप्ताहिक योग शिविर का हुआ शुभारंभ



**लोकमित्र ब्यूरो**

**एनटीपीसी ऊंचाहार।** एनटीपीसी ऊंचाहार स्थित कर्मचारी विकास केंद्र की ओर से परमेश्वरी योग समिति के सहयोग से साप्ताहिक योग शिविर का शुभारंभ किया गया। इस शिविर का विषय योग शिविर एवं तनाव प्रबंधन रखा गया। शिविर का उद्देश्य योग के माध्यम से तनाव प्रबंधन करना और जीवनशैली में योग को शामिल करने के महत्व से सभी को जागरूक करना है।योग शिविर के शुभारंभ अवसर पर परियोजना प्रमुख मनदीप सिंह छाबड़ा ने उपस्थितजन से कहा कि योग प्राचीन भारतीय परंपरा एवं संस्कृति की अमूल्य देन है।

दैनिक जीवन में योग को शामिल करने से जहां एक ओर तनाव मुक्त जीवन जिया जा सकता है वहीं दूसरी ओर शरीर को रोग मुक्त बनाने में योग अत्यंत लाभकारी सिद्ध होता है।शिविर के पहले दिन ऋषि विद्या सागर ने योग, प्राणायाम व ध्यान के महत्व को बताते हुए कहा कि योग का अभ्यास करने की कला व्यक्ति के मन, शरीर और आत्मा को नियंत्रित करने में मदद करती है।उल्लेखनीय है कि ये साप्ताहिक योग शिविर कर्मचारियों व उनके परिवारजनों सभी के लिए आयोजित किया गया है, जिसमें विभिन्न रोगों से उपचार हेतु योग व बिमारियों से बचाव के लिए योगाभ्यास पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा।शिविर के पहले दिन महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) अतुल कमलाकर देसाई, महाप्रबंधक (ईंधन प्रबंधन) के डी यादव, महाप्रबंधक (प्रचालन) राजेश कुमार, अपर महाप्रबंधक (एनटीपीसी सेफ्टी एकादमी) आशुतोष पांडेय सहित अन्य विभागाध्यक्ष, अन्य वरिष्ठ अधिकारी व सीआईएसएफ कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

# गरीबों के आंखो की चमक मेरे जीवन का सपना: वीरेन्द्र यादव'



**रायबरेली।** इंदिरा गांधी नेत्र चिकित्सालय के द्वारा डलमऊ ब्लॉक के ग्राम पंचायत सचिवालय सलेमपुर में नेत्र परीक्षण निःशुल्क ऑपरेशन एवम रोगियों को निःशुल्क चश्मा वितरण शिविर का आयोजन किया गया नेत्र शिविर का आयोजन जिला पंचायत सदस्य डलमऊ तृतीय व एआईसीसी मेम्बर वीरेन्द्र यादव, एडवोकेट ने किया। नेत्र शिविर आज सवेरे 10:00 बजे से 2:00 बजे तक चलाया गया जिसमें 129 लोगों के नेत्र परीक्षण किए गए और 56 लोगों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया और 27 लोगों को चश्मा लगाए गए मरीजों को आइ ड्रॉप दी गई ।इस अवसर पर कमलेश यादव प्रधान, जगदीश यादव, के एस यादव, राकेश कुमार मौर्या, राजन मिश्रा, दीपक कुमार, अखिलेश यादव, रवी यादव चंदी का पुरवा, आलोक यादव दीना का पुरवा, अनीश कुमार, विपिन कुमार, संजय यादव, विवेक कुमार, नंद किशोर, राजेश कुमार, राज किशोर शुक्ला, वंश बहादुर सिंह, अंशु यादव, नीरज रावत, अर्जुन पासी, लाल गोपाल, शिवा लोधी समेत सैकड़ो ग्राम वासी उपस्थित रहें।

# चैपाल लगाकर सुनी गई ग्रामीणों की समस्याएं

**महराजगंज रायबरेली।** ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत हसनपुर और कुसमहुरा में चैपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गई। बीडीओ, एडीओ पंचायत, सचिव व प्रधानों ने समस्याओं का निस्तारण कराने का आश्वासन दिया। चैपाल में ग्रामीणों को बताया गया कि, गांव में इच्छुक व्यक्ति मनरेगा के तहत काम कर सकता उसके काम करने का पैसा खाते मे आएगा। आपको बता दें कि, बीडीओ वर्षा सिंह ने सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। उन्होंने कहा कि, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, पंचायत सहायकों के माध्यम से ऑनलाइन कराकर समाज कल्याण विभाग सूची भेजी जा चुकी है। जल्द ही पात्र व्यक्तियों को सरकार की इस योजना का लाभ मिलेगा।

# 2024 का लोकसभा चुनाव देश की एकता व अखंडता एवं लोकतंत्र को बचाने का चुनाव है:अतुल सिंह



**लोकमित्र ब्यूरो**


**रायबरेली।** कांग्रेस प्रदेश सचिव एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी ऊंचाहार अतुल सिंह ने विधानसभा ऊंचाहार के ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय,अलीगंज,प्रहलादपुर आदि गांव में बैठक एवं जनसंपर्क कर लोगों से लोकसभा चुनाव में अभी से लग जाने के लिए कहा।ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव देश की एकता व अखंडता एवं देश के लोकतंत्र को बचाने का चुनाव है।आप सब बूथ पर जाकर सोनिया गांधी जी द्वारा किए हुए कार्यों के बारे में लोगों से मिलकर बताइए कि इस देश का विकास और रायबरेली के विकास में अगर सबसे बड़ा योगदान किसी का रहा है,तो गांधी-नेहरू परिवार का रहा है।श्री सिंह ने कहा कि सोनिया गांधी जी ने रायबरेली में एम्स जैसा बड़ा हॉस्पिटल,रेल कोच सहित तमाम कारखाने लगवाये हैं,जिसका लाभ जनपद के साथ-साथ उत्तर प्रदेश के लोगों को हो रहा है।मोदी सरकार ने योजनाओं का सिर्फ नाम बदलने का काम किया है।इन 10 सालों में एक भी ईट मोदी सरकार ने नहीं लगाया है,मोदी सरकार बताए कि हमने रायबरेली के विकास के लिए क्या किया है।इसके बाद श्री सिंह ने ट्रेन दुर्घटना में हुई दुखद मृत्यु शिवांशी(18) निवासी पूरे गौतम,बैरीहार,जगतपुर एवं अंशू चैधरी(19) निवासी पूरे वैसन,जिंगना जगतपुर के परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की व हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया।इसके बाद गौरा ब्लॉक के पूरे चैहान निवासी श्री राम सिंह चैहान की मृत्यु की सूचना पाकर पीड़ित परिवार जनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की।श्री सिंह का अलीगंज में विनोद मौर्य,विजय मौर्य,कुक्कू यादव आदि लोगों ने माला पहनकर जोरदार स्वागत किया।इस अवसर पर प्रमुख रूप से कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष शंभू पाल,वरिष्ठ नेता शिवकुमार पांडे,युवा नेता शैलेंद्र सिंह, रामदत्त पांडे,पूर्व प्रधान मुन्ना सिंह,मोहम्मद शाजु,शहनाज बानो,रेखा विश्वकर्मा, विनोद मौर्य,विम्लेन्द्र वाजपेयी,गोलू अग्रहरि यादव,मोहम्मद अनवर,राजेश सिंह,देवेंद्र सिंह,राघवेंद्र सिंह,प्रमोद यादव,राकेश यादव,मनोज पाल,अखिलेश यादव,मो कादिर आदि सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने लगभग 4100 करोड़ लागत की परियोजनाओं का किया लोकार्पण

## सड़को के निर्माण से प्रदेश में रोजगार के अवसर पैदा होंगे:नितिन गडकरी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** केंद्रीय सड़क एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने रायबरेली के जीआईसी ग्राउंड से आठ परियोजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन किया। जो लगभग 4100 करोड़ की लागत का है।परियोजनाओं में रायबरेली प्रतापगढ़ जौनपुर खंड समानांतर लालगंज आझारा से रानीगंज तक ग्रीन फील्ड बाईपास हाईवे का निर्माण, टांडा रायबरेली खंड का सुदृढ़ीकरण, रायबरेली शहरी क्षेत्र से बांदा खंड का सुदृढ़ीकरण, सलोन, नसीराबाद जायस, जगदीशपुर खंड का निर्माण कार्य, लालगोपालगंज से नवाबगंज तक फोरलेन सड़क का निर्माण, नवाबगंज से मलाक हर हर तक सड़क का निर्माण, लखनऊ रायबरेली खंड में रतापुर व त्रिपुला चैराहे पर दो उपरिगामी सेतु का निर्माण के साथ रायबरेली में फोरलेन रिंग रोड पैकेज टू का निर्माण कार्य शामिल है।राजमार्ग मंत्री सबसे पहले पुलिस लाइन ग्राउंड आए जहां पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उसके उपरांत राजमार्ग मंत्री ने जीआईसी ग्राउंड से परियोजनाओं का शिलायन्स किया। राजमार्ग मंत्री ने कहा कि देश का विकास सड़कों और राजमार्गो से ही संभव है। अमेरिका का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि अमेरिका की समृद्धि का कारण वहां की सड़के हैं। कहा कि जब पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई देश के प्रधानमंत्री थे तो उन्होंने कहा था कि भारत के पिछडेपन का कारण उसकी सड़के हैं। इसको अमल में लेते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना शुरू की थी। 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सड़कों के विकास में प्रगति हुई है उन्होंने कहा कि मैंने भारत की सड़कों का अध्ययन किया और पाया कि यदि देश की सड़के सुधर जाए तो देश बहुत जल्दी ही विकसित राष्ट्र बन जाएगा। सड़के अच्छी होने से स्वास्थ्य, शिक्षा, व्यवसाय, रोजगार,पानी और आयात निर्यात की सुविधा होती है। जिससे आधारभूत सुविधाओं को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने कहा कि लोग कहते हैं कि मैंने राजमार्ग मंत्रालय को बहुत कुछ दिया है मेरा कहना है कि मैंने कुछ नहीं दिया जो आपका था उसी को वापस किया। सड़कों के निर्माण से गांव, गरीब और समाज का कल्याण होगा। उन्होंने प्रधानमंत्री के कथनों को दोहराते हुए कहा कि हमारे शहर ही स्मार्ट सिटी ना बने बल्कि गांव भी स्मार्ट गांव बने। उन्होंने कहा कि पहले गांव में रोजगार नहीं था। किसानो को उनकी फसल का उचित मूल्य नहीं मिलता था। विद्यालय अच्छे नहीं थे। गांव के किसानों को मजदूरी करने के लिए महानगरों में जाना पड़ता था। अब सड़कों के निर्माण से उनकी आधारभूत आवश्यकताएं पूरी होने लगी है। उनको अपने गांव में ही रोजगार मिलने लगा है।उन्होंने भारत की क्रूड ऑयल निर्भरता के संबंध में बोलते हुए कहा कि अब हमारी चीनी मिलों से एथेनॉल बनाए जाने लगा है जिससे हमारी खाड़ी देशों से क्रूड ऑयल की आत्मनिर्भरता कम हुई है। हम लोग एथेनॉल के माध्यम से स्वयं ही बायो डीजल बनाने लगे हैं। जिससे न केवल किसानों की आय बढ़ेगी बल्कि पर्यावरण भी स्वच्छ होगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने पंजाब और हरियाणा की पराली से भी ईंधन बनाने का कार्य शुरू किया है। इससे दिल्ली और उसके आसपास के क्षेत्रों में वायु प्रदूषण की समस्या कम होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत भय,भूख और भ्रष्टाचार मुक्त होगा। जिससे कंपनियां हमारे यहां निवेश करेंगी जिससे प्रदेश के लोगों को रोजगार मिलेगा। जनपद की जनता को सड़कों की सौगात देते हुए उन्होंने रायबरेली से बछरावां, लालगंज और मोहनलालगंज के लिए बाईपास की घोषणा की।




इस अवसर पर मंच पर परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह,उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह, सदर विधायक अदिति सिंह,प्रतापगढ़ सांसद संगम लाल गुप्ता, फूलपुर सांसद स्नेह लता पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजना चैधरी के अतिरिक्त पूर्व विधायक भी उपस्थित रहे।

# सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों तक घर-घर पहुंच रहे भाजपाई

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों तक पहुंचाने की पुलप्रूफ योजना बनाई गई है। शुक्रवार को प्रदेश महामंत्री और लाभार्थी अभियान के प्रदेश संयोजक गोविंद नारायण शुक्ला ने कार्यकर्ताओं से वर्चुअल बैठक करते हुए आज से 3 मार्च तक विशेष अभियान चलाने का आह्वान किया है और हर हाल में प्रत्येक कार्यकर्ता को लाभार्थियों के पहुंचने का प्रेरित किया है। उन्होंने कहा कि यह अभियान हर हाल में 5 मार्च तक पूरा करना है। इसके अलावा अभियान के दौरान बूथ समिति की बैठक और पन्ना प्रमुखों की नियुक्ति के लिए भी खासतौर से प्रेरित किया है। प्रदेश महामंत्री ने कहा कि प्रदेश ही नहीं पूरे हिंदुस्तान में चारों तरफ लोग मोटी मोदी रट रहे हैं। जरूरत इस बात की है कि इस सुनहरे अवसर पर हम पार्टी संगठन को भी मजबूत करने की दिशा में जुट जाए। आगामी लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी खुद से 370 सीटों के पार पहुंच रही है और एनडीए को मिलाकर हम 400 सीटों के ऊपर निकल जाएंगे। प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता ने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि हम सबको संगठन का दायित्व मिला है ।उसकी सार्थकता इस अभियान में हमें सिद्ध करनी है। हर पदाधिकारी को अपने बूथ का पन्ना प्रमुख बनना है। वर्चुअल बैठक में भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष से लेकर ऊपर तक के कार्यकर्ता जुड़े थे। वर्चुअल बैठक में लोकसभा प्रभारी वीरेंद्र तिवारी, लोकसभा संयोजक रामदेव पाल, जिला अध्यक्ष बुद्धिलाल पासी, जिला संयोजक दिनेश त्रिपाठी ,जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह, जन्मेजय सिंह ,शरद सिंह, विजय सिंह टप्पू ,सरोज गौतम ,सरेनी विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला ,मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी, जगन्नाथ पांडे ,दिवाकर मिश्रा, महेंद्र पटेल, गोविंद सविता आदि मौजूद रहे।

# 'प्रधानमंत्री सूर्य घर' योजना के तहत सोलर पैनल लगवाने हेतु घर घर सर्वे करेगा डाक विभाग

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** डाक विभाग ने सरकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का कार्य सदैव तत्परता से किया है। इसी क्रम में भारत सरकार की प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत घरों में सोलर पैनल लगने हेतु डाक विभाग के कर्मचारी घर घर जाकर सर्वे करेंगे एवं सोलर पैनल लगवाने के इच्छुक लोगों का डेटा सॉफ्टवेयर में फीड कर चिन्हित करेंगे। अधीक्षक डाकघर आर के अवस्थी ने बताया कि इस योजना के तहत अधिकतम 78000 रुपये तक की सब्सिडी भारत सरकार द्वारा दी जाएगी। और 3 किलोवाट क्षमता तक के पैनल लगवाए जा सकेंगे। उन्होंने बताया कि पैनल लगवाने हेतु लाभार्थी को अपनी जमीन या छत उपलब्ध करानी होगी।डाक अधीक्षक ने बताया कि गुगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध क्यूआरटी पीएम सूर्या घर एप के माध्यम से लाभार्थियों को पंजीकृत कराना होगा। इसमें लाभार्थियों को मोबाइल नंबर एवं छह माह के अंदर का बिजली बिल का कागजात अपलोड करना होगा। सोलर रूफ टाप सिस्टम स्थापित करने की लागत राशि लाभार्थियों को जमा करनी होगी।डाक विभाग के कर्मचारी घर घर जाकर इच्छुक लाभार्थियों को सॉफ्टवेयर में अंकित करेंगे एवं समस्त जरूरी कागजात इसी सॉफ्टवेयर में अपलोड करेंगे।रायबरेली प्रधान डाकघर के पोस्टमास्टर सोहन लाल यादव ने बताया कि समस्त डाकिया कर्मचारी व सम्बंधित ग्रामीण डाक सेवकों को सम्बन्धित योजना के बारे में बताया जा रहा है , एवं सॉफ्टवेयर की कार्यशैली सिखाई जा रही है।पोस्टमास्टर ने कहा कि योजना के तहत लोगों को भारत सरकार की ओर से सब्सिडी दी जाएगी। सोलर प्लांट लगाने से लोगों को एक सीमा तक हमेशा मुफ्त बिजली का लाभ मिलता रहेगा।




इस योजना के तहत लाभार्थियों को सब्सिडी 30 हजार प्रति केबी के दर से दो केबी तक दिया जाएगा। जबकि, तीन केबी या उससे अधिक केबी के सोलर पैनल प्लांट लेने पर 78 हजार रुपये तक सब्सिडी दिया जाएगा।

# लोकसभा प्रभारी वीरेंद्र तिवारी ने किया जनसंपर्क



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूरे देश में 25 फरवरी से 5 मार्च तक चलाये जा रहे लाभार्थी संपर्क अभियान के दौरान आज 1 मार्च से 3 मार्च तक विशेष संपर्क अभियान प्रारंभ हुआ है।रायबरेली लोकसभा प्रभारी वीरेन्द्र कुमार तिवारी ने आज सदर विधानसभा क्षेत्र के नगर पूर्वी मण्डल में बूथ नं0-197 कप्तान पुरवा में विशेष अभियान का शुभारंभ करके लाभार्थियों से संपर्क किया।उन्होंने आज लाभार्थी पुरुषों,माताओं-बहनों से विशेष संपर्क के दौरान ÷लाभार्थियों की समृद्धि मोदी की गारंटी÷ का स्टीकर घर पर चिपकाकर देश वासियों के नाम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का संदेश पत्र सौंपते हुए भाजपा से जुड़ने का आह्वान किया। श्री तिवारी ने विशेष संपर्क अभियान के दौरान सुशीला देवी,राकेश कुमार,रिंकी,सावित्री सोनकर,कान्ती देवी,उषा देवी,सोनी,दीपाली गुप्ता सहित लाभार्थियों से घर-घर संपर्क करके मोदी सरकार के 10 वर्ष की लाभकारी योजनाओं का पत्रक देकर उनके घर पर ÷लाभार्थियों की समृद्धि-मोदी की गारंटी÷ का स्टीकर चिपकाकर भाजपा के टोल फ्री नं0-9638202024 पर लाभार्थी किसान बंधुओं,माताओं-बहनों,भाइयों से उनके मोबाईल नंबर से मिस काल कराकर उनके साथ सेल्फी लेकर सरल एप एवं नमो एप पर लोड कराकर रायबरेली लोकसभा क्षेत्र में लाभार्थी संपर्क विशेष अभियान का शुभारंभ किया।लोकसभा प्रभारी वीरेन्द्र तिवारी ने आज लाभार्थी संपर्क विशेष अभियान में संपर्क के दौरान लाभार्थियों के साथ ÷फिर एक बार मोदी सरकार÷ एवं ÷अबकी बार 400 पार÷ और ÷अबकी बार रायबरेली भी पार÷ का नारा लगाकर रायबरेली लोकसभा से भाजपा का सांसद जिताकर मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लिया। उन्होंने लोकसभा क्षेत्र के सभी भाजपा पदाधिकारियों का आह्वान करते हुए कहा किलोकसभा क्षेत्र के सभी 1868 बूथों पर क्रमशः लाभार्थी सूची के साथ 40 लाभार्थियों से संपर्क करके उनके घर पर ÷लाभार्थियों की समृद्धि-मोदी की गारंटी÷ का स्टीकर चिपकाकर लाभार्थी के मोबाइल से टोल फ्री नंबर-9638202024 पर मिस काल कराकर 10 वर्ष की मोदी सरकार की लाभकारी योजनाओं का पत्रक देते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का देश की जनता के नाम संदेश पत्र देकर ÷ फिर एक बार मोदी सरकार÷ ÷अबकी बार 400 पार÷ तथा ÷अबकी बार रायबरेली भी पार÷ का संकल्प लेकर उनके साथ सेल्फी फोटो लेकर सरल एप और नमों एप पर डालकर संपर्क अभियान को करना है।षुक्रवार से प्रारंभ हुए लाभार्थी संपर्क विशेष अभियान में घर-घर लाभार्थियों के दौरान भाजपा नगर पूर्वी मंडल के अध्यक्ष अभिषेक वर्मा,मण्डल महामंत्री अजय सिंह÷सोनू÷,मण्डल मंत्री अनुराग वर्मा, बूथ नं0-197 कप्तान पुरवा के अध्यक्ष श्री बाबूलाल यादव,जितेन्द्र चैधरी सहित बूथ समिति के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल थे।

# नि:शुल्क आँख का विशाल मेगा कैम्प आयोजित



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सलोन।** इन्दिरा गाँधी नेत्र चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र मुंशीगंज अमेठी के तत्वाधान में सलोन कस्बे के मानिकपुर रोड स्थित सोनार घर में निशुल्क आँख का विशाल मेगा कैम्प का आयोजन किया गया।क्षेत्र के दूर दराज से आये कुल 275 नेत्र रोगियों का कुशल चिकित्सको द्वारा नेत्र परीक्षण किया गया।शिविर में 98 मोतियाबिंद नेत्र रोगियों को इंदिरा गांधी नेत्र चिकित्सालय लखनऊ आने के लिये सलाह दी गयी।जंहा पर मोतियाबिंद के मरीजों का नि:शुल्क ऑपरेशन किया जायेगा।कैम्प के आयोजक चन्द्र शेखर रस्तोगी ने बताया कि नेत्र शिविर के माध्यम से गरीब व असहाय लोगो की मदद करना हमारा परम् धर्म व कर्तव्य है।इस कैम्प का आयोजन विगत दो दशक से आयोजित किया जा रहा है।इस मौके पर नेत्र सर्जन डा0 दीप पाठक, टीम संचालक कल्पनाथ यादव, प्रीती, हेमा सोनी, नीलम, पूजा, बृजबाला, अंकिता व शिवम रस्तोगी, नीटू रस्तोगी समेत नेत्र चिकित्सालय की टीम मौजूद रही।

# अज्ञात लोगों पर महिला को घायल करने का मुकदमा दर्ज

**लोकमित्र ब्यूरो**

**महराजगंज रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के हलोर कस्बे में फल खरीद रही एक महिला को दो पहिया मोटरसाइकिल सवार अज्ञात लोगों द्वारा 28 फरवरी को टक्कर मार देने से महिला को गंभीर मात्रा में चोटहिल हो जाने के मामले में महिला की तहरीर पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में वादिनी रामपति पत्नी संतलाल निवासी अकबरगंज मजरे अलीपुर थाना शिवगढ़ जनपद रायबरेली के द्वारा कहां गया है कि दिनांक 28 फरवरी को हलोर कस्बे में फल खरीद रही थी तभी तेज रफ्तार में आ रही दो पहिया मोटरसाइकिल संख्या यूपी 33 न 9781 से जोरदार टक्कर मार दी जिससे मुझे गंभीर चोटे आई हैं तथा आनंन फानन उपचार करने हेतु अस्पताल चली गई थी तथा अब लौट कर आई हूं और मुझे गंभीर चोटें आई थी जिसमें कोतवाली पुलिस में वादिनी रामपति पत्नी संतलाल की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध धारा 279 337 व 338 में मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना शुरू कर दी है

# प्रयागराज में प्रतिदिन आयोजित ग्रामीण रोजगार मेलों से मिली 3657 युवाओं को नौकरी

## कौशल विकास मिशन के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय प्रतिदिन आयोजित रोजगार मेलों का पहला चरण संपन्न

### ग्रामीण क्षेत्र में युवाओं को रोजगार से जोड़ रही है योगी सरकार




**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए योगी सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए प्रदेश की योगी सरकार द्वारा आयोजित वृहद रोजगार मेले रोजगार का जरिया बन रहे हैं। इसके अतिरिक्त कौशल विकास मिशन के अंतर्गत ब्लॉक स्तर पर आयोजित हो रहे रोजगार मेलों से ग्रामीण इलाकों के बेरोजगार युवाओं को भी बड़ी संख्या में रोजगार मिल रहा था। कौशल विकास मिशन के अंतर्गत ग्रामीण इलाकों में प्रतिदिन रोजगार मेलों का आयोजन प्रयागराज में युवाओं के लिए रोजगार का बड़ा जरिया साबित हो रहे हैं।

प्रयागराज में शहरी क्षेत्रों में बेरोजगार युवाओं को नौकरी के अवसर उपलब्ध कराने के लिए सेवायोजन विभाग से वृहद रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है। शहरी क्षेत्र के अलावा ग्रामीण क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं के लिए भी प्रदेश की योगी सरकार विकास खंड स्तर पर रोजगार मेलों का आयोजन कर रही है। उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना कौशल विकास मिशन के अंतर्गत दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के अंतर्गत प्रतिदिन रोजगार मेलों के आयोजन से बड़ी कामयाबी मिली है। जिला कौशल प्रबंधक अभिषेक शुक्ला के मुताबिक ग्रामीण क्षेत्रों में रोजाना आयोजित रोजगार मेलों के पहले चरण में 3657 युवाओं को नौकरी मिली है। फरवरी माह में जिले में इसके लिए 21 रोजगार मेलों का प्रतिदिन आयोजन किया गया। इसमें 29 कंपनियों ने हिस्सा लिया। विकास खंड स्तर पर आयोजित इन रोजगार मेलों में 6591 ग्रामीण युवाओं ने प्रतिभाग किया जिसमे 3657 युवाओं को नौकरी दी गई है।

### दूसरे चरण की शुरुआत की तैयारी

**प्रयागराज।** इसके प्रथम चरण के समापन के बाद अब दूसरे चरण की शुरुआत की तैयारी चल रही है। जिला कौशल विकास मिशन प्रबंधक के अनुसार इसके लिए गठित जिला रोजगार समिति की अगले हफ्ते बैठक के बाद मार्च के महीने में ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिदिन आयोजित वाले रोजगार मेलों के दूसरे चरण की शुरुआत हो जाएगी।

## माघ मेला के लिए निकला वृद्ध 15 दिन बाद भी घर नहीं लौटा



**उतराव,प्रयागराज।** उतराव थाना क्षेत्र की कोड़ीपुर गांव से एक वृद्ध माघ मेला के लिए निकला था जो आज 15 दिन बीत चुके हैं लेकिन घर नहीं लौट सका। कोड़ीपुर थाना उतराव निवासी लाल चंद्र गौड़ जिनकी उम्र लगभग 55 वर्ष है जो 15 दिन पूर्व वह घर पर बता कर माघ मेले के लिए निकला था लेकिन आज 15 दिन बीत चुके हैं घर नहीं लौटा। परिजन बताते हैं कि सभी रिश्तेदारी, नातेदारी हर जगह खोजबीन की गई, लेकिन आज तक कोई पता नहीं चला। परिजनों ने थाना उतराव में लिखित तहरीर देकर गुमशुदगी लिखे जाने की मांग की। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## एसपी यमुनानगर ने कोरांव थाने का औचक निरीक्षण कर दिया आवश्यक निर्देश



**कोरांव(प्रयागराज)।** कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने और फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई अमल में लाए जाने हेतु शुक्रवार को एसपी यमुनानगर श्रद्धा नरेन्द्र पाण्डेय ने यमुनानगर के तमाम थानों का औचक निरीक्षण किया। कोरांव थाने पर एसपी यमुनानगर के पहुंचते ही कर्मचारियों में अफरातफरी मच गई और व्यवस्थाओं को व्यवस्थित करने में जुट गए। एसपी यमुनानगर श्रद्धा नरेन्द्र पाण्डेय द्वारा प्रभारी निरीक्षक कोरांव राकेश कुमार भारती की मौजूदगी में थाने की व्यवस्थाओं का जायजा लिया जहां पर कमोवेश सब कुछ ठीक पाया गया। एसपी द्वारा कार्यालय कक्ष , कम्प्यूटर कक्ष , बंदीगृह , भोजनालय समेत कई अन्य व्यवस्थाओं को देखा गया। कार्यालय के अभिलेखों की गहन जांच की गई जहां पर एसपी श्रद्धा नरेन्द्र पाण्डेय संतुष्ट देखी गई। थाना परिसर में नव निर्मित मंदिर का अवलोकन व दर्शन कर उन्होंने सराहना की। निरीक्षण के दौरान कतिपय छोटे छोटे पहलुओं को लेकर एसपी यमुनानगर द्वारा प्रभारी निरीक्षक राकेश भारती को आवश्यक निर्देश दिया गया। कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने और फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से लेने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाए। अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने हेतु पुलिस अपने दायित्वों का बखूबी निर्वहन करे। इस अवसर पर उक्त के अलावा थाने पर तैनात तमाम पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## शुआट्स वैज्ञानिकों की सलाह, 3-5 मार्च को वर्षा के आसार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**नैनी(प्रयागराज)।** सैम हिग्गिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय (शुआट्स) में चल रहे ग्रामीण कृषि मौसम सेवान्तर्गत भारत सरकार से प्राप्त पूर्वानुमान के अनुसार वैज्ञानिकों ने 3-5 मार्च को वर्षा को आसार जताते हुए कृषकों को सलाह दी है कि चना व मटर में फलीबेधक कीट व अर्धकुण्डलीकार कीट के नियंत्रण हेतु बैसिलस यूरिनजिएन्सिस (बी.टी) की कर्स्ट्की प्रजाति 1.0 किग्रा अथवा एजाडिरैक्टिन 0.03 प्रतिशत अथवा डब्लू.एस.पी. 2.5-3.0 किग्रा. अथवा एन.पी.बी. ऑफ हेल्को वरपा आर्मीजेरा 2 प्रतिशत ए.एस. 250-300 मिली. को 500-600 लीटर पानी में घोलकर प्रति हेक्टेयर छिड़काव करें। मक्का की संकुल किस्मों यथा नवीन, नवजोत, कंचन, श्वेता, आजाद उत्तम, गौरव, प्रताप कंचन-2 तथा संकर किस्मों यथा पूसा अगेती संकर मक्का-2, जे.एच.-3459, मालवीय संकर मक्का-2, एन.एम. एच. 920, 803, एल.जी.-32-81, सी.ओ.एच.(एम)-8, पी.ए.सी.-751, डक्कन-115 तथा पी.ए.सी.-740 व हरे भुट्टे के लिये संकुल किस्मों यथा माधुरी, प्रिया, विन आरेंज तथा शिशु मक्का की किस्मों आजाद कमल, प्रकाश पूसा संकर अगेती मक्का-2, एच. एम.-4 की बुवाई करें।

जिस खेत में गन्ने की बुवाई की जानी है, उसका मृदा परीक्षण अवश्य करा लें। मृदा उपचार हेतु 10 किग्रा. ट्राइकोडर्मा को 2-3 कु. सड़ी खाद में मिलाकर अंतिम जुताई के समय प्रयोग करें।

जुलाई से सितम्बर के मध्य लगाये गये आम, अमरूद, नींबू आदि के नवीन बागों में जो पौधे किन्हीं कारणवश मर गये हो उनके स्थान पर नये पौधे लगायें। खुरपका एवं मुंहपका बीमारी (एफ. एम.डी.) का टीकाकरण कराया जा रहा है, यह सुविधा पशुचिकित्सालयों पर निःशुल्क उपलब्ध है। पशुओं को संतुलित आहार के साथ खनिज मिश्रण अवश्य खिलायें एवं नमक तथा गुड़ का घोल बनाकर खिलायें। तालाब में संचित मत्स्य के पोषण हेतु रासायनिक उर्वरकों को मासिक रूप से 74 किग्रा प्रति हेक्टेयर (सुपरफास्ट-25 कि.ग्रा., यूरिया 45 कि.ग्रा., म्यूरेट ऑफ पोटाश-04 कि.ग्रा.) की दर से प्रयोग किया जाय।

## नाली निर्माण न होने से लोगों में आक्रोश



**लेड़ियारी(प्रयागराज)।** स्टेट राजमार्ग कैथवल की नाली का नाली निर्माण नहीं होने से लोगों ने पीडब्ल्यूडी के प्रति आक्रोश जाहिर करते हुए प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है । दो दशक पूर्व सड़क चौड़ीकरण के नाम पर पीडब्ल्यूडी ने नाली ध्वस्त कर दिया था । इससे घरों का पानी ध्वस्त नालियों से निकलते समय ओवर फ्लो होकर सड़क पर फैल रहा है । बारिश के मौसम में स्थिति और खराब हो जाती है । कैथवल गांव के लोग दो दशक से नाली निर्माण की बाट जोह रहे हैं । व्यापारियों ने बताया कि पीडब्ल्यूडी द्वारा नाली निर्माण नहीं होने की जानकारी मिली है । सुनील कुमार सिंह, विवेक तिवारी, राम बाबू केशरी, राजेन्द्र प्रसाद केशरी, सुधीर कुमार कुशवाहा, राम जी केशरी, हरिपाल सिंह चंदेल आदि लोगों ने कहा कि नाली न बनने से पानी के सड़क पर फैलने से व्यापार प्रभावित हो रहा है । और दुर्गंध उठ रही है । वहीं शाम ढलते ही मच्छरों के प्रकोप रहना सोना नामुमकिन है। पीडब्ल्यूडी के मेठ चंदन श्रीवास्तव ने कहा कि विभाग घरों का नाली निकासी के लिए नाली निर्माण नहीं कराता है । वह केवल सड़क का पानी निकासी के लिए ही सड़क निर्माण कराता है । कैथवल स्टेट राजमार्ग की नाली निर्माण में प्रस्तावित नहीं है ।ग्रामीणों ने जिलाधिकारी का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए कैथवल स्टेट राजमार्ग पर नाली निर्माण कराएं जाने की मांग की है।

## आक्सीजन प्लांट की घोषणा बनी हवा हवाई

**लेड़ियारी(प्रयागराज)।** विधायक कोरांव राम मणि कोल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव में आक्सीजन की कमी नहीं हो और महामारी जैसे बीमारी से निपटने के आक्सीजन प्लांट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अपने मद से लगवाएं जाने की घोषणा की थी। किन्तु तीन साल बीतने के वावजूद अभी तक आक्सीजन प्लांट की स्थापना नहीं हो सका , जिससे समस्या बनी हुई है । कोरांव विधायक का वादा कर भूल गए ।बताया जाता है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोरांव लगभग दस लाख से ज्यादा आबादी हैं । तो निश्चित ही आने वाले समय में क्षेत्र की जनता को ऑक्सीजन की समय पर पूर्ति हो जाती । वहीं इस सम्बन्ध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव के अधीक्षक सलीम अख्तर खान बात करने पर बताया गया कि अभी तक आक्सीजन प्लांट की स्थापना नहीं हो सकी है। साथ ही उन्होंने ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्थित सरकारी हैण्ड पम्प पूरी तरह से खराब हो गए हैं । जिससे दूर - दराज से आते मरीजों को दूषित पेय जल पीने से विवश होना पड़ता है। खंड विकास अधिकारी को कई बार लिखित व मौखिक रूप से रिबोर कराएं जाने के लिए लिखा गया । किन्तु कोई अभी तक समस्याओं का निदान नहीं हुई। जिससे आने जाने वाले मरीजों को दूषित जल पीना पड़ रहा है जो बीमारी फैला रहीं हैं। इतना ही केंद्र परिसर में हाईमास्क नहीं होने के कारण से अंधेरे के चलते रात्रि में आकस्मिक इलाज के दौरान काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। जिलाधिकारी का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव के जीर्णोद्धार कराये जाने की मांग की है।

## स्मार्ट फोन वितरण 6 मार्च को

**नैनी(प्रयागराज)।** आगामी 6 मार्च को हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नैनी प्रयागराज के सत्र 2021-22 एवं 2022-23 में संस्थागत रूप से पंजीकृत छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरण का कार्यक्रम संपन्न होगा उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय महापौर प्रयागराज श्री गणेश चंद्र केसरवानी होंगे। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0ओम प्रकाश के अनुसार स्मार्टफोन वितरण के उक्त कार्यक्रम से संबंधित छात्र छात्राएं महाविद्यालय कार्यालय में दिनांक 4 मार्च 2024 को 11ः00 से 2ः00 के बीच आधार कार्ड,स्नातक अंतिम वर्ष के अंक पत्र की मूल प्रति एवं पासपोर्ट साइज के वर्तमान फोटोग्राफ के साथ उपस्थित होकर अपनी उपलब्धता को सुनिश्चित करते हुए स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम के लाभार्थी बने।

## अपना दल (ब) का जिला कार्यकर्ता सम्मेलन 10 मार्च को

**फूलपुर ,प्रयागराज।** अपना दल (ब) के तत्वाधान में जिला कार्यकर्ता सम्मेलन आगामी 10 मार्च दोपहर 12 बजे से अल्वी गर्ल्स डिग्री कॉलेज चकअबू सईद उर्फ पूरे मियां परासिनपुर फूलपुर में होना सुनिश्चित हुआ है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धर्मराज पटेल एवं विशिष्ट अतिथि डॉक्टर रविंद्र नाथ द्विवेदी, चंद्र प्रताप पटेल एडवोकेट, इंद्रजीत पटेल आदि की गरिमा मयी उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न होगा। उक्त जानकारी राजेंद्र कुमार पाल द्वारा प्राप्त हुई।

## प्रधान के खिलाफ ग्रामीणों ने खण्ड विकास अधिकारी को दिया ज्ञापन




**नारीबारी (प्रयागराज)।** विकास खण्ड शंकरगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरा द्वारा बड़े पैमाने पर उत्तर प्रदेश सरकार की योजनाओं में मनमानी की जा रही हैं जिसकी शिकायत करने ग्रामीण विकास खण्ड शंकरगढ़ पहुंचे और खण्ड विकास अधिकारी राम विलाश राय को ज्ञापन सौंपकर प्रधान व सचिव द्वारा किए गए कार्यो की जांच की मांग की है,साथ ही ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत में में बड़ी संख्या में अपात्रों को पीएम आवास योजना का लाभ दिया गया है और पात्रों का नाम सूची से हटा दिया गया जिसके चलते कुछ ग्रामीण जो पात्र है प्रधान की उदासीनता के कारण पन्नी तले रहने को मजबूर हो गए हैं जिसकी शिकायत कर ग्रामीणों ने जांच कर उचित कार्यवाही करने की मांग की है। शिकायतकर्ताओं में अमित कुमार पाण्डेय,शुभम पांडे,जगजीवन शाहू,अनिल केवट,जीतू,रवेंद्र, सुशील सेन आदि मौजूद रहे ।

## कलश यात्रा के साथ शुरू हुई श्रीमद भागवत कथा



**नैनी(प्रयागराज)।** परमार्थ परिवार की ओर से शुक्रवार को गंगोत्री नगर स्थित वैष्णव गेस्ट हाउस में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ किया गया। देव प्रतिष्ठा के बाद कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें कलश सिर पर रखकर महिलाएं संकीर्तन करते हुए चल रही थी। इस्कान के संत ढोल मजीरा बजाते हुए हरे कृष्ण हरे कृष्ण का कीर्तन करते हुए आगे बढ़ रहे थे। यात्रा कथास्थल से निकलकर इंदलपुर होते हुए पुनः उसी स्थान पर पहुंचकर समाप्त हो गई। कथा वाचक विदुषी मुरलिका ने कहा कि श्रमद् भागवत कथा के श्रवण मात्र से ही मनुष्य के पाप कटने लगता है। उसे सुख की अनभूति होने लगती है। इस अवसर पर संतोष पांडेय, शारदा प्रसाद पांडेय, अशोक कुमार गुप्ता, सुनील कुमार केसरवानी, राजेश श्रीवास्तव, विजय नाथ मिश्रा, विजय शंकर पांडेय, प्रिंस जायसवाल, सुमित शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

## शुआट्स में क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन



**नैनी(प्रयागराज)।** सैम हिगिनबॉटम यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज (शुआट्स), प्रयागराज में विश्वविद्यालय एथलेटिक्स समिति और शारीरिक शिक्षा विभाग ने शुक्रवार को पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए यूनिवर्सिटी क्रॉस-कंट्री रेस का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत श्री आशीष मेसी के नेतृत्व में प्रार्थना के साथ हुई। एथलेटिक्स समिति के अध्यक्ष और संयुक्त रजिस्ट्रार (प्रशासन) डॉ. सी. जॉन वेस्ले ने दौड़ को हरी झंडी दिखाई। पुरुष वर्ग में, ब्लू हाउस के आकाश कुमार प्रथम स्थान हासिल करके विजयी हुए, उनके बाद पिंक हाउस के शिखर मेस्टन और येलो हाउस के विपुल पांडे क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। महिला वर्ग में, येलो हाउस की शालू सिंह ने असाधारण कौशल का प्रदर्शन करते हुए शीर्ष स्थान का प्राप्त किया, पिंक हाउस की शीतल सिंह और येलो हाउस की शेरोन सुब्बा ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डॉ. सुनीता बी. जॉन, डॉ. विकास, श्री अजय कुमार, श्री आशीष मैसी, श्री अशोक कुमार, डॉ. अचिंत टैरेंस, डॉ. दीप्ति जोशी, श्री फैज़ल और एथलेटिक समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल आयोजन शारीरिक शिक्षा विभाग की सहायक प्रोफेसर एवं खेल प्रभारी डॉ. दीप्ति जोशी द्वारा किया गया।

## सवारियो से भरी आटो अनियंत्रित हो कर पलटी, बच्चा सहित चार लोग घायल



**लोकमित्र ब्यूरो**

**झूंसी , प्रयागराज।** थाना झूंसी के अन्तर्गत रहीमापुर पटेल नगर के बीच शिवानी मोटर्स के सामने सवारी भरी आटो अनियंत्रित हो कर पलट गई। पीछे से आ रही दूसरी आटो ब्रेक लगाने से अनियंत्रित होकर भी पलट गयी। जिसमें दुधमुंहे बच्चे सहित चार लोग घायल हो गए।

बताया जाता है कि सहसो गोल चौराहे से सवारी भरकर ऑटो चालक चला। रहीमापुर - पटेल नगर के मध्य शिवानी मोटर्स के सामने आटो अनियंत्रित होकर पलट गई ।

जिसमें अर्चना यादव 20 वर्ष पुत्री संकटा प्रसाद यादव जो बोर्ड की परीक्षा देकर चमनगंज उस्तापुर जा रही थी, चेहरे पर गंभीर चोटे आयी। प्रतापपुर की रहने वाली बबली 30 वर्ष पत्नी विवेक और उनका पुत्र विवान डेढ़ वर्ष जो की बबली की गोद में था। विवान के सिर में चोट लगी, हादसे में उसका पति विवेक को भी सर में चोट आई। तीनों प्रतापपुर से कानपुर के लिए जा रहे थे। शोरगुल की आवाज सुन आसपास के लोग दौड़कर ऑटो को उठाया और घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना मिलने पर झूसी पुलिस मौके पर पहुंची और ऑटो को कब्जे में लेकर थाने ले गई । जबकि मौका पाकर ऑटो चालक वहा से फरार हो गया। लोगों का कहना है कि ऑटो चालक नशे में था, जिसके चलते ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गई।

## थाने गेट पर दिनभर लगता है जाम



**लोकमित्र ब्यूरो**

**फूलपुर ,प्रयागराज।** फूलपुर थाने के सामने मुख्य मार्ग पर नित्य बसों अप्पे तथा अन्य प्राइवेट वाहनों द्वारा खड़ी करके सवारी भरने के कारण दिनभर जाम की स्थिति रहती है। पटरियों पर ठेले वाले तथा अप्पे वालों द्वारा सवारियां भरने के कारण दो पहिया वाहनों का निकलना दुश्वार हो जाता है। यही थाने से पुलिस जीप तथा एसीपी का वाहन आता जाता है। परंतु यह वाहन चालक बेखौफ वाहन खड़ा करते हैं। आम जन मसोस कर रह जाते हैं। ये ठेले वाले अप्पे वाले हर समय अपने वाहनों में सवारियां भरते नजर आते हैं। यही हाल है तहसील के सामने बालिका विद्यालय से लेकर पुराने डाकघर तक का है।

## एच टी लाईन से लाइनमैन की मौत, मचा कोहराम

**लोकमित्र ब्यूरो**

**फूलपुर ,प्रयागराज।** ढोकरी गांव सिकंदरा रोड के किनारे स्थित 220 के बी ए विद्युत उपस्थान पर बकराबाद थाना मऊआइमा निवासी पारस नाथ पटेल लाईन मैन पद पर कार्यरत था। विगत 25 फरवरी को उपकेंद्र में नियुक्त जे ई राजेश गुप्ता ने लाईन मैन पारस नाथ पटेल को बुलाकर उपकेंद्र के ट्रांसफार्मर में आई खराबी को ठीक करने हेतु ट्रांसफार्मर पर चढ़ा दिया। बिना शट डाऊन के ट्रांसफार्मर पर चढ़ते ही वह करंट की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गया। जिसे आनन-फानन में जिला अस्पताल भेजा गया। जहां इलाज के दौरान शुक्रवार को मौत हो गई। इस घटना से जहां विद्युत कर्मियों में हड़कंप मचा है। वहीं मृतक लाईनमैन के परिवार में कोहराम मच गया है। उसका शव पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेजा गया है। जहां से शुक्रवार शाम तक उसका शव गांव पहुंचने की बात बताई गई। मृतक की बेटी अंजली पटेल ने फूलपुर थाने में घटना की तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।

## थरवई थाने के सामने खड़े वाहनों से राहगीरों को परेशानी

**थरवई।** थरवई थाने के ठीक सामने जीटी रोड पर आधा दर्जन ट्रक जिसमें बालू लदा हुआ है रास्ते में खड़ी होने के कारण आवागमन में राहगिरो को घोर परेशानी हो रही है। बताते चलें कि थाने के ठीक सामने खड़ी इन ट्रकों मे लदे अवैध बालू को ट्रक समेत पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने अनियमितता पर 4 वर्ष पहले सीज कर दिया गया है। सीज़ ट्रक जीटी रोड पर खड़ी होने के कारण कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। क्षेत्रीय लोगों ने पुलिस प्रशासन के अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए मुख्य मार्ग पर खड़ी ट्रैकों को अन्यत्र शिफ्ट करने की मांग की गई है।

## मरीजों की सेवा से बढ़कर अन्य कोई सेवा नहीं है- डॉ0 एसपी तिवारी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**थरवई , प्रयागराज।** अवध चिकित्सालय फाफामऊ में शुक्रवार को स्वास्थ्य गोष्ठी का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ एस पी तिवारी ने कहा कि बदलते मौसम में स्वस्थ रहने के लिए सभी को और अधिक सतर्क रहने की जरूरत है, वर्तमान समय में सुबह-शाम सर्द हवाएं चल रही हैं इसलिए गरम कपड़ा जरूर पहनें। संयमित जीवन खानपान से लोग स्वस्थ रहते हैं, वृद्ध व्यक्तियों को समय से रात को भरपूर नींद लेनी चाहिए। सुबह अभी ठंड मौसम है सावधानी बरते इस अवसर पर सैकड़ो लोगों को निशुल्क



परामर्श दवाए उपलब्ध कराया गया। इस मौके पर डॉ ऋषिकेश तिवारी, डॉ आशुतोष त्रिपाठी, डॉ वेपल त्रिपाठी, डॉ एम एम मिश्रा, डॉ मनीष, डॉक्टर पंकज द्विवेदी, डॉक्टर बृजेश पटेल ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## बाइक सवार युवक को कार ने रौंदा, मौत

### निमंत्रण से लौटकर जा रहा था घर, ब्लॉक चौराहे पर घटी घटना, मचा कोहराम

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मऊआइमा (प्रयागराज)।** निमंत्रण से घर जाते समय बाइक सवार युवक को अज्ञात कार ने जोरदार टक्कर मार दी। इससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घर में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम महमदपुर मंगनापुर निवासी अनिल कुमार (38) पुत्र बिन्द्र देव मऊआइमा ब्लाक बाजार में ठेले पर चाय नाश्ता की दुकान लगाता था और इम्पीरियल स्कूल में चौकीदारी भी


मृतक अनिल कुमार की फाइल फोटो

करता था। देर शाम अनिल कुमार महमदपुर सराय अली निवासी संजय के बहन की शादी में निमंत्रण करके मध्य रात्रि को घर जा रहा था। बताते हैं कि जैसे वह मऊआइमा ब्लाक चौराहा पर मध्य रात्रि को पहुंचा बाइक में हाईवे पर जा रही कार ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे मौके पर अनिल कुमार की मौत हो गई। मृतक के भाई सुधीर कुमार ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मृतक चार भाईयों में सबसे बडा था।उसकी पत्नी रीता देवी, पुत्र विशाल (18), विकास (16), पुत्री अंजू देवी (13) का रो रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सीसी टीवी कैमरे की मदद से कार के नम्बर की तलाश की जा रही है।

# ईपीएफ के अंतिम निपटान को बड़े स्तर पर खारिज किए जाने पर भड़की कांग्रेस, कहा- पिछले 10 साल अन्याय काल के

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कर्मचारी भविष्य निधि (पीएफ) के अंतिम निपटान को खारिज किए जाने की दर में कथित वृद्धि को लेकर शुक्रवार को सरकार की आलोचना की। उन्होंने दावा किया पिछले 10 साल अन्याय काल के रहे हैं, जिसकी वजह से किसी भी समुदाय को उसका पूरा हक नहीं मिल सका है।



### ईपीएफ अंतिम निपटान की अस्वीकृति दर 13 फीसदी बढ़ी

कांग्रेस महासचिव प्रभारी संचार जयराम रमेश ने एक्स पर एक मीडिया रिपोर्ट साझा की, जिसमें दावा किया गया है कि ईपीएफ अंतिम निपटान की अस्वीकृति दर 2017-18 में लगभग 13 फीसदी से बढ़कर 2022-23 में लगभग 34 फीसदी हो गई है।

### महिलाएं नौकरी से बाहर हो गईं

उन्होंने कहा कि पिछले साल के अन्याय काल को इससे समझा जा सकता है कि इसमें किसी भी समुदाय को उसका पूरा हक नहीं मिला है। महिलाएं नौकरी से बाहर हो गई हैं। युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है। किसान अपने फसल की पर्याप्त कीमतें पाने में असमर्थ हैं।

### अपनी मेहनत की कमाई पाने में असमर्थ

उन्होंने आगे कहा, यहां तक कि श्रमिक, जो मजदूरी करके अपना जीवन यापन करते हैं, अपनी मेहनत की कमाई पाने में असमर्थ हैं। ईपीएफओ भारत के श्रमिकों के लिए भविष्य निधि का प्रबंध करने वाला सरकारी संगठन है। इसमें भविष्य निधि (पीएफ) क्लेम के अंतिम निपटान के लिए अस्वीकृति की दरों में काफी वृद्धि देखी है।

### कामकाजी परिवारों के मुंह पर तमाचा मारने जैसा

जयराम रमेश ने कहा कि अभी पीएफ के अंतिम निपटान के लिए लगभग तीन में से एक क्लेम खारिज कर दिए गए हैं। यानी अस्वीकृति दर 2017-18 में 13 फीसदी से अधिक है। खारिज होने वाला हर क्लेम कामकाजी परिवारों के मुंह पर तमाचा मारने जैसा है। यह साधारण और गरीब परिवारों के लिए अत्यधिक तनाव और पीड़ा का कारण बन रहा है।

### सेवानिवृत्त कर्मचारी को तो आत्महत्या...

उन्होंने कहा कि क्लेम्स को प्रोसेस करने के लिए ऑनलाइन प्रणाली का लागू किया जाना बड़े पैमाने पर इनके खारिज होने का प्रमुख कारण हैं। ईपीएफओ की असंवेदनशील और नौकरशाही से भरी नीतियों के कारण कम से कम एक सेवानिवृत्त कर्मचारी को तो आत्महत्या करने के लिए मजबूर होना पड़ा है।

## केरल में वेटरनरी छात्र की मौत के मामले में दो और गिरफ्तार, राज्य मंत्री ने की मृतक के परिजन से मुलाकात

**वायनाड।** केरल वेटरनरी एंड एनिमल साइंसेज यूनिवर्सिटी के एक छात्र की हाल ही में हुई मौत के मामले में पुलिस ने दो और लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की तरफ से दवाब बनाने के बाद दोनों ने सरेंडर किया। एक अधिकारी ने बताया कि उनके अलावा एक तीसरे आरोपी को कल कोल्लम जिले से पकड़ा गया है। उसे फिलहाल कस्टडी में रखा गया है।

अधिकारी ने बताया कि तीसरे आरोपी की गिरफ्तारी अभी तक दर्ज नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि ये तीनों ही इस मामले के 12 मुख्य आरोपियों में से एक हैं। अबतक इस मामले में नौ छात्रों की गिरफ्तारी हो चुकी है। बता दें कि 18 फरवरी को 20 वर्षीय बैचलर ऑफ वेटरनरी एंड एनिमल हस्बेंडरी के द्वितीय वर्ष के छात्र सिद्धार्थन का शव होस्टल के बाथरूम में लटका पाया गया था।

राज्य के खाद्य आपूर्ति मंत्री जीआर अनिल ने आज पीड़ित के परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने मीडिया को बताया कि सरकार इस मामले को गंभीरता से देख रही है और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस मामले से जुड़े कॉलेज के अधिकारियों पर भी कार्रवाई की जाएगी। खाद्य आपूर्ति मंत्री ने कहा, 'यह राजनीतिक मुद्दा नहीं है।'

कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल और युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राहुल मम्कूटथिल ने भी पीड़ित के परिजनों से मुलाकात की। परिजनों से मिलने के बाद वेणुगोपाल ने कहा, 'यह स्पष्ट रूप से हत्या का मामला है।' उन्होंने सवाल किया कि कॉलेज अधिकारी ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए क्या कर रहे हैं। वेणुगोपाल ने केरल के मुख्यमंत्री पिनरई विजयन पर एसएफआई को आपराधिक संगठन में बदलने का भी आरोप लगाया।

### मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन

बता दें कि सीएम विजयन ने इस मामले की जांच के लिए विशेष जांच दल का गठन करने के निर्देश दिए हैं। बुधवार को 18 में से छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। हालांकि, वे उन 12 मुख्य आरोपियों में शामिल नहीं थे। सिद्धार्थन की मौत ने राज्य में राजनीतिक विवाद खड़ा कर दिया है। भाजपा ने राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी सीपीआई(एम) की छात्र इकाई (एसएफआई) पर हत्या का आरोप लगाया है। हालांकि, एसएफआई ने इन आरोपों को खारिज कर दिया है। पीड़ित के परिवार ने कहा कि कॉलेज के कुछ छात्रों ने उन्हें बताया कि एसएफआई नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उसकी पीट-पीटकर हत्या कर दी।

## वन रैंक, वन पेंशन पर मची रार, रकम पर भ्रम बरकरार, डिसेबिलिटी पेंशन के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट गई सरकार!

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव से पहले, कांग्रेस पार्टी के पूर्व सैनिक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्नल रोहित चौधरी ने वन रैंक, वन पेंशन और पुरानी डिसेबिलिटी पेंशन को लेकर बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की है कि यूपीए सरकार द्वारा पास की गई वन रैंक, वन पेंशन स्कीम और पुरानी डिसेबिलिटी पेंशन को लागू करे। पूर्व सैनिकों के इलाज के लिए मेडिकल स्कीम के छह हजार करोड़ रुपये जारी किए जाएं। बतौर कर्नल चौधरी, रक्षा मंत्रालय की 23 दिसंबर, 2022 के प्रेजेंटेशन में कहा गया था कि वन रैंक, वन पेंशन के लिए 23,000 करोड़ रुपये निर्धारित हैं। अक्तूबर 2023 में राजस्थान चुनाव के दौरान झुंझुनू की रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बताया कि 70,000 करोड़ रुपये दिए जा चुके हैं। कुछ दिन पहले हरियाणा के रेवाड़ी में हुई एक रैली के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, वन रैंक, वन पेंशन के लिए एक लाख करोड़ रुपये से ज्यादा रकम दी जा चुकी है।

कांग्रेस के पूर्व सैनिक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा सैनिकों और पूर्व सैनिकों के समर्थन में मोदी सरकार के समक्ष कई मांगें रखी गई हैं। कर्नल रोहित चौधरी के मुताबिक, यूपीए सरकार द्वारा पास की गई वन रैंक, वन पेंशन स्कीम एवं पुरानी डिसेबिलिटी पेंशन को लागू करने और पूर्व सैनिकों के इलाज के लिए मेडिकल स्कीम के छह हजार करोड़ रुपये, अविलंब जारी किए जाएं। कांग्रेस की एक ही मांग वन रैंक, वन पेंशन स्कीम है, जिसे यूपीए सरकार ने दोनों सदनों में पास किया था। वर्ष 2014 में वन रैंक, वन पेंशन के लिए पूरा मसौदा तैयार किया गया था। वन रैंक, वन पेंशन पर कुल खर्च 8,300 करोड़ रुपये आना था। मोदी सरकार द्वारा 2015 में इसे लागू किया गया, मगर इसके कई पहलू हटा दिए गए।

### 23,000 करोड़ रुपये निर्धारित हैं

चौधरी के अनुसार, कुल 5,300 करोड़ रुपे का खर्च पास किया गया। ओआरओपी-2 आने के बाद यह राशि 23 हजार करोड़ रुपये होनी चाहिए थी। रक्षा मंत्रालय की 23 दिसंबर, 2022 की प्रेजेंटेशन में कहा गया कि वन रैंक, वन पेंशन के लिए 23,000 करोड़ रुपये निर्धारित हैं। उसके बाद अक्तूबर 2023 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, इस बाबत 70,000 करोड़ रुपये दिए जा चुके हैं। पिछले दिनों रेवाड़ी में प्रधानमंत्री ने कहा, एक लाख करोड़ से ज्यादा की राशि जारी की जा चुकी है। दूसरी तरफ, रोहित चौधरी कहते हैं कि अभी तक कुल 23 हजार करोड़ रुपये ही दिए गए हैं। इस संबंध में प्रधानमंत्री मोदी देश के सामने झूठ बोलना बंद करें। केंद्र सरकार ने पूंजीपतियों का 14 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का कर्ज माफ कर दिया है, लेकिन उसके पास सेना को देने के लिए पैसे नहीं हैं।

### डिसेबिलिटी पेंशन को खत्म किया गया

सभी सैनिक और पूर्व सैनिक, सरकार से नाराज हैं। मोदी सरकार ने ओआरओपी-1 के बाद ओआरओपी-2 के अंदर विसंगतियां पैदा कर दी हैं। जेसीओ जवानों को साढ़े 12 हजार रुपये, हर महीने के हिसाब से कम मिल रहे हैं। मोदी सरकार ने डिसेबिलिटी पेंशन को खत्म कर इसे इम्पेयरमेंट रिलीफ का नाम दे दिया गया। पहले अगर किसी सैनिक को डिसेबिलिटी पेंशन मिलती थी, तो उसके देहांत के बाद परिवार को पेंशन मिलती थी, जो कि इनकम टैक्स के दायरे से भी बाहर थी। अब सैनिक के देहांत के बाद पेंशन में कटौती कर दी जाएगी। जो डिसेबिलिटी पेंशन पहले थी, हमें वही पेंशन चाहिए। डिसेबिलिटी पेंशन, जिस सैनिक को मिल रही थी, उसके खिलाफ रक्षा मंत्रालय सुप्रीम कोर्ट जा रहा है। आम्र्ड फोर्सेज ट्रिब्यूनल ने डिसेबल सैनिकों के हक में जो फैसले किए हैं, उन फैसलों के खिलाफ केंद्र सरकार, सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट जा रही है। सरकार द्वारा पीआईएल दायर की गई है। चौधरी ने कहा, इन्हें तुरंत प्रभाव से वापस लिया जाए। सैनिकों को सम्मान दिया जाए।

## चार मार्च को पेश होगा दिल्ली का बजट, मंत्री आतिशी ने विधानसभा में पेश किया सर्वेक्षण

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में वित्त मंत्री आतिशी ने सर्वेक्षण पेश किया। चार मार्च को दिल्ली का बजट पेश होगा। मंत्री आतिशी ने कहा कि एक साल के दौरान उपराज्यपाल के इशारे पर सभी विभागों का काम रोका गया, इस कारण कई विभागों की सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। खास तौर पर दिल्ली जल बोर्ड और स्वास्थ्य विभाग पर बहुत ज्यादा असर पड़ा है। इसके बावजूद दिल्ली सरकार ने बेहतर कार्य किया। दिल्ली के लोगों की आय में बढ़ोतरी हुई है।



उन्होंने कहा कि उपराज्यपाल भले ही कितना काम रोक लें, मगर केजरीवाल सरकार रुकने वाली नहीं है और वह लगातार बेहतर कार्य कर रही है। देश के सभी राज्यों की तुलना में दिल्ली में सबसे कम महंगाई है, जबकि देश में लगातार महंगाई बढ़ रही है। दिल्ली में बेरोजगारी की दर भी कम हुई है। देश में एकमात्र सरकार दिल्ली सरकारी है, जो मुनाफे में चल रही है, जबकि वह पानी माफ और बिजली हाफ रेट पर दे रही है।

मंत्री आतिशी ने कहा कि दिल्ली सरकार खर्चे से ज्यादा राजस्व प्राप्त कर रही है। आम आदमी पार्टी सरकार बनने से पहले पिछली सरकारों ने कर्ज कर रखा था, वह कर्ज भी आम आदमी पार्टी सरकार ने दे दिया है। 75 प्रतिशत लोगों को मुफ्त पानी मिला है। 65 प्रतिशत लोगों ने मुफ्त में स्वास्थ्य सेवा मिली हैं। दिल्ली के लोगों की प्रति व्यक्ति आय देश की प्रति व्यक्ति आय से 2.5 गुना अधिक है। यह केजरीवाल सरकार का 'करिश्मा' है।

## लोकसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग ने जारी की एडवाइजरी

### कहा- मर्यादा में रहकर करना होगा प्रचार




**नई दिल्ली, एजेंसियां।** देश में आने वाले हफ्तों में होने वाले लोकसभा चुनावों से पहले, भारत निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों और स्टार प्रचारकों से कहा है कि आदर्श आचार संहिता के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष उल्लंघन के मामले में उन्हें कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। अपनी एडवाइजरी में चुनाव आयोग ने पार्टियों, उम्मीदवारों, स्टार प्रचारकों से जाति, धर्म, भाषा के आधार पर अपील नहीं करने का आग्रह किया है। आयोग ने पार्टियों और नेताओं से कहा है कि वे बिना तथ्यात्मक आधार वाले बयान न दें और मतदाताओं को गुमराह न करें।

**प्रमुख सलाह**

- चुनाव आयोग ने पार्टियों से मर्यादा और अत्यधिक संयम बनाए रखने, चुनाव अभियान के स्तर को मुद्दा-आधारित बहस तक बढ़ाने को कहा।
- पूर्व में नोटिस प्राप्त कर चुके स्टार प्रचारकों, उम्मीदवारों को दोबारा आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।
- सोशल मीडिया पर प्रतिद्वंद्वियों की निंदा या अपमान करने वाले पोस्ट, खराब स्वाद वाले या गरिमा से नीचे के पोस्ट साझा नहीं किए जाने चाहिए।
- ऐसी बातें न कही जाएं, जिनमें भक्त-देवता संबंधों का उपहास हो, और न ही दैवीय निंदा की जानी चाहिए।
- लोकसभा चुनाव से पहले, निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक दलों से मर्यादा और अत्यधिक संयम बनाए रखने, चुनाव अभियान के स्तर को मुद्दा-आधारित रखने को कहा।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने निर्वाचन आयोग से आगामी लोकसभा चुनाव के दौरान सभी मतदान केंद्रों पर मतदान प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराने और शहरी इलाकों में विभिन्न आवासीय सोसायटी के परिसरों में भी मतदान केंद्र स्थापित किए जाने की मांग की। एक ज्ञापन में भाजपा ने निर्वाचन आयोग से राजनीतिक दलों की मीडिया सामग्री की अनुमोदन प्रक्रिया में सुधार पर विचार करने का भी आग्रह किया ताकि उन्हें अपने अभियान की योजना बनाने के लिए पर्याप्त समय मिल सके। पार्टी ने आयोग से यह सुनिश्चित करने का भी अनुरोध किया कि चुनाव के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा अपने घरों पर झंडे लगाने और वॉल पेंटिंग बनाने से संबंधित नियम में कोई अस्पष्टता नहीं होनी चाहिए।

## लोकसभा चुनाव से पहले कर्नाटक में उठा जातिगत जनगणना का मामला, सिद्धारमैया को सौंपी गई सर्वे रिपोर्ट

**बंगलूरू।** कर्नाटक में गुरुवार को पेश की गई जातिगत जनगणना रिपोर्ट ने राज्य राजनीतिक विवाद खड़ा कर दिया है। फिलहाल इसका डेटा अभी तक सार्वजनिक नहीं किया गया है। साल 2017 में पिछली सिद्धारमैया सरकार द्वारा जारी सर्वे ने लिंगायत और वोक्कालिगा जातियों के लिए चिंता खड़ी कर दी थी, जो अब अलग होना चाहते हैं।

2017 की सामाजिक आर्थिक सर्वे रिपोर्ट को जयप्रकाश हेगड़े ने गुरुवार को सीएम सिद्धारमैया को सौंपीं। ओबीसी आयोग के अध्यक्ष अपने कार्यालय के आखिरी दिन दोपहर को 2:45 बजे विधानसौधा पहुंचे। उन्होंने मीडिया को संबोधित करने से पहले सीएम सिद्धारमैया से मुलाकात की।

मीडिया से बात करते हुए ओबीसी आयोग के अध्यक्ष ने कहा, ₹हमने रिपोर्ट सौंप दी है। सीएम ने कहा कि वह इसे अगली कैबिनेट में पेश करेंगे और इसपर फैसला लेंगे।



हालांकि, मुख्यमंत्री ने इसपर किसी भी प्रकार की टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है।

सूत्रों और पिछले कुछ दिनों से जारी रिपोर्ट के अनुसार, अनुसूचित जाति को सबसे अधिक आबादी वाला बताया गया है। उनके बाद मुसलमानों को रखा गया है। इसके बाद लिंगायत और फिर वोक्कालिगा को रखा गया है। इस रिपोर्ट पर लिंगायत वोक्कालिगा समूह ने कड़ा विरोध किया। कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार जो खुद वोक्कालिगा जाति से ताल्लुक रखते हैं, ने इससे पहले विरोध जताया था।

### विरोध करने को तैयार भाजपा नेता

कर्नाटक के भाजपा विधायक बसनगौड़ा पाटिल यतनाल ने कहा, 'यह सर्वे वैज्ञानिक नहीं है। इससे लिंगायत और वोक्कालिगा नाराज हैं। हम इसका विरोध करेंगे। हम कांग्रेस सरकार से अनुरोध करेंगे कि वे घर-घर जाकर दोबारा सर्वे करें, जिसके बाद ही हम इसे स्वीकार करेंगे।' कांग्रेस के लिंगायत और वोक्कालिगा नेताओं द्वारा इस सर्वे पर आलोचना किए जाने के बाद सीएम सिद्धारमैया ने बताया कि इसपर पहले कैबिनेट में चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि सर्वे में विसंगतियां होने से इसपर विशेषज्ञों की राय भी ली जाएगी।

कर्नाटक के कानून और संसदीय कार्य मंत्री एचके पाटिल ने कहा, 'मैं इस रिपोर्ट या अपने सहयोगियों के बयान पर कोई टिप्पणी नहीं करूंगा। सबकुछ हमारे द्वारा स्वीकार करने या नहीं करने पर निर्भर करता है। हमें इसे पढ़ने में शायद थोड़ा समय लगे। अभी कुछ भी हो सकता है।' सर्वे के दौरान 1,30,00,000 परिवारों के 5,90,00,000 लोगों से 54 सवाल पूछे गए थे। सर्वे का आदेश पहली बार सीएम सिद्धारमैया ने 2014 में दिया था। इस परियोजना पर 169 करोड़ रुपये खर्च किए गए थे। हालांकि, रिपोर्ट 2017 में तैयार हो गई थी, लेकिन कुछ गलतियों के कारण इसे स्वीकार नहीं किया गया था।

## पहले 92 वर्षीय बुजुर्ग और उसके भाई की हत्या की, फिर कार्रवाई से बचने के लिए दलदल में छिपा आरोपी



**मुंबई।** पालघर जिले के एक गांव में एक व्यक्ति ने कथित तौर पर 92 वर्षीय बुजुर्ग और उनके छोटे भाई की हत्या कर दी। हत्या के बाद कार्रवाई से बचने के लिए वह झील के पास एक दलदल में छिप गया था। हालांकि, पुलिस ने उसे वहां से निकालकर गिरफ्तार किया है।

यह दोहरा हत्याकांड गुरुवार की सुबह करीब साढ़े सात बजे कूदन गांव में हुआ। आरोपी की पहचान किशोर जगन्नाथ मंडल के तौर पर की गई है। इस हत्याकांड के चार घंटे बाद ही पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया था।

### झील के पास दलदल में छिपा आरोपी

मानसिक रूप से बीमार आरोपी ने 92 वर्षीय मुकुंद विठोभा पाटिल और 84 वर्षीय भीमराव पर पहले हमला किया और फिर वहां से फरार हो गया। पुलिस के घटनास्थल पर पहुंचने के बाद दोनों भाइयों के शव को पोस्ट मॉर्टम के लिए भेजा गया। आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस ने ऑपरेशन चलाया और रात के साढ़े 11 बजे उसे को झील के पास एक दलदल से बाहर निकाला गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत मामला दर्ज किया गया है। फिलहाल हत्या के मकसद का पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने बताया कि घटना के दो दिन पहले आरोपी को गांव के बाहर घूमते हुए पाया गया था। मामले की जांच अभी जारी है।

## कुकी उग्रवादियों के साथ हुए शांति समझौते को आदिवासी विधायकों ने बताया पक्षपातपूर्ण, रद्द करने की मांग

**इंफाल।** मणिपुर में शांति समझौते यानी कि सस्पेंशन ऑफ ऑपरेशन को लेकर विरोध बढ़ गया है। यहां के 10 आदिवासी विधायकों ने राज्य विधानसभा द्वारा पारित प्रस्ताव की निंदा की है। उन्होंने प्रस्ताव को पक्षपातपूर्ण बताया। दरअसल, इन विधायकों ने केंद्र से सभी कुकी-जो भूमिगत समूहों के साथ किए गए सस्पेंशन ऑफ ऑपरेशंस (एसओओ) समझौते को रद्द करने का आग्रह किया गया है।

एसओओ समझौते पर केंद्र, मणिपुर सरकार और कुकी उग्रवादी संगठन कुकी नेशनल ऑर्गनाइजेशन (केएनओ) और यूनाइटेड पीपुल्स फ्रंट (यूपीएफ) के दो समूहों ने हस्ताक्षर किए थे। इस समझौते पर साल 2008 में हस्ताक्षर किए गए थे और इसके बाद समय-समय पर इसे बढ़ाया जाता रहा। जिन विधायकों ने



विरोध किया है, उनमें से सात सत्तारूढ़ भाजपा के हैं, दो कुकी पीपुल्स अलायंस (केपीए) के हैं और एक निर्दलीय है। इन लोगों का कहना है कि जब प्रस्ताव पारित किया गया था तब वह विधानसभा में मौजूद नहीं थे। एसओओ समझौते के हिस्से के रूप में एक संयुक्त निगरानी समूह (जेएमजी) का गठन ग्राउंड नियमों के पालन की निगरानी के लिए किया गया था। इस समूह में केंद्र और राज्य सरकार की एजेंसियां, केएनओ और यूपीएफ के प्रतिनिधि शामिल हैं।

### हम जानना चाहते हैं...

विधायकों ने एक बयान जारी किया है। इसमें कहा गया, 'हम जानना चाहते हैं कि क्या सदन द्वारा अपनाया गया प्रस्ताव जेएमजी की किसी रिपोर्ट या टिप्पणियों पर आधारित था? क्योंकि जेएमजी यह निर्धारित करने के लिए एकमात्र आधिकारिक तंत्र है कि जमीनी नियमों का कोई उल्लंघन हुआ है या नहीं।'

### हिंसा के स्तर में कमी आई

एक रिपोर्ट में कहा गया है कि 2008 में जब इस समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे, तब इसे सराहा गया था। मणिपुर, खासकर पहाड़ी जिलों में सुरक्षा परिदृश्य में भारी बदलाव आया है क्योंकि इसके बाद के वर्षों में हिंसा के स्तर में भारी कमी आई है। बयान में कहा गया है, यूएनएलएफ के एक धड़े के साथ शांति समझौते पर हाल ही में हस्ताक्षर की पहल राज्य सरकार ने की थी और मौजूदा हिंसा में इस छोटी सी अवधि के दौरान इस संगठन द्वारा निभाई गई भूमिका के बारे में सभी को पता है।

यूएनएलएफ (पी) पिछले साल 29 नवंबर को इंफाल घाटी में सरकार के साथ संघर्ष विराम समझौता करने वाला पहला मैतेई सशस्त्र समूह बना और हिंसा त्यागने पर सहमत हुआ। हालांकि, आरोप लगाए गए हैं कि समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद इसके कैडर हिंसा में शामिल थे।

### तीन मई को भड़की थी हिंसा

गौरतलब है, राज्य में पिछले साल मई से जातीय संघर्ष में कम से कम 219 लोग मारे जा चुके हैं। अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने की मैतेई समुदाय की मांग के विरोध में पहाड़ी जिलों में 'आदिवासी एकजुटता मार्च' के आयोजन के बाद तीन मई को हिंसा भड़क उठी थी। मणिपुर की आबादी में मैतेई समुदाय की आबादी लगभग 53 प्रतिशत है और ज्यादातर इंफाल घाटी में रहते हैं, जबकि आदिवासी, जिनमें नागा और कुकी शामिल हैं, 40 प्रतिशत हैं और मुख्य रूप से पहाड़ी जिलों में रहते हैं।

## घर गिरने के बाद परिवार के साथ फुटपाथ पर गुजारी दूसरी रात, कहा- अब रात को एक चुनौती के रूप में स्वीकार

**नई दिल्ली।** रैट माइनर वकील हसन ने घर गिरने के बाद फुटपाथ पर रह रहे हैं। घर के बाद वकील हसन और उनके परिवार ने दूसरी रात फुटपाथ पर बिताई। दिल्ली विकास प्राधिकरण ने उन्हें दूसरा घर देने की बात कही, जिसे वकील हसन ने अस्वीकार कर दिया। वकील हसन ने शुक्रवार को कहा, 'मैं और मेरा परिवार खुले में रात गुजार रहे हैं। कुछ स्थानीय लोग हमें भोजन और पानी आदि मुहैया करा रहे हैं। हमने अब रात को एक चुनौती के रूप में स्वीकार कर लिया है।



वकील हसन ने कहा कि परिवार को अब तक सरकार से कोई मदद नहीं मिली है। हसन खनिकों की उस टीम का हिस्सा थे, जिन्होंने पिछले साल नवंबर में उत्तरकाशी की सिल्क्यारा सुरंग के मलबे में मैन्युअल ड्रिलिंग करके फंसे 41 श्रमिकों को बचाया था। पूर्वोत्तर दिल्ली के खजूरी खास स्थित उनके घर को डीडीए ने बुधवार को तोड़फोड़ अभियान में ढहा दिया। उन्होंने गुरुवार को बताया कि डीडीए अधिकारियों ने उनसे कहा था कि उन्हें एक घर मुहैया कराया जाएगा, लेकिन उन्होंने इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया। क्योंकि यह केवल मौखिक आश्वासन था।

बाद में दिन में उन्होंने मांग की कि उनके घर का पुनर्निर्माण उसी जमीन पर किया जाए और उनकी मांग पूरी नहीं होने पर भूख हड़ताल पर जाने की धमकी दी। जबकि हसन का दावा है कि उसके घर को बिना किसी सूचना के ध्वस्त कर दिया गया था। डीडीए ने कहा है कि उसे अपने घर की अतिक्रमण की स्थिति के बारे में पता था, क्योंकि इसे पहले 2016 में हटा दिया गया था और 2017 में भूमि पर फिर से अतिक्रमण किया गया था। डीडीए ने कहा कि एक प्राधिकरण के रूप में अपनी भूमिका में वह अपनी भूमि पर अतिक्रमण या अपने विकास क्षेत्रों में अनधिकृत निर्माण की अनुमति नहीं दे सकता है।

# आवास के सामने सीएचसी अधीक्षक चला रहे अपनी दुकान, लकड़ी के बेंच पर चढ़ा रहे ड्रिप



**लोकमित्र ब्यूरो**

**परसपुर (गोण्डा)।** एक तरफ सरकार करोड़ों रुपए खर्च करके मरीजों की सुविधा के लिए जगह - जगह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उप स्वास्थ्य केन्द्र और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना कर रखा है तो दूसरी तरफ प्रायवेट इलाज का लोकलुभावन सपना दिखाकर सरकारी डाक्टर गरीब मरीजों को इलाज के नाम पर ठगते हुए अपनी कमाई बढ़ाने में लगे हुए हैं। प्राप्त समाचार के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परसपुर में अधीक्षक लवकेश शुक्ला द्वारा धड़ल्ले से अपने आवास पर अस्पताल समय में मरीजों से फीस और दवा का खर्च लेकर इलाज किया जा रहा है। पहले ये काम अधीक्षक के शह पर सेवानिवृत्त फार्मासिस्ट पाठक जी किया करते थे और अधीक्षक डाक्टर शुक्ला को अपनी आमदनी में हिस्सा दिया करते थे। अब उन सारे मरीजों को अधीक्षक डाक्टर लवकेश शुक्ला प्रायवेट देखते हैं। गुरुवार को समय दोपहर करीब दो बजे जब हमारे संवाददाता ने अधीक्षक आवास के सामने लकड़ी के बेंच पर मरीज को ड्रिप लगा हुआ देखा तो वहां मौजूद चिकित्सक सहायक से अधीक्षक डाक्टर लवकेश शुक्ला के बारे में पूछा तो ज्ञात हुआ कि डाक्टर साहब कमरे में हैं। आंफ रिकार्ड जानकारी करने पर ज्ञात हुआ कि वह असिस्टेंट व्यक्तिगत तौर पर डाक्टर लवकेश शुक्ला का असिस्टेंट है। वह अस्पताल कर्मचारी नहीं है। जिससे इस बात कि पुष्टि हुई कि डाक्टर साहब मरीज का प्रायवेट इलाज कर रहे हैं। इसके बाद जब अधीक्षक के कक्ष संख्या तीन में मौजूद डाक्टर आर के वर्मा से अधीक्षक डाक्टर लवकेश शुक्ला के बारे में जानकारी लिया तो उन्होने अधीक्षक का बचाव करते हुए बताया कि जगह के अभाव में शुक्ला जी घर पर ही बैठते हैं।नाम न छापने की शर्त पर अस्पताल के बाहर कुछ लोगों ने बताया कि डाक्टर साहब प्रायवेट देखना ज्यादा पसंद करते हैं। प्रकरण पर अधीक्षक डाक्टर लवकेश शुक्ला से दूरभाष पर बात की गई तो उन्होंने पहले तो कमरा नंबर 03 में बैठना स्वीकार किया परन्तु ये जानने के बाद कि संवाददाता के पास आवास पर बैठने की पूरी जानकारी है, उन्होंने कहा कि लैब व्यवस्थित हो रहा है दो कमरे टूटे हुए हैं इसलिए आवास पर मरीज देखते हैं।मरीज को लकड़ी के बेंच पर ड्रिप लगाने के सवाल पर डाक्टर साहब बोले कि मरीज की इच्छा थी कि उन्हें वहीं बेंच पर ड्रिप लगाया जाय तो हमने मरीज़ की इच्छानुसार वहीं ड्रिप लगा दिया। हम चौराहे पर भी दवा लिख देते हैं। प्रकरण पर जहां सहायक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाक्टर आदित्य वर्मा ने घंटी बजने पर फोन काट दिया वहीं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा रश्मि वर्मा मीटिंग में थीं।

## बाघ ने अब भैंस को बनाया निवाला, नहीं कम हो रही है बाघ की दहशत

**तिकुनिया-खीरी।** खैरेटिया क्षेत्र में बाघ की दहशत बढ़ती जा रही है। मझरा पूरब जंगल के बाघ ने ग्राम खैरटिया निवासी जग्गा सिंह की भैंस को उस समय निवाला बना लिया जब भैंस बाबा कुटी के पास घास चर रही थी। सूचना मिलने पर वन विभाग सक्रिय हो गया है।वन रेंजर भूपेंद्र सिंह ने घटना स्थल का निरीक्षण किया है।

शुक्रवार को करीब 1 बजे गांव खैरेटिया निवासी जग्गा सिंह की भैंस बाबा कुटी के उत्तर दिशा की ओर नाला के पार घास खा रही थी इस बीच बाघ ने पीछे से आकर भैंस को अपना निवाला बना लिया। भैंस के चिल्लाने पर जग्गा सिंह ग्रामीणों के साथ लाठी डंडा लेकर मौके पर दौड़े तब तक बाघ भैंस को मार चुका था। ग्रामीणों की सूचना पर रेंजर भूपेंद्र सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और ग्रामीणों के साथ जंगल में कांबिंग की।ग्रामीणों ने पिंजरा लगाकर बाघ को पकड़ने की मांग की है।

# आपदा मित्रों ने लिया प्रशिक्षण वितरित किये गए प्रमाण पत्र




**लोकमित्र ब्यूरो**

**निघासन-खीरी।** कस्बे में राजस्व आपदा मित्र व आपदा सखियों का प्रशिक्षण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निघासन में संपन्न हुआ जिसमें तकरीबन साठ आपदा मित्र व आपदा सखियों ने प्रतिभाग किया जिनको प्रशिक्षण देते हुए सी एच सी प्रभारी पी के रावत ने मुख्यरूप से सी पी आर क्या होता जिसकी पूर्ण रूप से जानकारी देते हुए सर्पदश से हो रही घटनाओ से निपटने के लिए विशेष रूप से प्रशिक्षित किया इसी क्रम में प्रशिक्षण संम्पन्न होने के बाद प्रमाण पत्र वितरण कर कार्यक्रम को सफल बनाया प्रशिक्षण के दौरान जिला उपाध्यक्ष मंगल सिंह यादव,जिला संगठन महामंत्री रवि तिवारी,जिला मीडिया प्रभारी सुरेश राजपूत, निघासन तहसील अध्यक्ष सचेत कुमार मौर्या, तहसील मीडिया प्रभारी अरविन्द कुमार, कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार, कौशल राज, राजेश राजपूत, कमलेश कुमार, पंकज गुप्ता,गुरु प्रसाद संजय, पप्पू, ओमप्रकाश, करन सिंह, सरदार सिंह, रामसागर, नागेश कुमार, नीरज कुमार, सुखदेव, रामचरन कश्यप आदि आपदा मित्र व सखियां मौजूद रही।

# क्षेत्र को अपराधमुक्त, अवैध खनन व अवैध कटान मुक्त करना मेरी प्राथमिकता : अमित सिंह



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिंगाही-खीरी।** थाने के नवागत थाना प्रभारी अमित सिंह भदौरिया द्वारा थाने का चार्ज संभालने के तीसरे दिन पत्रकारों संग की गई बैठक। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों को अपने व्यक्ति परिचय देते हुए पूर्व हुई तैनातियों व वहां के अनुभव को शेयर किया। उनकी प्राथमिकता क्षेत्र को अपराध मुक्त बनाना, क्षेत्र में आपसी सामंजस्य बनाये रखना। क्षेत्र की महिलाओं को केंद्र व राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप सुरक्षा प्रदान करना। वही क्षेत्र से अवैध खनन व अवैध कटान मुक्त करना भी मेरी प्राथमिकता के अंतर्गत रहेगा कार्य। पत्रकारों से आपसी सामंजस्य बनाते हुए क्षेत्र की जनता हर समस्या व उसका समाधान करने में 100% पर फोकस किया जाएगा। किसी गरीब, बेसहारा व पीड़ित का शोषण नहीं होने दिया जाएगा। हमारे थाने से अगर कोई भी अगर किसी भी पीड़ति के साथ गलत व्यवहार और सही से पेश नहीं आता है तो उसे स्टाफ के कर्मचारियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी कोई संदिग्ध व्यक्ति व वस्तु की जानकारी मिले तो आप हमें अवगत कराएं। पुलिस आपकी मदत के लिए हमेशा तत्पर है। इस दौरान क्षेत्रीय लगभग सभी पत्रकार साथी उपस्थित रहे। अमित सिंह भदोरिया ने बताया कि में ग्रह जनपद और औरैया का निवासी और प्रारंभिक शिक्षा इलाहाबाद में हुई है पुलिस सेवा में हरदोई और सीतापुर जनपदों में प्रारंभिक तैनाती रही है लोकसभा के चुनाव की दृष्टिगत लखीमपुर जनपद में कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ है लखीमपुर जनपद में पहली पोस्टिंग उचोलिया में हुई थी। वहां पर 3 दिन का समय बिताने के बाद सिंगाही थाने की कमान मिल गई बैठक में इलाके के सभी प्रधान व सभासद मौजूद रहे।

# सातवें बेच का चार दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण हुआ प्रारंभ

निपुण भारत मिशन के अंतर्गत बुनियादी भाषा एवं गणित में कौशल विकास हेतु सातवें बैच का चार दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ।



**लोकमित्र ब्यूरो**

**निघासन-खीरी।** तहसील के अंतर्गत कौशल विकास का सातवा बेच प्रारम्भ हुआ जानकारी के अनुसार बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी के निर्देशानुसार स्थानीय ब्लॉक संसाधन केंद्र एवं राजकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सहित दो स्थानों पर शिक्षकों के सातवें बैच का शुभारंभ प्रार्थना और राष्ट्रगान के उपरांत किया गया प्रशिक्षण के दौरान मोबाइल विशेषज्ञ एआरपी एवं कार्यक्रम के प्रशिक्षक मनोज कुमार एवं एआरपी ( हिंदी ) नेहा उपाध्याय ने सभी प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षण कार्यक्रम के कायदे कानून के बारे में जानकारी दी उन्होंने बताया कि बीएसए श्री प्रवीण कुमार तिवारी जी इसकी बराबर मानीटरिंग कर रहे हैं इसलिए सभी लोग नियमानुसार कार्यक्रम में नियमित रूप से भागीदारी सुनिश्चित करें बीईओ फूलचंद गौतम के नेतृत्व में संचालित उक्त प्रशिक्षण के दौरान एआरपी नेहा उपाध्याय ने कहा कि हर व्यक्ति के दो आभामंडल होते हैं एक सकारात्मक और दूसरा नकारात्मक हमारी सोच सकारात्मक होना चाहिए क्योंकि शासन के निर्देशानुसार काम तो करना ही पड़ेगा लेकिन अगर काम मन से करोगे तो अच्छा प्रदर्शन होगा एआरपी नेहा ने कुशल शिक्षक के बारे में बताया कि एक योग्य व्यक्ति के अंदर सक्रियता , धैर्यशीलता, सहनशीलता, कुशल संचालन, उत्साही, संवेदनशील, मित्रवत व मिलनसार तथा साहसिक गुण विद्यमान होने चाहिए एआरपी नेहा उपाध्याय ने प्रशिक्षण की रूपरेखा रेखांकित करते हुए कहा की गणित शिक्षण का उपयुक्त दृष्टिकोण एनसीएफ 2022-2024 अकादमिक योजना विषय गणित की वार्षिक योजना के लिए संसाधनों की उपलब्धता का ज्ञान, स्वनिर्मित परिवेशीय सामग्री का उपयोग, बहुद्देशीय शिक्षण योजना, सुगमकर्ता की भूमिका एवं प्रशिक्षण के संचालन की रणनीति धरातल पर भी दिखाई पड़नी चाहिए प्रशिक्षण के दूसरे दिन एआरपी हिंदी नेहा ने भाषा कौशल विकास के मुख्य बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संदर्शिका के मुख्य आधार सैद्धांतिक समझ एवं शिक्षण योजना होती है,कार्य योजना के अंतर्गत सतत आकलन तथा पुनरावृति के तहत ट्रैकर तथा तीसरे कालांश में साप्ताहिक आंकलन करना होगा प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि कक्षा तीन में भाषा के अंतर्गत शुरुआत से सात सप्ताह तक पुनरावृत्ति कराना है प्रशिक्षण के दौरान खुशनुमा माहौल में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां भी कराई गई इस अवसर पर प्राथमिक विद्यालय बलदेव पूरवा के इंचार्ज प्रधानाध्यापक कमलेश कुमार वर्मा, सहायक अध्यापक अमित कुमार सिंह,आशीष प्रताप सिंह, अवधेश चतुर्वेदी, डॉक्टर उत्तम कुमार यादव महामंत्री राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ निघासन, विवेक कुमार मौर्य, राकेश कुमार मिश्रा, संजीव श्रीवास्तव संविलियन विद्यालय विद्यालय लुधौरी, एटी अरुण कुमार गुप्ता, महावीर सिंह, राम बेटी जायसवाल, अपर्णा श्रीवास्तव पूजा बंसल, संजय गिरी, सोनम तथा याकूब अली सहित लगभग सभी लोग उपस्थित रहे राजकीय कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय निघासन में एआरपी मधुरेश शुक्ला तथा एआरपी अनिल प्रताप सिंह ने प्रशिक्षण दिया।

# आगामी 9 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**गोंडा।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गोण्डा प्रमोद कुमार श्रीवास्तव-।। के आदेशानुसार 9 मार्च 2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद-न्यायालय गोण्डा एवं समस्त तहसील स्तर पर किया जा रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गोण्डा के सचिव नितिन श्रीवास्तव, अपर जिला जज/एफटीसी द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में यातायात, लघु आपराधिक प्रकरण, नगर पालिका आदि से सम्बन्धित मामलों एवं बैंक मामले, धारा 138 पराक्रम लिखत अधिनियम वाद आदि (लम्बित एवं प्री-लिटिगेशन मामले) के साथ-साथ आवश्यकतानुरूप सभी सुलह योग्य आपराधिक वादों, सिविल वादों, भूमि अधिग्रहण वादो, मोटर दुर्घटना प्रतिकर मामले, पारिवारिक वादों, स्टाम्प वादों, उपभोक्ता फोरम वादों, श्रम मामलों, मध्यस्थम प्रकरणों, नगरपालिका/नगर निगम टैक्स वसूली मामलों आदि को पक्षकारों की सहमति से लिया जा सकता है। इसके अतिरिक्त विद्युत अधिनियम के अन्तर्गत सुलह योग्य वाद, धारा 446 द0प्र0स0 सम्बन्धी मामले, पब्लिक प्रिमिसेज एक्ट सम्बन्धी मामले उत्तराधिकार सम्बन्धी मामले, आयुध अधिनियम के उपयुक्त प्रकरण, बीमा सम्बन्धी वाद, स्थानीय विधियों के अन्तर्गत शमनीय वाद, सेवा/वेतन संबंधी वाद, सेवानिवृत्ति परिलाभों से सम्बन्धित प्रकरण, किरायेदारी वाद, वन अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण, पुलिस अधिनियम के अन्तर्गत चालान, मोटरयान अधिनियम के अन्तर्गत चालान, राशन कार्ड/बी0पी0एल0कार्ड/जाति एवं आय प्रमाण पत्र से सम्बन्धित प्रकरण, एवं अन्य प्रकार के वादों/प्रकरणों का निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर तथा अर्थदण्ड अधिरोपित करके किया जायेगा।

## कार्यकर्ताओं ने राजा भैया का जन्म दिन मनाया

**छपिया(गोंडा)।** भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सांसद कीर्तिवर्धन सिंह राजा भैया के जन्म दिन पर फल और मिठाई बांटा। मसकनवा कस्बा के फार्म हाउस पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने बैठक दौरान आम लोगों की समस्याओं को सुना।डायरी और राम लला का चित्र वितरित किया गया। पूर्व जिला पंचायत सदस्य दिनेश शुक्ल ने कहा कि हमारे सांसद अत्यंत सरल और सहज है। जिले में मेडिकल कॉलेज, फोर लेन सड़क, इंजीनियरिंग कालेज, ट्रेनों का ठहराव, रेलवे स्टेशनों का सौंदर्यीकरण, क्षेत्र में गांव गांव में सड़कों का निर्माण दर्जनों विकास कार्य सांसद राजा भैया की देन है। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि नीरज पटेल, दिनेश शुक्ल, भूपेश मिश्रा, जगन्नाथ चतुर्वेदी, जितेन्द्र पाण्डेय, राम जी श्रीवास्तव, सोनू पाण्डेय, सच्चिदानंद पाण्डेय, दयाशंकर पांडेय, वेदप्रकाश शुक्ल, शिवपूजन मौजूद रहे।

# सोना बरामदगी मामले में करनैलगंज पुलिस की भूमिका संदेह के घेरे में

**लोकमित्र ब्यूरो**

**करनैलगंज (गोंडा)।** सोना बरामदगी मामले में करनैलगंज पुलिस की भूमिका संदेह के घेरे में आ गई है। वहीं पुलिस ने तस्करों की कुंडली खंगालने के बजाय अपनी वाहवाही में जुटी हुई है। तस्करी करने वाले गिरोह का सीधा कनेक्शन करनैलगंज तहसील के हलधरमऊ से जुड़ा है। जो सीधे मुम्बई के रास्ते दुबई तथा नेपाल से जुड़े हैं। करनैलगंज पुलिस के द्वारा बरामद सोना लेकर महिला करनैलगंज कैसे पहुंची, उसे गोरखपुर से कौन लाया, किसके साथ आई, मुंबई से दूसरे तस्कर को कौन करनैलगंज बुलाया, महिला व तस्कर युवक के साथ पकड़े गए स्थानीय दो लोग कौन थे। यह जांच का विषय बन गया है। जानकारों के मुताबिक हलधरमऊ के दो युवकों ने करनैलगंज से चार पहिया वाहन भेज कर गोरखपुर से महिला को करनैलगंज बुलाया। महिला के करनैलगंज पहुंचने पर उसके द्वारा दूसरे युवक से बात की गई। जिसने लखनऊ में फ्लाइट से उतरने की बात कही, तब उसे बताया गया कि आप प्राइवेट टैक्सी करके सौ किलोमीटर दूर करनैलगंज आ जाओ। जब वह युवक करनैलगंज पहुंचा तो युवती ने अपने शरीर में रखे हुए सोने को बाहर किया। इस बीच पुलिस ने छापेमारी की। यह छापेमारी करनैलगंज नगर के सकरौरा चौराहे के निकट एक बिल्डिंग में हुई। जहां से पुलिस ने युवक और युवती को हिरासत में लिया। उसके बाद पुलिस ने बिना पूछताछ किए ही थोड़े से सोने की बरामदगी दिखाई और युवक व युवती को सोना समेत कस्टम विभाग को सुपुर्द कर दिया। जबकि महिला को करनैलगंज बुलाने वाले और मुंबई से तस्कर को करनैलगंज में सोना दिलाने की बात करने वाला युवक हलधरमऊ का था। तस्करी से जुड़ा मामला होने के बावजूद पुलिस ने गहरी छानबीन करने के बजाय आनन फानन मामले को रफादफा कर दिया। जिसमें करनैलगंज पुलिस पर भी सवालिया निशान लग रहे हैं। सोमवार की रात में हुई गिरफ्तारी के बाद दूसरे दिन मंगलवार को 2 बजे तक मामले में सौदेबाजी का दौर चलता रहा और महिला व मुंबई से आए युवक की गिरफ्तारी दिखा कर पुलिस ने खेल करते हुए पूरे मामले का वारान्यारा कर दिया। हालांकि करनैलगंज पुलिस ने महिला व युवक की गिरफ्तारी सरयू पुल के किनारे और बरामद की 128 ग्राम सोने की होना बताया है। वही कोतवाल हेमंत कुमार गौड़ का कहना है कि जो भी सामग्री मिली उसके साथ पकड़े गए युवक व युवती को कस्टम विभाग के हवाले कर दिया गया। जिसकी जांच कस्टम विभाग खुद करेगा।

# पांचवें प्रयास में राशन दुकान का हुआ चयन, चार बार पहले भी है चुका है प्रयास

**» तहसीलदार धौरहरा आदित्य विशाल का सफल प्रयास**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**धौरहरा-खीरी।** तहसील क्षेत्र धौरहरा के अंतर्गत आने वाले विकास खंण्ड ईसानगर में रिक्त चल रही राशन वितरण की दुकान का चयन पाचंवी बार में सफल हो सका। जिससे प्रशासन को राहत मिल सकी।ज्ञात हो इससे पहले चार बार दुकान चयन करने का असफल प्रयास किया गया था मगर किन्ही कारणों से चयन न हो सका।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक तहसील धौरहरा के विकास खण्ड ईसानगर में ग्राम पंचायत ईसानगर में काफी समय से रिक्त चल रही सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान चलाने के लिए दुकानदार का चयन करने में प्रशासन को चार बार मुंह की खानी पडी। मगर शुक्रवार को क्षेत्र के स्वामी रामकृष्ण परमहंस खेल मैदान में हुई खुली बैठक में तहसीलदार धौरहरा आदित्य विशाल ने चयन प्रक्रिया की बागड़ोर अपने हाथ में लेकर कडी सुरक्षा के बीच 99 मतो से आशीष मिश्रा बबलू विजई हुए।उनके प्रतिद्वंद्वी रहे पवन को मात्र 11 मत ही मिले।

इस दौरान प्रशासनिक टीम में तहसीलदार आदित्य विशाल,नायब तहसीलदार बीरेंद्र यादव, ए डी ओ पंचायत देवाशीष श्रीवास्तव, कानूनगो, लेखपाल, ग्राम पंचायत सचिव शिव आशीष अवस्थी सहित ईसानगर पुलिस बल को भारी संख्या में तैनात किया गया था।

# नशीली गोलियों के साथ एक व्यक्ति पुलिस के हत्थे चढ़ा




**लोकमित्र ब्यूरो**

**गोंडा।** मिली जानकारी अनुसार शुक्रवार को थाना कोतवाली नगर के उपनिरीक्षक बृजेश कुमार गुप्ता मय फोर्स शांति व्यवस्था हेतु क्षेत्र भ्रमण में रवाना थे कि मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि गुलाब शाह तकिया कब्रिस्तान जाने वाले मार्ग पर अवैध मादक पदार्थ के साथ एक व्यक्ति खड़ा है।

प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस बल द्वारा बताये गए स्थान पर घेराबन्दी कर अभियुक्त राजा बाबू उर्फ अनीश पुत्र जुम्मन निवासी मोहल्ला कटहारिया थाना कोतवाली नगर जनपद गोण्डा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 80 अदद नशीली गोलियां बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना कोतवाली नगर में गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर सम्बन्धित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी। गिरफ्तार कर्ता टीम में उपनिरीक्षक बृजेश कुमार गुप्ता मय टीम शामिल रहे।

# इंटीग्रेटेड योग शिविर का आयोजन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**गोंडा।** आयुष विभाग गोंडा के तत्वावधान प्रेरणा पार्क में गत शुक्रवार को इंटीग्रेटेड योग शिविर का शुभारंभ पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से आए राज्य प्रभारी अभिषेक देव जी और मार्कोस कमांडो शौर्य चक्र से सम्मानित प्रवीण तेवतिया ने दीप प्रज्वलन कर किया।

योगाचार्य सुधांशु द्विवेदी ने बताया शिविर में बच्चे युवा महिलाओं और बुजुर्गों ने बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग किया। इसी क्रम में योगाचार्य सुधांशु द्विवेदी ने बताया शौर्य चक्र से सम्मानित, प्रवीण कुमार तेवतिया मार्कोस में से एक थे, जो 26/11 हमले में अपनी टीम का नेतृत्व कर रहे थे। जिन्होंने आतंकवादियों से लड़ाई की, कई घातक चोटों का सामना किया और अंत में, 150 से अधिक निर्दोष लोगों की जान बचाई। मार्कोस कमांडो प्रवीण तेवतिया ने बताया ताज होटल पर हमले के दौरान मौत के मुहाने पर पहुंच गया था। योग से पटरी पर लौटी जिंदगी । स्वामी अभिषेक देव ने बताया गंभीर रूप से घायल कमांडो जब मौत के मुहाने पर खड़े थे, तब योग ने उन्हें नई जिंदगी प्रदान की। अब पूरी दुनिया को योग की प्रेरणा देने का कार्य कर रहे हैं। योग का महत्व बताते हुए कहा कि जीवन में संकल्प ही बहुत बड़ी चीज है।

इसी क्रम में शौर्य चक्र से सम्मानित मार्कोस कमांडो प्रवीण कुमार तेवतिया ने कहा जब मेरे जैसा व्यक्ति एक फेफड़े से 21 से 42 किमी दौड़ सकता है तो फिर आप तो जो चाहे कर सकते हैं। योग की विधि बताते हुए अभ्यास को बड़ा महत्वपूर्ण बताया।शिविर के अंत में योगाचार्य सुधांशु द्विवेदी ने उपस्थित समस्त योग साधकों को नियमित योग करने का संकल्प भी दिलाया। शिविर में अनिल भट्ट, गौरव गुप्ता, नमन मोदी, अशोक सिंह, अयांश, नभ्य सिंह, संध्या, नेहा, ज्योति, अनीता, खुशी, शिवा, अपर्णा, मोनिका सिंह, रश्मि, मांडवी, सौम्या, शिया, विकास, मनीष मौजूद रहे।

# रोडवेज बस और ट्रक की जोरदार भिड़ंत, चार घायल व बस चालक की मौत

**लोकमित्र ब्यूरो**

**गोंडा।** आज शुक्रवार सुबह करीब 4:30 बजे अयोध्या की तरफ से आ रही रोडवेज बस सं यूपी 43ए 0452 गोंडा डिपो अयोध्या से गोंडा जा रही थी जिसकी डुमरियाडीह-बलेश्वरगंज के बीच राजा सगरा के पास में ट्रक संख्या यूपी 70 जीटी 0834 से जोरदार टक्कर हो गई। ट्रक-रोडवेज बस की दुर्घटना में 30 वर्षीय बस चालक कमल कुमार की दर्दनाक मौत हो गई। वही चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बस चालक के परिजनों के शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार तड़के उत्तर प्रदेश के प्रयागराज से रोडवेज बस सवारियों को लेकर गोंडा के तरफ आ रही थी, इसी दौरान वजीरगंज थाना क्षेत्र के राजा सगरा के पास एक तेज रफ्तार बेकाबू ट्रक की बस से भिड़ंत हो गई।




इस हादसे में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, वहीं बस चालक की मौत हो गई। अनुमान लगाया जाता है कि बस की स्टेरिंग से बस चालक पर दबाव पड़ने के कारण से मौत हुई है। इस हादसे के बाद बस के सवारियों में चीख पुकार मच गई। दुर्घटना में बस के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने बहराइच जनपद के खैरीघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत तेपरा चौबे गांव के रहने वाले 30 वर्षीय ओमकार पुत्र घिरराऊ, खैरीघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत तेपरा चौबे गांव के रहने 28 वर्षीय बलवंत पुत्र समयदीन, गोंडा जनपद अंतर्गत देहात कोतवाली क्षेत्र के खोराहंसा के रहने वाले 35 वर्षीय बस चालक कमल कुमार पुत्र जगतपाल, गोंडा के करनैलगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत नारायणपुर मांझा के रहने वाले 45 वर्षीय शत्रुघ्न पुत्र रामचंद्र और बहराइच के खैरीघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत टपरा चौगाई गांव के रहने वाले राधे श्याम पुत्र आसाराम को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र वजीरगंज पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने चालक को मृत घोषित कर दिया, वही घायल यात्रियों को बेहतर इलाज के लिए जिला मुख्यालय रिफर कर दिया।

वही इस बाबत वजीरगंज प्रभारी निरीक्षक ने दूरभाष पर बताया कि दुर्घटना होते ही सरकारी गाड़ी से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र वजीरगंज पहुंचाया गया। बस चालक की मौत हो गई है, बस चालक के परिजनों के शिकायती पत्र पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

# भाजपा का एजेंडा सामाजिक तनाव पैदा करना: अखिलेश यादव



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा का एजेंडा सामाजिक तनाव पैदा करना और अन्याय, अनाचार की राजनीति करना है। भाजपा के कारण ही आर्थिक संकट पैदा हुआ है। भाजपा लोकतांत्रिक मान्यताओं और राजनीतिक शुचिता पर हमला करती है। किसान, नौजवान सहित समाज का हर वर्ग भाजपा की कुनीतियों का शिकार है, दुःखी है वह इस बार लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराएगा और इंडिया-पीडीए को विजयी बनाएगा। अखिलेश यादव आज समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय, लखनऊ के डॉ0 लोहिया सभागार में समाजवादी युवजन सभा, लोहिया वाहिनी, समाजवादी छात्रसभा और यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय एवं प्रदेश के अध्यक्षों सहित बड़ी संख्या में अन्य पदाधिकारियों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नौजवानों पर उन्हें पूरा भरोसा है कि सभी अपनी पूरी जिम्मेदारी से काम करेंगे नौजवानों का आवाहन किया कि 2024 के लोकसभा चुनाव में लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए वे अभी एक सप्ताह में पांच दिन दें और चुनाव प्रक्रिया आरम्भ होने पर पूरे समय, पूरे महीना चुनाव में दिनरात एक करेंगे। इस सम्बंध में अनुशासन और सावधान से काम करने की जरूरत है। युवा संगठनों की बैठक में संकल्प लिया गया कि लोकसभा 2024 के चुनाव में समाजवादी पार्टी अखिलेश यादव के नेतृत्व में भाजपा को 80 सीटों पर हराकर पीडीए को सभी 80 सीटों पर विजयी बनाने में कोई कसर नहीं छोडे़गी। अपने सम्बोधन में अखिलेश यादव ने कहा कि बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर के बनाए संविधान पर खतरा है। लोकतांत्रिक प्रणाली संकट के दौर में है। संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर किया जा रहा है। साा का दुरूपयोग करने में भाजपा को कोई लाज नहीं आती है। भाजपा को समाज के लिए खतरा बताते हुएअखिलेश यादव ने कहा कि उसकी सरकार में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। सीबीआई, ईडी, भाजपा के गोरखधंधो की जांच क्यों नहीं कर रही है? भाजपा सिर्फ समाजवादी नेताओं के खिलाफ झूठे मुकदमे करती है। लेकिन समाजवादी भाजपा के जुल्म से डरने वाले नहीं है। नौजवानों को लैपटॉप देकर समाजवादी सरकार ने नया रास्ता खोला था। भाजपा सरकार में 9 से ज्यादा पेपर लीक हुए क्योंकि अगर नौकरी देनी पड़ती तो आरक्षण भी देना होगा। शिक्षक भर्ती, पुलिस भर्ती, इसलिए भाजपा की धांधली की शिकार हुई है। भाजपा साजिष करने वाली पार्टी है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के कारण नौजवानों का भविष्य अंधकार में है। कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों को धोखा दिया। न उनकी फसल को लाभप्रद दाम की गारंटी मिली, नहीं किसान की आय दोगुनी हुई। किसान के उपयोग की खाद, पानी, बिजली सब महंगा है। नौजवानों का भविष्य अंधकार में है।

## बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने मताधिकार का प्रयोग करने की ली शपथ

**लखनऊ।** बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में 1 मार्च को राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से मतदाताओं को जागरूक करने के लिए शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्वयं मतदान करने व लोगों को इसके लिए प्रेरित करने की शपथ ली गयी। कार्यक्रम के दौरान पृथ्वी एवं पर्यावरण विज्ञान विभाग के संकायाध्यक्ष प्रो० नवीन कुमार अरोरा एवं एनएसएस समन्वयक डॉ० पवन चैरसिया मौजूद रहे। शिक्षा मंत्रालय और यूथ अफेयर्स मंत्रालय के निर्देश पर मेरा पहला वोट देश के लिये, चुनाव का पर्व, चुनाव का पर्व देश का पर्व आदि विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। प्रो० नवीन कुमार अरोरा ने मतदान करने को शपथ दिलाई। वहीं दूसरी ओर एनएसएस समन्वयक डॉ० पवन चैरसिया ने वोटर बनने के लिए और वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने की अपील की।

## यूपी में सहयोगी दलों को छह सीटें देगी भाजपा, राजनाथ सिंह लखनऊ से लड़ेंगे चुनाव !



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** आगामी लोकसभा चुनाव में यूपी में सभी 80 सीटों पर जीतने का लक्ष्य लेकर चल रही भाजपा प्रदेश में सहयोगी दलों को छह सीटें दे सकती है। चुनाव की तैयारियों को लेकर बृहस्पतिवार को भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति की हुई बैठक में इस पर चर्चा हुई। हालांकि, अभी इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

सूत्रों के अनुसार, भाजपा यूपी में रालोद को दो सीटें, अपना दल को दो सीटें, निषाद पार्टी को एक सीट और राजभर की पार्टी सुभासपा को एक सीट दे सकती है। वहीं, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का लखनऊ से चुनाव लड़ना तय माना जा रहा है।

पार्टी सूत्रों का कहना है कि लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने से पहले शुक्रवार या शनिवार को सौ से अधिक उम्मीदवारों की सूची और 10 मार्च तक करीब 250 सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर दिए जाएंगे।

केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक से पूर्व प्रधानमंत्री निवास पर पार्टी के शीर्ष नेताओं की करीब छह घंटे तक चली बैठक में 21 राज्यों की 300 सीटों पर उम्मीदवारो का पैनल तैयार कर लिया गया है। इस बैठक में पंजाब, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में गठबंधन पर बातचीत तय होने तक उम्मीदवार घोषित नहीं करने का फैसला किया गया है।

## शासन और पुलिस ने तीन साल से एक जिले में जमे अफसर हटाए, मुख्य निर्वाचन अधिकारी को सौंपी रिपोर्ट




**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** यूपी में शासन और पुलिस महकमे में तीन साल से अधिक समय से एक ही जिले में तैनात निर्वाचन व्यवस्था से जुड़े सभी अफसरों का तबादला कर दिया गया है। मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र और पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने इसकी रिपोर्ट मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा को सौंप दी है।

आयोग ने गत दिनों मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखकर यूपी में तीन साल से एक ही जिले में तैनात अफसरों हटाने के आदेश दिए थे। आयोग की ओर से तीन साल से एक ही जिले में जमे अफसरों की सूची भी सौंपी थी। प्रदेश सरकार ने गत दिनों आईएएस, पीसीएस, आईपीएस, पीपीएस सहित तमाम उन अफसरों का तबादला किया जो तीन साल से एक ही जिले में तैनात थे। सीईओ नवदीप रिणवा ने बताया कि शासन की ओर से अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष और अयोध्या के नगर आयुक्त विशाल सिंह, मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष और बृज तीर्थ क्षेत्र विकास परिषद के सीईओ नागेंद्र सिंह, यमुना अथॉरिटी के ओएसडी शैलेंद्र भाटिया और भूमि अध्याप्ति अधिकारी बलराम सिंह के लिए तबादला नीति में शिथिलता देने का आग्रह किया था। आयोग ने आग्रह को अस्वीकार करते हुए चारों का तबादला करने के आदेश दिए हैं। जिस पर शासन ने तबादले कर दिए हैं।

## 4 होमगाड्र्स जवानों के मृतक आश्रितों को 30-30 लाख रूपये की दुर्घटना सहायता राशि प्रदान किया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कारागार एवं होमगाड्र्स राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मवीर प्रजापति ने लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास 10-ए पर हरदोई जनपद में दुर्घटनावश जान गवाने वाले चार होमगाड्र्स स्वयं सेवकों के आश्रितों को एचडीएफसी बैंक द्वारा दुर्घटना बीमा के अंतर्गत दिये जाने वाली सहायता राशि (30-30 लाख रूपये) का चेक प्रदान किया। स्व0 होमगार्ड जगतपाल सिंह की पत्नी लक्ष्मी गौतम, स्व0 कौशल किशोर की पत्नी सरोज कुमारी, स्व0 विक्रम की पत्नी राजेश्वरी, स्वं अनंग पाल की पत्नी रीता पाल को चेक प्रदान किया। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त 05-05 लाख रूपये की सरकारी सहायता राशि मुख्यमंत्री सहायता कोश के माध्यम से पहले ही इनको विभाग द्वारा दिया जा चुका है। उन्होंने कहा कि होमगाड्र्स जवान यदि बैंक का एटीएम कार्ड प्रयोग करे।

## मंत्री एके शर्मा ने मऊ में नवनिर्मित बहुद्देशीय भवन 'मंगलम' को किया जनता को समर्पित

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए०के० शर्मा ने मऊ जिले के बड़ागांव स्थित नवनिर्मित बहुउद्देशीय भवन 'मंगलम' का शुक्रवार को लोकार्पण कर जनता को समर्पित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त और जनोपयोगी बहुउद्देशीय भवन 'मंगलम' मध्यम वर्गीय जनता के लिए बड़ी सौगात है। उन्होंने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष (2023-24) में मऊ जिले को 227 करोड़ रुपये की परियोजनायें नगर विकास विभाग के द्वारा मिली। जिसमें से यह भवन भी उसमें शामिल है। कहा कि जिले के विकास के लिए धन की कोई कमी आडे. नहीं आयेगी। नगर विकास मंत्री मऊ जिले के साथ ही पूर्वांचल की प्रगति और समृद्धि के लिए हमेशा समर्पित रहते हैं। उनके



नेतृत्व में जिले को लगातार बड़ी सौगात मिलने का सिलसिला पिछले दो वर्षों से लगातार जारी है। जिससे मऊ सहित पूरे पूर्वांचल का सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक विकास को प्रोत्साहन मिला है। इसी क्रम में आज मऊ के बड़ागांव स्थित बहुउद्देशीय भवन 'मंगलम' को जनता को समर्पित करते हुए मंत्री ने सभी का अभिनन्दन करते हुए उनकी उपस्थिति के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आज जिस भवन का लोकार्पण हुआ है इसका निर्माण मात्र 10 माह में 09 करोड़ रूपये की लागत से किया गया है। इस दौरान मंत्री ने लगभग 16 से 17 बार यहां आकर इस भवन निर्माण का स्थलीय निरीक्षण कर इसकी गुणवत्ता को स्वयं परखा है। कहा कि यह बहुउद्देशीय भवन 'मंगलम' जिले की मध्यम वर्गीय जनता को मऊ जिले की सबसे सुन्दर और लैंडमार्क बिल्डिंग के रूप में जनता जनार्दन को समर्पित है। मंत्रीने कहा कि मऊ जिले में इस वित्तीय वर्ष (2023-24) में 227 करोड़ रूपये की योजनाएं हमारे विभाग के द्वारा अमल हुई हैं। जिसमें 100 करोड़ रूपये का कार्य तो सिर्फ मऊ नगर पालिका में ही कराया गया है। वहीं पिछले वित्तीय वर्ष 2022-23 में लगभग 100 करोड़ की परियोजनायें मऊ जिले को समर्पित की गयी। जिसमें 32 करोड़ रूपये का कार्य मऊ नगर पालिका में कराया गया। इसके साथ ही तमसा नदी के किनारे मऊ में महादेव मंदिर का जीर्णाद्धार का कार्य चल रहा है जो किसी विभाग के द्वारा नहीं बल्कि सीएसआर से कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले दो महीने में प्रधानमंत्री के द्वारा दो बार कई परियोजनाओ का लोकार्पण व शुभारम्भ किया गया। जिसमें मऊ रेलवे स्टेशन के जीर्णाद्धार का कार्य 53 करोड़ रूपये से किया जा रहा है। वहीं 41 करोड़ की लागत से कई रेलवे पुलों का भी निर्माण मऊ में ही किया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के वर्ष 2047 तक भारत को दुनिया का विकसित राष्ट्र बनाने के उद्देश्य को साकार करने के लिए हमें प्रदेश के हर एक जिले को विकसित बनाना होगा। इसके लिए मऊ और बड़ागांव को भी विकसित करना होगा।

## वाराणसी में बोले कांग्रेस नेता अजय राय, पार्टी के साथ गद्दारी करने वालों पर ठोस कार्रवाई जरूरी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**वाराणसी।** राज्यसभा चुनाव में हिमाचल प्रदेश में क्रॉस वोटिंग करने वाले कांग्रेस के छह विधायकों की सदस्यता रद करने की कार्रवाई को यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने सही बताया है। उनका कहना है कि पार्टी के साथ गद्दारी करने वालों पर इसी तरह की ठोस कार्रवाई जरूरी है। अजय राय ने विधायकों पर कार्रवाई को बड़ी नजीर बताया।

अनौपचारिक बातचीत में अजय राय ने कहा कि व्हिप का उल्लंघन करने वालों की सदस्यता रद्द करना नियम संगत है। स्पीकर के पास यह अधिकार होता है कि जो कोई भी पार्टी के साथ गद्दारी करे, उसके साथ हिमाचल प्रदेश जैसी कार्रवाई करनी चाहिए, जिससे कि मिसाल बने।

कहा कि उत्तर प्रदेश के राज्यसभा चुनाव में कुल 8 विधायकों ने क्रॉस वोटिंग की थी। इन पर भी हिमाचल प्रदेश जैसी कार्रवाई होनी जरूरी है। विधानसभा स्पीकर को इन 8 विधायकों पर भी कार्रवाई करनी चाहिए।

## एआई तकनीक से जुड़े दिव्यांगों के उपकरणों की जानकारी हेतु स्टॉल लगाया गया : नरेन्द्र कश्यप

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश के दिव्यांगजनों को शिक्षा एवं रोजगार के अवसर प्रदान किये जा रहे है। दिव्यांगजन भारतीय समाज का महत्वपूर्ण अंग है। दिव्यांगजन की प्रतिभा और क्षमता का विकास करने हेतु अनेक कार्य किये जा रहे है।

योगी सरकार दिव्य अनुभूति मेले के माध्यम से दिव्यांगजनों को सशक्त, क्षमतावान व आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य की पूर्ति कर रही है। उक्त बातें प्रदेश के दिव्यांगजन सशक्तीकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने शुक्रवार को अवध शिल्पग्राम, शहीद पथ, लखनऊ मे आयोजित चार दिवसीय दिव्य अनुभूति मेले के शुभारम्भ अवसर पर कही। मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने दीप प्रज्जवलित कर मेला का शुभारम्भ किया। स्पर्श राजकीय दृष्टिबाधित बालिका इण्टर कालेज लखनऊ की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम सम्बोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि दिव्यांगजनों को एक ही स्थल पर एकत्रित कर उनके हुनर, कला को सम्मान देना तथा समाज की मुख्यधारा से जोड़ने हेतु प्रदेश पर विभिन्न मेलों का आयोजन किया जा रहा है।

गोरखपुर, वाराणसी के बाद लखनऊ में मेला का आयोजन किया गया है। मेलों के माध्यम से दिव्यांगजनो के हुनर, उत्पाद इत्यादि को आम जनता तक पहुँचाने हेतु स्टॉल लगाये जा रहे है। दिव्यांगजन में एक दिव्य शक्ति होती है, जो किसी अन्य सामान्य व्यक्ति से अधिक कार्य को करने की क्षमता रखती है। उन्होंने कहा कि दिव्यांग भरण-पोषण अनुदान योजनान्तर्गत राशि 300 रूपये बढ़ाकर 1000 रूपये प्रति माह प्रति लाभार्थी कर, वित्तीय वर्ष 2023-24 में 10 लाख से अधिक दिव्यांगजनों को लाभान्वित किया गया है। कुष्ठावस्था पेंशन योजना के तहत प्रति लाभार्थी 3000 रुपये प्रति माह कर वित्तीय वर्ष 2023-24 में 11 हजार से अधिक दिव्यांगों को लाभान्वित किया गया। शादी-विवाह पुरस्कार योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में 500 से अधिक दिव्यांग दम्पत्ति को लाभान्वित किया गया है।

दुकान निर्माणन व संचालन योजनान्तर्गत दुकान निर्माण हेतु वित्तीय वर्ष 2023-24 में 700 से अधिक दिव्यांगजन लाभान्वित किये गये हैं। विशिष्ट दिव्यांगता पहचान-पत्र (यूडीआईडी) योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में 02 लाख से अधिक नवीन यूडीआईडी कार्ड निर्गत किये गये है। इस प्रकार 12 लाख से अधिक यूडीआईडी कार्ड निर्गत किये जा चुके है। दिव्यांगजन मंत्री ने दिव्य अनूभूति मेले में लगाये गये स्टालों का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान दिव्यांगजनों का हौसला आफजाई किया।

मेले 50 मोटोराइज्ड ट्राईसाईकिल, 100 हस्तचलित ट्राईसाईकिल, 230 श्रवण यंत्र तथा 90 स्मार्ट केन व ब्रेल किट का वितरण किया है। इसके साथ ही पिछड़ा वर्ग कल्याण के माध्यम से ट्रिपल सी व ओ लेवल प्रमाण-पत्र और शादी अनुदान राशि आवंटित प्रमाण-पत्र भी दिये। उन्होंने दिव्यांग समाज में आइकन के रूप मे सम्मानित विशिष्टजन पद्मश्री डॉ. अरूणिमा सिन्हा, विष्णु कांत मिश्रा, मृदु गोयल, विजय विष्ट, डॉ. रेड्डी फाउणडेशन, के.के. मौर्य तथा मनीष गुप्ता को सम्मानित किया।

## मनरेगा से लखनऊ-अयोध्या मार्ग पर विलेज हाट-बाजार बनाये जाएंगे

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** ग्रामीण क्षेत्र के गरीब और निर्धन किसानों को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने के लिए प्रदेश सरकार की ग्रामीण हाट बाजारों को संवारने का कार्य मनरेगा गाइडलाइंस के अनुसार किया जा रहा है है। छोटे और गरीब किसानों की सुविधाओं को देखते हुए मनरेगा द्वारा और अन्य विभागों के कन्वर्जेंस से हाट बाजार को संवारने का कार्य कर रहा है। इसी कड़ी में अब ग्रामीण हाट बाजार को लेकर नई पहल शुरू होने जा रही है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशन में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के उत्पादों,धार्मिक सामग्री आदि के समुचित विक्रय की व्यवस्था को लेकर नई पहल की शुरुआत हो गई है। फिलहाल इसके तहत अयोध्या-लखनऊ मार्ग पर स्थित बाजारों के निकट स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के उत्पादों की बिक्री के लिए ग्रामीण हाटध्बाजार बनाये जाएंगे। मनरेगा योजनांतर्गत निर्धारित प्राविधानों के अनुरूप नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही शुरू करने के लिये अयोध्या, बाराबंकी, लखनऊ जिलाधिकारीध्जिला कार्यक्रम समन्वयक को दिशा निर्देश भी जारी कर दिये गये हैं। ग्रामीण हाट बाजार में आधारभूत व बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए गए हैं जैसे जहां पल भी ग्रामीण हाट बाजार डेवलप किये जा रहे हैं, वहां पर पीने के पानी, टायलेट, पार्किंग स्पेस, जल निकासी आदि की भी व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को लाभ पहुंचाना तथा उनके उत्पाद की बिक्री हेतु उचित स्थान मिल सके, इस उद्देश्य से सरकार द्वारा ग्रामीण हाट बाजारों को विकसित किया जा रहा है। गांवों में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम और अन्य सरकारी योजनाओं का उपयोग करके भौतिक बुनियादी ढांचे को मजबूत कर हाट बाजार विकसित किए जाएंगे।

## दलाली नहीं सेवा करने व समय देने वालों को मिले संगठन में स्थान : संदीप बंसल




**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश संदीप बंसल ने संगठन के प्रमुख पदाधिकारियो की बैठक को संबोधित करते हुए लखनऊ सहित प्रदेश में बनने वाली सभी सांगठनिक कमेटियों में सेवा भाव के साथ समय समर्पित करने वाले व्यापारियों को ही पदाधिकारी बनाने का निर्देश दिया बंसल ने कहा की दलाली करने वाले या दलाली जैसे काम में रुचि रखने वाले किसी भी व्यापारी को संगठन में कोई पद न दिया जाए।

संदीप बंसल ने कहा कि जिनको दलाली जैसे कार्य करने हैं वह अपने व्यापार करें और अधिक मेहनत से व्यापार को आगे बढ़ाएं संगठन में दलाली जैसा भाव किसी कीमत पर स्वीकार्य नहीं है कम पदाधिकारी हो यह चल सकता है परंतु जिनका मनोभाव ठीक नहीं है और वह संगठन को कमाई का माध्यम समझते हो उनके लिए संगठन में कोई स्थान नहीं है।

बैठक को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश प्रवक्ता सुरेश छाबलानी ने कहा कि अपने स्वार्थ के लिए अथवा दलाली पर्वती का भाव रखने वाले किसी भी पदाधिकारी को संगठन से नहीं जोड़ा जाएगा उसी के अनुरूप लखनऊ में भी पदाधिकारियो का चयन किया जाएगा जो समय दे सकते होंगे और व्यापारियों की सेवा का कार्य करेंगे।

आज की बैठक में प्रदेश के कोषाध्यक्ष शिव अग्रवाल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य वेद रतन श्रीवास्तव, विवेक कुमार लखवानी, राजीव कककड, दीपेश गुप्ता,मो. सालिम, पदम जैन, आदर्श अग्रवाल, सनत गुप्ता,शीशीर सिह,राजेश गुप्ता, संदीप अग्रवाल,मुकेश कुमार नाग, सजय निधी अग्रवाल,असीम चंद्रा, आर के मिश्रा, राजीव अरोड़ा जय मिगलानी, नितिन श्याम चौधरी, लाल बहादुर रामस्वरूप शुभम केसरवानी उपस्थित थे।

## ट्रांसजेंडर साहित्यिक एवं सांस्कृतिक समारोह-2024 में दिखी संवेदनशीलता की झलक

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रदेश के समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने कहा है कि योगी सरकार समाज के हर व्यक्ति को समान रूप से विकास के अवसर प्रदान कर रही है। इसी कड़ी में ट्रांसजेंडर साहित्यिक एवं सांस्कृतिक समारोह आयोजित किया गया है। हमारा प्रयास है कि ट्रांसजेंडर समुदाय को समाज में सम्मानजनक स्थान मिले एवं समाज की मुख्य धारा में आकर वह अपने एवं देश के विकास में अपनी भूमिका निभा सकें। शुक्रवार को भागीदारी भवन, गोमती नगर लखनऊ के प्रेक्षागृह में भारत का प्रथम ट्रांसजेंडर साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम 2024 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत श्री असीम अरुण, समाज कल्याण राज्य मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। कार्यक्रम के दौरान सोनम चिश्ती, उपाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश ट्रांसजेंडर कल्याण बोर्ड, डॉ. हरिओम, प्रमुख सचिव, समाज कल्याण, कुमार प्रशांत, निएशक समाज कल्याण, महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी, महामंडलेश्वर कौशल्या नंद गिरि, देविका देवेंद्र एस मंगलामूखी, सदस्य ट्रांसजेंडर कल्याण बोर्ड के साथ ट्रांसजेंडर समुदाय के प्रमुख हस्तियों ने प्रतिभाग किया गया। संवेदनशीलता और सम्मान के साथ मौलिक अधिकारों पर हुई चर्चा कार्यक्रम के दौरान महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी के द्वारा लिखित पुस्तक 'मैं हिजड़ा मैं लक्ष्मी' पर चर्चा के दौरान कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ट्रांसजेंडर समुदाय को मुख्य धारा में लाने के लिए अच्छा काम कर रही है। विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उन्हें रोजगार के अवसर मिल रहे हैं और वो अपने परम्परागत आय के साधन छोड़ कर नए व्यवसाय अपना रहे हैं और समाज और देश की प्रगति में अपना योगदान दे रहे हैं।

## पहले चरण में 81 हजार बच्चों को स्कूल आवंटित, जांच में 1.37 लाख सही मिले

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कमजोर आय वर्ग के बच्चों के निशुल्क व अनिवार्य शिक्षा के अधिकार (आरटीई) के तहत गत वर्ष की अपेक्षा काफी अच्छा रुझान है। निजी स्कूलों में पूर्व प्राथमिक व कक्षा एक में 25 फीसदी तक प्रवेश के लिए पहले चरण में 1.82 लाख आवेदन हुए। इसमें जांच में 1.37 हजार आवेदन सही पाए गए और जिला स्तर पर हुई लॉटरी में पहले चरण में 81,816 बच्चों को स्कूल आवंटित किए गए हैं।

शासन ने सभी बीएसए को निर्देश दिया है कि स्कूल आवंटन होने वाले बच्चों का जिला स्तर पर अभियान चलाकर प्रवेश सुनिश्चित कराएं। दूसरे चरण के लिए ऑनलाइन आवेदन एक से 30 मार्च तक लिए जाएंगे। इस साल शासन चार चरण में आरटीई के तहत आवेदन लेकर बच्चों के प्रवेश सुनिश्चित कराएगा।

शासन ने आरटीई के तहत होने



वाले प्रवेश की प्रतिपूर्ति के लिए बजट प्रावधान 181 करोड़ से बढ़ाकर 308 करोड़ किया है। वहीं पिछले कई सालों के बकाया प्रतिपूर्ति शुल्क का भी इस साल भुगतान कर दिया गया है। यही वजह है कि इसमें विद्यालय भी रुचि ले रहे हैं। इस साल आरटीई में रजिस्डर्ट स्कूलों की संख्या भी बढ़ी है। शासन ने इस साल प्रवेश का लक्ष्य भी बढ़ाकर दो लाख किया है, जबकि गत वर्ष 1.1 लाख बच्चों का प्रवेश हुआ था।

महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने बताया कि स्कूलों में सीट क्षमता के अनुसार पहले चरण में 81 हजार विद्यालय आवंटित हुए हैं। जो बच्चे इस चरण में छूट गए हैं, वह अगले चरण में फिर से दूसरे स्कूल में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं। जिला स्तर पर, तहसील व ब्लॉक में भी विभिन्न माध्यमों से आरटीई का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। ताकि ज्यादा से ज्यादा बच्चे इसका लाभ ले सकें।

### इस तरह बढ़े आवेदन

- 2021-22 में तीन चरण में दो लाख 98 आवेदन, 1.53 लाख आवेदन सही, 99255 को स्कूल आवंटित
- 2022-23 में तीन चरण में 2.51 लाख आवेदन, 1.94 लाख आवेदन सही, 1.24 लाख को स्कूल आवंटित
- 2023-24 में तीन चरण में 2.85 लाख आवेदन, 2.8 लाख आवेदन सही, 1.34 लाख को स्कूल आवंटित
- 2024-25 में पहले चरण में 1.82 लाख आवेदन, 1.37 लाख आवेदन सही, 81 हजार को स्कूल आवंटित

## संक्षेप

### प्राथमिक विद्यालय हंसपुर में बेस्ट रनर्स संस्था द्वारा डोनेशन कार्यक्रम का आयोजन




एटा। अवागढ़ क्षेत्र में प्राथमिक विद्यालय हंसपुर में बेस्ट रनर्स संस्था द्वारा डोनेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें संस्था द्वारा एक स्मार्ट एलईडी टीवी बच्चों की शिक्षा हेतु दान दी गई। संचालन कर रहे जेपी सिंह, रोहित कुमार, व विनोद कुमार ने बताया कि संस्था का प्रमुख उद्देश्य अधिक से अधिक विद्यालय को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम में प्राथमिक विद्यालय हंसपुर के छात्र छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना, अतिथि स्वागत हेतु स्वागत गीत पर नृत्य एवम् कक्षा 4 और 5 के विद्यार्थियों द्वारा पाठ्यक्रम पर आधारित स्वनिर्मित परियोजना कार्य का प्रस्तुतिकरण किया गया। जिसमें विभिन्न अतिथियों द्वारा किए गए सभी प्रश्नों का उत्तर दिया। मनोज कुमार, ज्ञानेंद्र वीर, अजय शर्मा, धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, मुकेश कुमार, सविता गुप्ता, अंजली मिश्रा, ममता, इंद्रपाल, कमलेश, हेमंत पचौरी, अक्षय कुमार, नीरज त्यागी आदि शिक्षक एवम् आंगनबाड़ी कार्यकत्री सम्मिलित हुए।

### श्री राम वेलफ़ेयर सोसाइटी के द्वारा ड्रॉइंग कॉम्पटीशन में अर्चना, हीरा, अनुष्का आयी प्रथम

एटा। कोतवाली नगर क्षेत्र में श्री आर एस मेमोरियल पब्लिक स्कूल में श्री राम वेलफ़ेयर सोसाइटी के द्वारा ड्रॉइंग कॉम्पटीशन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एल आई सी के लीगल अडवाइजर अजय सक्सेना योगेश सक्सेना एंव उमा शंकर रहे । आर एस मेमोरियल पब्लिक स्कूल के प्राचार्या राजेश गुप्ता ने पुष्पगुच्छ एंव शॉल उड़ाकर उनका स्वागत एंव सम्मान किया !मुख्य अतिथि एव प्रभारी प्राचार्या द्वारा विजेता छात्र छात्राओं को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्रथम स्थान कु0 अर्चना एंव अनुष्का तथा छात्र वर्ग में चैंपियन छात्र का पुरस्कार हीरा ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान रीवा,अंशु,अंकिता एंव तृतीय स्थान अल्तमस,अरुण कृष्णा को मिला। प्राचार्या राजेश गुप्ता द्वारा सभी विजेताओं को बधाई दी।कार्यक्रम में सहयोग दाता में प्रशांत सक्सेना, निशांत सक्सेना,ममता, शैली, अरसिमा आदि लोग उपस्थित रहे।

### बैंक्वेट हॉल में लिटिल चोर गिरोह सक्रिय, नोटों से भरे दो बैग उड़ाए

साहिबाबाद। बैंक्वेट हॉल में लिटिल चोर गिरोह सक्रिय हो गया है। लिंक रोड थाना क्षेत्र के बैंक्वेट हॉल से चोर निजी कंपनी के वाइस प्रेसीडेंट व उनके रिश्तेदार के नोटों व कीमती सामान से भरे दो बैग चोरी करे ले गए। वारदात करता चोर और अपने साथियों के साथ भागता चोर सीसीटीवी में कैद हो गया। बैग मालिक ने चोरी की धारा में मुकदमा दर्ज कराया। घटना के चार दिन बाद भी पुलिस चोरों को पकड़ने में कामयाब नहीं हो सकी है। अहिंसाखंड-दो के विजय अपार्टमेंट में रहने वाले निजी कंपनी में उपाध्यक्ष पद पर कार्यरत नरोत्तम सिंह ने बताया कि सोमवार को बेटे का विवाह समारोह होटल बनाना ट्री के जस्टइन बैंक्वेट में था। समारोह के दौरान एक अज्ञात बालक ने मेरा बैग चोरी कर लिया। होटल की वीडियो फुटेज देखने पर पता चला कि चोर ने उनके बैग के अलावा रिश्तेदार महिला के बैग पर भी हाथ साफ कर लिया। बैग में 60 हजार रुपये की नकदी, करीब 72 हजार रुपये से भरे लिफाफे, तीन बैंकों के अलग-अलग कार्ड, पैनकार्ड, आधारकार्ड, डीएल, घर की चाबियां, एक एप्पल मोबाइल था जबकि महिला रिश्तेदार के बैग में 25 हजार रुपये की नकदी व अन्य कीमती सामान था।

### छात्रों को वितरित किया गया प्रमाण पत्र

अमेठी। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी नरेंद्र पांडे ने बताया कि पिछड़ा वर्ग विभाग द्वारा संचालित निशुल्क ओ लेवल (एक वर्ष) और सीसीसी (तीन माह) के कोर्स में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके छात्रों को जिलाध्यक्ष भाजपा राम प्रसाद मिश्र द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किया गया। उन्होंने बताया कि ओ लेवल के 17 और सीसीसी के 20 प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके छात्रों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया।

### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आज तहसील अमेठी में

अमेठी। जनपद स्तरीय ''सम्पूर्ण समाधान दिवस'' जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में दिनांक 02 मार्च 2024 को अमेठी तहसील में आयोजित होगा एवं अन्य तहसीलों में ''सम्पूर्ण समाधान दिवस'' का आयोजन सम्बन्धित उपजिलाधिकारियों की अध्यक्षता में आयोजित होगा।

### अन्नपूर्णा भवन में आयोजित होगा कार्यक्रम, किया जाएगा सजीव प्रसारण

अमेठी। जिला पूर्ति अधिकारी नीलेश उत्पल ने बताया कि दिनांक 2 मार्च 2024 को माननीय मुख्यमंत्री जी उत्तर प्रदेश द्वारा प्रातः 10:00 बजे से लोकभवन सभागार लखनऊ से नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन (मॉडल उचित दर दुकान) तथा ई-वेइंग स्केल युक्त ई-पास मशीनों का लोकार्पण किया जाएगा, जिसका सजीव प्रसारण अन्नपूर्णा भवन इन्हौना में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उक्त कार्यक्रम में माननीय राज्यमंत्री श्री मयंकेश्वर शरण सिंह जी द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा।

### रोजगार मेले में 37 अभ्यर्थियों को दिया गया रोजगार

अमेठी कौशल विकास मिशन के प्लेसमेंट अधिकारी अजय कुमार सिंह ने बताया कि उ0प्र0 कौशल विकास मिशन के अन्तर्गत जिला सेवायोजन कार्यालय व राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में डी0डी0यू0जी0के0वाई0 योजना के तहत जनपद के संग्रामपुर ब्लॉक में कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र में रोजगार मेला का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि उक्त आयोजित ब्लॉक स्तरीय रोजगार मेले में मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय प्रबन्धन द्वारा कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया तथा 03 प्लेसमेंट कम्पनियों द्वारा रोजगार मेले में प्रतिभाग किया गया जिसमें 79 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया एवं 37 प्रशिक्षुओं को रोजगार प्रदान किया गया। उन्होंने बताया कि इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में जिला कौशल प्रबन्धक संदीप कुमार सिंह, प्लेसमेंट अधिकारी अजय कुमार सिंह, मृत्युन्जय तिवारी एवं सेन्टर इंचार्ज सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# भाजपा के जौनपुर लोकसभा के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन सम्पन्न हुआ

लोकमित्र ब्यूरो

**जौनपुर।** शुक्रवार को लोकसभा चुनाव कार्यालय खोलकर भाजपा ने चुनावी बिगुल बजा दिया है। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जौनपुर नगर के कान्हा पैलेस के प्रांगण में लोकसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन प्रधानमंत्री कार्यालय मंत्री जीतेन्द्र सिंह ने फीता काटकर किया। तदुपरांत डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की सुभारम्भ की गई। तत्पश्चात सभी कार्यकर्ताओं के द्वारा बंदे मातरम का गीत गाया गया।

आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जितेन्द्र सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव का शंखनाद हो गया है। पार्टी कार्यकर्ता हर बूथ पर प्रचंड जीत का परचम लहराने के लिए पूरी ताकत से जुट जाएं। उन्होंने कहा यह चुनाव कार्यालय अब सभी चुनावी




गतिविधियों का केंद्र होगा। अबकी बार 400 के पार के नारे को साकार रूप देना है। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के प्रति लोगो का विश्वास बढ़ा है। जिससे लोकसभा के सभी सीटो पर भाजपा जीतेगी और कमल खिलेगा। उप्र सरकार के मंत्री नंदगोपाल गुप्ता नंदी ने कहा कि भाजपा का चुनाव कार्यालय के उद्घाटन से 2024 के लोस चुनाव का आगाज हो गया है। हम सभी कार्यकर्ताओं का काम अब अधिक हो गया हैं, हमारा प्रत्याशी चाहे जो भी पर हमारा चुनाव चिन्ह कमल का फुल है हम सभी कार्यकताओं के बल पर 2024 के लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटों पर प्रचण्ड विजय होगी। कलस्टर इंचार्ज नंदगोपाल नंदी ने कहा कि चुनाव में सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता की जिम्मेदारी दी गई। सभी को एकजुट होकर पूरी निष्ठा और मेहनत से काम करें। लोकसभा चुनाव का बिगुल बज गया है। केंद्र सरकार के जनकल्याणकारी काम काज को लेकर आम जनता तक पहुंचना है। भाजपा के कर्मठ और समर्पित कार्यकर्ता कमर कस ले और अबकी बार 400 के पार के नारे को साकार रूप देना है। जिला प्रभारी एव क्षेत्रीय महामंत्री अशोक चौरसिया ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए बूथ जीतो चुनाव जीतो का मंत्र दिया। मोदी की गारंटी पर जनता मुहर लगाएगी। इस बार फिर ऐतिहासिक मतों से कमल खिलेगा। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी के अभियानों में जुटने का आवाह्नन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने मुख्य अतिथि का अंगवस्त्र व माल्यार्पण कर स्वागत किया तथा सभी मंचासीन अतिथियों का स्वागत करते हुए लोकसभा क्षेत्र से आये हुए सभी कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 10 साल में भाजपा ने गांव गरीब किसान सहित सभी वर्ग के विकास के लिए देश में ऐतिहासिक जनकल्याणकारी कार्य किए है। विश्व पटल में देश तेजी से आगे बढ़ रहा है। आज भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। मोदी जी ने देश के कई पीढ़ी का राम मंदिर निर्माण का सपना पूरा किया है। पीएम नरेंद्र मोदी ने 400 पार का आव्हान किया है। इसे पूरा करने हम सभी को मिलकर धरातल में काम करना है।

## तैनात शिक्षामित्र के पति द्वारा प्रधानाध्यापक के साथ अपशब्द एवं दुर्व्यवहार के संबंध में प्राथमिक दर्ज

लोकमित्र ब्यूरो

**अलीगंज/एटा।** प्राथमिक विद्यालय मितौलिया में तैनात शिक्षामित्र के पति द्वारा प्रधानाध्यापक के साथ अपशब्द एवं दुर्व्यवहार के संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी और थानाध्यक्ष अलीगंज को शिकायती पत्र देकर प्राथमिक दर्ज करने की शिकायत की है। प्राथमिक विद्यालय मितौलिया पर प्रधानाध्यापक पद पर कार्यरत कंचन शर्मा ने बताया कि शिक्षामित्र श्रीमती रेखा रानी के पति द्वारा अपशब्दों का प्रयोग कर दुर्व्यवहार किया गया है क्योकि शिक्षामित्र रेखा रानी 19 फरवरी से लगातार अनुपस्थित चल रहीं थीं। बीएसए द्वारा विद्यालय का निरीक्षण के दौरान अध्यापक उपस्थिति पंजिका में अनुपस्थित दर्शाया गया। बीएसए के जाने के बाद शिक्षा मित्र रेखा रानी अपने पति राहुल के साथ विद्यालय आयी और अध्यापक उपस्थिति पंजिका में बीएसए द्वारा अनुपस्थिति लगामे कॉलम में 20 फरवरी को 10:30 का समय दर्ज कर मेरी बिना अनुमति के हस्ताक्षर कर दिये। फिर शिक्षा मित्र उपस्थिति पत्रक पर फरवरी माह पूरे माह के हस्ताक्षर कर मुझसे अपनी उपस्थिति प्रमाणित करने के लिए दबाब डालने लगी जिस कारण मैंने प्रमाणित करने से मना कर दिया तभी रेखारानी के पति आक्रोशित होते हुए मुझसे अपशब्दों का प्रयोग करने लगा और लगातार बदजुबानी करते हुए बोला कि अनुपस्थिति लगाने की हिम्मत किसकी हुई। तेज आवाज में गाली- गलौज करते हुए सुन विद्यालय परिसर में आस-पास के लोग एकत्रित हो गये और गलत बयानी करने से रोका तो धमकी देने लगा कि मुझसे अच्छी तरह से निबट लेगा। विद्यालय परिसर में राहुल किसी व्यक्ति से फोन पर बात करते हुए मुझे लगातार गन्दी गालियों देते हुए उस व्यक्ति से मुझे देख लेने की बात बोल रहा था।

## निर्माणाधीन फैक्ट्री के लैंटर के गिरने से एक श्रमिक की मौत दूसरा गंभीर रूप से घायल

लोकमित्र ब्यूरो

**मोदीनगर।** सिखेड़ा मार्ग पर औद्योगिक क्षेत्र स्थित निर्माणाधीन फैक्ट्री का लैंटर आधी रात के समय अचानक भरभरा कर गिर पड़ा। मलबे में दबकर एक श्रमिक की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल श्रमिक को उपचार के लिए मेरठ के निजी मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया है। घटना के बाद फैक्ट्री के मालिक तथा ठेकेदार मौके से फरार हो गए। श्रमिक के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए घटना स्थल पर सब को रखकर हंगामा किया। सूत्रों के अनुसार दो श्रमिक घायल बताए गए जबकि पुलिस वहां काम करने वाले श्रमिक ललित को ही घायल बता रही है। मृतक के परिजन ने आरोप लगाया की फैक्ट्री भी अवैध तरीके से बनाई जा रही थी। स्थानीय एसीपी का कहना है की तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के अनुसार दुर्घटना के बाद वहां काम करने वाले अन्य श्रमिकों ने मालवे में दबे साथियों को निकालने का प्रयास किया। लगभग 1 घंटे की मशक्कत के बाद मालवा को हटाया जा सका। मलबे में दबाकर श्रमिक विशाल की मौके पर ही मौत हो गई जबकि ललित गंभीर रूप से घायल हो गया। एसीपी मोदीनगर ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि सिखेड़ा मार्गशीर्ष औद्योगिक क्षेत्र में दिल्ली निवासी शाहिद फैक्ट्री बन रहा है। फैक्ट्री निर्माण का ठेका गांव सीकरी कला निवासी ठेकेदार नदीम के पास है। निर्माण कार्य में हापुड़ देहात सिर्फ शिव नगर के श्रमिक काम कर रहे हैं। बताया गया कि बृहस्पतिवार को फैक्ट्री का लेंटर डाला गया था । रात 8:00 बजे श्रमिक विशाल और भावना और ललित लेटर की शटरिंग चेक करने गए।

# पीएम आवास योजना में अवैध वसूली का खेल, कार्रवाई तो महज दिखावा

लोकमित्र ब्यूरो

**एटा** शहरी क्षेत्र की प्रधानमंत्री आवास योजना में मिलने वाली ढाई लाख रुपये की सहायता राशि दिलाने के लिए अवैध वसूली का सिलसिला थम नहीं रहा है। शिकायतों पर दिखाने के लिए कार्रवाई तो होती है लेकिन चेहरे बदल जाते हैं और वसूली जारी रहती है।जलेसर में दिसंबर में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत सर्वे के दौरान वार्ड नंबर सात की सभासद आरती कुमारी ने जिलाधिकारी से शिकायती की थी।

बताया कि एजेंसी के सर्वेयर मनोज व विकास लाभार्थियों से अवैध धन उगाही कर रहे हैं। डीएम ने इसकी जांच करने को कहा तो डूडा की ओर से दोनों आरोपी कर्मचारियों की सेवा समाप्त कर दी गई। इसके साथ ही सर्वे करा रही मै. जयेश ए दलाल को पत्र भी जारी किया गया था। लिखा गया कि किसी भी लाभार्थी से किसी प्रकार की धन वसूली नहीं



होनी चाहिए। अनियमितता पर कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। साथ ही आरोपी दोनों कर्मचारियों की जांच कर कानूनी कार्रवाई करने को भी कहा था। लेकिन न तो इन दोनों पर कोई कानूनी कार्रवाई हुई और न ही वसूली ही समाप्त हो पाई। हाल में शीतलपुर विकासखंड क्षेत्र में लेनदेन को लेकर जियो टैगिंग लटकाने की शिकायत आई। इस पर डूडा द्वारा दो कर्मचारियों अनिल कुमार व संदीप की संविदा समाप्त की गई है।

### जैथरा में हुआ था खेल

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जैथरा में भी खेल हुआ था। कर्मचारियों ने सर्वे कर कई लोगों से रुपये ले लिए। उन्हें पात्र बताते हुए जल्द किशत भेजे जाने का आश्वासन दिया। लेकिन जारी की गई पात्रता सूची में तमाम ऐसे लोगों के नाम नहीं थे, जिनसे पात्रता बताकर रुपये लिए गए थे। इस मामले की जांच अभी चल रही है।

### ऐसे होता है खेल

सूडा (राज्य नगरीय विकास अभिकरण) ने जयेश ए दलाल संस्था को पूरे प्रदेश में इस योजना के सर्वे और जिओ टैगिंग के लिए अधिकृत किया है। जिले में वर्तमान में 12 कर्मचारी काम कर रहे हैं। आवेदकों के अनुसार ये लोग फाइल बनाने, फोटो व जियो टैगिंग के लिए 5 हजार से 20 हजार रुपये तक ले लेते हैं। ढाई लाख रुपये मिलने के बदले लोग इनसे समझौता कर लेते हैं।

एडीएम प्रशासन सत्यप्रकाश ने बताया कि योजना में किसी भी तरह की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि कोई कर्मचारी या एजेंसी की गलत भूमिका मिलती है तो उस पर भी कार्रवाई की जाएगी।

## ट्रैक्टर ट्राली पलटने से हुए हादसे के बाद भी लोगों ने नहीं लिया सबक

लोकमित्र ब्यूरो

**अलीगंज\एटा।** कासगंज जनपद में गंगा स्नान करने गए श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर ट्राली तालाब में गिर गई। जिसमे दरियावगंज-पटियाली मार्ग पर ट्रैक्टर ट्राली पलटने से 24 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई व कई लोग घायल हो गये। इतना ही नहीं अक्टूबर 2022 में भी कानपुर जिले के घाटमपुर क्षेत्र में देवी दर्शन कर उन्नाव से लौट रहे 26 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। ट्राली पर 50 से ज्यादा लोग सवार थे। इतना बड़ा हादसा देखने के बाद भी ग्रामीणों ने कोई सबक नही लिया है। अभी भी बड़ी संख्या में ग्रामीण ट्रैक्टर ट्राली में बैठकर सफर कर रहे है। इन दुर्घटनाओं के बाद सबसे पहला प्रश्न यह उठता है कि आखिर इन घटनाओं के लिए जिम्मेदार कौन है ? ट्रैक्टर ट्राली पलटने से कासगंज में हुई दुर्घटना ने पूर्व में हो चुकी दुर्घटनाओं की याद ताजा कर दी। एक के बाद



एक दर्दनाक हादसे हो रहे हैं। फिर भी लोग इनसे सबक नहीं ले रहे। इतने बड़े हादसे के बाद भी ट्रैक्टर ट्राली में कई महिलाएं व युवक और बच्चे अमरोली बाईपास के पास देखने के लिए मिले जब ट्रैक्टर चालक से पूछा गया तो उसने बताया कि थाना नयागांव के असन नगर शादी का भात पहनाकर अपने गांव थाना अकराबाद कपिल जा रहे हैं। ग्रामीण ट्रैक्टर ट्रालियों में भरकर आते जाते रहे, लेकिन कोई भी प्रशासनिक अधिकारी या पुलिस ने रोकटोक करता नहीं दिखा। बीते वर्ष 4 अप्रैल 2023 को कायमगंज क्षेत्र में ट्रैक्टर ट्राली पलटने से 35 लोग घायल हो गए थे। वहीं 12 अप्रैल 2024 को शमशाबाद क्षेत्र में ट्रैक्टर ट्राली के पलटने से दो लोगों की मौत हो गई थी जबकि 31 लोग घायल हो गए थे। वहीं 21 जनवरी 2024 को नवाबगंज क्षेत्र में ट्रैक्टर ट्राली पलटने से दो लोगों मौत हो गई थी। इसका अनुमान लगातार हो रही दुर्घटनाओं से लगाया जा सकता है। कहना गलत नहीं होगा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सडक़ दुर्घटनाओं का एक बड़ा कारण अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्रालियां हैं। इनके चालक ज्यादातर अप्रशिक्षित होते हैं जो यातायात नियमों का पालन नहीं करते हैं। ट्रालियां केवल फसल और कृषि संबंधित अन्य सामान ले जाने के लिए होती है, लेकिन निर्माण के दौरान इनके आकार प्रकार पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता। भारवहन क्षमता के अनुरूप एक्सल भी नहीं लगाए जाते है। इनमें न ही प्रकाश की व्यवस्था होती और न हीं पीछे रेडियम संकेतक लगे होते है।

### मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य रजनी पटेल के लाख सुधारात्मक रवैए के बाद भी नही सुधर रहे है स्वास्थ्य कर्मी

**एटा।** मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य रजनी पटेल के लाख सुधारात्मक रवैए के बाद भी नही सुधर रहे है स्वास्थ्य कर्मी, दवाई लेने आए मरीज और तीमारदारों से लगातार कर रहे है अभद्रता, पीड़ितों ने एटा मेडीकल कॉलेज की प्रिंसिपल से पूरे मामले की शिकायत की है। पीड़ित तीमारदार योगेंद्र दवाई वितरण काउंटर पर पर्चा लेकर लेने गए थे दवाई, स्वास्थ्यकर्मी अमित कुमार और सुमित ने की तीमारदार से अभद्रता जब यह जानकारी एटा स्वास्थ्य कर्मियों में मचा हड़कंप, पीड़ितों ने एटा डीएम प्रेम रंजन सिंह और मेडिकल कॉलेज की प्रिंसिपल रजनी पटेल से की है। शिकायत योगेंद्र कुमार, पीड़ित ने आरोप लगाते हुए कहा कि में अपने पिता जी को हड्डी के डॉक्टर को दिखाने मेडिकल कॉलेज आया था। जब पिता जी को दिखा कर दवाई लेने दवा काउंटर पर अमित फार्मासिस्ट को पर्चा दिया।

## जी एल बजाज कालेज में उत्पादकता सप्ताह समारोह

लोकमित्र ब्यूरो

**नोएडा।** नॉएडा स्थित जीएलबी आईएमआर कॉलेज के सेंटर ऑफ सस्टेनेबिलिटी और जीएचआर ओडीसी ने 'उत्पादकता सप्ताह समारोह 2024' के अवसर पर भारत सरकार के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय एवं राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद और ग्रेटर नोएडा के उत्पादकता परिषद के साथ ₹नवीकरणीय ऊर्जा समाधान के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता₹ विषय पर एक अंतर-कॉलेज वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस वाद-विवाद प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों के बीच आलोचनात्मक सोच को जगाना और इस बात पर चर्चा शुरू करना है कि आर्थिक उत्पादकता को बढ़ावा देने और राष्ट्रीय प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए एआई का उपयोग कैसे किया जा सकता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिव नादर यूनिवर्सिटी के एसोसिएट डीन-स्टूडेंट्स डॉ0 बालामुर्गन बालुसामी थे और मुख्य वक्ता फेडरेशन ऑफ लोकल प्रोडक्टिविटी काउंसिल्स ग्रेटर नॉएडा के निदेशक और प्रमुख डॉ. आर. डी. मिश्रा थे। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना और निदेशक डॉ. सपना राकेश का स्वागत भाषण के साथ हुई। उन्होंने कहा इस तरह की चर्चा एआई और नवीकरणीय ऊर्जा के एक साथ काम करने की संभावनाओं को प्रदर्शित करती है। उसके बाद मुख्य वक्ता एवं मुख्य अतिथि ने पत्रिका ₹जेनेसिस₹ का उद्घाटन किया। डॉ. आर.डी. मिश्रा ने नवीकरणीय ऊर्जा और इसके महत्व के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने अपने वक्तव्य में इस बात का भी जिक्र किया कि कैसे भारत और अन्य देश कार्बन उत्सर्जन के कारण नवीकरणीय ऊर्जा को अपना रहे हैं। डॉ. बालमुर्गन बालुसामी ने एआई के बारे में बात की और पूछा कि क्या एआई ने मानव की जगह ले ली है। उन्होंने एआई की कमियों का भी उल्लेख किया और कहा कि जनसंख्या क्षेत्र के कारण अधिकांश डेटा उत्तरी और दक्षिणी एशिया से उत्पन्न होता है।

## 10 वर्षीय बच्ची को पिटबुल ने हमला कर किया गंभीर रूप से घायल, हालात देखकर डॉक्टर के भी उड़े होश

लोकमित्र ब्यूरो

**साहिबाबाद।** शालीमार गार्डन में एक दस वर्षीय बच्ची पर पिटबुल ने हमला कर दिया। बच्ची के मुंह को कुत्ते ने जबड़े में फंसा लिया और कई मिनट तक नोचता रहा। घायल बच्ची को देखकर तीन अस्पतालों के डॉक्टरों ने मना कर दिया। वहीं, अब वैशाली स्थित एक निजी अस्पताल में बच्ची का इलाज चल रहा है। शालीमार गार्डन में अपनी सहेली से मिलने जा रही दस वर्षीय आलिया पर खुला घूम रहे पिटबुल ने हमला कर दिया। बच्ची के मुंह को कुत्ते ने जबड़े में फंसा लिया और कई मिनट तक नोचता रहा। चीख-पुकार सुनकर बुजुर्ग ने कुत्ते को डंडा मारकर किसी तरह बच्ची को बचाया और परिवार को सूचित किया। इस मामले में परिजनों ने पिटबुल पालक के खिलाफ डीएलएफ पुलिस चौकी में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने दोनों पक्ष के बीच समझौता करा दिया। कुत्ता मालिक ने बच्ची के इलाज का खर्च वहन करना स्वीकारा है। जानकारी के अनुसार, घटना बुधवार रात आठ बजे की है। डीएलएफ कॉलोनी में रहने वाली दस वर्षीय नाजिया रात करीब आठ बजे शालीमार गार्डन में अपनी सहेली से मिलने जा रही थी। सहेली मानवी के पिता ने पिटबुल पाला हुआ है। आलिया जब उनके घर पहुंची तो परिवार के सभी सदस्य छत पर थे और नीचे उनका पालतू कुत्ता पिटबुल खुला घूम रहा था। आलिया को देखते ही कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया और उसके चेहरे को नोचने लगा। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे बुजुर्ग ने कुत्ते को डंडा मारकर बचाया। जख्मी आलिया को परिजन पहल गुरुतेग बहादुर अस्पताल ले गए, जहां उसका प्राथमिक इलाज किया गया, लेकिन घाव से खून आने का सिलसिला न रुकने पर बृहस्पतिवार बच्ची को एम्स रेफर कर दिया गया।

### 45 जोड़ों का हुआ सामूहिक विवाह

**अमेठी।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत जनपद के पी0डब्लू0डी0 गेस्ट हाउस परिसर जगदीशपुर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 45 जोड़ों का सामूहिक विवाह कराया गया। जिला समाज कल्याण अधिकारी आर0के0 शर्मा ने बताया कि आज 03 विकास खण्डों क्रमशः जगदीशपुर, मुसाफिरखाना व बाजार शुकुल में 45 जोड़ों का सामूहिक विवाह कराया गया, जिसमें 42 हिन्दू तथा 03 मुस्लिम जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया गया। उन्होंने बताया कि उक्त कार्यक्रम के दौरान मा0 विधायक जगदीशपुर सुरेश पासी द्वारा नव विवाहित जोड़ों को उपहार स्वरूप बिछिया, पायल व विवाह प्रमाण पत्र दिया गया एवं प्रमुख जगदीशपुर प्रतिनिधि अभिषेक सिंह (प्रधान), जिला पंचायत सदस्य विशाल सिंह, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) दिनेश मिश्र, जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश शर्मा सहित अन्य जनप्रतिधि उपस्थित रहे।

## लोकसभा लाभार्थी अभियान के तहत भाजपा की बैठक



लोकमित्र ब्यूरो

**एटा।** लोकसभा एटा लाभार्थी अभियान के तहत मारहरा विधानसभा की मंडल स्तरीय कार्यकारिणी की बैठक ग्राम ककरावली पर संपन्न हुई ! अग्रिम जैन जिला मीडिया प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया की बूथ नंबर 184 पर एटा लोकसभा विस्तारक अर्जुन सैनी एंव पूर्व जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा संतोष चौहान जी ने बैठक में ने केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। कार्यकर्ताओं को सभी लाभार्थियों के घर घर पहुँच कर मोदी जी की लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने की बात कही । मोदी जी का देश मे इस बार भाजपा की 400 सीट पार के संकल्प को पुरा करने का कार्यकर्ताओं से आह्वान किया। कार्यकर्ताओं को बताया की जनहित की विभिन्न योजनाओ से जुड़ी जानकारी लाभार्थीयौं को बताएं। केंद्र सरकार द्वारा आये मोबाइल सेल्फी पॉइंट पर सेल्फी अपलोड करने व जारी नंबर पर मिस काल करने व फॉर्मेट के बारे मे घर घर पहुँच कर जानकारी देने के बारे में बताया । सभी वक्ताओ ने इस मीटिंग मे कहा की लाभार्थियों को केंद्र सरकार द्वारा कल्याणकारी योजनाओं घर घर जाकर बताये। बैठक में डॉ मिहीलाल राजपूत बूथ अध्यक्ष, रूप किशोर प्रधान सचिव,देवेश कुमार,राजेंदर सिंह मन की बात प्रमुख,सर्वेश कुमार युवा प्रमुख,रिशु राजपूत,कमलेश राजपूत व्हाट्सएप प्रमुख, हृदय पल सिंह, दीनदयाल, हिमांशु राजपूत, ज्ञानेंद्र कुमार,धीरेन्द्र सिंह डीलर, राम गोपाल सिंह,रवि कुमार, गगन कुमार, ललित कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य और महिला उद्यम के क्षेत्र में बेहतर कार्य के लिए डॉ रश्मि गुप्ता को मिला सम्मान

लोकमित्र ब्यूरो

**नोएडा।** फेलिक्स हॉस्पिटल की डायरेक्टर डॉ. रश्मि गुप्ता को स्वास्थ्य और महिला उद्यम के क्षेत्र में बेहतर कार्य के लिए भारत सरकार एवं महाराष्ट्र सरकार द्वारा 27 फरवरी को सम्मानित किया गया । उन्हें पुणे के वेस्टिन कोरेगांव पार्क में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया गया।

डॉ रश्मि गुप्ता का जन्म उत्तर प्रदेश के छोटे से शहर उन्नाव में हुआ और उन्होंने अपनी प्राम्भिक शिक्षा भी वही से सरकारी स्कूल से प्राप्त की । मध्यवर्गीय परिवार और लड़की होने की वजह से उन्होंने अपनी शिक्षा दौरान बहुत सारी चुनौतियों का सामना करना पड़ा।

तमाम चुनौतियों के वाबज़ूद डॉ रश्मि ने डॉक्टर बनने का सपना देखा और उसे साकार भी किया। आगरा मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस करने



के बाद उन्होंने कानपुर मेडिकल कॉलेज से नवजात शिशु एवं बाल रोग (पीडियाट्रिक) में विशेषज्ञता हासिल की । तत्पश्चात उन्होंने बड़े कठिन परिश्रम से एक छोटे से 2बीएचके फ्लैट में खुद का क्लीनिक खोला जहां उनका मात्र 2 पुराने कुर्सी और टेबल ही उनका फर्नीचर था । क्लीनिक में काम करने के साथ ही वो बहुत से हॉस्पिटल्स में प्रैक्टिस भी करती रहीं ।

### फेलिक्स हॉस्पिटल की नींव

डॉ रश्मि की कठिनाइयां यहीं नहीं रुकी । सरकार द्वारा सुप्रीम कोर्ट के आदेश के कारण डॉ रश्मि गुप्ता का क्लीनिक बंद करवा दिया गया और एक लम्बी लड़ाई के बाद उन्होंने फेलिक्स हॉस्पिटल की नींव रखी । डॉ रश्मि गुप्ता ने 50 बेड से अस्पताल को 200 बेड तक पहुंचाया और अगले लगभग 2 साल में वो फेलिक्स अस्पताल को 700 बेड विस्तृत करने वालीं है । फेलिक्स की नयी शाखाओं की शुरुआत हो चुकी है । डॉ रश्मि गुप्ता के नेतृत्व में फेलिक्स दिल्ली-एन सी आर के बड़े हॉस्पिटलों में शुमार है।

### वीमेन एम्पावरमेंट पर विशेष ध्यान

आपको बता दें डॉ रश्मि गुप्ता के नेतृत्व में फेलिक्स अस्पताल में 70 प्रतिशत महिला कर्मचारी हैं । अस्पताल के अधिकतर विभाग महिलायें ही देख रही है । यहाँ डॉ रश्मि जी द्वारा महिलाओं को विशेष महत्त्व दिया जाता है और उन्हें आगे बढ़ने का हर मौका दिया जाता है ।

# गंगा के पवित्रतम स्वरूप को दिखाती प्रणाम काशी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** काशी व बनारस के नाम से विख्यात वाराणसी आध्यत्मिक एवं सांस्कृतिक ज्ञान और गंगा की बहती अविरल धारा के दृश्यों के लिए जानी जाती है। गंगा के किनारे बसे 90 से अधिक घाटों पर बहती हवा इस आध्यत्मिक शहर से होकर गुजरती है। विश्वनाथ मंदिर के गंगा घाट सबसे ज्यादा लोकप्रिय हैं। हर घाट का नाम तथ्य और उनके कार्यों के हिसाब से अलग-अलग रखा गया है। हर घाट का अपना अलग-अलग महत्व है और देशी विदेशी सैलानियों के यहां घाटों पर शून्य में खोये रहने के रोज हजारों अनुपम उदाहरण भी नजर आते हैं। काशी की इस खूबसूरती को उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र की ओर से तैयार करायी गयी वृत्तचित्र फिल्म प्रणाम काशी की स्क्रीनिंग में देखने को मिला। शुक्रवार को सांस्कृतिक केंद्र परिसर के मल्टीपर्पज हॉल में केंद्र निदेशक प्रो. सुरेश शर्मा के कॉन्सेप्ट और आलेख पर बनी फिल्म प्रणाम काशी एक डाक्यूमेंट्री फिल्म है, इसके माध्यम से काशी की बसावट, गंगा की महत्ता तथा मणिकर्णिका घाट, दशाश्वमेध घाट, पंचगंगा घाट, असि घाट, नमो घाट, तुलसी घाट, संकटा घाट आदि घाटों के इतिहास को चित्रित किया गया है।

यह फिल्म एनसीजेडसीसी, प्रयागराज के बैनर तले बनी है, जिसका निर्देशन राहुल यादव ने किया है। फिल्म की शुरूआत बनारस के तंग गलियों से होती है उसके बाद मधुर संगीत के बीच बनारस में बहती पवित्र गंगा एवं उसके घाटों के इतिहास को खुलकर सामने रखती है। फिल्म में बहुत से ऐसे सीन हैं जो आपको वास्तव में सोचने को मजबूर कर देते हैं। मणिकर्णिका घाट का सीन देखने पर ऐसा प्रतीत होता है कि इस संसार में मोक्ष प्राप्त करने का इससे अच्छा कोई साधन नहीं है। यहां पर दिन रात जलती चिताओं के बीच होली के दिन उड़ते गुलाल का दृश्य आपको बहुत कुछ सोचने को मजबूर करता है। फिल्म के बीच में एक सीन आता हे,जिसमे नाव के ऊपर लहराता तिरंगा काशी में रहने वाले लोगों में राष्ट्रीयता का संचार करता दिखता है, वही एक दूसरे सीन में नाव पर लिखा स्वास्तिक चिन्ह लोगों का गंगा के प्रति आस्था को दिखाता है। फिल्म के बीच-बीच में इतिहासकारों, भारतीय पुरात्तव सर्वेक्षण के अधिकारियों और धर्म की विशिष्टता रखने वाले लोगों के साक्षात्कार लिए गए हैं जो फिल्म में चार चांद लगाते हैं। फिल्म स्क्रीनिंग में आए राकेश कुमार बताते हैं कि भारतीय संस्कृति और विरासत के बारे में जानने के लिए यह फिल्म अवश्य देखनी चाहिये। इस अवसर पर केंद्र निदेशक प्रो. सुरेश शर्मा, शहर के कई गणमान्य, केंद्र के अधिकारी व कर्मचारियों सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# यूपीसीए ट्रायल की रजिस्ट्रेशन तिथि बढ़ी

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) के सभी आयु वर्ग और रणजी ट्रॉफी ट्रायल के लिए खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 10 मार्च कर दी गई है। इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन के निदेशक ताहिर हसन के अनुसार प्रयागराज मण्डल में आने वाले चार जनपदों (इलाहाबाद, मिर्ज़ापुर, भदोही और चित्रकूट) के क्रिकेटर कहीं से भी ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन (द्धह्लह्लश्चह्य-//222.ह्वश्चष्ड्ड.ह्1) करने के बाद रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर एवं शुल्क के साथ इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन के कार्यालय 02, कानपुर रोड (निकट सप्लाई डिपो, चौफटका पॉवर हाउस) प्रयागराज में दोपहर 12 से 2 बजे के मध्य शहज़ादे आलम अथवा संयुक्त संयोजक (प्रबंधन) सोमेश्वर पाण्डेय से संपर्क कर सकते हैं। एसीए कार्यालय में औपचारिक प्रकिया पूर्ण होने के बाद ही रजिस्ट्रेशन मान्य होगा।

# बहादुरपुर प्राथमिक शिक्षक संघ का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

☞ कार्यक्रम में विधायक प्रवीण पटेल और संघ की राष्ट्रीय अध्यक्ष गीता पांडेय रही शामिल



**लोकमित्र ब्यूरो**

**हनुमानगंज , प्रयागराज।** संविलियन विद्यालय हनुमानगंज में शुक्रवार को शिक्षक सम्मान एवं शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि फूलपुर विधायक प्रवीण पटेल ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण कराया। इस अवसर पर प्रवीण पटेल ने कहा आने वाला समय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का होगा। इस अकल्पनीय परिवर्तन काल में शिक्षकों की भूमिका बहुत अहम होगी। प्राथमिक स्टेज के बच्चों में शिक्षक जिस तरह का सॉफ्टवेयर इंस्टॉल करेंगे, आगे चलकर वही बच्चे उसी तरह का परिणाम देने का कार्य करेंगे। एआई का प्रयोग सकारात्मक किया गया तो विकास की दिशा और दशा तय करने में क्रांतिकारी परिवर्तन देखने को मिलेगा। विधायक ने शिक्षक संघ को चुनौतियों में साथ देने का भरोसा दिया। विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ नई दिल्ली की राष्ट्रीय अध्यक्ष गीता पांडेय ने निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा अपने कर्तव्यों के प्रति हमेशा सजग रहें। नेता बनने के बाद हमें अपने मूल शिक्षण कार्य से भटकना नही चाहिए। बल्कि हमारी जिम्मेदारियां और अधिक बढ़ जाती हैं। उन्होंने संगठन से शिक्षक हित में सकारात्मक भूमिका निभाने की अपील की। कार्यक्रम की शुरुआत शिक्षक दीपाली द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत से हुआ। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में धनंजय सिंह अध्यक्ष, सुनील जायसवाल मंत्री, मीरा दुबे कोषाध्यक्ष, बिल्लो देवी वर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, विनय पांडेय उपाध्यक्ष, चंद्रभान सिंह उपाध्यक्ष, समीर कुमार राय संगठन मंत्री, अखिलेश कुमार सिंह संगठन मंत्री, विद्याकांत विश्कर्मा संगठन मंत्री, अरविंद कुमार आदि उपस्थित रहे।

# व्यापार बंधु की बैठक में व्यापारियों की समस्याओं पर गहन मंथन

## मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में जिला व्यापार बन्धु की बैठक आयोजित



**प्रयागराज।** मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को संगम सभागार में जिला व्यापार बन्धु की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से यातायात से सम्बन्धित समस्याओं, पार्किंग की समस्याओं, नगर निगम/नगर पालिका क्षेत्र में सार्वजनिक स्थानों पर शौचालयों एवं यूरिनल से सम्बन्धित अनुलब्धता के कारण होने वाली समस्याओ को बैठक में उठाया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को उक्त समस्याओं का निराकरण अविलम्ब किए जाने के सम्बन्ध में ठोस कदम उठाये जाने के निर्देश दिये गये। इसके अतिरिक्त शहर में हीरा हलवाई से सांई मन्दिर तक स्ट्रीट लाइट के नहीं जलने की समस्या बताई गई। शहर में बाजारों में पार्किंग क्षेत्र को चिन्हित कर पार्किंग की समस्याओं को दूर करने के भी निर्देश दिये गये। उक्त बैठक में एस0एम0 पाण्डेय, उपायुक्त (प्रशासन) राज्य कर, बृज नन्दन ओझा, श्रम प्रवर्तन अधिकारी जयकरण प्रसाद ए0आर0एम0 रोडवेज, श्रीमती पद्मजा मिश्रा, अधिशाषी अधिकारी लाल गोपालगंज, अधिशाषी अधिकारी नगर निगम प्रयागराज एवं विभिन्न व्यापार मण्डल के पदाधिकारी गण तथा व्यापारी उपस्थित रहे।

# खाली पड़े टेंटो की निगरानी ऐर सुरक्षा पर मेला पुलिस की पैनी नजर



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** माघ मेला के 06 प्रमुख स्नान पर्व के सकुशल एवं निर्विघ्नं संपन्न होने के बाद माघ मेला अब पूर्णत- समापन की ओर अग्रसर है माघ मास में एक माह का कल्पवास समाप्त हो चुका है सभी साधु- संत- कल्पवासी अपने अपने गंतव्य को वापस जा चुके हैं। माघ मेला क्षेत्र में खाली पड़े टेंटो, शिविरों व मुख्यमंत्रीपंडालों की सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस उप महानिरीक्षक प्रभारी माघ मेला डॉ राजीव नारायण मिश्र के द्वारा सभी थाना प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुये बताया गया हैं कि सभी थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में सतर्क दृष्टि रखते हुए कोई अप्रिय घटना नहीं होने देंगे। साथ ही थाना कल्पवासी, प्रयागवाल, झूसी, खाकचौक, प्राचीनगंगा जो पूर्णत- साधु-संतों कल्पवासियों से खाली हो चुका है अपने-अपने क्षेत्र में खाली पड़े टेंटो, शिविरो, पंडालों, संस्थानों आदि के सामानों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए पिकेट व गस्त के माध्यम से दिन रात में पैनी नजर रखेंगे।

उन्होंने निर्देश दिया कि साथ ही आने-जाने के पांटून पुलों, चौराहों पर भी रात में सतर्क दृष्टि बनाए रखेंगे। इसमें किसी भी प्रकार की कोई शिथिलता न बरती जाए। जिससे आगामी स्नान पर्व सकुशल संपन्न कराया जा सके।

# उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी लखनऊ ने दिव्यांग नसीम बेगम को किया सम्मानित



**प्रयागराज।** आज शुक्रवार को बहादुरगंज निवासी दिव्यांग नसीमा बेगम को महापौर उमेश चंद केसरवानी ने शाल ओढ़ाकर व मोमेंटों भेंट करके सम्मानित किया।उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी लखनऊ व यूनिवर्सल ह्यूमन वेलफेयर सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में प्रयागराज के महापौर उमेश चंद केसरवानी व एम ए अंसारी ने सम्मानित किया।नसीम बेगम को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी उत्तर प्रदेश प्रेरणा स्रोत पुरस्कार से पुरस्कृत भी कर चुके हैं। हिंदुस्तान अकादमी कमला नेहरू रोड में मुशायरा एक शाम शहीदों के नाम से प्रोग्राम आयोजन किया गया था।

# आश्रम पद्धति विद्यालय : प्रधानाचार्य को निलंबित करने पर भूख हड़ताल पर बैठे छात्र,मनाने में जुटे अधिकारी

**प्रयागराज।** करछना के खाई में स्थित राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय के प्रधानाचार्य को निलंबित करने पर बच्चों का गुस्सा फूट पड़ा। निलंबन के विरोध में बच्चों ने कक्षाओं का बहिष्कार कर भूख हड़ताल शुरू कर दिया है। मामले की जानकारी होते ही जिला समाज कल्याण अधिकारी समेत तमाम अधिकारी मौके पर पहुंच गए और बच्चों को मनाने में जुट गए हैं। बच्चों का कहना है कि जब तक प्रधानाचार्य को बहाल नहीं किया जाता है उनका विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा।राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय खाई करछना में प्रधानाचार्य मत्स्येंद्र नाथ त्रिपाठी के निलंबन के विरोध में विद्यालय के सभी बच्चे भूख हड़ताल पर बैठ गए हैं। विद्यार्थियों का कहना है कि प्रधानाचार्य को बहाल करके वापस इसी विद्यालय में भेजा जाए।ज्ञात हो कि प्रधानाचार्य को एक छात्र को प्रताड़ित करने के आरोप में निलंबित किया गया है, विद्यालय में विवाद की सूचना पर स्थानीय थाने की पुलिस भी पहुंची, लेकिन छात्र नहीं माने। इसके बाद जिला समाज कल्याण अधिकारी प्रज्ञा पांडेय भी विद्यार्थियों को मनाने विद्यालय में पहुंचीं। प्रज्ञा पांडे ने कहा कि विद्यार्थियों की मांग को शासन तक पहुंचाया जाएगा।

# कलश यात्रा के साथ कथा का हुआ आरंभ



**लोकमित्र ब्यूरो**

**फाफामऊ।** पंडित का पुरा थरवई में कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा की शुरुवात हुई।यह कथा पंडित श्री शिवेश् शास्त्री महाराज सुना रहे है। कथा के आयोजनकर्ता राम आश्रय मिश्रा है।कलश यात्रा गाँव से डुडी मन्दिर से कथा पंडाल मे कलश यात्रा का समापन हुआ। सभी भक्त लोग सर पर कलश रख भक्ति भाव से कलश यात्रा निकाली। कथा वाचक पंडित शिवेश् शास्त्री ने पहले दिन बताया कि भागवत कथा सुनने से पापियों को मुक्ति मिल जाती है।कलश यात्रा मे राम सजीवन मिश्र, विनोद कुमार मिश्र, श्री निवास मिश्र, कृष्ण चंद्र शुक्ल, राजीव मिश्र, मुकेश मिश्र, बृजेश मिश्र, सर्वेश् मिश्र, प्रशांत मिश्र, सवेश मिश्र आदि शामिल रहे।

# भेलारी, बजरंग फिनिक्स, रिलैक्स और पेपरी अवेंजर्स विजयी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** भेलारी ग्लाइडर्स, बजरंग फिनिक्स, रिलैक्स एंड श्रीभाग्य चैंप्स और पेपरी अवेंजर्स ने अपने-अपने अपने मुकाबले जीतकर प्रयागराज सिंधी प्रीमियर लीग में पूरे अंक प्राप्त किये।लूकरगंज मैदान पर शुक्रवार को खेले गए पहले मैच में भेलारी ग्लाइडर्स ने 10 ओवर में 85 रन (धीरज 30, राहुल मध्यान 24, अमित मध्यान 2/18, रोमी चंदानी 2/27) बनाकर एसपीवीआरएन सुपर किंग्स को 10 ओवर में 72 रन (रिशु चंदानी 22, खेमचंद 13, राहुल मध्यान 3/18, नितिन भवनानी 2/13, धीरज 2/17) पर समेट दिया।

दूसरे मैच में भारत किंग बारबेरियंस के 10 ओवर में 86 रन (मोहित रायचंदानी 25 नाबाद, कुशल लखमानी 2/16, अंकित चंदानी 2/29) के जवाब में बजरंग फीनिक्स ने 8.5 ओवर में 3 विकेट पर 87 रन (केतन धनवानी 36, शैलेंद्र वाधवानी 28 नाबाद, दीपक करमचंदानी 2/17) बना लिए।

तीसरे मैच में रिलैक्स एंड श्रीभाग्य चैंप्स ने 10 ओवर में 102 रन (तरुण चंदानी 51 नाबाद, वंश मृगवानी 2/34) बनाकर डेंटल ज़ोन फाइटर्स को 10 ओवर में 2 विकेट पर 61 रन (मनोज बसंतानी 24 नाबाद, रवि चावला 16, ध्रुव केशवानी 2/19) पर सीमित किया।

चौथे मैच में टीबीपीएल स्पार्टन को 8.4 ओवर में 50 रन (संजय रतनानी 13, विवेक मध्यान 5/10, विपिन खत्री 2/04) पर समेटकर पेपरी अवेंजर्स ने 6.3 ओवर में दो विकेट पर 52 रन (कुशल अलरानी 18, अनिमेष लखवानी 13 नाबाद, गौरव मध्यान 1/15, संजीव कुकरेजा 1/19) बना लिए। चारों मैच में खुर्शीद अहमद व मोहम्मद नबी ने अंपायरिंग और सूरज भारतीय ने स्कोरिंग की।

# प्रथम व शिवाकांत के दम पर चंद्रकला यूनिवर्सल सेमीफाइनल में,अखिल का शतक व्यर्थ



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** चंद्रकला यूनिवर्सल ने जेड एम आर आटा, न्यू स्टार डेरी, आरिफ ब्रॉडबैंड एवं जिनेवा इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड के सौजन्य से आयोजित सैयद अहमद जाफरी स्मारक टी-20 कैशमनी क्रिकेट प्रतियोगिता के आखिरी लीग मैच में भानु प्रताप सिंह क्रिकेट क्लब को सात विकेट से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई है। विजेता टीम के प्रथम मिश्रा के नाबाद धमाकेदार शतक ( 103 रन, 36 गेंद, सात चौके, 11 छक्के ) और शिवाकांत शुक्ला के आतिशी ( 50 रन, 28 गेंद, तीन चौके, चार छक्के ) पारी खेल अपनी टीम को जीत दिलाई है। भानु प्रताप क्लब के अखिल कुमार कश्यप के तूफानी शतकीय ( 109 रन, 58 गेंद, दस चौके, सात छक्के ) पारी खेली लेकिन अपनी टीम को जीत न दिला सके।

शुक्रवार को दौलत हुसैन इंटर कॉलेज मैदान पर टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भानु प्रताप सिंह क्रिकेट क्लब ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 206 रन ( अखिल कुमार कश्यप 109, अथर्व प्रजापति 26, लवकुश चौहान 16 रन, प्रथम मिश्रा 2/21, कृष्णा यादव 2/44, शिवाकांत शुक्ला 1/16, उदय प्रताप सिंह 1/31, विराट जायसवाल 1/39 ) पर बनाए। जवाब में चंद्रकला यूनिवर्सल की टीम 14 ओवर में तीन विकेट पर 208 रन ( प्रथम मिश्रा 103 नाबाद, शिवाकांत शुक्ला 50, बृजेन्द्र त्रिपाठी 32, विराट जायसवाल 15 अविजित रन, दिव्यांश यादव 1/22, अमन मिश्रा 1/29, अखिल कुमार कश्यप 1/47 ) पर बना लिए। मैच के बाद इस्तियाक अली ने प्रथम मिश्रा को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया।

प्रतियोगिता में शनिवार को चन्द्रकला यूनिवर्सल व सेंट पीटर्स क्रिकेट क्लब के बीच पहला सेमीफाइनल सुबह नौ बजे से और फाफामऊ क्रिकेट क्लब व सी सहायक क्रिकेट क्लब के बीच दूसरा सेमीफाइनल मैच दोपहर एक बजे से खेला जाएगा।

# मंझनपुर थाना अन्तर्गत बरामद शव की घटना का हुआ सफल अनावरण

☞ दो आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** 13 फ़रवरी, 2024 को आवेदक लालचन्द्र पुत्र शिवदानी निवासी ग्राम छोगरिया का पूरा थाना मंझनपुर जनपद कौशाम्बी द्वारा थाना मंझनपुर पर अपने बड़े भाई श्रीचन्द्र उर्फ गप्पू उम्र लगभग 30 वर्ष जो 11 फ़रवरी, 2024 को घर से ई-रिक्सा से समदा के तरफ गाड़ी चलाने गया था, जिनके घर वापस न आने पर गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। 17 फ़रवरी, 2024 को गुमशुदा श्रीचन्द्र उर्फ गप्पू का शव ग्राम समदा में दूध डेयरी के पास रामप्रसाद निवासी ग्राम समदा के गेहूँ के खेत में मिला था,जिसके शरीर पर चोट के निशान थे तथा शव की पहचान छिपाने के लिए शव को जलाने का प्रयास भी किया गया था। इस सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत किया गया था। घटना की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा टीमों का गठन कर घटना के सफ्ल अनावरण हेतु निर्देशित किया गया था। इसी क्रम में आज थाना मंझनपुर पुलिस द्वारा सीसीटीवी फूटेज,अन्य साक्ष्य संकलन व विवेचना से प्रकाश मे आये मोनू, निवासी समदा, मो0 आमिर निवासी मोहल्ला नया नगर कस्बा व थाना मंझनपुर जनपद कौशाम्बी ( वर्तमान पता कांशीराम कालोनी समदा थाना मंझनपुर,कौशाम्बी ) को बन्द पड़े वशिष्ट चीनी मिल के बगल नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों की निशादेही पर घटना मे प्रयुक्त आला कत्ल 01 अदद ईट, 01 अदद डण्डा तथा घटना में साक्ष्य को छिपाने मे शामिल 01 अदद वाहन सी0एन0जी0 टेम्पो को बरामद किया गया। मोनू से कड़ायी से पूछताछ पर बताया कि मैं व अवसाब तथा गप्पू घटना की रात दिनेश डेयरी ग्राम समदा के पीछे पेड़ के नीचे दारू पी रहे थे, उसी दौरान आपस मे विवाद होने पर गप्पू ने मुझे व अवसाब को गाली गलौज करने लगा, विवाद काफी बढ़ने पर मैने मौके पर पड़े ईट से उसके सर पर मारा तथा अवसाब ने डण्डे से वार किया, जब उसकी मृत्यु हो गई तो हम लोगों ने उसकी लाश को गेहू के खेत मे रखा तथा शिनाख्त मिटाने के लिये उसको जलाने का भी प्रयास किया। कोई देख न ले इसलिये हम लोग वहाँ से चले गये तथा ई रिक्शा मै चलाकर अषाढ़ा ले गया तथा मो0 आमीर को फोन करके उसका सीएनजी टेम्पो लेकर बुलाया।

# ज्ञान वाटिका के राष्ट्रीय अध्यक्ष आज बाड़मेर पहुंचेंगें

**बाड़मेर ।** स्थानीय कुशरल वाटिका प्रांगण में शनिवार मेले के दौरान ज्ञान वाटिका संचालन समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष संघवी विजयराज डोसी बैंगलोर के बाड़मेर प्रवास के दौरान केयुप व केएमपी द्वारा अभिनन्दन किया जायेगा। केयुप सचिव केवलचन्द छाजेड़ ने बताया कि श्री ज्ञान वाटिका संचालन समिति के केन्द्रिय समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष संघवी विजयराज डोसी ज्ञान वाटिका समिति के केन्द्रीय अध्यक्ष बनने के बाद प्रथम बार आज शनिवार को बाड़मेर आगमन पर प्रातः 09.30 बजे कुशल वाटिका परिसर में ज्ञान वाटिका संस्थान बाड़मेर द्वारा स्वागत व अभिनन्दन किया जायेगा। इस अभिनन्दन कार्यक्रम में कुशल वाटिका ट्रस्ट मण्डल सहित केयुप व केएमपी परिवार उपस्थित रहेंगे।

# करारी में बकरी चोरों का गैंग सक्रिय चार बकरियां उठा ले गए चोर



**लोकमित्र ब्यूरो**

**करारी, कौशाम्बी।** करारी कस्बे में इन दिनों बकरी चोरों का गैंग सक्रिय है। यह चोर ग्रामीण इलाकों के साथ साथ कस्बे में दस्तक दे दिए। हर रोज यह गैंग बाइक से बकरी चोरी की घटना को अंजाम देकर रफूचक्कर हो जाते है। इसके बाद अन्य जगह पर बेच देते हैं। वृहस्पतिवार की शाम बकरी चोरों के बाइकर्स गैंग ने कस्बे से चार बकरी बकरी उठा ले गए।

करारी कस्बे में बृहस्पतिवार की शाम करीब चार बजे नयागंज मोहल्ले के अनवर, जादे खान व जुल्फेकार हुसैन की तीन बकरियां घर के पास मैदान में चर रही थी। करीब चार बजे शाम बकरी चोर के बाइकर्स गैंग ने तीनों बकरियों को पार कर दिया। इसके बाद चोरों ने नेता नगर मोहल्ले से भी एक बकरी पार कर दिए। काफी देर तक बकरियां जब घर नही पहुंची तो पशुपालकों ने खोजबीन किया। लेकिन चोरी हुई बकरियों का कहीं सुराग नहीं लगा। लगातार हो रही बकरी चोरी से पशुपालकों में दहशत व्याप्त है।

# कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**महमूदाबाद, सीतापुर।** सीता ग्रुप ऑफ एजूकेशन जूनियर वर्ग हिंदी मीडियम में माता शारदे, राष्ट्रवादी कवि महेंद्र शास्त्री सरल, लक्ष्मीकांत रस्तोगी, सीता रस्तोगी की मूर्तियों का लोकार्पण पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री डॉ. अम्मार रिजवी व पूर्व एमएलसी भरत त्रिपाठी, मुंडा गोपाल आश्रम के पुजारी सत्यानंद महराज व महमूदाबाद की एसडीएम शिखा शुक्ला ने संयुक्तरूप से किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे के चित्र पर दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन कर हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डा. अम्मार रिजवी ने कहा कि जीवन में भूलचूक से हुए पापकर्मो के लिए प्रयाश्चित करना अति आवश्यक है। जिस कार्य से देश का भला हो वहां जाना चाहिए और वही कार्य करने चाहिए। हमारा स्वभाव जुगनू की तरह होना चाहिए, सत्य की ही सदैव विजय होती है। कार्यक्रमाध्यक्ष पूर्व एमएलसी भरत त्रिपाठी ने कहा कि विद्यार्थियों को जीवन में पांच 'प' प्रयास, प्रतीक्षा, प्रार्थना, परीक्षा, परिणाम को आत्मसात करते हुए लगातार प्रयासरत होना चाहिए। उन्होंने महेंद्र शास्त्री सरल की अपने जीवन को सफल बनाने संबंधी स्मृतियों को साझा किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपजिलाधिकारी शिखा शुक्ला ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपनी क्षमता के अनुसार समाज एवं देश को दिशा देने की शक्ति रखता है और उसे अपनी प्रतिभा व सामर्थ्य के अनुसार देश के विकास में योगदान देना चाहिए। मुंडा गोपाल आश्रम के स्वामी सत्यानंद ने महेंद्र शास्त्री सरल से जुड़ी अपने जीवन के संस्मरणों का साझा किया।

इससे पूर्व डिप्टी मैनेजर आंजनेय आशीष वाजपेयी, वागीश दिनकर वाजपेयी, दिनेश वाजपेयी, मिथिलेश वाजपेयी, जूनियर वर्ग के प्रधानाचार्य अनंत रत्नम् वाजपेयी ने अतिथियों का स्वागत बैज अलंकरण, माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया। संचालन एवं आभार प्रदर्शन सीता ग्रुप ऑफ एजूकेशन के चेयरमैन आरके वाजपेयी ने किया।

# वाराणसी और आसपास के जिलों के वेटरन्स को सम्मानित करने के लिए आयोजित,होगी ईएसएम रैली

**प्रयागराज।** 39 गोरखा प्रशिक्षण केंद्र, वाराणसी, मुख्यालय मध्य भारत एरिया के तत्वावधान में, आगामी भूतपूर्व-सैनिक (ESM) रैली की घोषणा करने पर गर्व है। इस रैली के आयोजन का उद्देश्य वाराणसी, गाजीपुर, चंदौली, जौनपुर, मिर्ज़ापुर, एसआरएन (भदोही), सोनभद्र, मऊ और बालिया जिले के निवासी बहादुर सैनिकों के अटूट समर्पण और सेवा को पहचानना है, जिन्होंने निस्वार्थ रूप से हमारे राष्ट्र की सेवा की है।

02 मार्च 2024, शनिवार के लिए निर्धारित रैली में मुख्य अतिथि के रूप में लेफ्टिनेंट जनरल पीएस शेखावत, एवीएसएम, वीएसएम, जीओसी एमबी एरिया उपस्थिति होंगे। उनकी विशिष्ट सेवा और नेतृत्व सशस्त्र बलों की भावना का प्रतीक है और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता है। यह वेटरन्स को आश्वस्त करने का अवसर है कि हम उनकी भलाई के बारे में गहराई से परवाह करते हैं और उनके बलिदानों को हमेशा याद किया जाएगा। इसके अलावा, रैली का उद्देश्य उनकी शिकायतों को हल करना है, उन्हें नौकरी के अवसर प्रदान करना है, और उनके लिए उपलब्ध विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।

## भाजपा नेता आशीष शुक्ला ने अंग वस्त्र देकर कथा व्यास को किया सम्मानित



लोकमित्र ब्यूरो

**महमूदाबाद सीतापुर।** विकास खंड रामपुर मथुरा की ग्राम पंचायत कोदौरा में आयोजित भागवत कथा में कथावाचिका साध्वी ने श्रद्धालु भक्तों को अपनी कथा एवम सदुपदेशों से लाभान्वित किया। इस अवसर पर युवा भाजपा नेता ने आशीष शुक्ल ने सभी को अंगवस्त्र देकर सम्मानित करते हुए कहा कि केंद्र एवम प्रदेश में सत्तारूढ़ भाजपा सरकार के शासनकाल में धार्मिक कार्यों में लोग बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहे है। इस सरकार में जहां पुराने जीर्ण शीर्ण मंदिरों का कया कल्प हो रहा है वहीं स्वच्छता अभियान को तीव्र गति से बढ़ावा देने का कार्य किया जा रहा है। सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाएं समाज के पात्र व्यक्तियों तक बिना किसी कमीशनबाजी के पंहुचे इसका ध्यान हमारे प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी एवम मुख्यमंत्री माननीय योगी जी विशेष रूप से दे रहें हैं। गुंडे मवाली भी थर थर कांप रहे हैं। इस अवसर पर रज्जन लाल तिवारी, सुधीर तिवारी, मनीष तिवारी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## बिना निरीक्षण किए ही जारी कर दिए जाते हैं हरे भरे वृक्षों के परमिट

लोकमित्र ब्यूरो

**रामपुर मथुरा सीतापुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत आम के हरे भरे पेड़ों को बाकायदा वन विभाग से परमिट बनवाकर आरा चलाया जा रहा है। पर्यावरण संरक्षण के जिम्मेदार वन विभाग के अधिकारियों द्वारा पेड़ों का निरीक्षण किये बिना ही परमिट दे दिए जाते है।थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत रामपुर के ग्राम पान्डेयपुरवा में आज दिनांक 1 मार्च को विनोद पांडेय की बाग में लगे करीब 24 हरे भरे बौर से लदे आम के पेड़ों को बाग स्वामी के बेंचने पर ठेकेदार के द्वारा काट कर बेंच दिया गया। वहीं जँहागीराबाद के एक लकड़ी ठेकेदार नाम न छापने की शर्त पर बताया की रामपुर मथुरा के पांडेय पुरवा गांव में 18 पेड़ों का परमिट जारी हुआ है परंतु जो परमिट जारी हुआ है जो कलमी पेड़ों का है, परंतु जिम्मेदार अधिकारी देसी कुतमी पेड़ों का परमिट जारी कर दिया गया, वहीं लोगों का कहना है कि बसंत ऋतु आ जाने के बाद आम के पेड़ों में बौर आ जाता है ऐसे में वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को क्या सूझी



कि एक तो कलमी दिखाकर देसी पेड़ों का कटान करवाया जा रहा है जबकि पेड़ कटान में जो शासनादेश है उसमें लिखा गया है की देसी कुतमी पेड़ न कटने पाए ।

परंतु उद्यान विभाग अपनी साठ गाठ कर के देशी पेड़ों का बाकायदा परमिट बनवाकर कटवा दिया गया। ताज्जुब की बात यह है कि इन लकड़ी वन विभाग द्वारा वृक्षों के कटान को रोकने के लिए क्षेत्र में वन सिपाही वन दरोगा जैसी पोस्टिंग कर दी है जब वन दरोगा से लेकर वन सिपाही तक क्षेत्र में मौजूद रहते हैं तो बिना परमिट के या परमिट के दौरान परमिट से अधिक पेड़ कैसे काट लिए जाते हैं यह एक गंभीर और सोचनी विषय है वही सूत्रों का दावा है कि रामपुर मथुरा क्षेत्र में वन दरोगा जब से चौहान साहब क्षेत्र में आए हैं तब से अपनी साठ गाठ के बल पर पेड़ों पर खूब जोर से आरा चलवा रहे हैं

जब किसी मीडिया कर्मी को सूचना लगती है तो बताते हैं हम खुद गए थे परमिट से अधिक पेड़ नहीं कटे हैं जब मीडिया ने डीएफओ महमूदाबाद विक्रम जीत जी को अवगत कराया गया तो उन्होंने अपने बीट प्रभारी चौहान साहब को तत्काल मौके पर जाने के लिए निर्देशित किया मौके पर पहुंचे बीट प्रभारी चौहान ने पेड़ों का निरीक्षण किया जिसमें परमिट से अधिक पेड़ काटे ने को पाया गया। जब इस संबंध में क्षेत्रीय बीट प्रभारी चौहान से बात की गई तो बताया कि परमिट बना है जिसमें 18 पेड़ों का परमिट है और 20 पेड़ काटे हैं दो पेड़ ज्यादा कटे हैं जिन पर जुर्माना किया गया।

## महिला आरक्षी बनी अवर अभियंता साथियों ने दी बधाई

### जल शक्ति मंत्री ने दिया नियुक्ति पत्र

लोकमित्र ब्यूरो

**सीतापुर।** इमलिया सुल्तानपुर थाने में महिला आरक्षी के पद पर तैनात रीमा देवी का चयन सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उत्तर प्रदेश में अवर अभियंता (सिविल) के पद पर हुआ है। जिसका नियुक्ति पत्र जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने रीमा को देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। वहीं इमलिया थाने के समस्त स्टाफ ने रीमा को बधाई दी।



## वांछित वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार




**सीतापुर।** स्थानीय पुलिस ने गश्त के दौरान एक वांछित वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्यवाही किया है।बताते चलें कि अटरिया थाना प्रभारी रोहित दुबे ने बताया कि अराजक तत्वों को ध्यान में रखते हुए अटरिया नीलगांव मार्ग पर सघन चेकिंग अभियान व पुलिस गश्त के दौरान वांछित वारंटी अभियुक्त रामपाल पुत्र हरदेव निवासी लालतापुर थाना अटरिया को गिरफ्तार किया पुलिस ने बताया कि पकड़ा गया अभियुक्त काफी समय से वांछित चल रहा था जिसको मुखाबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्यवाही की गयी है।

## हवन पूजन व विशाल भंडारे के साथ गुरु गोरखनाथ महायज्ञ व विराट सन्त सम्मेलन की हुई पूर्णाहुति

**लहरपुर सीतापुर।** क्षेत्र के ग्राम कन्नपुर में मंदिर प्रांगण में चल रहे गुरु गोरखनाथ महायज्ञ व विराट संत सम्मेलन की पूर्णाहुति विधि विधान से हवन, पूजन, कन्या भोज व विशाल भंडारा करके की गई। शुक्रवार को यज्ञ की पूर्णाहुति, यज्ञाचार्य पंडित उमाशंकर तिवारी ने यज्ञ यजमान श्रीकेशन महंत के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन, आहुतियां एवं यज्ञशाला की श्रद्धालुओं द्वारा परिक्रमा कर किया गया।पूर्णाहुति कार्यक्रम में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया गया। संत सम्मेलन में पुरुषोत्तम गोस्वामी ने श्री रामचरितमानस की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि श्री रामचरितमानस हमें सन्मार्ग पर चलना सिखाती है। पंडित जयप्रकाश अवस्थी ने कहा कि रावण प्रकांड विद्वान होते हुए भी माता सीता का हरण करके अपने संपूर्ण कुल को नष्ट होते हुए अपनी आंखों के सामने देखा। सोनी यादव ने सभी भक्तों से सत्कर्म करते हुए प्रभु की



आराधना करने की अपील की। रामबरन यादव ने कहा कि कलियुग में भगवान का नाम ही आधार है जिसका सुमिरन कर हम भवसागर को पार कर सकते हैं। कार्यक्रम की पूर्णाहुति के अवसर पर कन्या भोज एवं विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रतिभाग कर प्रसाद ग्रहण किया।कार्यक्रम में कथा व्यास राम भूषण महाराज ने सत्संग के महत्व को बताते हुए कहा कि सत्संग के माध्यम से हम अपने जीवन को सफल बना सकते हैं तथा गुरु गोरखनाथ के बताए हुए रास्ते पर चलकर सांसारिक दुखों से पार पा सकते हैं। कार्यक्रम में हरचरण, ओमप्रकाश, राम भजन पुजारी, आनंद यादव, विजय शंकर पाल, मनोज कुमार त्रिवेदी, गंगा प्रसाद त्रिवेदी, श्री कृष्ण पाल मुरारी सहित भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने सत्संग में भाग लिया।

## एक मांह पूर्व नव निर्मित कराई गई पुलिया को वाटर पाइप डालने वाले ठेकेदार ने किया ध्वस्त

लोकमित्र ब्यूरो

**मिश्रित ,सीतापुर।** महर्षि दधीचि की पावन तपो भूमि कस्बा मिश्रित का विश्व विख्यात 84 कोसीय होली परिक्रमा मेला 11मार्च व मिश्रित का पंच कोसीय परिक्रमा मेला 21मार्च से शुरू हो रहा है । नगर पालिका परिषद मिश्रित नैमिषारण्य द्वारा पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए प्रधानमंत्री अमृत जल योजना के तहत जेसीबी मशीन से नाली खोदकर वाटर पाइप डाले जा रहे है । जिससे कस्बे की सभी सड़कें ठेकेदार द्वारा जेसीबी से खोदकर ध्वस्त कर दी गई है । कस्बे के मोहल्ला थोक 4 में अष्ट भुजा दूर्गा मंदिर के पास मोहल्ला वासियों के आवागमन हेतु नव निर्मित कराई गई पुलिया ठेकेदार व्दारा ध्वस्त कर दी गई है । जिससे मोहल्ले का आवागमन पूरी तरह से बंद हो गया है । स्कूल जाने वाले छात्र व बुजुर्गो सहित चौपहिया वाहन स्वामियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है । मोहल्ले का आवागमन बंद होने से लोगों में



काफी आक्रोश व्याप्त है । यहां के संदीप कुमार , शिवशंकर , आशीष , दीपक , दिनेश ने इस नव निर्मित पुलिया को अति शीघ्र दुरुस्त कराए जाने की मांग है । ताकि मोहल्ले का आवागमन सुचारू रूप से प्रारंभ हो सके । इस संबंध में ईओ नगर पालिका लाल जीत वर्मा ने फोन नहीं उठाया । उपजिलाधिकारी अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया है । कि ठेकेदार द्वारा पुलिया ध्वस्त की गई है । उसी ठेकेदार के द्वारा मरम्मत कार्य पूर्ण कराया जाएगा ।

## दस मार्च तक बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

**मिश्रिख-** कस्बा मिश्रिख के कुछ मोहल्लों में रिवैम्प योजना के तहत उपकेंद्र मिश्रिख तहसील के फीडर मिश्रिख में जर्जर तार ,केबल ,पोल ग्रॉर्डिंग का कार्य चल रहा है । एसडीओ शैलेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि 10 मार्च तक कुछ मोहल्लों में विद्युत कार्य होने के कारण दिन में सप्लाई बाधित रहेगी कार्य पूर्ण होने के बाद नगर क्षेत्र में निर्बाध रूप से विद्युत सप्लाई की जाएगी जिससे उपभोक्ताओं को किसी



प्रकार की कोई परेशानी न हो।

## रामलीला में प्रभु श्री राम द्वारा अहिल्या उद्धार कथा का किया गया संगीतमय मंचन



**लहरपुर सीतापुर।** ग्राम अकबरपुर में चल रहे श्री राम लीला धनुष यज्ञ में, शुक्रवार को अयोध्या धाम से आए कलाकारों ने प्रभु श्री राम के द्वारा गौतम ऋषि के श्राप से पत्थर बन गई अहिल्या के उद्धार की कथा का सरस संगीतमय मंचन किया जिसे देखने के लिए भारी संख्या में ग्रामीण, श्रद्धालु महिलाएं, बच्चे उपस्थित थे। अहिल्या उद्धार की कथा के माध्यम से कलाकारों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को सच्चे हृदय से प्रभु की आराधना करते हुए सन्मार्ग पर चलने की अपील की। कलाकारों ने श्री रामलीला में भगवान के विभिन्न स्वरूपों की भव्य झांकियों का भी सुंदर और सजीव मंचन किया जिसका उपस्थित श्रद्धालुओं ने आरती पूजन किया। कार्यक्रम के आयोजन विनोद वर्मा , रिंकू वर्मा एवं ग्रामीणों के सहयोग से किया जा रहा है।

## ज्ञान कहीं से मिले वह महत्वपूर्ण होता है- शाहीन अंसारी



**लहरपुर सीतापुर ।** ब्लाक संसाधन केंद्र पर चल रहे पांच दिवसीय समेकित शिक्षा प्रशिक्षण का शुक्रवार को हुआ समापन। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर खण्डशिक्षा अधिकारी शाहीन अंसारी ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि, ज्ञान कहीं से मिले वह महत्वपूर्ण होता है ,शिक्षक को सदैव अध्ययन शील और जिज्ञासु प्रवृत्ति का होना चाहिए,समेकित शिक्षा के प्रशिक्षण में जो भी जानकारियां प्रशिक्षकों के द्वारा दी गई हैं उससे दिव्यांग बच्चों को पढ़ाने में तो सरलता होगी ही साथ में इससे अभिभावकों को जागरूक करने से पूरे समाज को लाभ मिलेगा, सभी शिक्षक प्रशिक्षण के अनुभव और जानकारियों को कक्षा शिक्षण में व्यवहार में लाएं। इस मौके पर प्रशिक्षकों द्वारा दी गई जानकारी का अभ्यास कराकर उनकी प्रस्तुति शिक्षकों द्वारा की गई। प्रशिक्षण में प्राथमिक और जूनियर हाईस्कूल के शिक्षकों ने प्रतिभाग किया।इस मौके पर शिक्षक संदीप कुमार, मोहम्मद असद सिद्दीकी, अनवर अली, विशुन कुमार वर्मा, रामचन्द्र वर्मा ,अमिता वर्मा ,नूर सबा, रफीक अहमद आदि मौजूद थे।

## समाचार कवरेज करने गये पत्रकारों को बालू खदान के लठैतों ने पीटा

### कैमरे और मोबाइल फोन भी लूट लिया, सूचना पर पहुंची पुलिस ने बचाई जान

लोकमित्र ब्यूरो

**बांदा।** समाचार कवरेज के लिये गये कुछ पत्रकारों पर खनन पट्टेदार के गुर्गों ने लाठी-डंडों और धारदार हथियार से कातिलाना हमला बोल दिया। सबको बुरी तरह लाठी-डंडों से पीटा। कैमरे, मोबाइल फोन और उनका सारा सामान लूट लिया। मारपीट के दौरान एक पत्रकार के गले में पहनी कीमती माला भी टूट कर जमीन मे गिर गई। माले मे गुंथे सोने के कुछ मनके नीचे गिर गये,जिन्हे उठाकर खनन पट्टेदार के दबंग लठैत शैलेन्द्र सिंह यादव ने अपनी जेब में डाल लिया। विरोध करने पर शैलेन्द्र और उसके साथ के लठैतों ने पत्रकारों को जान से मार देने की धमकी दी। बोले सबको घसीटकर बालू खदान ले चलो। खदान मे सभी को जिन्दा दफन कर देंगे। किसी तरह पत्रकारों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस के पहुंचने पर बमुश्किल पत्रकारों की जान बच पायी।

वाकया जिले के गिरवां थाना क्षेत्र के बरियारी गांव का है। शुक्रवार को एएसपी बांदा लक्ष्मी निवास मिश्र को दिये गये शिकायती पत्र में पीडित पत्रकार मनोज गुप्ता, रोहित द्विवेदी, बालेन्द्र तिवारी और पत्रकार दीपक पांडेय ने बताया कि गुरुवार दोपहर वे लोग एक खबर के सिलसिले मे बरियारी गांव गये थे। अपरान्ह करीब 3.30 बजे गांव के बाहर एक होटल में चाय पी रहे थे। तभी केन नदी की बरियारी बालू खदान के लठैतों ने उन पर हमला बोल दिया। पेड की छांव में खडी बाइकों में सूजा घुसेडकर उन्हे बर्स्ट कर दिया। इसके बाद लाठी-डंडे लेकर शैलेन्द्र यादव समेत करीब आधा दर्जन गुण्डे उन पर टूट पडे। सबको



बुरी तरह पीटा,और सारा सामान लूट लिया। उनकी सूचना पर डायल 112 पुलिस और खत्री पहाड चौकी की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने बालू खदान के लठैतों को बुलाकर कैमरे और मोबाइल आदि दिलाये और उनकी जान बचाई।

पीडित पत्रकारों का कहना है कि मारपीट और लूटपाट करने वाले बालू खदान के गुण्डों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हे गिरफ्तार किया जाये,और सभी के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाये।

### जांच कराकर कार्रवाई करेंगे-एएसपी

एएसपी बांदा लक्ष्मीनिवास मिश्र का कहना है कि इस मामले मे हमने सीओ नरैनी को एक सप्ताह के अंदर जांच कर रिपोर्ट देने को कहा है। अगर बालू खदान के कर्मचारियों को जांच में दोषी पाया जाता है तो एफआईआर दर्ज कर कठोर कार्रवाई की जायेगी।

## बैरिंग टूटने से पलटा ईरिक्शा चालक गंभीर रूप से हुआ घायल



**लहरपुर सीतापुर।** लहरपुर-हरगांव मार्ग पर ग्राम मुद्रासन के निकट बेरिंग टूटने से ई रिक्शा पलटा, चालक गंभीर रूप से घायल। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को लहरपुर हरगांव मार्ग पर ग्राम मुद्रासन के निकट सवारी से भरा एक ई रिक्शा हरगांव की तरफ जा रहा था तभी अचानक बेरिंग टूटने की वजह से ई रिक्शा पलट गया, जिसके चलते ई रिक्शा चालक रबी पुत्र गया प्रसाद निवासी ग्राम भदेवा गंभीर रूप से घायल हो गया ई रिक्शा में तीन लोग और सवार थे जो बाल-बाल बच गए। स्थानीय लोगों के द्वारा घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल ई रिक्शा चालक को आनन-फानन में इलाज के लिए हरगांव के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां पर उसका इलाज जारी है।

## नुक्कड़ नाटकों के जरिए लोगों को किया गया जागरूक

लोकमित्र ब्यूरो

**बांदा।** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत बड़ोखर खुर्द ब्लाक प्रमुख स्वर्ण सिंह सोनू ने शुक्रवार को स्वच्छता की अलख जगाते वाहनों को हरी झंडी दिखाकर राजस्व गांवों के लिए रवाना किया। सहयोगी संस्था जानकी प्रसाद मेमोरियल रिसर्च एंड एजुकेशनल ट्रस्ट से जुड़े कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक के जरिए स्वच्छता को लेकर लोगों को जागरूक किया। ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन से अवगत कराया। गोबर के प्रबंधन में मदद करना एवं स्वस्थ वातावरण को बढ़ावा देना मुख्य उद्देश्य रहा।

सहायक विकास अधिकारी रफीक मंसूरी ने बताया, विकास खंड बड़ोखर खुर्द के सभी राजस्व ग्राम में चार गतिविधियों के जरिए जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित होगा। नुक्कड़



स्वच्छता संदेश देते वाहनों को हरी झंडी दिखाते ब्लॉक प्रमुख।

नाटक होंगे। ग्राम पेयजल को लेकर बैठकें भी होंगी। स्वच्छता मेला एवं आईईसी सामग्री वितरण कार्यक्रम होंगे। इससे ग्रामीण अंचलों में जागरूकता बढ़ेगी।

ब्लाक प्रमुख सोनू ने कहा, आज के समय में प्लास्टिक प्रबंधन मुख्य समस्या है। प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र बनाकर बहुत हद तक इससे निजात पाया जा सकता है। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी राम शंकर सिंह, एडीओ अश्विनी गुप्ता, गौरव यादव, दीप सिंह, मुकेश इत्यादि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के पुत्र नीरज सिंह का किया गया भव्य स्वागत

**सीतापुर।** भारतीय जनता पार्टी के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के पुत्र नीरज सिंह सीतापुर लखीमपुर बार्डर की पहली ग्राम सभा जाम मुबारकपुर में रक्षा मंत्री के पुत्र नीरज सिंह का स्वागत समारोह किया गया ।जिसमें भारतीय जनता पार्टी टीम के योगी सपोर्ट संघ सोशल मीडिया नेटवर्क भारत के जिला अध्यक्ष गुलशन अवस्थी नितिन के नेतृत्व में संपन्न हुआ राजनाथ सिंह रक्षा मंत्री के पुत्र नीरज सिंह को गुलशन अवस्थी ने जनपद में आगमन की बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया गया। इस मौके पर नीरज सिंह के साथ मौजूद लखनऊ महानगर के अध्यक्ष आनंद द्विवेदी लखनऊ मंडल के उपाध्यक्ष टिंकू सोनकर लखनऊ युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नीरज मिश्रा जी उपाध्यक्ष विवेक तोमर युवा नेता आकाश सिंह का भी जोरदार स्वागत



किया गया वहीं ग्राम वासियों व प्रधान अनिल राठौर के द्वारा यथोचित स्वागत व सम्मान किया गया ।यह स्वागत समारोह जनपद सीतापुर व लखीमपुर से आये हुए लोगों के द्वारा भी भरजोर सम्मान किया गया जिसमे अखिल भारती विद्यार्थी परिषद महमूदाबाद इकाई से आदर्श अवस्थी रिंकू मिश्रा दिलीप शुक्ला मोनू शुक्ला भूपेंद्र विकास साजन विश्वनाथ हृदय शंकर मिश्रा के साथ सैकड़ो की संख्या मौजूद रही।

## पोस्टमैन के सेवानिवृत्ति होने पर सब ऑफिस में किया गया विदाई समारोह



**सीतापुर ।** डाकघर मिश्रिख में पोस्टमैन के पद पर कार्यरत मदन शुक्ला का रिटायरमेंट होने के उपलक्ष में सब ऑफिस मिश्रिख में बड़ी ही धूमधाम से विदाई समारोह मनाया गया जिसमें मदन शुक्ला ने बताया कि हमने अपने कार्य को आज तक बड़े ही निष्ठा और कर्तव्य के साथ निभाया है मदन शुक्ला ने यह भी बताया कि हम आगे जो नवयुवक हमारे इस पद पर आ रहे हैं उनको भी प्रेरणा दे रहे हैं कि वह सब अपने कार्य को बड़े ही निष्ठा और कर्तव्य के साथ निर्वहन करें और अपने उच्च अधिकारियों से परामर्श भी लेते रहे साथ ही एक रामचरित मानस की चौपाई का भी वर्णन किया चौपाई इस प्रकार का प्रतिकार करूं मैं तोरा, सम्मुख हुई ना सकत मन मोरा ,,इस विदाई समारोह में निम्नलिखित लोग सम्मिलित हुए वर्सियर शुनील शुक्ला, सब पोस्टमास्टर प्रदीप बाबू ,डाक सहाय लवलेश बाबू ,PAप्रज्ञा मैडम,MTS श्रीपाल मौर्य,एजेंट राममिलन,एजेंट विनोद शुक्ला, अशोक त्रिपाठी मिश्रिख तीर्थ , उत्तम त्रिवेदी BPM गड़ासा, विमलेश BPM इस्लामनगर, गोपी किशन दुबे BPM कोल्हुवा, विवेक BPM कुतुबनगर, आदर्श अब ABPM कुतुबनगर, कोमल चौहान BPMफुलरूवा, देवेंद्र यादव BPM फुलरूवा, आदित्य BPM मड़रूवा, शिवांक शुक्ला ABPM मिश्रिख, कमलनयन BPM किशनपुर, हिमांशु BPM मिश्रिख, अनामिका BPM आंट, आदि।

## तीन मार्च को होगी पत्रकार प्रेस एसोसिएशन के नए पदाधिकारी गणों की घोषणा

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** पत्रकार प्रेस एसोसिएशन उत्तर प्रदेश को गतिशील और मजबूत बनाने के लिए पत्रकार प्रेस एसोसिएशन द्वारा नवागत पदाधिकारी गणों का मनोनयन लिस्ट तृतीय तीन मार्च 2024 दिन रविवार को घोषित किया जाएगा। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ शहनवाज खान ने बताया कि पत्रकार प्रेस एसोसिएशन को उत्तर प्रदेश में गतशील और मजबूत दिशा में अग्रसर करने के लिए नई कमेटी का गठन होना है,

जिसमें रविवार को मनोनयन की तृतीय लिस्ट एसोसिएशन द्वारा जारी किया जाएगा। आपको बता दें कि पत्रकार प्रेस एसोसिएशन भारत के कई राज्यों में संचालित एक पंजीकृत संगठन है

जो पत्रकार हितों के लिए हमेशा तत्पर रहता है पुरानी कमेटी वर्ष 2023 की भंग थी नई कमेटी के गठन के क्रम में रविवार को मनोनयन की तीसी लिस्ट जारी होगी।

## युवा नेता मेराज महबूब को नगर अध्यक्ष बनाए जाने पर मिल रही चारों तरफ से बधाइयां

**लहरपुर सीतापुर-** नगर के तेज तर्रार युवा नेता मेराज महबूब को नगर अध्यक्ष समाजवादी पार्टी बनाए जाने पर युवाओं में उत्साह व्याप्त है पार्टी के नेताओं ने हमेशा इस युवा को सपा का परचम लहराते देखा है तमाम संघर्ष के बाद जनता के बीच में लोकप्रिय में राज महबूब को नगर अध्यक्ष बनाए जाने पर वरिष्ठ सपा नेता प्रमोद वर्मा विधायक अनिल वर्मा सदस्य विधान परिषद जा समीर अंसारी पूर्व सांसद केसर जहीर अब्बास वरिष्ठ सपा नेत्री गीता सिंह अध्यक्ष विधानसभा राजेश गिरी राजू एडवोकेट फिरोज खान के साथ ही नगर के तमाम लोगों ने इस होनहार युवा नेता को दिल से मुबारकबाद दिया है क्षेत्र के प्रमुख नेताओं में महेश गुप्ता मिंटू ओमेंद्र वर्मा राधेश्याम वर्मा हर्षित तिवारी आदि ने जिला अध्यक्ष छत्रपाल यादव को तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी को इस मननयन हार्दिक बधाई दी है जिला अध्यक्ष छत्रपाल यादव ने विश्वास जताया है कि इस मनोनयन से युवा वर्ग व्यापारी तथा मेहनत कश लोगों में सपा के प्रति और अधिक विश्वास पैदा होगा तथा में राज महबूब अपनी पूरी ताकत संगठन की मजबूती के लिए लगाएंगे।